वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

शनिवार, 15 जून, 2024 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 163, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स-निफ्टी ने बनाये नये रिकॉर्ड

एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी कंपनियों में लिवाली से सेंसेक्स और निफ्टी नए सार्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुए। } 14

बुलेट ट्रेन के लिए अपनायी स्वचालित वर्षा निगरानी प्रणाली

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि बुलेट ट्रेन सेवा का सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करने के लिए स्वचालित वर्षा निगरानी प्रणाली अपनायी गयी है। } 16

संक्षेप

दतिया में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से पांच की मौत

दतिया। मध्य प्रदेश के दतिया जिले में शुक्रवार को तड़के श्रद्धालुओं को मंदिर ले जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से तीन लड़कियों और दो महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि श्रद्धालु रतनगढ़ माता मंदिर जा रहे थे, तभी मैथाना पाली के पास सुबह चार बज कर करीब 30 मिनट पर यह दुर्घटना हुई। अधिकारी ने बताया कि वाहन सड़क से उतरकर पलट गया और 15 फुट नीचे पुलिया में जा गिरा। इस दुर्घटना में तीन लड़कियों और दो महिलाओं की मौत हो गई। भांडेर अनुविभागीय पुलिस अधिकारी कार्णिक श्रीवास्तव ...शेष पृष्ठ 14 पर

आगरा में निलंबित किये गये 56 पुलिसकर्मी

जिला संवाददाता

- पासपोर्ट सत्यापन में रिश्वतखोरी का आरोप
- साइबर अपराधियों से मिलीभगत की शिकायत

आगरा। अनुशासनहीनता और लापरवाही के आरोप में आगरा में 56 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। आरोप है कि इनमें कई पुलिसकर्मियों ने पासपोर्ट सत्यापन के लिए रिश्वत मांगी, इसी के साथ अन्य कामों में भी लापरवाही बरती गई। मामले की शिकायतें मिलीं तो जांच कराई गई, जिसके बाद उक्त कार्यवाही की गई।

कमिश्नरेट के शहरी जोन में छह दरोगा, चार हेड कॉन्स्टेबल, चार मुंशी और 16 सिपाहियों पर कार्रवाई की गई है जबकि पश्चिमी जोन में चार दारोगा रामजस यादव, प्रताप सिंह, सतेंद्र त्रिपाठी, प्रशिक्षु दारोगा कारण सिंह के अलावा चार हेड कॉन्स्टेबल, एक कंप्यूटर ऑपरेटर, एक उर्दू अनुवादक और 13 सिपाहियों को एक आदेश में सस्पेंड किया गया है। इसी तरह पश्चिमी जोन में एक प्रशिक्षु दारोगा मीनाली चौधरी और एक हेड कॉन्स्टेबल को सस्पेंड किया गया है। निलंबित पुलिस कर्मचारियों में 12 दारोगा और 6 मुंशी शामिल हैं। आगरा कमिश्नरेट बनने के बाद 19 महीने में यह सबसे बड़ी विभागीय कार्रवाई बताई जारही है। निलंबित पुलिस वाले पासपोर्ट सत्यापन में सबसे ज्यादा वसूली के मामले में आरोपी है। पासपोर्ट वसूली में चार दारोगा ...शेष पृष्ठ 14 पर

सीएम योगी ने तलब की लापरवाह अफसरों की रिपोर्ट

विशेष संवाददाता

- नदियों व पुराने तालाबों के किनारे अतिक्रमण को तत्काल हटाएं
- खराब प्रदर्शन करने वाले जिलों के अधिकारियों पर हो सकती है बड़ी कार्रवाई
- राजस्ववादों के निस्तारण में महोबा, चित्रकूट, शामली मुजफ्फरनगर, और बागपत फिसड्डी
- रियल टाइम खतौनी में कानपुर नगर, प्रयागराज, वाराणसी, चित्रकूट और बलरामपुर का प्रदर्शन ठीक नहीं

लखनऊ। आदर्श आचार संहिता खत्म होते ही एक बार फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। उन्होंने हाल में ही एक उच्च स्तरीय बैठक कर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को तलब कर समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिये। साथ ही कार्यों में लापरवाही बरतने वालों की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। दूसरी ओर मुख्यमंत्री ने राज्य की नदियों और पुराने तालाबों के किनारे अतिक्रमण को फौरन हटाने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में सीएम योगी ने राजस्व संबंधी मामलों में लापरवाही पर खासी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने तत्काल लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लेने का आदेश दिया। साथ ही दो हफ्ते में रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंपने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद राजस्व से जुड़े अधिकारी हरकत में आ गये हैं। इसी क्रम में राजस्व परिषद चेयरमैन रजनीश दुबे ने हाल ही में राजस्व से जुड़े मामलों की समीक्षा की। इसमें उन्होंने राजस्व संबंधी कार्यों में लापरवाही पर राजस्व अफसरों, एडीएम, एसडीएम, नायाब तहसीलदार और तहसीलदार स्तर के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। उधर, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने भी राजस्व संबंधी मामलों को लेकर बैठक की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों में राजस्व संबंधी मामलों के निपटारे में लापरवाह अधिकारियों को फटकार लगायी। साथ ही कार्यों में सुधार लाने के निर्देश दिये। इसके अलावा वह जल्द ही राजस्व संबंधी मामलों में अनियमितता बरतने वाले जिलों की रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंपेंगे जिसके बाद इन अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र द्वारा राजस्व विभाग की बैठक में सामने आया कि राजस्व संबंधी मामलों के निपटारों में कई जिले फिसड्डी रहे हैं। इस पर उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाने के साथ इसमें सुधार लाने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य सचिव ने पाया कि रियल टाइम खतौनी में कानपुर नगर, प्रयागराज, वाराणसी, चित्रकूट और बलरामपुर का प्रदर्शन ठीक नहीं है। इसी तरह वाराणसी, सोनभद्र, बलिया, मैनपुरी और गोरखपुर में खतौनी पुनरीक्षण एवं अंश निर्धारण का प्रतिशत काफी कम रहा है। इन ...शेष पृष्ठ 14 पर

पुतिन ने संघर्ष विराम के लिए रखी शर्त

मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को वादा किया कि 2022 में उसके भू-भाग में मिलाये गए चार क्षेत्रों से यदि यूक्रेन अपने सैनिकों को हटाना शुरू कर देता है और नाटो में शामिल होने की योजना छोड़ देता है तो वह तुरंत संघर्ष विराम का आदेश देंगे और बातचीत शुरू करेंगे। कीव के लिए इस तरह का प्रस्ताव अनुपयोगी ही लगता है क्योंकि वह नाटो सैन्य गठबंधन में शामिल होना चाहता है। वहीं, यूक्रेन ने यह मांग भी की है कि रूस उसके सभी क्षेत्रों से अपने सैनिक हटा ले। पुतिन ने मॉस्को में रूस के विदेश मंत्रालय में कहा हम ऐसा तुरंत कर देंगे। रूसी राष्ट्रपति का बयान ऐसे समय आया है जब जी-7 के सदस्य देशों समेत कई वैश्विक नेता इटली में जुटे हैं।

विश्व मंच पर पीएम मोदी की धाक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इतालवी पीएम जॉर्जिया मेलोनी, ऋषि सुनक, इमैनुएल मैक्रों, पोप फ्रांसिस, जेलेंस्की से की भेंट

एजेंसी

बारी (इटली)। दुनिया के सात प्रमुख औद्योगिक देशों के समूह (जी7) ने शुक्रवार को दक्षिणी इतालवी क्षेत्र अपुलिया में तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन प्रवासन के साथ ही हिंद-प्रशांत और आर्थिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा की। सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कृत्रिम मेधा (एआई), ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्यसागरीय क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करने वाले एक सत्र को संबोधित करेंगे। तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर मोदी इटली पहुंचे जहां भारतीय राजदूत वाणी राव ने उनका स्वागत किया। वह जी7 की पारंपरिक फोटो से पहले विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे।

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी द्वारा आयोजित जी7 के प्रतिभागियों-अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जापानी प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल के अलावा प्रधानमंत्री मोदी के साथ शिखर सम्मेलन में आमंत्रित 10 अन्य आउटरीच देशों के नेता भी शामिल होंगे। मेलोनी ने कहा हम हिंद-प्रशांत पर अपने बढ़ते फोकस के महत्व पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा इटली ने जिस एक और महत्वपूर्ण मुद्दे को प्राथमिकता दी है, वह अफ्रीका से जुड़ा है, और केवल अफ्रीका ही नहीं, प्रवास का मुद्दा और मानव तस्करी में शामिल संगठनों की बढ़ती भूमिका जो परेशान लोगों का शोषण कर रहे हैं। इतालवी नेता ने जी7 की तुलना अपुलिया क्षेत्र में फैले जैतून के पेड़ों की पत्तियों से भी की जिनकी जड़ें मजबूत हैं और शाखाएं भविष्य की ओर फैली हुई हैं। अपनी बैठक से पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल मेलोनी की दो भारत यात्राओं को द्विपक्षीय एजेंडे ...शेष पृष्ठ 14 पर

प्रधानमंत्री मोदी साथ में इतालवी पीएम जॉर्जिया मेलोनी

पीएम मोदी पोप फ्रांसिस से हाथ मिलाते

प्रधानमंत्री मोदी ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक के साथ

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और पीएम मोदी

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैंक्रो और पीएम मोदी

नीट प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने मांगा केंद्र व एनटीए से जवाब



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने नीट-यूजी, 2024 में कथित अनियमितताओं की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच के अनुरोध वाली याचिका पर शुक्रवार को केंद्र एवं राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से जवाब मांगा। नीट-यूजी को लेकर चल रहे विवाद के बीच एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने सीबीआई और बिहार सरकार से भी दो सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा। पीठ हितेन सिंह कश्यप द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने कहा कि अन्य लंबित याचिकाओं के साथ ही इस जनहित याचिका पर आठ जुलाई को ...शेष पृष्ठ 14 पर

सीबीआई ने डाककर्मी को घूस लेते दबोचा

बहराइच। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा के एक दल ने नानपारा डाकघर के एक डाक सहायक को एक सहायक पोस्टमास्टर से 20 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी। जिले के डाक अधीक्षक सुशील शुक्ला ने शुक्रवार को बताया कि बृहस्पतिवार को लखनऊ सीबीआई के निरीक्षक संदीप थैलोर ने उन्हें लिखित सूचना दी कि नानपारा डाकघर में डाक सहायक के पद पर तैनात विनोद कुमार को 20 हजार रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को सीबीआई द्वारा गिरफ्तार करके लखनऊ ले जाया गया है।

कोच्चि हवाई अड्डे पहुंचे भारतीयों के शव

केरल के 23, तमिलनाडु के सात और कर्नाटक का एक व्यक्ति शामिल

एजेंसी

कुवैत की इमारत में लगी में मारे गये लोगों के शवों को भारत लेकर आया विमान

कोच्चि। कुवैत की बहुमंजिला इमारत में दो दिन पहले हुए अग्निकांड में जान गंवाने वाले कुल 45 भारतीयों में से 31 लोग दक्षिणी राज्यों से थे और उनके शवों को शुक्रवार को सुबह विमान से कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लाया गया। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन सहित केंद्रीय और राज्य मंत्रियों ने यहां मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कुवैत अग्निकांड में मारे गए भारतीयों के शव लेकर वहां से आया भारतीय वायुसेना का एक विमान शुक्रवार को करीब 10.30 बजे यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। भारतीय वायुसेना के सी-130जे परिवहन विमान से लाए गए 45 में से 31 भारतीयों के शवों को यहां उतारा गया। इसके बाद विमान अन्य भारतीयों के शवों को लेकर दिल्ली रवाना हो गया। अधिकारियों ने बताया कि कुवैत अग्निकांड में मारे गए दक्षिण राज्यों के 31 लोगों में केरल के 23, तमिलनाडु के सात और कर्नाटक का एक व्यक्ति शामिल है। मुख्यमंत्री विजयन ने यहां हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि प्रवासी भारतीय केरल की जीवन रेखा हैं और अग्निकांड में इतनी बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासियों की मौत देश के लिए एक बड़ी आपदा के समान है। उन्होंने कहा कि यह घटना प्रवासी समुदाय के लिए भी बहुत बड़ी आपदा है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा, यह मृतकों के परिजनों के लिए कभी पूरी न होने वाली क्षति है। कुवैत सरकार ने इस हादसे के बाद प्रभावी कार्वाई की और भारत सरकार ने भी अच्छे तरीके से सहयोग किया। उन्होंने कहा ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उचित कदम उठाने की जरुरत है और मैं आशा करता हूं कि कुवैत सरकार इसके लिए अपेक्षित कार्वाई करेगी। मुख्यमंत्री ने यह उम्मीद भी जताई कि कुवैत सरकार मृतकों के परिजनों को समुचित मुआवजा प्रदान करने का निर्णय लेगी। उन्होंने कहा भारत सरकार को इसके लिए कुवैत सरकार से संपर्क कर कार्रवाई में तेजी लानी चाहिए क्योंकि वहां जिन लोगों की जान गई है वह वहां आजीविका ...शेष पृष्ठ 14 पर

विधान परिषद के 13 सदस्यों ने ली शपथ

प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी को नेता विरोधी दल का मिला दर्जा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी में शुक्रवार को विधान परिषद के 13 सदस्यों ने शपथ ली। शपथ लेने वालों में से सात सदस्य भाजपा के, तीन समाजवादी पार्टी के हैं। इसके अलावा, एक-एक सदस्य अपना दल (एस), राष्ट्रीय लोक दल और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का है। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लिए उत्तर प्रदेश विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से नवनिर्वाचित 13 सदस्यों को शुक्रवार शाम सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने विधान भवन के तिलक हाल में सदस्यता की शपथ दिलायी। शपथ लेने वाले विधान परिषद सदस्यों में भारतीय जनता पार्टी के डॉ. महेंद्र सिंह, विजय बहादुर पाठक, अशोक कटारिया, रामतीरथ सिंघल, संतोष सिंह, धर्मेंद्र सिंह और मोहित बेनीवाल शामिल हैं। वहीं भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगी दल अपना दल (एस) के आशीष पटेल, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विच्छेलाल और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के योगेश चौधरी ने भी शपथ ली। इसके अलावा समाजवादी पार्टी के सदस्य बलराम यादव, शाह आलम एवं किरण पाल कश्यप को भी सभापति ने शपथ दिलायी। सदस्यों के शपथ ग्रहण के बाद उत्तर प्रदेश की 100 सदस्यीय विधान परिषद में अब प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी को नेता विरोधी दल का दर्जा ...शेष पृष्ठ 14 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	43.06 डिसे.
न्यूनतम	:	29.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- बांदा और मीरजापुर के चकबंदी अधिकारी निलंबित (पृष्ठ-02)
- एक जुलाई से मथुरा-आगरा हेलीकॉप्टर सेवा (पृष्ठ-02)
- कंपनियों की पूंजी 434.9 लाख करोड़ पर (पृष्ठ-14)
- रुपया दो पैसे की गिरावट से 83.56 प्रति डॉलर (पृष्ठ-14)
- श्रम सचिव ने ईपीएफओ सुधारों पर समीक्षा बैठक की (पृष्ठ-14)

विशेष खबर प्रयागराज में सबसे गर्म रही बीती रात, कानपुर रहा सबसे गर्म शहर, लखनऊ में 45 पार पहुंचा पारा

भीषण गर्मी ने तोड़ा 127 साल का रिकॉर्ड

विशेष संवाददाता

लखनऊ। नौतपा में तपने के बाद जून के महीने की जेठ की दोपहरी भी तप रही है। बेतहाशा गर्मी के कारण लोगों का हाल बेहाल है। सूरज आग उगल रहा है तो धरती धधक रही है। प्रदेश के ज्यादातर जिलों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री तक पहुंच गया है। वहीं रातों का तापमान भी रिकार्ड तोड़ रहा है। प्रयागराज में बीती रात के तापमान ने गरम रात का 127 साल का रिकार्ड तोड़ दिया। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार प्रयागराज में वर्ष 1898 में जून में इतनी गरम रात पड़ी थी। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार शुक्रवार को यहां रात का तापमान 34.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, यह पिछले 127 साल में सर्वाधिक है। प्रयागराज में गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इससे पहले बीते 29 मई 2024 को दिन में सबसे अधिक तापमान रिकार्ड किया गया था। जिसने 127 साल का रिकार्ड तोड़ा था। मौसम विभाग के अनुसार, प्रयागराज का तापमान बुधवार 29 मई को 48.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। मौसम विज्ञानियों की मानें तो 1896 के बाद मई महीने में पहली बार कोई दिन इतना गर्म रहा। गर्म हवाएं दिन ही नहीं रात में भी चल रही हैं। जिसकी वजह से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग का कहना है कि मानसून आने में अभी चार से पांच दिन का समय लगेगा। ऐसे में गर्मी हावी रहेगी। 17 जून तक अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के करीब और न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने की संभावना है। जिसके कारण दिन व रात दोनों समय लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा। शुक्रवार को पूरा उत्तर प्रदेश तपता रहा। प्रदेश के अधिकांश इलाकों में दिन का तापमान 44-45 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे गरम स्थान प्रयागराज व कानपुर रहे, जहां दिन का तापमान क्रमशः 46.9 और 46.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा हमीरपुर ...शेष पृष्ठ 14 पर

पूर्व विधान परिषद सदस्य का विवि भवन और जमीन कुर्क

एजेंसी

- ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की कार्रवाई

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने उत्तर प्रदेश के फरार पूर्व बसपा विधान परिषद सदस्य मोहम्मद इकबाल और उनके परिवार के खिलाफ धन शोधन की एक जांच के तहत सहारनपुर में करीब 4,440 करोड़ रुपये मूल्य का एक विश्वविद्यालय भवन और जमीन कुर्क की है।

संघीय जांच एजेंसी द्वारा धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत अस्थायी अवधि के लिए कुर्की आदेश जारी किए जाने के बाद ग्लोकल विश्वविद्यालय की 121 एकड़ जमीन और इमारत को कुर्क कर लिया गया है। ईडी ने एक बयान में कहा कि ये संपत्तियां अब्दुल वहीद एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के पाम से पंजीकृत है जिसका प्रबंधन व संचालन मोहम्मद इकबाल एवं उनके परिवार के सदस्य करते हैं। इसने कहा कि इकबाल, ट्रस्ट और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ कार्वाई अवैध खनन मामले से संबंधित है। ईडी के अनुसार, पूर्व विधान परिषद सदस्य फरार हैं और माना जाता है कि वह दुबई में हैं। ईडी ने कहा कि उनके चार बेटे और भाई अपने खिलाफ दर्ज कई मामलों में जेल में हैं। धन शोधन का यह मामला ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

अतंर्राष्ट्रीय योग दिवस का 21 जून को होगा आयोजन

लखनऊ। दशम अतंर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को आयोजित किया जायेगा। प्रदेश में 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जायेगा। योग सप्ताह का उद्घाटन 15 जून को टुड़ियागंज स्थित राजकीय आयुर्वेदिक कालेज एवं चिकित्सलाय लखनऊ में पूर्वाह्न 11:00 बजे राजमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एमओएस) डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश दुर्गा शंकर मिश्र प्रतिभाग करेंगे

10 नवीन गो संरक्षण केन्द्रों के निर्माण होगा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए 10 नवीन गो संरक्षण केन्द्रों के निर्माण हेतु 08 करोड़ रुपए की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। स्वीकृत धनराशि से आगरा जनपद के ग्राम यूसुफपुर, तहसील एत्मादपुर, देवरिया जनपद के ग्राम हेतिमपुर, तहसील देवरिया, ग्राम करमेल बनरही, तहसील रूद्रपुर, अलीगढ़ जनपद के ग्राम दिहौली, तहसील धनीपुर कोल, ग्राम माधवगढ़, तहसील जवॉ गभाना, ग्राम बर्रा, तहसील अकराबाद कोल, मऊ जनपद के ग्राम ताजोपुर, तहसील सदर, सीतापुर जनपद के ग्राम सराय, तहसील सिधौली, वाराणसी जनपद के ग्राम सत्तनपुर, तहसील राजातालाब तथा जालौन जनपद के ग्राम गोपालपुरा, तहसील माधौगढ़ में गो संरक्षण केन्द्रों की स्थापना की जायेगी। प्रत्येक केन्द्र हेतु 80 लाख रुपए की धनराशि का प्रावधान किया गया है।

अखिलेश यादव ने जताया शोक

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कुवैत में हुए भीषण अग्निकाण्ड में भारतीय नागरिकों की मौत पर गहरा शोक जताया है। अखिलेश यादव ने दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना करते हुए शोक संवेदना प्रकट की।

बांदा और मीरजापुर के चकबंदी अधिकारी निलंबित

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक बार फिर से जीरो टॉलरेंस की नीति के क्रम में कड़ा एक्शन लेना शुरू कर दिया है। भ्रष्टाचार और कार्य में लापरवाही के खिलाफ

- मैनपुरी में भी चकबंदी से जुड़े आधा दर्जन अधिकारी और कर्मचारियों पर गिरी गाज

मुख्यमंत्री ने दो जिलों के चकबंदी अधिकारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। शासन द्वारा मीरजापुर और बांदा के चकबंदी अधिकारियों को सस्पेंड किया गया है। वहीं मैनपुरी में भी चकबंदी से जुड़े आधा दर्जन अधिकारी और कर्मचारियों पर गाज गिरी है।

प्रदेश के चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन ने बांदा और मीरजापुर के दोनों चंकबंदी अधिकारियों निलंबित करते हुए इनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिये हैं।

वहीं मैनपुरी के अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय जांच और कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। बताया गया कि बांदा में वित्तीय वर्ष 2023-24 में धारा-27 व 52 के अंतर्गत लक्षित ग्राम उमरेंहडा का कार्य पूर्ण न करने, ग्राम बहिंगा में सहायक चकबन्दी अधिकारी स्तर पर सृजित चकों की त्रुटियों का निराकरण कर कार्य आगे बढ़ाने के बजाय ग्राम को सहायक चकबन्दी अधिकारी स्तर पर प्रत्यावर्तित करने, सीसीएमएस पोर्टल के माध्यम से न्यायालय न चलाने तथा ग्राम उमरेंहडा के गाटा संख्या-1331 का रकबा बन्दोबस्त से अधिक बढ़ाने आदि अनियमितताओं के लिये चकबंदी अधिकारी राणा प्रताप को निलम्बित करते हुए उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही के आदेश दिये गये हैं। इसी प्रकार मीरजापुर में ग्राम नवैया की चक संख्या-950 आदि से मृतक शेषनरायन सिंह की वरासत मनमाने तौर पर बिना जांच चार बार पृथक-पृथक आदेश पारित कर पद का दुरुप्रयोग किये जाने एवं बाद संख्या-174, धारा-12 में बिना दस्तावेज का सम्यक परीक्षण और जांच के नामान्तरण आदेश दिनांक पारित करने के लिये चकबंदी अधिकारी राजेन्द्र राम को निलम्बित कर विभागीय कार्यवाही के आदेश दिये गये हैं। वहीं मैनपुरी में चकबंदी अधिकारी मोहम्मद साजिद, चकबंदी कर्ता काली चरण और रविकांत, चकबंदी लेखपाल अमित कुमार और अजय कुमार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की गई है। इसके अलावा मैनपुरी के ही उप संचालक चकबंदी/एडीएम एफआर रामजी मिश्र को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। इन सभी के खिलाफ कार्य में लापरवाही का आरोप है।

अयोध्या के क्षेत्रीय प्रबंधक की रोकी गयी एक वर्ष की अस्थायी वेतन वृद्धि

सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक कैसरबाग डिपो को मनमाने ढंग से कार्य करने के लिए दी गई परनिन्दा प्रविष्टि

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक ने शुक्रवार क्षेत्रीय प्रबंधक अयोध्या विमल राजन को नियम विरुद्ध कार्य करने, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने एवं दायित्वों का निर्वहन न करने के लिए उनकी एक वर्ष की वार्षिक वेतन वृद्धि अस्थायी रूप से रोक दी है। प्रकरण है कि क्षेत्रीय प्रबंधक अयोध्या क्षेत्र द्वारा अयोध्या क्षेत्र के स्तर से भी सहायक यातायात निरीक्षक रजनीकांत मिश्रा के विरुद्ध दंडादेश पारित किये जाने की स्थिति में उन्हें तत्काल प्रर्वतन कार्यों से हटाते हुए बुकिंग लिपिक के पद पर प्रत्यावर्तित किया जाना चाहिए था, जो उनके द्वारा नहीं किया गया। इसके लिए उन्हें दण्डित किया गया है।

एक अन्य प्रकरण में एमडी परिवहन निगम ने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक कैसरबाग डिपो लखनऊ अरविन्द कुमार को मनमाने ढंग से कार्य करने के लिए परनिन्दा प्रविष्टि का दंड दिया है। प्रकरण है कि कैसरबाग डिपो की बस संख्या यूपी-78/एफएन-2651 हरदोई-लखनऊ मार्ग पर संचालित थी। 14 फरवरी 24 को पचकोहरा नामक स्थान पर प्रर्वतन दल द्वारा निरीक्षण किये जाने पर पाया गया कि 50 यात्रियों को पचकोहरा से टिकट निर्गत किया गया है, जबकि परिचालक द्वारा सभी यात्रियों से किराये की धनराशि हरदोई से ही वसूल की गई थी। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक कैसरबाग द्वारा अवधेश कुमार निलम्बित परिचालक कैसरबाग डिपो को बिना किसी आधार के सेवा में अनन्तिम रूप से बहाल कर दिया गया था।

एक जुलाई से शुरू होगी मथुरा-आगरा हेलीकॉप्टर सेवा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। अब यूपी के दो मैदानी शहरों के बीच भी हेलीकॉप्टर से यात्रा शुरू होने जा रही है। कान्हा की नगरी मथुरा और ताजनगरी आगरा के बीच हेलीकाप्टर सेवा एक जुलाई से शुरू होगी। सूबे के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि एक जुलाई से मथुरा-आगरा हेलीकाप्टर सेवा हर हाल में शुरू कर दी जाए। इसके लिए

- पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने पर्यटन विभाग की समीक्षा की, दिये आवश्यक निर्देश

25 जून तक सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाए। इसके साथ ही इसका किराया आदि एवं दी जाने वाली अन्य सुविधाओं के बारे में भी पर्यटकों को जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि चित्रकूट और मध्य प्रदेश से लगे इसके भाग में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार और यूपी के बीच जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक कराई जाए। चित्रकूट के पर्यटन विकास के लिए संचालित परियोजनाओं के बारे में जानकारी भी दी जाए। पर्यटन मंत्री ने कहा कि बौद्ध सर्किट के अंतर्गत आने वाले पर्यटन स्थलों का राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मार्केटिंग एवं ब्राण्डिंग कराई जाए। जिससे अधिक से अधिक विदेशी एवं घरेलू पर्यटक इन स्थलों का भ्रमण कर सकें। उन्होंने कहा कि ब्राण्डिंग एवं मार्केटिंग में नवाचार को शामिल करते हुए और बेहतर क्या किया जा सकता है, इन संभावनाओं का भी पता लगायें। पर्यटन के क्षेत्र में असीमित अवसर एवं रोजगार के संसाधन हैं। इसका भरपूर लाभ उठाया जाना चाहिए। मंत्री ने पौराणिक स्थलों के इतिहास लेखन की समीक्षा करते हुए कहा कि इन स्थलों के इतिहास के साथ मुख्य द्वार के आसपास पत्थर के शिलालेख भी अंग्रेजी व हिन्दी में खुदवायें जाए, जिससे पर्यटक इन स्थलों के बारे में आसानी से जानकारी प्राप्त कर सकें। बैठक में बताया गया कि नौ मंडलों के विश्वविख्यात स्थलों का इतिहास लेखन किया जा चुका है। सोरों सूकर क्षेत्र, ऐरच जैसे अल्पज्ञात स्थल भी प्रदेश में मौजूद हैं। इतिहास लेखन के तथ्यों में पारदर्शिता एवं तथ्यात्मक विवरण के लिए विशेषज्ञों की समिति भी बनाई जाए, जो तथ्यों की जांच पड़ताल कर स्थानीय स्तर पर प्रचलित दंत-कथाओं को भी स्थान दे सकें। बौद्ध स्थलों पर थाईलैण्ड, लाओस, बियतनाम आदि देशों से भारी संख्या में पर्यटक आते हैं। इन स्थलों का प्रचार प्रसार करके लाभ उठाना चाहिए। पर्यटन मंत्री ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभाग में जो भी कार्ययोजना बनाई जाए अथवा कार्यक्रम कराये जाए, उसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करके उनके सुझाव प्राप्त किये जाए। उन्होंने कहा कि पुरानी परम्परा से हटकर कार्यक्रमों में नयापन लायें और उसकी गुणवत्ता बढ़ायें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगने वाले मेलों तथा उत्सवों एवं महोत्सवों के दौरान पर्यटन विभाग अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराये तथा विभिन्न माध्यमों से पर्यटकों को यूपी की ओर आकर्षित करने के लिए प्रयास करे। उन्होंने प्रदेश के 57 जिलों में स्टाफ की कमी दूर करने के लिए आउटसोर्सिंग पर भर्ती करने के निर्देश दिये तथा उनके वेतन आदि के भुगतान के लिए धनराशि की व्यवस्था करने को कहा। इस अवसर पर राही पर्यटक आवास गृहों को पीपीपी मोड पर विकसित एवं संचालित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किये गये। समझौते के अनुसार राही पर्यटक आवासगृह संकिसा, फरूर्खाबाद तथा राही पर्यटक आवासगृह बिठूर, कानपुर में स्थित आवासगृहों का सौन्दर्यीकरण कराया जायेगा। इससे राज्य सरकार पर कोई व्यय भार नहीं आयेगा तथा सरकार के राजस्व में वृद्धि होगी। समीक्षा बैठक में मौजूद प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि 10वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को आयोजित किया जा रहा है। इसके दौरान पर्यटन स्थलों, घाटों तथा जहॉ राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय होटलों में विदेशी पर्यटक ठहरते हैं, उनको भी इसमें शामिल किया जाए। होटल की लॉन एवं आस पास के पार्क में भी योग दिवस का आयोजन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 16 जून को गंगा दशहरा के अवसर पर आस्था से जुड़े घाटों पर प्रचार प्रसार कराया जाए। उन्होंने कहा कि 1 जुलाई से न्याय संहिता लागू होगी, इसके तहत विभाग में मौजूद अधिनियमों को जनपरक बनाने के लिए तैयारी की जाए।

नगर पालिका परिषदों और पंचायतों के लिए उप निर्वाचन की घोषणा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों के रिक्त सदस्य के स्थानों/पदों के लिए उप निर्वाचन की तारीखों की घोषणा कर दी है। नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों के रिक्त सदस्यों के ऐसे स्थानों/पदों पर ही उप निर्वाचन होगा, जो कि उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश से बाधित न हो। यह निर्वाचन उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 और भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243 के तहत सम्पन्न किया जाएगा। यह उप निर्वाचन यूपी नगर पालिका (सदस्यों, पार्षदों, अध्यक्षों और महापौरों का निर्वाचन) नियमावली, 2010 के प्रावधानों के अनुसार सम्पन्न कराया जायेगा।

राज्य निर्वाचन आयुक्त राज प्रताप सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि आयोग ने नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों के रिक्त सदस्यों के स्थानों/पदों पर उप निर्वाचन कराने के लिए कार्यक्रम निर्धारित कर दिया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उप निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति 22 जून को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक की जा सकेगी। इसी प्रकार नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 24 जून को सुबह 11 बजे से कार्य समाप्ति तक होगी। प्रत्याशियों द्वारा अभ्यर्थन वापसी 26 जून को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक की जा सकेगी। इसी प्रकार प्रत्याशियों को प्रतीक आवंटन 27 जून को सुबह 11 बजे से कार्य समाप्ति तक किया जायेगा। प्रदेश के 23 जिलों की नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों में रिक्त 29 सदस्यों के स्थानों/पदों पर उप निर्वाचन के लिए मतदान 8 जुलाई को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा तथा मतगणना 10 जुलाई को सुबह 8 बजे से कार्य समाप्ति तक होगी। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने उप निर्वाचन से संबंधित जिलों के जिला मजिस्ट्रेट और जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) को निर्देशित किया है कि वे अपने जिलों में 15 जून को सार्वजनिक नोटिस जारी करेंगे और इसे सरकारी गजट में भी प्रकाशित करायेंगे। इसके अलावाए रिटर्निंग अधिकारी 18 जून को वार्ड के उप निर्वाचन की सार्वजनिक नोटिस जारी करेंगे।

जहां लगे योग के कैंप वहीं लगाये जायें रक्तदान शिविर : आनंदीबेन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राज्यपाल आंनदीबेन पटेल ने आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी से योग करने की अपील करते हुए कहा कि जहां-जहां योग के लिए कैंप लगाए जाएं वहां-वहां रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाए।

प्रदेश की राज्यपाल शुक्रवार को किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ में 'रक्तदान को सम्मान 2024'

- राज्यपाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ 'रक्तदान को सम्मान' कार्यक्रम

कार्यक्रम में भाग ले रही थी। उन्होंने इस मौके पर कहा कि रक्तदान महादान है एवं सभी को आगे बढ़कर यह पुनीत कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्त की जरूरत किसी को भी पड़ सकती है, रक्तदान करने से कभी पीछे नहीं रहना चाहिए। उन्होंने रक्तदान में सक्रिय विभिन्न चिकित्सा संस्थानों व अन्य संस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि धीरे-धीरे अब लोगों में समझदारी आ रही है और वे रक्तदान के लिए जागरूक हो रहे हैं। उन्होंने रक्तदान के फायदे के बारे में बताते हुए कहा कि रक्तदान से रक्त की जांच होने से हमें बीमारियों का भी पता चलता है, जिसके निदान के लिए नियमित योग करने के लिए भी उत्प्रेरित होते हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश के प्रत्येक महाविद्यालय, विश्वविद्यालय तथा जनपदीय कारागारों में ब्लड डोनेशन कैंप को लगाए जाने के निर्देश दिये। राज्यपाल ने नियमित तौर पर रक्तदान करने वाली संस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि लक्ष्य तय करके पूरे देश और प्रदेश में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाए व रक्तदान के लिए युवाओं को प्रेरित किया जाए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि रक्तदान का कार्य सभी व्यक्तियों के सामूहिक सहयोग से संभव है। रक्तदान से समाज में एक अच्छा संदेश जाता है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा पार्थसारथी सेन शर्मा ने स्वैच्छिक रक्तदान को सुरक्षित रक्तदान बताया तथा कहा कि इससे स्वास्थ्य के साथ-साथ समर्पण की भावना का भी विकास होता है। उन्होंने प्रदेश में रक्तदान की प्रतिशतता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। कुलपति, केजीएमयू, प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद ने 20वें विश्व रक्तदाता दिवस पर सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम स्वैच्छिक रक्तदान के लिए लोगों को आगे आने का संदेश देगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को रक्तदान के लिए शिक्षित एवं जागरूक करना है। श्रीमती नित्यानंद ने रक्तदान से होने वाले फायदों को भी गिनाया। इस अवसर पर ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग, केजीएमयू के विभागाध्यक्ष डॉ. तूलिका चंद्रा ने कहा कि रक्तदान से कोई कमजोरी नहीं होती तथा नए खून से ज्यादा स्फूर्ति का संचार होता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सुरक्षित रक्तदान की प्रतिशतता 30 से 40 प्रतिशत है, जिसे शत प्रतिशत करना है। उन्होंने विभाग की उपलब्धियां का विवरण देते हुए कहा कि यहां देश में सबसे ज्यादा रक्त का वार्षिक कलेक्शन होता है। कार्यक्रम में राज्यपाल ने रक्तदान को सम्मान स्मारिका का विमोचन किया तथा रक्तदाताओं व संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

लोकसभा चुनाव ने भारत की राजनीति को बदला : अखिलेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि 2024 के लोकसभा चुनाव ने भारत की राजनीति को बदलने का काम किया है। अयोध्या जनपद के लोकसभा क्षेत्र फैजाबाद से सांसद अवधेश प्रसाद की जीत से जनता ने

- अखिलेश ने पार्टी कार्यालय पर विधायकों तथा नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों को किया सम्बोधित
- 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का दिया निर्देश

नफरत की राजनीति को खत्म कर दिया है। हमें ऐतिहासिक जीत मिली है। पर इस जीत से हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ी है। हमें अभी से 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाना है।

अखिलेश यादव शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में बड़ी संख्या में आये हुए पार्टी कार्यकर्ताओं, नेताओं, विधायकों तथा नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को ऐतिहासिक जीत मिलने से पार्टी की ताकत बढ़ी है और नेताओं, कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। आगे विधानसभा चुनाव में जीत का लक्ष्य पाने के लिए जहां हम सबको अपनी भाषा ठीक रखनी है वहीं सभी का सम्मान करना भी सीखना होगा। हमें जनता से जुड़े रहना है। जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है। उन्होंने कहा कि जनता के सामने कोई नहीं टिक सकता है। चुनाव में जनता ने भाजपा का अहंकार तोड़ा है। भाजपा नेताओं को अब नींद नहीं आती है। एनडीए नकारात्मक-निगेटिव गठबंधन साबित हुआ जबकि पीडीए प्रगतिशील प्रोगेसिव गठबंधन रहा। सपा पीडीए-इंडिया गठबंधन ने संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ी। समाजवादी विचारधारा का संघर्ष बराबर जारी रहेगा। पार्टी की जीत की बधाई देने आये सैकड़ों लोगों ने अखिलेश यादव से भेंट कर उन्हें जीत की हार्दिक बधाई दी। यशभारती सम्मानित पं. हरिप्रसाद मिश्रा ने भी अखिलेश यादव को स्वास्तिवाचन के साथ रक्षा सूत्र बांधा और उनके शतायु तथा यशस्वी होने की कामना की। आज की बैठक में प्रमुख रूप से उदय प्रताप सिंह, राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव, पूर्व विधानसभाध्यक्ष माता प्रसाद पाण्डेय, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी सहित ब्रह्माशंकर त्रिपाठी, सनातन पाण्डेय, शाहिद मंजूर, जासमीर अंसारी, शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली, कैसरजहां प्रमुख नेता शामिल रहे। इस अवसर पर अमृतराज पाल, इन्द्रपाल यादव, नन्हके यादव, अक्षय यादव, कुलदीप यादव, सुशील यादव, कान्हा यादव आदि ने स्मृति चिन्ह देकर अखिलेश यादव का अभिनंदन किया।

राशनकार्ड लाभार्थी की जल्द करायें ई-केवाईसी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने कि गेहूं खरीद की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि गेहूं खरीद के सापेक्ष किसानों के खातों में शीघ्र भुगतान किया जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रदेश के समस्त राशनकार्ड लाभार्थियों की ई-केवाईसी कराए जाने के कार्य में

- खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चन्द्र ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की
- सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी का प्रभावी कार्यान्वयन हो

तेजी लाई जाये ताकि राशनकार्ड लाभार्थियों को खाद्यान्न वितरण में आने वाली समस्याओं के निस्तारण शीघ्र किया जा सके।

यह निर्देश खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने शुक्रवार बापू भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में खाद्य एवं रसद विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए। शर्मा ने सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी में संलग्न ट्रांसपोर्टरों को उचित दर दुकान तक खाद्यान्न और आवश्यक वस्तुएं पहुंचाने का कार्य तथा जीपीएस व मानवीय तरीके से सतत निगरानी के माध्यम से सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित कराया जाये।

शर्मा ने फोटीफाईड राइस के वितरण की समीक्षा करते हुए कहा कि फोटीफाईड राइस केर्नेल्स की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने के लिए प्रभावी प्रणाली अपनाई जाये। उन्होंने कहा कि राशन वितरण प्रणाली को सुदृढ़ किया जाये ताकि हर जरूरतमंद व्यक्ति तक खाद्यान्न वितरण की सरकारी योजना का लाभ पहुंचाया जा सके। खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू ने बताया कि प्रदेश की समस्त उचित दर दुकानों पर ई-वेईंग स्केल से लिंक ई-पॉस मशीनों की स्थापना एवं संचालन का कार्य चरणबद्ध तरीके से पूर्ण कराया गया है। वर्तमान में नवीन व्यवस्था से प्रदेश के राशनकार्ड लाभार्थियों को खाद्यान्न वितरण कराया जा रहा हैं। प्रदेश में माह मई में कुल 93 प्रतिशत राशनकार्ड लाभार्थियों को नयी ई-पॉस प्रणाली से खाद्यान्न वितरित किया जा चुका है। खाद्य आयुक्त ने बताया कि प्रदेश में ई-केवाईसी का कार्य प्रगतिमान है एवं कुल 93.66 लाख लाभार्थियों का ई-केवाईसी कराया जा चुका है। प्रदेश में ई-केवाईसी के लिए एक नवीन मॉड्यूल एनआईसी तथा समस्त सिस्टम इन्टीग्रेटर संस्थाओं द्वारा विकसित कर माह जून के वितरण चक्र से प्रारम्भ किया गया है। भविष्य में सर्वर लोड की समस्या के निराकरण एवं निर्बाध संचालन के लिए ई-केवाईसी में प्रयोग हो रहे सर्वर को अपग्रेड किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वाहनों के जीपीएस ट्रैकिंग के लिए जिलों में लगभग 4000 वाहनों में डिवाइस इन्सटॉल किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि उज्ज्वला लाभार्थियों को 2 निःशुल्क सिलेंडर रिफिल वितरण कराये के क्रम में पहले चरण में लगभग 77.18 लाख सिलेण्डर और दूसरे चरण में लगभग 74.81 लाख सिलेण्डर रिफिल की डिलीवरी की गयी है।

को-आपरेटिव बैंक में 25 हजार करोड़ रुपये का हुआ व्यवसाय : राठौर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने शुक्रवार को उप्र को-आपरेटिव बैंक लि. की अलीगंज शाखा के आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं से युक्त, पूर्णतया वातानुकूलित नवीन भवन का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर मंत्री ने बताया कि बैंक की सभी सुविधाओं को आम जनमानस तक पहुँचाकर उन्हें

- सहकारिता मंत्री ने कोआपरेटिव बैंक लि. की अलीगंज शाखा के नवीन भवन का किया शुभारम्भ
- अलीगंज शाखा का नवीन भवन आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं से पूर्णतया युक्त होगा

लाभान्वित किया जा रहा है। प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जहाँ-जहाँ बैंकिंग सेवाएं नहीं है, वहाँ बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। कल्याणकारी राज्य के रूप में सहकारी बैंक कार्य कर रहे है। सहकारी बैंक अपनी 40 शाखाओं के माध्यम से प्रदेश में ग्राहकों को आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं यथा-यूपीआई, इन्टरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, एम-पासबुक एवं लाकर्स आदि सभी बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा बैंक द्वारा एमएसएमई योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, पी०एम० विश्वकर्मा योजना एवं पी०एम० स्ट्रीट वेन्डर योजना के साथ-साथ गृह ऋण, कार ऋण, व्यक्तिगत ऋण, शिक्षा ऋण, ट्रेडर्स ऋण आदि ऋण सुविधाएं ग्राहकों को उपलब्ध कराते हुए उ०प्र० की इकोनामी को एक ट्रिलियन डालर पहुँचाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रहा है। यह भी बताया कि उ०प्र० कोआपरेटिव बैंक द्वारा वित्तीय वर्ष-2023-24 में कुल रू० 25000.00 करोड से अधिक का व्यवसाय किया गया जिसके लिए बैंक के शीर्ष प्रबन्धन एवं कार्मिकों की प्रशंसा की गयी। इस अवसर पर मंत्री ने बैंक के सम्मानित ग्राहक राजेश शर्मा, सीपी शुक्ला, अल्का अग्निहोत्री, नीतू वर्मा, संतोष कुमार गुप्ता एवं अन्य ग्राहकों को सम्मानित किया गया तथा बैंक के ग्राहक रवि कुमार एवं अशीष कुमार सिंह को 17.00 लाख रुपयेआवास ऋण के चेक वितरित किये गये।

बैंक के अध्यक्ष जितेन्द्र बहादुर सिंह बताया कि उ०प्र० कोआपरेटिव बैंक अपनी 40 शाखाओं के माध्यम से प्रदेश के 23 जनपदों में बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रहा है तथा अलीगंज शाखा द्वारा विगत 43 वर्षों से अलीगंज क्षेत्र में अपने ग्राहकों को उत्कृट कोटि की बैंकिंग सेवाएं प्रदान की जा रही हैं तथा बैंक की अन्य शाखाओं को भी इसी प्रकार अत्याधुनिक बैंकिंग सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। बैंक के प्रबन्ध निदेशक आरके कुलश्रेष्ठ ने बताया कि उ०प्र० कोआपरेटिव बैंक वर्ष 1944 में स्थापित हुआ तथा तब से बैंक लगातार लाभ अर्जित कर रहा है तथा बैंक का नेट एनपीए शून्य है एवं बैंक की अलीगंज शाखा 1981 में खोली गयी तब से अनवरत क्षेत्र के लोगों को बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध करा रही है एवं शाखा के व्यवसाय में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। नाबार्ड द्वारा बैंक की व्यवसायिक प्रगति के आधार पर बैंक को ह्यएह्य श्रेणी प्रदान की है। आरके कुलश्रेष्ठ द्वारा बैंक के सम्मानित ग्राहकों को बैंक से लम्बे समय से जुड़े रहने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं क्षेत्र के लोंगों से बैंक की सेवाओं से लाभान्वित होते हुए बैंक से जुड़ने की अपील की गयी। इस अवसर पर सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं बैंक के संचालक मण्डल के सदस्य उपस्थित रहे।

अकबर नगर प्रथम के 165 निर्माण तोड़े गये

विशेष संवाददाता (vol)

● चार दिनों में पूरा होगा अभियान

लखनऊ। अकबर नगर में ध्वस्तीकरण अभियान लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा। अकबर नगर द्वितीय को पूरी तरह से जमींदोज करने के बाद शुक्रवार को अकबर नगर प्रथम में 165 निर्माण ध्वस्त किए गए। एलडीए वीसी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कहा अब तक करीब 614 मकान ध्वस्त किए जा चुके हैं। लगभग 700 मकान अभी तोड़े जाने हैं। अगले चार दिनों में अकबर नगर प्रथम के सभी निर्माण ध्वस्त कर दिए जाएंगे। शुक्रवार को बड़ी संख्या में करीब 15 बड़ी पोकलैंड मशीन व 12 जेसीबी लगाकर अवैध निर्माण तोड़े गए। बंधे की तरफ से लगातार सुबह छह बजे से धूल के गुब्बारे दिखने लगते हैं। अकबर नगर प्रथम व द्वितीय में धार्मिक स्थल, मदरसा व स्कूल हैं। इन्हें भी ध्वस्त किया जाएगा। इससे पहले सभी आवासीय पक्के मकान गिराए जा रहे हैं। शुक्रवार को शिफ्टवार निर्माण तोड़ने की कार्रवाई की गई। दूसरी तरफ अकबर नगर के 79 आवंटियों को प्रधानमंत्री आवास का कब्जा दिया गया। अब तक कुल 971 आवंटियों को भवन का कब्जा दिया जा चुका है। अकबर नगर के 1800 अध्यासियों को प्रधानमंत्री आवास आवंटित किये गये हैं। सभी लोगों को आवंटन पत्र दिया जा चुका है। 42 वाहनों से आवंटियों का सामान नये भवन में शिफ्ट करने के लिए लगाया गया था।

स्कॉर्पियो क्लब के पास कुकरैल नदी की होगी पैमाइश

लखनऊ। कुकरैल नदी की वन क्षेत्र स्थित स्कोर्पियो क्लब के पास से निकल रही है। इसलिए कमिश्नर डॉ. रौशन जैकब ने इसकी पैमाइश सिंचाई विभाग व तहसील स्तर से करते हुए चिन्हांकन व सीमांकन कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अगर कहीं अवैध अतिक्रमण मिलता है तो

● कब्जा मिलने पर ध्वस्त होगा

तत्काल ध्वस्तीकरण कराए। उन्होंने कहा कि कुकरैल नदी को अपने वास्तविक स्वरूप एवं प्रकृति के हिसाब से विकसित किया जाए। कुकरैल नदी की मूल जलधारा वापस लाने के प्रयास तेज हो चुके हैं। शुक्रवार को कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने डीएम, एलडीए उपाध्यक्ष और मुख्य विकास अधिकारी के साथ इस संबंध में विचार विमर्श किया। बैठक में कमिश्नर ने निर्देश दिया कि कुकरैल के उद्गम स्थल से लेकर गोमती में मिलने तक बीच में आने वाले 22 तालाबों का मूल स्वरूप वापस लाया जाएगा। साथ ही रास्ते में पड़ने वाले सभी गांवों के प्राकृतिक जलसोस्त्र को पुनर्जीवित किया जाएगा। कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने निर्देश दिया कि कुकरैल के उद्गम स्थल अस्ति गांव के प्राकृतिक जलस्रोतों की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार है। शेष 22 तालाबों का डीपीआर तैयार किया जाना है। कमिश्नर ने सौतल झील समेत अन्य शेष कार्यों का डीपीआर 10 दिन में तैयार करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा कि जिन स्थानों पर सिल्ट जमा है उनको साफ कराएं ताकि नदी में पानी पहले की तरह आना शुरू हो। बैठक में जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार, एलडीए उपाध्यक्ष इन्द्रमणि त्रिपाठी और सीडीओ अजय जैन मौजूद रहे।

नगर निगम कार्यकारिणी के छह सदस्य रिटायर

लखनऊ। नगर निगम कार्यकारिणी के छह सदस्य शुक्रवार को रिटायर हो गए। इसके लिए लॉटरी की प्रक्रिया अपनाई गई। सभी 12 सदस्यों में से छह के नामों की पर्चियां निकाली गईं। भाजपा के पांच सदस्य सौरभ सिंह मोनू, शैलेन्द्र वर्मा, रानी कनौजिया, पीयूष दीवान तथा हरिश्चंद्र लोधी को कार्यकारिणी से बाहर होना पड़ा है। सपा के एक सदस्य लाइक

● नये सदस्यों के चयन के लिए अगले हफ्ते होगी सदन की बैठक

आगा रिटायर हुए हैं। अब दूसरे लोगों को कार्यकारिणी सदस्य बनने का मौका मिलेगा। नए सदस्यों के चयन के लिए जल्द ही सदन की बैठक बुलाई जाएगी।

नगर निगम कार्यकारिणी में ही शहर के विकास से सम्बंधित नीतिगत निर्णय लिए जाते हैं। यह एक तरह से प्रदेश सरकार की कैबिनेट की तरह होती है। कार्यकारिणी में महापौर के अलावा कुल 12 सदस्य होते हैं। पार्षदों में से ही इन्हें चुना जाता है। एक वर्ष में छह सदस्यों के रिटायर होने का नियम है। महापौर की अध्यक्षता में एक डिब्बे में सभी 12 सदस्यों के नामों की पर्ची डाली गई। एक-एक कर छह पर्ची निकाली गईं, जिसके नाम की पर्ची निकलती गई उसे कार्यकारिणी से सेवानिवृत्त कर दिया गया। बाकी बचे छह सदस्य दो साल का कार्यकाल पूरा करते हैं। रिटायर होने वाले सदस्यों को मायूसी हाथ लगी। जो छह सदस्य रिटायर हुए हैं उनकी जगह छह नए सदस्यों को कार्यकारिणी में जगह मिलेगी। इनका चयन सदन की बैठक में होगा। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि अगले सप्ताह सदन की बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें नए सदस्यों का चुनाव किया जाएगा।

रोड डायरेक्टरी बनाने का निर्देश : महापौर सुषमा खर्कवाल ने लखनऊ नगर निगम की रोड डायरेक्टरी बनाने का निर्देश दिया है। इसमें शहर की सभी सड़कों का विवरण होगा। कौन सी सड़क कब बनी? उसकी लम्बाई-चौड़ाई सहित सभी विवरण होगा। इससे बनी बनाई सड़कों को बनाने का खेल नहीं हो पाएगा। पार्षद अभी दबाव बनवाकर बनी बनाई सड़कें बनवाते हैं।

निकायों में समस्त रिक्त पदों पर नियमित नियुक्तियों की मांग

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगर निगम कर्मचारी संघ ने प्रदेश की निकायों में सफाई कर्मचारी एवं चतुर्थ श्रेणी के संवर्ग सहित केंद्रीयत व अकेंद्रीयत सेवा के विभिन्न संवर्गो में रिक्त पदों पर नियमित नियुक्तियों की मांग की है। इसके लिए संघ की ओर से मुख्यमंत्री को पत्र के माध्यम से अनुरोध किया है।

संघ अध्यक्ष आनन्द वर्मा ने मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र के माध्यम से अनुरोध

● नगर निगम कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

करते हुए कहा है कि प्रदेश की निकाय सेवा आदेश-1962 के अनुरूप संचालित की जा रही है। निकाय की आबादी एवं कार्यक्षेत्र वर्ष 1962 में सीमित थे। निकायों की आबादी एवं कार्य क्षेत्र का 62 वर्षों में अत्यधिक व्यापक रूप से विस्तार हुआ है जिस कारण आज के परिवेश के अनुरूप सेवा आदेश 1962 में संशोधन करते हुए निकायों की बड़ी हुई आबादी एवं बड़े हुए कार्य क्षेत्र, कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति उपरांत प्रदेश की निकायों में (सफाई कर्मचारी/चतुर्थ श्रेणी) संवर्गो सहित केंद्रीयत/अकेंद्रीयत सेवा के संवर्गो में अधिकांश रिक्त पद है, जिस पर कई वर्षों से नियमित नियुक्तियां ना होने के कारण उत्तर प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजना का लाभ सरकार की मंशा के अनुरूप नागरिकों को सुगमता के साथ प्राप्त करने में तथा विभागीय कार्यों के संपादन में निकायों को अत्यंत ही कठिनाइयों का होना स्वाभाविक है। जिसके निदान की आवश्यकता है। आज के परिवेश के अनुरूप बड़ी हुई आबादी एवं बढ़े हुए कार्य क्षेत्र के अनुसार सेवा आदेश 1962 में संशोधन करते हुए (सफाई कर्मचारी/ चतुर्थ श्रेणी) संवर्गो सहित केंद्रीयत/अकेंद्रीयत के विभिन्न संवर्गों में रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति करने की मांग की है ताकि उत्तर प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजना का लाभ प्रदेश के निकाय प्रदेश के नागरिकों को और अधिक सुगमता के साथ प्रदान करने तथा विभागीय कार्य को भी और कुशलता के साथ करने में सफल हो सके।

कम्प्यूटर ऑपरेटरों का एक समान वेतन किये जाने की मांग : नगर निगम की ओर से संचालित स्कूलों में कार्यदायी संस्थाओं से कार्यरत शिक्षक व शिक्षिकाओं को बढ़े हुए मानदेय का लाभ मिलेगा। नगर निगम प्रशासन की ओर से स्वीकृति सम्बंधी आदेश जारी कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश नगर निगम कर्मचारी संघ ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यकारिणी से सेवा प्रदाता के माध्यम से कार्यरत टीचरों का मानदेय बढ़ाए जाने के निर्णय का स्वागत योग्य है। संगठन के अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि जिस प्रकार से कार्यकारिणी एवं सदन से शिक्षकों का वेतन सम्मानजनक रूप से बढ़ाया गया है उसी प्रकार से विभिन्न विभागों में कार्यरत सेवा प्रदाता के माध्यम से कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर का भी वेतन लोक निर्माण विभाग, अटल बिहारी डिग्री कॉलेज नगर निगम, एवं लेखा विभाग की तरह ही बढ़ाया जाए। इसके लिए संघ की ओर से महापौर व नगर आयुक्त को पत्र प्रेषित किया है। इस पत्र के माध्यम से अनुरोध किया है कि कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर को भी पारिश्रमिक सदन व कार्यकारिणी की ओर से 19800 रु या 22000 रु किया जाना चाहिए जिससे एक ही विभाग में कर्मचारियों के बीच में समानता की भाव एवं समान न्याय की अवधारणा का पालन हो सके।

स्टार्टअप किसी देश को आगे बढ़ाने में बेहद महत्वपूर्ण : अनिल सागर

राष्ट्र की मजबूत अर्थव्यवस्था में स्टार्टअप का बड़ा योगदान : प्रो. जेपी पाण्डेय

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में शुक्रवार को यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड डिपार्टमेंट ऑफ आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स की ओर से दो दिवसीय यूपी इन्क्युबेटर्स मीट 2024 का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार की ओर से मान्यता प्राप्त 63 इन्क्युबेशन सेंटर के इन्क्युबेटर्स ने

● एकेटीयू में दो दिवसीय यूपी इन्क्युबेटर्स मीट का हुआ शुभारंभ

हिस्सा लिया। इन सेंटर्स में 16 सौ से ज्यादा स्टार्टअप कार्यरत हैं। दो दिन चलने वाले इस मीट में पहले दिन इन्क्युबेशन सेंटर्स की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेकर उनके समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गयी।

बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव डिपार्टमेंट ऑफ आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स अनिल कुमार सागर ने कहा कि यूपी स्टार्टअप पॉलिसी 2020 को बने करीब चार साल बीत गये। अब समय आ गया है कि इसका परीक्षण किया जाए। जरूरी संशोधनों को किया जाये ताकि इन्क्युबेशन सेंटर्स और अधिक सरलता से इन्क्युबेटीज को आगे बढ़ा सकें। वर्तमान में अमेरिका स्टार्टअप्स की महाशक्ति बन गया हैं। वहां जितने भी सफल आविष्कार हुए वो सब स्टार्टअप से निकले। स्टार्टअप किसी देश को आगे बढ़ाने में बेहद महत्वपूर्ण होते हैं इसलिए इन्क्युबेशन सेंटर्स की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने कहा कि किसी भी देश की मजबूत अर्थव्यवस्था में स्टार्टअप का बड़ा योगदान होता है। उन्होंने अमेरिका का उदाहरण दिया। कहा कि अमेरिका की कुछ कंपनियां वहां की जीडीपी में 50 फीसदी से ज्यादा की हिस्सेदारी रखती हैं। हमारा देश सर्विस देने और तकनीकी को इस्तेमाल करने में अग्रणी है। मगर प्रोडक्ट बनाने और पेटेंट में हम अभी बहुत पीछे हैं। जब तक हम पेटेंट नहीं करायेंगे तब तक बात नहीं बनेगी इसलिए इन्क्युबेशन सेंटर्स को अपने स्टार्टअप को पेटेंट करने के साथ ही उनके कॉमर्सलाइजेशन पर ध्यान देना होगा। प्रबंध निदेशक यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड रवि रंजन ने कहा कि इस दो दिवसीय मीट में इन्क्युबेटर्स की समस्याओं को समझा जाएगा ताकि उनके समाधान पर मंथन किया जा सके। हम सभी को मिलकर सफल स्टार्टअप की संख्या बढ़ाना है। इस दौरान इनोवेशन हब के महीप सिंह ने इनोवेशन हब एवं विश्वविद्यालय के नए उठाये गये कदम के बारे में बताया। जीएल बजाज सेंटर फॉर रिसर्च एंड इन्क्युबेशन गौतमबुद्धनगर और एमआईईटी इन्क्युबेशन फोरम के प्रतिनिधि ने अपने सेंटर्स की प्रस्तुति दी। साथ ही सेंटर के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में बताया। साथ ही सुझाव भी दिये गये। अंत में प्रमुख सचिव और प्रबंध निदेशक ने प्रश्नों के उत्तर दिए और समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में डीन इनोवेशन प्रो. बीएम मिश्रा एसोसिएट डीन डॉ. अनुज कुमार शर्मा मौजूद रहे।

आवास विकास ने जमीन की कीमतें 16 प्रतिशत तक बढ़ाई

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद ने प्रदेश भर की अपनी विभिन्न योजनाओं में जमीन की कीमतें बढ़ा दी हैं। इनमें तीन से लेकर लगभग 16 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की गयी है। बढ़ी दरें तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गयी हैं। आवास विकास लखनऊ की अवध विहार, वृन्दावन तथा गोकुल ग्राम बीबी खेड़ा योजना में भूखण्डों की कीमतें बढ़ायी गयी हैं। कानपुर, गाजियाबाद, प्रयागराज, वाराणसी, बस्ती, गोरखपुर, सुल्तानपुर, झांसी, इटावा तथा अलीगढ़ सहित कई शहरों में कीमतें बढ़ायी गयी हैं।

रामनगर व प्रेमनगर में दो दिनों से पेयजल संकट

लखनऊ। आलमबाग के रामनगर और प्रेमनगर में बीते दो दिनों से पानी संकट का बना हुआ है। लोगों ने बताया कि गुरुवार को रामनगर में लगे दोनों पंप फूंक गए थे। इसके बावजूद अभी तक जलकल से कोई कर्मचारी इसे बनाने नहीं आया है। इस भीषण गर्मी में पानी की किल्लत से लोग बेहाल हैं। पीने का पानी भी लोगों को काफी दूर से लाना पड़ रहा है। लोगों ने पंप की मरम्मत होने तक मोहल्ले में पानी टैंकर की व्यवस्था कराने की मांग की है। जोन पांच के अधिशाषी अभियंता सचिन यादव ने बताया कि दोनों पंप की मरम्मत का काम शुरू हो गया है। शनिवार सुबह पानी की सप्लाई बहाल हो जाएगी।

महिला अधिकारी व संघ लगायेगा मेडिकल कैंप

लखनऊ। उत्तर प्रदेश नगर निगम महिला अधिकारी एवं कर्मचारी संघ की आम सभा शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय में हुई। सभा में प्रत्येक जोन से महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। संघ की अध्यक्ष अंबी बिष्ट (मुख्य कर निर्धारण अधिकारी) की ओर से सभी सदस्यों को अपने कार्य के प्रति निष्ठा एवं निडर हो कर कार्य करने को प्रोत्साहित किया गया।

मेट्रो ने लखनऊ में आई-मेट्रो कार्यशाला की मेजबानी की

लखनऊ। यूपीएमआरसी ने शुक्रवार को ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो डिपो में स्थित प्रशिक्षण उत्कृष्टता केंद्र में सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर पहल पर आई-मेट्रो कार्यशाला की मेजबानी की। आई-मेट्रो प्रदर्शन में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए विचारों के आदान-प्रदान, ज्ञान को एकत्रित करने और अनुभव, सर्वोत्तम प्रथाओं आदि को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए सभी भारतीय मेट्रो रेल निगमों का एक संघ है। यूपीएमआरसी द्वारा आयोजित आई-मेट्रो कार्यशाला में दिल्ली मेट्रो, बैंगलोर मेट्रो, एमपी मेट्रो, एनसीआरटीसी, जयपुर मेट्रो, महा मेट्रो और नोएडा मेट्रो सहित भारत भर के महानगरों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला का विषय था यूपीएमआरसी की ओर से सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर पहल और परिचयात्मक व्याख्यान एमडी यूपीएमआरसी सुशील कुमार की ओर से दिया गया था। अपने व्याख्यान में, उन्होंने न केवल समस्याओं को प्रभावी ढंग से हल करने के लिए बल्कि परियोजना निर्माण के समय और लागत को प्रबंधित करने और कम करने के लिए पदानुक्रम के विभिन्न स्तरों पर समिति के गठन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अपनी मेट्रो परियोजनाओं को समय सीमा से पहले और निर्धारित बजट के भीतर पूरा करने के लिए यूपीएमआरसी की ओर से की गई अनूठी पहल के बारे में साझा किया, जैसे - स्टेशन और सुरंग निर्माण का स्वतंत्र कार्य, कानपुर और आगरा परियोजनाओं के लिए मानकीकृत रोलिंग स्टॉक और सिग्नलिंग, कैबलिंग के काम के लिए समानांतर काम करना, डक्ट निर्माण आदि।

● महानगरों से आए प्रतिनिधियों ने यूपी मेट्रो की नागरिक पहल पर कार्यशाला में भाग लिया

ट्रायल के लिए फेयर इन्वेस्टिगेशन बहुत जरूरी : जीके गोस्वामी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

● राजस्थान पुलिस के स्थापना दिवस पर रोल ऑफ फॉरेंसिक इन क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन पर विशेष सेमिनार सम्पन्न

लखनऊ। राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस कार्यक्रम में यूपी काडर के वरिष्ठ आईपीएस अफसर जीके गोस्वामी ने भी शिरकत की। इस कार्यक्रम में आरपीए में रोल ऑफ फॉरेंसिक इन क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन पर विशेष सेमिनार हुआ। इसमें राजस्थान डीजीपी यूआर साहू के अलावा जीके गोस्वामी ने सम्बोधित किया। इसमें उत्तर प्रदेश के एडीजी एवं यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक के फाउंडर डायरेक्टर डॉ. जीके गोस्वामी ने बतौर मुख्य वक्ता कहा कि फेयर ट्रायल के लिए फेयर इन्वेस्टिगेशन बहुत जरूरी है, यह न्याय के मार्ग को प्रशस्त करता है। पारदर्शी तरीके से सही अनुसंधान के लिहाज से न्याय तंत्र में पुलिस की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। इसके अलावा मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान के डीजीपी यूआर साहू ने कहा कि पुलिस के रोजमर्रा के कार्यों और अनुसंधान में फॉरेंसिक साइंस की बड़ी भूमिका है।1 जुलाई से लागू हो रहे नए क्रिमिनल लॉ में एफएसएल की भूमिका और अधिक बढ़ गई इसलिए विशेष से मिनार रखा है। सेमिनार में राजस्थान पुलिस के अफसर और एफएसएल के वैज्ञानिक मौजूद रहे।

फेशियल बायोमीट्रिक्स से लगेगी लाइव अटेंडेंस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में कार्यरत योगी सरकार प्रदेश में एजुकेशनल फ्रेमवर्क के उच्चीकरण और एडवांस्ड टेक्नोलॉजी युक्त बनाने की दिशा में दो रहे प्रयासों में तेजी लाई है। इसी का परिणाम है कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में बड़े

● रेगुलर सेमेस्टर एग्जाम्स की लाइव सीसीटीवी कवरेज का मार्ग प्रशस्त कर रही योगी सरकार

● एकेटीयू में बड़े टेक्नोलॉजिकल अपडेशन की प्रक्रिया हुई शुरू

● यूपीडेस्को को सौंपा गया है जिम्मा, 60 दिनों में इन कार्यों को किया जायेगा पूर्ण

टेक्नोलॉजिकल अपडेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस टेक्नोलॉजिकल अपडेशन के अंतर्गत छात्र-छात्राओं की लाइव अटेंडेंस उनके फेशियल बायोमीट्रिक्स से लगेगी। साथ ही, रेगुलर सेमेस्टर परीक्षाओं को पूरी पारदर्शिता व शुचिता के साथ पूर्ण कराने के लिए लाइव सीसीटीवी कवरेज को लेकर कार्य शुरू हो गया है। बता दें कि सीएम योगी की मंशा अनुरूप एक विस्तृत कार्ययोजना के जरिये डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में बड़े टेक्नोलॉजिकल अपडेशन के फ्रेमवर्क को तय किया गया था, जिसको क्रियान्वित करते हुए उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट सिस्टम्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीडेस्को) को यह कार्यभार सौंपा गया है।

यूपीडेस्को में पहले से इम्पैनल्ड कंपनियों को मिलेगा सर्विस व सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट प्रोवाइडर बनने का मौका मिलेगा जिसे कायार्वंटन के बाद 60 दिन के भीतर सीसीटीवी इंस्टॉलेशन, सीसीटीवी मॉनिटरिंग कमांड सेंटर की स्थापना तथा स्टूडेंट्स-स्टाफ के बायोमीट्रिक्स का संकलन कर मास्टर डाटाबेस तैयार कर उन्हें सॉफ्टवेयर के माध्यम से एक्सेस योग्य बनाने जैसे कार्यों को पूर्ण करना होगा। शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि के दृष्टिगत आधुनिक तकनीक अपनाना हमेशा से सीएम योगी की प्राथमिकताओं में शामिल रहा है। प्रदेश में परीक्षा प्रक्रिया निर्बाध रूप से पूर्ण पारदर्शिता व शुचितापूर्वक पूरी हो, इसके लिए भी विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय में होने वाला टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट इन दोनों ही बातों को आत्मसात करता है। स्टूडेंट्स-स्टाफ के बायोमीट्रिक्स का संकलन कर मास्टर डाटाबेस तैयार कर उन्हें सॉफ्टवेयर के माध्यम से एक्सेस करने के साथ ही यूनिवर्सिटी में इस बात की लगातार मॉनिटरिंग हो सकेगी कि संबंधित छात्र-छात्राएं क्लासेस सही से अटेंड कर रहे हैं या नहीं। डाटाबेस में उनके आधार कार्ड नंबर, चेहरा, आंखों की पुतली तथा हाथ के इंप्रेशंस के साथ कई अन्य अहम जानकारियों को भी संकलित किया जाएगा जिससे किसी अप्रिय स्थिति में तत्काल ही संबंधित स्टूडेंट या स्टाफ को चिह्नित किया जा सकेगा। यूनिवर्सिटी में मास्टर डाटाबेस तो कई मायनों में निर्णायक साबित होगा ही, साथ ही यूनिवर्सिटी के क्लासेस की भी सीसीटीवी के जरिए लाइव मॉनिटरिंग हो सकेगी। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए एक विशिष्ट सीसीटीवी कमांड सेंटर की भी स्थापना की जाएगी।

नवनिर्वाचित विधायक को सतुला तालाब में नहीं मिली सफाई

लखनऊ। पूर्व विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक ओपी श्रीवास्तव ने जीतने के तत्काल बाद जहां स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए व्हाट्सप्प नंबर जारी करने की पहल की। वहीं शुक्रवार से वह अपनी विधानसभा के वार्डों में जनसमस्याओं को देखने निकले। समस्याओं को देख नगर निगम अधिकारियों को फटकार लगाई और 15 दिनों में स्थिति में परिवर्तन हो जाने की चेतावनी भी दी। इस दौरान उनके साथ नगर निगम जोन -7 के अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान वो सबसे पहले मैथलीशरण वार्ड में अग्रवाल प्लाजा पर गंदगी से पटे नाले पर पहुंचे। उन्होंने नगर निगम अधिकारियों से बरसात से पहले उसे साफ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से नाले भी बदहाल स्थिति देख कहा ये स्थिति रही तो एक घंटे की बरसात में जलभराव इतना बढ़ जायेगा की लोगों का घरों से निकलना दूभर हो जायेगा। उन्होंने नगर निगम अधिकारियों से कहा की आपके सफाई कर्मी कहीं नहीं दिख रहे। क्षेत्र की सफाई में बदहाल स्थिति हैं। इसको तत्काल सही करा ले नहीं तो करवाई के लिए तैयार रहें। इसके बाद इंदिरानगर सी - 1347/5 के सामने पार्क के चारों तरफ और पार्क के अंदर कूड़े के ढेर पर अधिकारियों को फटकार लगाई। इस्माइलगंज वार्ड के पटेल नगर पहुंचे। यहां लोगों ने नाले में गंदगी और हर साल होने वाले जलभराव की समस्या बताई। गंदगी से पटे सेतुआ तालाब को देख नाराज विधायक ने अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। पटेल नगर में बरसात से पहले नालों की सफाई, सेतुआ तालाब की सम्पूर्ण स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं इसमें आवागमन को जनसुलभ बनाकर आम लोगों के लिए जनउपयोगी बनाने के भी निर्देश दिए।

जीआईएस समाधान दिवस से भवन स्वामियों को मिली बड़ी राहत

लखनऊ। हरजीत सिंह के भवन का जीआईएस सर्वे के बाद वार्षिक मूल्यांकन 12240 रु कर दिया गया। इससे वह कई महीनों से परेशान थे। शुक्रवार को नगर निगम में लगे जीआईएस सर्वे समाधान दिवस में उनके आवेदन पर वा.मू. 9792 निर्धारित कर दिया गया। इससे उन्हें बड़ी राहत मिली। कुछ ऐसा ही मामला ओम प्रकाश यादव के भवन का था।

● 245 आपत्तियों का किया निस्तारण

उनके भवन का वार्षिक मूल्य 17640 से घटकर 6912 रु हो गया। शुक्रवार को समाधान दिवस में जोनवार 245 आपत्तियां प्राप्त हुई जिसमें से सभी 245 आपत्तियों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने खुद भवनस्वामियों की शिकायतों को सुना एवं सभी जोनल अधिकारियों को शत-प्रतिशत निस्तारण के निर्देश दिये गये।

जोन	-	प्राप्त आपत्तियां	निस्तारित
जोन-1 -	37	- 37	
जोन-2 -	20	- 20	
जोन-3 -	55	- 55	
जोन-5 -	22	- 22	
जोन-6 -	45	- 45	
जोन-7 -	58	- 58	
जोन-8 -	8	- 8	
योग	-	245	245

ऊषा गोविल, के भवन का जी.आई.एस. वार्षिक मूल्य 58500 से 27416.25 रु, शशि शुक्ला के भवन का जीआईएस का वार्षिक मूल्य 26460 से 9720 रु, चन्द्रशेखर के भवन का जी.आई.एस. का वार्षिक मूल्य 35100 से 19440 रु, किरन जायसवाल के भवन का जीआईएस वार्षिक मूल्य 16560 से 4500 रु, मुनीर फातिमा के भवन का वार्षिक मूल्य 21240 से 11520 रु, नरेश सिंह के भवन का जीआईएस वार्षिक मूल्य 14256 से 8316 रु, राम कुमार त्रिपाठी के भवन का जीआईएस वार्षिक मूल्य 16200 से 7290 रु, यूवी सिंह सी ब्लाक इंदिरा नगर भवन का जीआईएस का वार्षिक मूल्य 29484 से 22680 रु, ब्रिज मोहन प्रजापति के भवन का जीआईएस का वार्षिक मूल्य 11016 से 5418, राम शंकर के भवन का जीआईएस का वार्षिक मूल्य 32400 से 19125 रु किया गया। नगर आयुक्त ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि भवनस्वामी अपनी आपत्तियां निस्तारित कराने के लिए स्वयं समाधान दिवस में उपस्थित हो अन्यथा अन्य व्यक्ति को प्रस्तुत करने से निस्तारण में विलम्ब तथा अनेक प्रकार की कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता है।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

अजय सिपाही गिरोह का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

लखनऊ। यूपी एसटीएफ ने अजय सिंह सिपाही गिरोह के सक्रिय सदस्य एवं हत्या के प्रयास में जनपद सुलतानपुर से पच्चीस हजार रुपए का पुरस्कार घोषित हत्या का आरोपी उत्कर्ष सिंह को राजधानी लखनऊ के बिजनौर थाना क्षेत्र के रजिस्टार कार्यालय से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी उत्कर्ष सिंह सुल्तानपुर के थाना कादीपुर के ग्राम कटसारी का रहने वाला है। यह काफी दिनों से फरार चल रहा है।पकड़ा गया आरोपी माफिया अजय सिंह सिपाही गैंग का सक्रिय सदस्य है । बीती पांच अप्रैल को किसी ढाबे पर खाना खाने की बात में अनुपम सिंह आदि से लड़ाई हो गयी थी । इस मामले में आपसी समझौता के लिए इकट्ठा हुए थे।इस दौरान पुनः लड़ाई हो गयी जिस पर अपने साथियों के साथ मिलकर अविनाश सिंह उर्फ शुभम को जान से मारने की नियत से उसके ऊपर फायर कर दिया था । इसको लेकर सुल्तानपुर जिले के थाना कादीपुर में प्राणघातक हमला व गाली गलौज तथा मारपीट का मुकदमा दर्ज हुआ था।जिसमे आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए इधर उधर छिपकर रह रहा था।आज यह कहीं भागने के फिराक में था इस लिए लखनऊ आया हुआ था।

Notice

RICHA GUPTA and MANOJ KUMAR GUPTA, R/O- G3,PLOT NO 87, ANSAL, SUSHANT GOLF CITY/ LUCKNOW, Loss of Receipt of Flat Property ID ORLS/RIPPLE-A/SIXTH/ 603 With Receipt ID 1247948, 1312104, 1330640, 1340577, 1371825, 1603272, 1617070, 1632356, 1632357, 1647103, 2055952, 2055903, 2058765 issued by Omaxe Limited is misplaced somewhere. Any person who finds it please return it to zonal office OMAXE LTD. Or return to RICHA GUPTA and MANOJ KUMAR GUPTA at above mentioned address Or Call me at this No- 9935098837.

Notice

I Navneet Bhadauriya S/o Chandrabhan Singh Bhadauriya, R/O- 1/287 Vijayant Khand, Gomti Nagar, Lucknow (U.P.) - 226010, My Receipt No. 1778678 Date: 31.12.20 Amount Rs. 700000.00, Receipt No. 1778672 Date: 31.12.20 Amount Rs. 850280.00, Receipt No. 1802431 Date: 08.06.21 Amount Rs. 500000.00, Receipt No. 1888590 Date: 20.04.22 Amount Rs. 2062850.00, Receipt No. 1939355 Date: 12.01.23 Amount Rs. 540000.00 & Receipt No. 2011823 Date: 30.10.23 Amount Rs. 1000000.00 Against Customer ID-GOLV/159 Respectively issued by OMAXE LIMITED are misplace somewhere. Any person who finds it please return it to Mr. Syed Adeel Hussain at zonal office of OMAXE LTD. at OMAXE LTD. Cyber Tower 2nd Floor, TC-34/V2, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow OR Call on No- 9935092305.

असलहाधारी बदमाशों ने दिनदहाड़े लॉन्ड्री संचालक को लूटा

- सोने के जेवरात व बाइक लूट कर हुए फरार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में शुक्रवार की दोपहर पिट्ठू बैग लेकर आये दो नकाबपोश बदमाशों ने लॉन्ड्री संचालक पर असलहा तान कर पहने हुये जेवरात लूट लिये। जिसके बाद दुकान का शटर गिराकर बाइक लूट कर फरार हो गए। जब लाड्री संचालक ने शोर मचा कर दुकान का शटर उठाया तो लोगों को जानकारी हुयी। उधर जानकारी मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कम्प मच गया। आनन-फानन में पुलिस की टीमें लुटेरों की तलाश में जुट गयी है। मूलरूप से बंथरा निवासी शिवनारायण काकोरी मोड़ थाना काकोरी में रहकर कृष्णा नगर क्षेत्र के कनौसी यादव चौराहा के निकट लक्ष्मी नगर कालोनी में विगत डेढ़ वर्षो से बिमल लॉन्ड्री के नाम से दुकान चला रहे है। दुकान पर उसका मौसेरा भाई राजकुमार भी काम करता है।

पीड़ित दुकानदार के मुताबिक शुक्रवार सुबह वह अपने मौसेरे भाई राजकुमार के साथ दुकान पर बैठे थे। करीब 11:15 बजे दो युवक पिट्ठू बैग ताँगे दुकान पर कस्टमर बनकर आये थे। जो कपड़ों को धुलाने की कीमत पूछने लगे। जिस पर उन्हे रेट समझाने लगा। इस दौरान दुकान में घुसा एक युवक दुकान का शटर गिराने का प्रयास करने लगा। जिस पर वह लोग विरोध करने लगे। जिस पर दूसरे बदमाश ने कमर में खोसा हुआ तमंचा निकालकर उस पर तान दिया। जिससे वह दहशत में आ गये। दोनों बदमाश ने शरीर पर पहने सारे जेवरात उतारने को कहा। जिस पर दुकानदार ने गले में पहने हुए सोने की चेन और उंगुलियों में पहनी दो अंगूठी लुटेरों को निकाल कर दे दी। लुटेरों ने दुकानमालिक के पर्स में रखा हुआ एक सौ साठ रुपए भी निकाल लिया। जिसके बाद दोनों बदमाशों ने काउंटर पर रखा मोटरसाइकिल की चाभी भी उठा ली। जिसके बाद शटर उठाकर मोटरसाइकिल लूटते हुये पारा रोड की तरफ फरार हो गए। लुटेरों के चंगुल से मुक्त होते ही दुकानदार ने शोर मचाना शुरू कर दिया। जिससे आसपास के व्यापारी और अन्य लोग एकत्र हो गए और पुलिस को फोन पर सूचना दिया। दिनदहाड़े लूट की सूचना पर पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया और मौके पर पहुंची पुलिस ने लुटेरों की तलाश में दुकान के आसपास लगे सीसी कैमरों को खंगालने में जुट गए। पीड़ित दुकानदार ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ लूट की शिकायत की है।

पुलिस का नहीं लगा नंबर: दिनदहाड़े हुए लूटकांड के बाद स्थानीय निवासी व व्यापारी कंट्रोल नंबर 112 पर पुलिस को फोन लगाना शुरू कर दिया। लेकिन कंट्रोल नंबर का फोन नहीं लगा। थकहार लोगों थाने व स्थानीय पुलिस चौकी को फोन मिलाकर लूट की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और मौके पर पहुँचकर लुटेरों की तलाश में जुट गई।

गठित की गई टीमें: लुटेरों की तलाश में पुलिस की तीन टीमें तैनात की गयी है। सर्विलांस टीम और डीसीपी क्राइम टीम भी गठित की गयी है। पुलिस को सीसी कैमरे में दो स्थलों पर लुटेरों की के फुटेज मिली है। फुटेज आधार पर पुलिस लुटेरों की तलाश में जुटी है।

पुलिस वसूली का ऑडियो वायरल होने से मचा हड़कम्प

- मौरंग सप्लायर ने की थी शिकायत
- सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर चौकी का मामला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरोजनीनगर की ट्रांसपोर्ट नगर चौकी पुलिस और ट्रक चालकों के बीच मौरंग सप्लाई को लेकर लेनदेन का शुक्रवार को ऑडियो वायरल होने से विभाग में हड़कंप गया। इस मामले में ट्रक संचालक ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर ट्रांसपोर्ट नगर पुलिस चौकी के वर्दी धारियों के ऊपर गंभीर आरोप लगाए हैं। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में पारा के प्रगति विहार कॉलोनी में रहने वाले ओम जी तिवारी ने बताया कि वह अपने ट्रकों के जरिए मौरंग की सप्लाई करता है। उसने लिखा है कि गुरुवार सुबह करीब 5 बजे वह ट्रांसपोर्ट नगर स्थित नौ नंबर पार्किंग, मौरंग मंडी स्थल पहुंचा था। जहां उसके ट्रक मौरंग लेकर आए थे। उसका आरोप है कि इसी दौरान ट्रांसपोर्ट नगर चौकी से एक दारोगा व चार सिपाही वहां पहुंचे और बिना किसी कारण के सबके सामने उसे घसीटते हुए चौकी ले गए। आरोप लगाया की वर्दीधारियों ने चौकी में उसे जमीन पर लात मार कर बिठा दिया। जब पीड़ित ने कारण पूछा तो वर्दीधारियों ने अपशब्द कहते हुए धमकी दी कि अगर धंधा करना है तो एक लाख रुपये दो। पीड़ित का आरोप है कि बाद में वर्दीधारियों ने 50 हजार रुपये नगद लेकर उसे छोड़ दिया। साथ ही किसी से बताने पर फर्जी मुकदमे में जेल भेजने की धमकी भी दी। वहीं वायरल ऑडियो में एक व्यक्ति कह रहा है कि व्हाट्सएप कॉल करिए। इसके बाद कह रहा है कि यह रूपयों की बात मीडिया और इंस्पेक्टर साहब तक कैसे पहुंच गई। दूसरे ऑडियो में मौर्या नामक एक व्यक्ति कह रहा है कि चौकी पर आकर मिल लो, तुम्हारे रुपए वापस करा देंगे। इस पर दूसरा व्यक्ति कह रहा है कि मैं मौरंग मंडी से लौटकर घर पर सो रहा हूं और कल मिलूंगा। रही बात रूपयों की तो उसकी कोई बड़ी बात नहीं। बल्कि सम्मान से ज्यादा कुछ नहीं। उधर इस मामले में सरोजनीनगर थाना प्रभारी का कहना है कि मामला अभी हमारे संज्ञान में आया है और इसकी जांच कर अधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी जाएगी।

घूस लेने वाले रेल अफसर व एएसआई भेजे गये जेल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सीबीआई ने गुरूवार घूस लेते हुये रंगे हाथ पकड़े गये उत्तर रेलवे के आलमबाग स्टोर डिपो के डिपो सामग्री अधीक्षक (डीएमएस) अविरल कुमार और आलमबाग में तैनात आरपीएफ के सहायक सब इंस्पेक्टर (एएसआई) मनोज राय को विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निरोधक सीबीआई कोर्ट (पश्चिम) की अदालत के समक्ष शुक्रवार को पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। दोनों रेलवे से खरीदा गया कबाड़ काटने और उठाकर ले जाने देने के बदले घूस की मांग कर रहे थे।

सीबीआई की एंटी करप्शन ब्रांच ने मेसर्स विशाल ट्रेडर्स नादरगंज के प्रोपराइटर आकाश यादव की शिकायत पर बीती 13 जून को एफआईआर दर्ज की गयी थी। जिसके बाद जाल बिछाकर एएसआई और डीएमएस को शिकायतकर्ता से 9000 रुपये व 8200 रुपये घूस के तौर पर लेते हुये रंगे हाथ पकड़ लिया गया था। जिसके बाद सीबीआई ने दोनों के आवासों की तलाशी ली थी। जहां से उसे कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज भी मिले हैं। जिसकी जांच की जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि कई और लोगों पर गाज गिर सकती है।

यह लगाये थे आरोप: आकाश यादव ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने अपने चचेरे भाई विकास यादव के साथ मिलकर आलमबाग स्टोर से 50 मीट्रिक टन रेलवे स्क्रैप की खरीद की थी। जिसमें से 22 मीट्रिक टन की लॉट उसने उठा ली थी। इस पर रेलवे सुरक्षा बल के एएसआई मनोज राय ने 1000 रुपये प्रति ट्रक, 150 रुपये प्रति टन और 300 रुपये ड्यूटी स्टॉफ की मांग की थी। वहीं रेलवे के डीएमएस अविरल कुमार ने 800 रुपये प्रति ट्रक तथा 100 रुपये प्रति टन की मांग की थी। वह यह मांग पूरी नहीं कर सका तो उसे विभिन्न तरीकों से परेशान किया जा रहा है। उसने जब शेष 28 मीट्रिक टन की लॉट का पैसा जमा कर दिया और माल को काटने की अनुमति मिल गई थी। जिसके बाद कटिंग करने वाले लेबरों के साथ एएसआई मनोज राय ने गाली-गलौज कर धमकाया गया। आकाश यादव ने यह भी बताया कि 12 से 13 जून के बीच मेरी 28 टन की लॉट की डिलिवरी होनी है। वह जब भी डिपो के अंदर जााता है तो दोनों व्यक्तियों द्वारा पिछली लॉट और इस लॉट का पूरा पैसा बतौर रिश्वत मांगा जा रहा है। मनोज राय अपने हिस्से के 12800 रुपये तथा अविरल कुमार अपने हिस्से के 8200 रुपये रिश्वत की मांग कर रहे हैं।

महिला का शव फंदे से लटका मिला

लखनऊ। सरोजनीनगर में शुक्रवार को एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जान गवांदी। हिंदू खेड़ा निवासी रामचंद्र धीमान अपनी पत्नी सुरेखा (35) और तीन बेटियों मुस्कान (13), अर्पिता (11) व प्रीति (10) के साथ रहकर राजगीर मिस्त्री का काम करते थे। परिजनों ने बताया कि रामचंद्र शुक्रवार की सुबह काम पर चला गया था। दोपहर करीब 1 बजे सुरेखा ने उसे फोन करके बताया कि वह फांसी लगाने जा रही है। यह बात सुनते ही रामचंद्र के होश उड़ गए और उसने आनन फानन पास में रहने वाले परिचित को इसकी जानकारी देते हुए उसे घर भेजा। लेकिन जब वह रामचंद्र के घर पहुंचा तो सुरेखा कमरे के अंदर पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे लटकी मिली। जबकी उसकी तीनों बेटियां घर के बाहर खेल रही थी। बाद में घर पहुंचे रामचंद्र व अन्य लोगों की मदद से सुरेखा को फंदे से नीचे उतार कर लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया गया। जहांचिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मृतका की करीब 14 वर्ष पहले रामचंद्र के साथ शादी हुई थी। घटना की सूचना मायके पक्ष को दे दी गई है। जहां मृतका के भाई संदीप ने अपने बहनोई रामचंद्र पर आरोप लगाया कि वह आए दिन सुरेखा से रूपयों की मांग करता था।

बीबीए के छात्र ने लगायी फांसी: एलयू न्यू कैम्पस जानकीपुरम के बीबीए प्रथम वर्ष के छात्र ने पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकीपुरम थाना प्रभारी उपेन्द्र सिंह ने बताया कि एलयू न्यू कैम्पस जानकीपुरम में बीबीए प्रथम वर्ष के छात्र सौरभ चौधरी उम्र 20 वर्ष निवासी बांस वार गोरखपुर ने पंखे से चादर का फंदा बनाकर उसमें लटक कर जान दे दी। थाना प्रभारी उपेन्द्र सिंह ने बताया कि मौके पर कोई भी सुसाइड नोट नही मिला है।सुसाइड का कारण पता नही चल पाया है।

नहर में छलांग लगाकर गंवायी जान

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित वीआईपी रोड से निकली नहर में नशे में धुत्त युवक ने शुक्रवार सुबह छलांग लगाकर जान दे दी। प्रभारी निरीक्षक पी के सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान 24 वर्षीय अंकित सक्सेना निवासी सीपेट नादरगंज के रूप में हुई है। मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के परिजनों के अनुसार मृतक अंकित पेशे से बढ़ई का काम करता था। हाल ही में तीन माह पूर्व शादी हुई थी। मृतक पत्नी लाडो से विवाद के बाद गुस्से में घर से निकला था और नशे के बाद शुक्रवार सुबह बाराबिरवा वीआईपी रोड स्थित नहर में छलांग लगा दी। जिससे उसकी मौत हो गई।

चाकू से हमला करने वाली युवती गिरफ्तार

गोसाईंगंज। युवक को होटल में बुलाकर उसे बंधक बनाकर युवती ने चाकू से हमला कर दिया। जिसके बाद वह वहां से भाग निकली। जिसे सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि गुरुवार की रात चमरतालिया गांव थाना गोसाईंगंज निवासी रेनू रावत ने कस्बा गोसाईंगंज के रहने वाले अंकित को मिलने के लिए खुर्दही बाजार स्थित एआर होटल रूम नम्बर 207 में बुलाया था। पुलिस के मुताबिक दोनो में किसी बात को लेकर शुक्रवार की सुबह झगड़ा हो गया। तो युवतीं ने अंकित में हाथ पैर बांधकर चाकुओं से कई वार कर मौके से भाग निकली। होटल वालो को जब चलाने की आवाज सुनी तो मौके जाकर देखा तो युवक लहूलुहान पड़ा था। घटना की जानकारी परिजनों कों देने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया। घायल युवक की मां मंजू देवी ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल ने बयान के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवतीं को गोसाईंगंज बस स्टॉप से गिरफ्तार कर लिया। जिससे पूछताछ के बाद जेल भेज दिया।

डिवाइडर पर मिला युवक का शव

लखनऊ। पीजीआई क्षेत्र के वृन्दावन योजना सेक्टर पांच के पास डिवाईडर पर शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस मृतक की पहचान नहीं कर सकी है। हीट वेव से मजदूर की मौत की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक तेलीबाग चौकी अन्तर्गत वृन्दावन योजना सेक्टर पांच इग्नू विवि मोड़ के पास डिवाईडर पर बीते गुरुवार की देर रात एक मजदूर का शव मिला है। जिसकी शिनाख्त नही हो पायी है। आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मजदूर के शव को पहचान के लिए मर्चरी मे रखवा दिया गया है। पहचान कराने की कोशिश की जा रही है।

ईडी ने चीनी नागरिक को 13.58 करोड़ रुपये की संपति को किया कुर्क

लखनऊ।चीनी नगरिक जू फेई के भारत में अवैध रूप से रहने और अन्य के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत 13.58 करोड़ रुपए की संपति कुर्क की है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के इलाहाबाद उप-क्षेत्रीय कार्यालय के मुताबिक इसमें बैंक बैलेंस, फिक्स्ड डिपॉजिट, अचल संपत्तियों और बीमा पॉलिसियां शामिल है।इन संपत्तियों का स्वामित्व रवि नटवरलाल ठक्कर और अन्य के पास है।ईडी ने आईपीसी, 1860, विदेशी अधिनियम, 1946 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की विभिन्न धाराओं के तहत किए गए अपराधों के लिए विशेष कार्य बल, उत्तर प्रदेश पुलिस, गौतम बुद्ध नगर द्वारा दायर एफआईआर और उसके बाद दायर आरोप पत्रों के आधार पर जांच शुरू की।

कार्यालय ग्राम पंचायत बनकेगांव, वि.ख. कादीपुर, जनपद-सुलतानपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक-10.06.2024

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बनकेगांव, वि0ख0 कादीपुर, सुलतानपुर में राज्य वित्त/पंचम वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 15.06.2024 से दिनांक 22.06.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत बनकेगांव पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 22.06.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण
1.	आरसीसी सड़क से सलतन्ती मास्टर के घर होते हुए नहर की पटरी तक इण्टरलॉकिंग कार्य।	4.35 लाख।	जिग-जैग, इण्टरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री।
2.	नूरपुर खडण्जे से मंगरू के घर होते हुए राम आशीष वर्मा के घर तक खण्डंजा निर्माण कार्य।	2 लाख।	एसओबी ईंट व अन्य सामग्री।
3.	स्व. वंशराज वर्मा के घर से पूरब की तरफ जाने वाले मार्ग से भुलावन वर्मा के घर तक खडण्जा निर्माण कार्य।	1.60 लाख।	एसओबी ईंट व अन्य सामग्री।
4.	पक्की सड़क से रमाशंकर के घर तक खडंजा निर्माण कार्य।	2.10 लाख।	एसओबी ईंट व अन्य सामग्री।
5.	राम अवध के घर से श्रीराम के घर तक खडण्जा मरम्मत कार्य।	2 लाख।	एसओबी ईंट व अन्य सामग्री।
6.	राम भवन का कूप मरम्मत कार्य।	1.60 लाख।	ईंट, सीमेंट, मोरंग, बालू व अन्य सामग्री।
7.	राजमणि के घर से राजेन्द्र के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य।	4 लाख।	जिग-जैग, इण्टरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री।
8.	विजयी के घर से सुबई के घर तक खडण्जा मरम्मत कार्य।	1.05 लाख।	एसओबी ईंट व अन्य सामग्री।
9.	सुरेश के घर से दक्षिण हरिजन बस्ती में खडण्जा कार्य।	4 लाख।	एसओबी ईंट व अन्य सामग्री।
10.	हरीराम के घर से सन्तोष के घर तक खडण्जा निर्माण कार्य।	2 लाख।	एसओबी ईंट व अन्य सामग्री।
11.	बाबूलाल के घर से अब्दुल्लाह के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य।	5 लाख।	जिग-जैग, इण्टरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री।
12.	संदीप वर्मा के घर से पंचराज के घर तक खडण्जा निर्माण कार्य।	2 लाख।	एसओबी ईंट व अन्य सामग्री।
13.	पक्की सड़क से तिवारी बनिया के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य।	7 लाख।	जिग-जैग, इण्टरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री।
14.	इन्टरलॉकिंग रोड से बहादुर वर्मा के घर तक खडण्जा कार्य।	1 लाख।	एसओबी ईंट व अन्य सामग्री।
15.	इन्टरलॉकिंग से रामभवन के घर तक खडण्जा कार्य।	3 लाख।	एसओबी ईंट व अन्य सामग्री।
16.	भगवानदीन वर्मा के घर से कल्पू वर्मा के घर तक पड़ंजा से खडण्जा निर्माण कार्य।	2.60 लाख।	एसओबी ईंट व अन्य सामग्री।
17.	नन्दू के घर से सीताराम के घर तक खडण्जा मरम्मत कार्य।	1.40 लाख।	एसओबी ईंट व अन्य सामग्री।
18.	रामप्रताप के घर से राजपति के घर तक खडण्जा मरम्मत कार्य।	4 लाख।	एसओबी ईंट व अन्य सामग्री।
19.	इण्टरलॉकिंग से कल्लू यादव के घर तक खडण्जा निर्माण कार्य।	1.20 लाख।	एसओबी ईंट व अन्य सामग्री।
20.	केशकुमार के चक से भागीरथी की मशीन तक खडण्जा निर्माण कार्य।	5 लाख।	एसओबी ईंट व अन्य सामग्री।
21.	चुकुनी की मशीन से केश कुमार के चक तक पडण्जा से खडण्जा निर्माण कार्य।	2.5 लाख।	एसओबी ईंट व अन्य सामग्री।
22.	पक्की सड़क से स्व. रामकरन के घर तक खडण्जा निर्माण कार्य।	2.10 लाख।	एसओबी ईंट व अन्य सामग्री।

नोट- समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा0पं0- बनकेगांव, वि0ख0- कादीपुर
जनपद-सुलतानपुर

डीसीएम की टक्कर से साइकिल सवार बुजुर्ग की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। कृष्णा नगर मेट्रो स्टेशन के नीचे शुक्रवार दोपहर नशे में धुत होकर डीसीएम चला रहे चालक ने साइकिल सवार को बुजुर्ग को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गयी। वही डीसीएम सहित चालक को राहगीरों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। उपनिरीक्षक हरिकिशन ने बताया कि मृतक की पहचान 65 वर्षीय कल्लू चौरसिया निवासी ग्राम रसूलपुर भटगांव के रूप में हुई है। ।रिजनों के अनुसार मृतक पेशे से चूना व्यापारी था। जो पान की दुकानों में चूना सप्लाई का काम करता था। शुक्रवार सुबह वह साइकिल पर चूना लेकर दुकानों पर सप्लाई करने निकले थे कि कृष्णा नगर मैट्रो स्टेशन के नीचे डीसीएम की टक्कर से मृत्यु हो गई। मृतक के परिवार में पत्नी कृष्णा व दो बेटे अजीत व संतोष समेत एक अविवाहित बेटी ज्योति है। पूछताछ में डीसीएम चालक ने अपना परिचय बरता सिंह निवासी पानीपत के रूप में दिया है। जो नशे में था।

तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से युवक की मौत: तेज रफ्तार पिकअप डाला की टक्कर से घायल बाइक बाइक सवार की मौत हो गई। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि मंगलवार दोपहर गोसाईंगंज के बरुआ गांव निवासी मैकू लाल के लड़के प्रवेश कुमार अपने साथी बाराबंकी के सतरिख थानाक्षेत्र के जाटा बरौली गांव निवासी चंद्र पाल के साथ बाइक से मितौली गांव की तरफ से नहर पुल क्रास कर सेल्हू मऊ की तरफ जा रहे थे। इस दौरान नहर पटरी पर पिकप डाला के चालक ने टक्कर मार दिया। जिसमें गंभीर रूप से घायल चंद्र पाल की इलाज के दौरान मौत हो गई। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि डाला समेत चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। मृतक के परिवार में पत्नी सहित लड़के विवेक ((9) अभिषेक (7) व लड़की चंदा (4) हैं।

मेडिकल छात्र ने दी जान: किराए के मकान में रहकर मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्र ने गुरूवार रात फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मूल रूप से ललितपुर जनपद झाँसी निवासी रिसव यादव (19) आदर्श नगर आलमबाग में अजय अरोड़ा के मकान अपनी बहन पूजा यादव के साथ किराये पर रहकर ऐरा मेडिकल कॉलेज से रेडियोलॉजी तृतीय वर्ष की पढाई कर रहा था। बहन पूजा दो दिन पूर्व अपने पैतृक घर माँ के पास गई थी। गुरुवार रात छात्र ने अपने कमरे में चादर के सहारे पंखे से फांसी लगा आत्महत्या कर ली। बहन पूजा के मुताबिक उसने कई बार भाई के मोबाईल पर फोन किया, लेकिन फोन नहीं उठा तो उसने अपने पड़ोसी को फोन किया था। पडोसी ने खिड़की से झांक कर देखा तो उसका भाई फंदे से लटका हुआ था। पुलिस के अनुसार मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक दो बहनो में अकेला भाई था। मृतक की मां गांव में ही रहती है।

फर्जी रॉयल्टी के जरिए सरकार को चूना लगाने वाले तीन गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। एसटीएफ ने फर्जी रायॅल्टी तैयार कर सरकारी घनमीटर की चोरी करने वाले गिरोह का भण्डाफोड़ कर उसके तीन सदस्यों को यूपी के गोरखपुर जिले के एम्स थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अरविन्द सिंह उर्फ पिन्टू सिंह और अमित यादव और मो0 आमिर के पास से तीन मोबाइल और एक लैपटाप तथा तेईस फर्जी रायॅल्टी बरामद किया है।एडीजी एसटीएफ ने बताया कि एस0टी0एफ0 को जानकारी मिली थी कि कुछ लोगों द्वारा गिरोह बनाकर पूर्वांचल के विभिन्न जिलों में गैंग बनाकर फर्जी रायॅल्टी के जरिए शासकीय राजस्व का गबन कर रहे है।इस पर एसटीएफ की गोरखपुर फील्ड इकाई ने आरोपियों को पूछताछ के लिए बुलाया।इनकी संलिप्तता पाये जाने पर इनको गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया

अरविन्द सिंह उर्फ पिन्टू सिंह ने वर्ष 2015-16 से गिट्टी-मोरंग बालू सप्लाई का काम करता है। कई कम्पनियों से काम लेकर उनको गिट्टी-मोरंग, बालू सप्लाई करता है।उन्होंने बताया कि जब किसी सरकारी कार्य में कोई कम्पनी/ठेकेदार को माल (गिट्टी/मोरंग) सप्लाई करना होता है तब ट्रकें ओवरलोड आती थी और जितने ट्रक में माल (गिट्टी/मोरंग) आना चाहिये उससे कम ट्रक में ही माल (गिट्टी/मोरंग) आ जाता था। जितने ट्रक का माल (गिट्टी/मोरंग) कम्पनी लाती है उतने का रायॅल्टी/रवन्ना कम्पनी को मिल जाता है तथा ओवरलोड के मात्रा को अन्य ट्रकों में समायोजित करने के लिये उन ट्रको की बिल बाउचर व रायॅल्टी/रवन्ना की जरूरत पड़ती है। क्रशर मालिक अतिरिक्त बिल बाउचर उपलब्ध करा देता है। रॉयल्टी के लिए अरविन्द सिंह ट्रक ड्राइवरों से और क्रशर मॉलिक से सम्पर्क करता है। ट्रक ड्राइवरों के पास रॉयल्टी अतिरिक्त रहता है। क्योंकि जब वह किसी के व्यक्तिगत कार्यों के लिए ट्रक से माल लाते हैं तो उस व्यक्ति को रॉयल्टी के पेपर की जरूरत नहीं रहती, तब ट्रक ड्राइवर उनका रॉयल्टी अपने पास रख लेते हैं। उन ट्रक डाईवरों से वह अप्रयुक्त रायॅल्टी अरविन्द स्वयं ले लेता है। क्रशर मालिक यदि कोई विभागीय कार्य के लिए माल ले जा रहा है तो उसके नाम से ड्राइवर को रायॅल्टी/रवन्ना देता है, यदि व्यक्तिगत कोई अपने कार्य के लिए ले जा रहा है तो अतिरिक्त पन्ना भी क्रशर मालिक रख लेता है। कभी-कभी ड्राइवर क्रशर मालिक को अपना व्यक्तिगत कार्य से ले जाने वाले माल के रॉयल्टी/रवन्ना को बेच देते हैं। अरविन्द सिंह क्रशर मालिक और ड्राइवर से सम्पर्क करके लगातार रायॅल्टी/रवन्ना लेता रहता है। जिससे जरूरत पड़ने पर कम्पनी को रायॅल्टी उपलब्ध करा सके। अरविन्द सिंह अवैध तरीके से प्राप्त रायॅल्टी/रवन्ना को फर्जी तैयार कर कम्पनी/ठेकेदारों को अतिरिक्त धन लेकर देता है। अरविन्द सिंह ने अमित यादव को अपने कार्य के लिये रखा है।

सपा के नेता प्रतिपक्ष को लेकर कयासों का बाजार गर्म

- शिवपाल सिंह यादव का नाम सबसे आगे लेकिन परिवारवाद बचना चाहती सपा
- पीडीए नीति के तहत इन्द्रजीत सरोज और रामअचल राजभर के नाम पर भी हो रही चर्चा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कन्नौज लोकसभा सीट से चुने जाने के बाद 12 जून को करहल विधानसभा सीट से दिया इस्तीफा दे दिया। विधायकी की कुर्सी छोड़ने के साथ ही उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की पद खाली हो गया है। पार्टी अब ऐसे नेता की खोज में जुट चुकी है, जो अखिलेश यादव की जगह ले सकें, जिस किसी भी नेता को सपा नेता प्रतिपक्ष बनायेगी उस पर पार्टी के एजेंडे को आगे बढ़ाना और योगी सरकार को घेरने की बड़ी जिम्मेदारी होगी।

ऐसे में यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के लिए सपा की ओर से पहला बड़ा नाम शिवपाल यादव का हो सकता है. क्योंकि वे पहले भी वर्ष 2009 से 2012 तक इस पद पर रह चुके हैं। ऐसे में यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के लिए सपा की ओर से पहला बड़ा नाम शिवपाल यादव का हो सकता है क्योंकि मुलायम सिंह यादव के समय में वे पहले भी 2009 से 2012 तक इस पद पर रह चुके हैं यदि शिवपाल यादव को नेता प्रतिपक्ष बनाया जाता है तो भाजपा परिवारवाद के नाम पर सपा को घेर सकती है। इसी कारण से सपा पीडीए की नीति के तहत ही नेता प्रतिपक्ष का चयन कर सकती है। सपा के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज का नाम भी नेता प्रतिपक्ष की रेस में है। वे पांच बार के विधायक हैं और विधानसभा में विपक्ष के उपनेता सदन हैं। वह मायावती की सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। उनके पास संगठन में काम करने का अच्छा अनुभव है। इंद्रजीत सरोज पासी जाति से आते हैं, जो सपा के पीडीए नीति पर सटीक बैठते हैं। वहीं रामअचल राजभर जो छह बार के विधायक हैं और यूपी नेता प्रतिपक्ष के रेस में उनका नाम भी आगे है चूंकि रामअचल राजभर पिछड़ा जाति से आते हैं और सभी जातियों पर उनकी अच्छी पकड़ भी मानी जाती है। ऐसे में नेता प्रतिपक्ष के पद पर उनका नाम भी आगे हैं। वह भी मायावती सरकार में मंत्री रह चुके हैं।

महेश नवमी आज, तीन शुभ योग में होगी शिवजी की आराधना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सनातन पंचांग के अनुसार, महेश नवमी 15 जून को पड़ रही है। यह त्योहार हर साल ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की विशेष पूजा की जाती है। साथ ही कार्यों में सफलता पाने के लिए व्रत भी रखा जाता है। धार्मिक ग्रंथों में वर्णित है कि माहेश्वरी समुदाय की वंशावली की उत्पत्ति ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुई थी। इसलिए इस दिन माहेश्वरी समाज के लोग भगवान शिव की विशेष पूजा करते हैं। ज्योतिषियों के अनुसार, महेश नवमी पर दुर्लभ वरियान योग बन रहा है। इसके साथ ही कई अन्य शुभ योग भी बन रहे हैं। इन योगों में भगवान शिव की पूजा करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है।

वरियान योग: ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर वरियान योग बन रहा है। यह योग शाम 08 बजकर 12 मिनट से बन रहा है। प्रदोष काल में भगवान शिव की पूजा की जाती है। वरियान योग में भी भगवान शिव की पूजा की जा सकती है। इस योग में भगवान शिव की पूजा करने से शुभ परिणाम मिलते हैं।

रवि योग: महेश नवमी पर रवि योग का भी निर्माण हो रहा है। यह योग सुबह 08 बजकर 14 मिनट पर बन रहा है और अगले दिन यानी गंगा दशहरा पर सुबह 05 बजकर 23 मिनट पर समाप्त होता है। रवि योग में भगवान शिव की पूजा करने से स्वस्थ जीवन का आशीर्वाद मिलता है।

शिव वास योग: ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को शिव वास योग बन रहा है। यह योग पूरे दिन रहेगा। यह योग 16 जून को सुबह 02 बजकर 32 मिनट पर समाप्त होगा। इस योग में भगवान शिव की पूजा करने से भक्त को मनचाहा वर मिलता है। इसके अलावा बालव और कौलव करण का भी योग बन रहा है।

महेश नवमी की पूजा विधि: महेश नवमी वाले दिन साधक को सुबह सूर्योदय से पहले उठना चाहिए और स्नान-ध्यान करने के बाद भगवान शिव को गंगाजल अर्पित करना चाहिए। इसके बाद भगवान शिव और माता पार्वती की फल, फूल, धूप, दीप, दूध, दही, अक्षत, भांग, बेलपत्र, शमीपत्र, भांग, भस्म आदि अर्पित करके शिव महिम्न स्तोत्र, रुद्राष्टकं अथवा शिव चालीसा का पाठ करना चाहिए। इस दिन शिव के मंत्रों का जाप करना अत्यंत शुभ और माना गया है।

पूजा का महत्व: हिंदू मान्यताओं के अनुसार यदि कोई व्यक्ति महेश नवमी वाले दिन पूरे विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा करता है या किसी शिव मंदिर जाकर दर्शन करता है तो उसके जीवन से जुड़े सभी दुख दूर हो जाते हैं। इसके अलावा, भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। महेश नवमी के दिन भगवान शिव के रुद्राभिषेक का बहुत ज्यादा महत्व माना गया है। मान्यता है कि श्रद्धा और विश्वास के साथ शिव का पावन अभिषेक करने पर भक्तों की सभी मनोकामनाएं शीघ्र ही पूरी होती हैं।

मिथुन संक्रांति आज, श्रद्धापूर्वक होगी सूर्यदेव की उपासना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। संक्रांति हर महीने सूर्य देव के राशि परिवर्तन की तिथि पर मनाई जाती है। इस दिन सूर्य देव की पूजा की जाती है। इसके अलावा दान-पुण्य भी किया जाता है। ज्योतिषियों के अनुसार, 15 जून को सूर्य देव वृषभ राशि छोड़कर मिथुन राशि में गोचर करेंगे। ऐसे में मिथुन संक्रांति 15 जून को मनाई जाएगी।

धार्मिक मान्यता है कि संक्रांति तिथि पर सूर्य देव की पूजा करने से स्वस्थ जीवन का आशीर्वाद मिलता है। साथ ही सभी प्रकार के शारीरिक और मानसिक कष्टों से भी छुटकारा मिलता है। कुंडली में सूर्य को मजबूत करने के लिए सूर्यदेव की उपासना करनी चाहिए। ऐसा करने से जीवन में सफलता प्राप्त होती है। ऐसे में मिथुन संक्रांति के दिन कुछ खास चीजों का दान जरूर करना चाहिए।

गेहूं का दान: सूर्य देव की कृपा पाने के लिए मिथुन संक्रांति तिथि पर गेहूं का दान करना चाहिए। इस उपाय को करने से कुंडली में सूर्य मजबूत होता है। सूर्य के मजबूत होने से व्यक्ति को करियर और बिजनेस में लाभ मिलता है।

मसूर की दाल का दान: सूर्य देव की कृपा पाने के लिए मिथुन संक्रांति तिथि पर मसूर की दाल का दान करना लाभकारी होता है। मसूर की दाल के दान से सूर्य देव प्रसन्न होते हैं। किसी जरूरतमंद को मसूर की दाल का दान करें।

गुड़ का दान: ज्योतिषी मिथुन संक्रांति पर सूर्य देव को गुड़ मिश्रित जल चढ़ाने की सलाह देते हैं। आप गुड़ का दान भी कर सकते हैं। आप गुड़ मिली हुई चिक्की और मिठाई भी दान कर सकते हैं।

लाल वस्त्र का दान: सूर्य देव को प्रसन्न करने के लिए मिथुन संक्रांति पर सूर्यदेव की पूजा करें। इसके बाद गरीबों को लाल वस्त्र दान करें। इस उपाय को करने से तरक्की के रास्ते खुलते हैं।

संकटा देवी मंदिर में कश्मीरी हिंदुओं ने किया खीर भवानी माता का पूजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। जम्मू कश्मीर में भवानी देवी का एक प्रसिद्ध मंदिर है, जो खीर भवानी, क्षीर भवानी या राज्ञा देवी मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। यह श्रीनगर से करीब 25 किलोमीटर दूर है। खीर भवानी देवी की पूजा लगभग सभी कश्मीरी हिंदू करते हैं। इसी की तर्ज पर शहर में भी ज्येष्ठ अष्टमी के दिन माता का हवन और पूजन किया गया। शुक्रवार को चौपटिया के संकटा देवी मंदिर में कश्मीरी हिंदुओं ने खीर भवानी माता का पूजन कर सर्व कल्याण की कामना की। पनुन कश्मीर लखनऊ एवं कश्मीरी पंडित समाज लखनऊ से जुड़े कश्मीरी हिंदुओं ने पूजन कर प्रसाद वितरण किया। लखनऊ का संकटा देवी मंदिर करीब 250 साल पुराना है। कश्मीरी हिंदुओं ने बढ़चढ़ कर पूजा व हवन में हिस्सा लिया। इसी परंपरा का पालन करते हुए, लखनऊ के कश्मीरी हिंदू समुदाय भी ज्येष्ठ अष्टमी के दिन माता का हवन एवं पूजा करते हैं और माता का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। हर बार की तरह इस बार भी लखनऊ के कश्मीरी हिंदू बढ़-चढ़ कर पूजा व हवन में हिस्सा लिया और हम सब कश्मीरी पंडित माता से प्रार्थना करते हैं कि जम्मू-कश्मीर के हालात सामान्य हों, ताकि हम कश्मीरी हिन्दू वापस अपने कश्मीर लौट सकें और हमारे देश में शांति और भाईचारा बना रहे। इस अवसर पर कई गणमान्य कश्मीरी उपस्थित थे जेसे रवि कचरु, रवीन्द्र कोत्रू, प्रकश कॉल, रोहित चन्द्र, संदीप मुंशी ,अभिषेक मोजा नमिता कॉल, अंजली शिवपुरी, सुधीर शिवपुरी, पंकज बकाया, संगीता बकाया, दिव्या पुलारू, आस्था रुग्गू, गगन गंज्वर, अंजली कॉल, निशा बहादुर, रेखा कॉल, विनोद डार, अजय जुत्शी, सुनील कॉल, अनिल राजान, रिचा चन्द्र, सुरेन्द्र बटपोरी, दीपक कॉल, कृष्णा कॉल, हर्षिता मुंशी समेत कई भक्त मौजूद रहे।

घाटी के तुलमुला में है माता क्षीर भवानी मंदिर : कश्मीरी हिंदू घाटी के तुलमुला में माता क्षीर भवानी का मंदिर है। कश्मीर में तुलमुला स्थित अन्य कुछ मंदिरों में क्षीर भवानी का भव्य मेला भी लगता है, लेकिन तुलमुला में इस दिन का विशेष महत्व है। यहां पहुंचकर कश्मीरी हिंदू फूल, फल, दूध और खीर मां को अर्पित करते हैं। जब कश्मीरी हिंदुओं को घाटी से विस्थापित होना पड़ा था, तब इन लोगों ने मिलकर जम्मू के भवानी नगर में माता क्षीर भवानी का मंदिर बनवाया था, ताकि जो लोग कश्मीर नहीं जा सकते, वो यहां पूजन कर लें। इसी तर्ज पर जहां-जहां कश्मीरी हिंदू गए, वह उस क्षेत्र के अनुसार माता के मंदिर में खीर भवानी का पूजन करने लगे।

सच्चा सुख तो आत्मा का परमात्मा स्वरूप है : प्रो अभय जैन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उ.प्र. जैन विद्या शोध संस्थान और इन्दिरानगर दिगम्बर जैन सेवा समिति द्वारा इन्दिरानगर जैन मन्दिर में चल रही जैन श्रावक संस्कार दिवस के चौथे दिन पं. दौलत राम द्वारा रचित छः ढाला के प्रथम ढाल (प्रथम अध्याय) का समापन हुआ। ग्वालियर से पधारे चन्द्र प्रकाश शास्त्री ने शिवार्थियों को समझाया कि संसार की चारों गतियों क्रमशः नरकगति, पशुगति, मनुष्यगति और देवगति में दुख ही दुख है। उप्र जैन विद्या शोध संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. अभय कुमार जैन ने बताया कि मनुष्यगति में पुण्यार्जन कर देवगति प्राप्त हो सकती है पर देवगति में विषयों की तीव्रता के कारण सुख नहीं मिलता। सच्चा सुख तो आत्मा का परमात्मा स्वरूप है। दूसरे अध्याय (दूसरी ढाल) में आत्म कल्याण का बोध कराया जायगा। शिविर के संयोजक समिति अध्यक्ष ई. पीके जैन और मंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि प्रतिदिन लगभग 100 प्रतिभागी प्रातःकालीन पाठशाला में धर्म और संस्कार की शिक्षा ले रहे हैं।

आषाढ़ तपंदा तिसु लगै हरि नाहु न जिंना पास...

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। शुक्रवार को असाढ़ माह संक्रांति पर्व श्री गुरू सिंह सभा, ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरु नानक देव जी नाका हिंडोला लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के मनाया गया। इस अवसर पर शाम का विशेष दीवान श्री रहिरास साहिब के पाठ से आरंभ हुआ उसके उपरांत हजूरी रागी भाई राजिन्दर सिंह जी ने अपनी मधुर वाणी में शबद कीर्तन आषाढ़ तपंदा तिसु लगै हरि नाहु न जिंना पास... एवं नाम सिमरन द्वारा समूह संगत को निहाल किया। मुख्य ग्रन्थी ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने आषाढ़ माह पर व्याख्या करते हुए बताया कि आषाढ़ का महीना तपश से भरा हुआ होता है इस माह में श्री गुरु अरजन देव जी उपदेश द्वारा क्रोध की अग्नि नाम जपने व ध्यान करने से शान्त हो सकती है। प्रभु भक्ति एवं वाहिगुरु के नाम की ठंडक की वजह से ही श्री गुरु अरजन देव जी गरम तवी पर बैठकर भी मुस्कराते रहे और कहा कि हमारा हृदय नाम जपने से शान्त और ठंडक भरा है। हमें इसकी गरमी महसूस नहीं होती। गुरमति संगीत अकेडमी के बच्चों ऐसे गुरु कउ बलि बलि जाईयै आप मुकतु मोहि तारे शब्द कीर्तन गायन कर उपस्थित संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया या। कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिंह मीत ने किया। श्री गुरु सिंह सभा ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु नानक देव जी एवं लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष स0 राजेन्द्र सिंह बग्गा जी ने संगत को आषाढ़ माह संक्राति पर्व की बधाई दी। समाप्ति के दशमेश सेवा सोसायटी के सदस्यों द्वारा गुरु का लंगर वितरित किया गया।

बच्चों ने सीखा माला और मुकुट बनाना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। श्री श्री राधा रमण बिहारी मंदिर (इस्कॉन) सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ द्वारा 05 से 15 वर्ष के बच्चों के समग्र विकास हेतु आयोजित समर कैम्प के छठे दिवस अचिन्त्य रुपिणी माताजी

(धर्मपत्नी श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभुजी, मन्दिर अध्यक्ष, इस्कॉन, लखनऊ) द्वारा बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण के लिए माला, मुकुट बनाना सिखाया गया और श्रीकृष्ण की लीलाओं की चित्रकरी भी बच्चों द्वारा की गयी ' साथ ही साथ इस्कॉन का सुप्रसिद्ध नृत्य एवं कीर्तन हुआ। कार्यक्रम की समाप्ति पर बच्चों ने स्वादिष्ट प्रसाद (भोजन) ग्रहण किया।

प्रकृति से भारतीय संस्कृति का जुड़ाव वैदिक काल से है : डॉ. रश्मि शील

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भाषा विभाग उ.प्र. शासन के नियंत्रणाधीन उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान, इन्दिरा भवन, लखनऊ में साहित्य में पर्यावरण चिंतन विषयक एक संगोष्ठी का आयोजन संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव की अध्यक्षता किया गया। इस आयोजन में मुख्य वक्ता माँ वीणा पाणि के समक्ष दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

निदेशक विनय श्रीवास्तव ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। उन्होनें अपने वक्तव्य में कहा की पर्यावरण के उपादनों में फल, वृक्ष, सूर्य, चन्द्र, वर्षा, अग्नि, पशु पक्षी, फलचर, नभचर, भूचर, खेत खलियान सब सामिल हैं। इस लिये पर्यावरण को बचा कर और उसके संरक्षण का उपाय हमें करना चाहिए ताकि इस धरती की सुन्दरता और सौन्दर्य को बनाये रखा जाये। इस आयोजन में मुख्य वक्ता डा. राघवेन्द्र मिश्रा ने कहा साहित्य शब्दों से बनता है अतः चिंतन के लिए दिमाग में शब्द होना चाहिये, पहले सहित्य या पहले चिंतन- चिंतन से ही साहित्य तैयार होता है, अतः पहले मानसिक चिंतन शुद्ध होना होगा। शब्द साहित्य का भूषण, दूर करे चिंतन का प्रदूषण। कार्यक्रम में उपस्थित विशेष वक्ता निवेदिता ने अपने वक्तव्य में कहा कि पर्यावरण अर्थात परि- आवरण। हमारे चहु ओर व्याप्त है। हमारे जीवन की प्रत्येक घटना इसी के अन्दर सम्पादित होती है। अर्थात पर्यावरण हमें व हम पर्यावरण को प्रभावित करते है। काशीनाथ की कहानी जंगल जातकम पर्यावरण विनाश की साक्षात गाथा है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डा. ममता सिंह ने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है पर्यावरण को सुरक्षित करने के लिए हमें पेडो को सुरक्षित करना निहायत आवश्यक है अतः हमें संकल्प लेना पडेगा अपने वातावरण को शुद्ध रखने का, शुद्ध वातावरण में ही हमारा जीवन सुरक्षित रह सकता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डा. रश्मि शील ने कहा कि प्रकृति से भारतीय संस्कृति का जुडाव हम वैदिक काल से है। हम मानते हैं कि वृक्ष पशु-पक्षी पुष्प फल सब में ईश्वरीय वास है। परन्तु आज प्रकृति से दूर हो रहे है और इस दूरी से होने वाले नुकसान का हमें एहसास तक नहीं है। हमारा प्रकृति से अटूट रिश्ता है इस बात को समझना बहुत जरूरी है। प्रकृति से दूर होना सभ्यता ही सीढियां चढना नहीं संस्कृति की सीढी उतरना है। यह हमारा कर्तव्य है कि हम प्रकृति से दोस्ती कर मनुष्यता को पर्यावरण के खतरों से बचा सकें। निदेशक विनय श्रीवास्तव ने उपस्थित अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। इस अवसर पर अंजू सिंह, दिनेश मिश्र, मीना सिंह, हर्ष राज अग्निहोत्री, रवि, आशीष शुक्ला, महेन्द्र वर्मा, ओम प्रकाश, राजेश कुमार, आनन्द पाण्डेय, ब्रजेश, प्रियंका टण्डन, उपस्थित रहें।

अधिकांश बुजुर्ग सम्मानजनक जीवन के लिए दूसरों पर निर्भर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। हेल्प एज इंडिया ने आज 'विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस' की पूर्व संध्या पर अपनी राष्ट्रीय 2024 रिपोर्ट 'भारत में वृद्धावस्थाः देखभाल चुनौतियों के प्रति तैयारी और प्रतिक्रिया का अन्वेषण' जारी की। रिपोर्ट का विमोचन डॉ. हरियोम, प्रमुख सचिव, सामाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश, प्रोफेसर आलोक कुमार राय, लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति, श्याम पाल सिंह, वरिष्ठ नागरिक महासमिति के अध्यक्ष, प्रोफेसर राकेश द्विवेदी, सामाजिक कार्य विभाग के प्रमुख, मीनू खरे, सहायक निदेशक और कार्यक्रम प्रमुख, आकाशवाणी, लखनऊ, प्रतीक मेहरा, क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रमुख रेडियो सिटी, और अनूप पंत, हेल्पएज इंडिया के राज्य प्रमुख, उत्तर प्रदेश की उपस्थिति में की गई। रिपोर्ट के विमोचन के बाद, सभी अतिथियों ने लखनऊ विश्वविद्यालय के सामाजिक कार्य विभाग में उपस्थित दर्शकों को संबोधित किया। रिपोर्ट 'तैयारी और अपर्याप्तता' को उजागर करती है, जिसमें बुजुर्गों को सम्मानजनक जीवन जीने के लिए कई क्षेत्रों में बुनियादी सेवाओं तक पहुंच और जागरूकता की कमी का सामना करना पड़ता है। अनूप पंत ने हाल ही में जारी की गई रिपोर्ट का संक्षिप्त अवलोकन प्रस्तुत किया, जिसमें बड़ों की देखभाल में आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने आगे बताया। जैसे-जैसे लोग लंबे समय तक जीवित रहते हैं और बुजुर्गों की जनसंख्या बढ़ती है, कुछ वर्ग (80 वर्ष से अधिक, अकेले रहने वाले और वृद्ध महिलाएं) उच्च जोखिम का सामना करते हैं और उन्हें विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है। सरकार द्वारा एनपीए और पीएम-जेएवाई के तहत 70 से अधिक के कवरेज की हाल की घोषणा सहित मह उपायों के साथ, एक व्यापक दीर्घकालिक देखभाल (एलटीसी) ढांचे के प्रावधान और वित्त को सामूहिक रूप से विकसित करने की तत्काल आवश्यकता है।

गंगा दशहरा पर निकलेगी गोमती गौरव पदयात्रा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। नमोस्तुते मां गोमती और लोक भारती संस्था के तत्वावधान में 16 जून को गंगा दशहरा के अवसर पर गोमती गौरव पदयात्रा निकाली जाएगी। पदयात्रा डालीगंज स्थित श्रीमनकामेश्वर मंदिर से सुबह 6 बजे निकलेगी। यह जानकारी शुक्रवार को मंदिर प्रांगण में हुई प्रेस वार्ता में श्रीमनकामेवर मंदिर की श्रीमंहत एवं यात्रा की मुख्य संयोजक देव्यागिरी जी महाराज ने दी।

श्रीमहंत ने बताया कि यात्रा में संत समाज की अगुवाई में मंदिर से आरम्भ होकर गोमती के किनारे विभिन्न मंदिरों के दर्शन करते हुए लालपुल के पास लेटे हुए हनुमान मंदिर पर जाकर समाप्त होगी। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं-पुरूष व समाज के विभिन्न वर्गो के लोग शमिल होगे। वार्ता मे महंत देव्यागिरी जी महाराज ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य गोमती की निर्मल धारा को अविरल बनाए रखना है।

इस अवसर पर हनुमत धाम के महंत राम सेवक दास जी महाराज उर्फ गोमती बाबा, चिमन्य मिशन के कौशिक चैतन्य महाराज व लेटे हनुमान जी मंदिर के डॉ. विवेक तांगड़ी के अलावा लोक भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह ने वार्ता को सम्बोधित किया। संचालन लोक भारती के सह संगठन मंत्री गोपाल उपाध्याय ने किया।

एसएनए में शास्त्रीय संगीत की मनमोहक प्रस्तुति ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। आईसीसीआर की क्षितिज श्रृंखला में श्रोताओं ने शास्त्रीय संगीत का आनन्द उठाया। शुक्रवार को संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि प्रेक्षागृह में भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद की ओर से बनारस घराने के वरुण मिश्रा की संगीतमय संध्या सजी। जिसमें उन्होंने विभिन्न राग प्रस्तुत करते हुए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वरुण मिश्रा ने संध्या का आगज राग मारूबिहाग से किया। जिसमें उन्होंने अति विलषम्बत एक ताल, मध्यताल, द्रुत ताल और तीन ताल पेश किया। इसके बाद उन्होंने राग मेघ मल्हार और कजरी में राग मिश्र देस पेश किया। वरुण मिश्रा के साथ सह गायन के लिए शिवशंकर मिश्रा मौजूद रहे। इसके अलावा हारमोनियम पर संगत के लिए अर्जुन मिश्रा, तबले पर अरुष मिश्रा और तानपुरे पर सुप्रिया तिवारी मौजूद रहीं।

TENDER FOR HIRING OF CIVIL SECURITY GUARDS AND CONSERVANCY STAFF

Tenders are invited for hiring of 03 x Security Guards and 04 x Conservancy Staff at Surya Sainik Suvidha Parisar, Lucknow Cantt for the period from **01 Aug 2024 to 30 Jun 2025.** Desirous agencies may collect application form and drop their quotations along with application form in tender box placed at Surya Sainik Suvidha Parisar, Atal Road, Lucknow Cantonment (near Command Canteen) in a sealed envelope from 15 Jun 2024 (1000 Hr) to 02 Jul 2024 (1600 Hr). Tenders will be opened by a BOO at 1300 Hr on 03 Jul 2024. Ex-servicemen will be preferred.

लघु फिल्में संदेश देने का बड़ा माध्यम हैं : मेश्राम

आओ फिल्म बनायें थीम पर आधारित शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल सीजन 2 का शानदार आगाज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लाइट्स, कैमरा, एक्शन। चाहे आप एक महत्वाकांक्षी फिल्म निर्माता हों, एक पेशेवर हों, एवी मीडियम के लिए एक भावुक सपने देखने वाले हों या फिर शौकिया तौर पर फिल्म निर्माण का आनंद लेना चाहते हों तो

लखनऊ शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन दिवस, सीजन 2, आओ फिल्म बनाएं, लखनऊ फिल्म फोरम द्वारा प्रस्तुत, अमरेन फाउंडेशन द्वारा समर्थित और केंट हेल्थकेयर उत्पादों द्वारा संचालित, ने एक विजयी शुरूआत की। इस वर्ष का महोत्सव सिनेमैटिक कम्पैशनः ट्रांसफॉर्मिंग लाइव्स थ्रू फिल्म्स विषय पर आधारित था। सितारों से सजे इस कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई।

मुख्य अतिथि धीरज मेश्राम, डीन, एफटीआईआई, पुणे ने अपना आभार व्यक्त किया, और सिनेमा के महत्व के बारे में बात की। केवल 100 वर्षों में, सिनेमा ने एक बड़ा प्रभाव डाला है इनकार नहीं किया जा सकता। लघु फिल्में एक मजबूत संदेश देने का एक बड़ा माध्यम हैं, उनमें लोगों के बीच भावनाएं जगाने की ताकत है। लखनऊ शॉर्ट फेस्टिवल जैसे महोत्सव इस कला रूप को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण काम कर रहे हैं, क्योंकि यहां न केवल लघु फिल्में दिखाई जाती हैं बल्कि वे पूरे भारत से फिल्म उद्योग के विशेषज्ञों को लाते हैं। मैं इस कार्यक्रम को इतने बड़े पैमाने पर आयोजित करने के लिए लखनऊ फिल्म फोरम को हार्दिक बधाई और आभार। आजकल लोगों के कम ध्यान देने को देखते हुए, मेरा मानना ??है कि लघु फिल्मों का एक फायदा है। मैं इस बात से प्रभावित हूं कि कैसे लघु फिल्में सहजता से नाजुक सामाजिक मुद्दों का पता लगाती हैं और एक मजबूत संदेश देती हैं। मनोरंजन क्षेत्र कई आजीविकाओं का समर्थन कर रहा है और हमारे लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम इस कला रूप को जितना संभव हो उतना समर्थन और बढ़ावा दें। लखनऊ के युवा फिल्म निमार्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए रेणुका टंडन ने कहा, यहां मौजूद सभी युवा फिल्म निमार्ताओं के लिए, आप कई महान दिमागों से घिरे हुए हैं। जिन्होंने उत्कृष्ट सिनेमा बनाया है, मैं आप सभी को अपने ज्ञान को गहरा करने, अपने दृष्टिकोण का विस्तार करने और अपने कौशल को बढ़ाने के लिए इस अवसर को स्वीकार करने के लिए प्रोत्साहित करता हूं। इन सत्रों में उत्साह और समर्पण के साथ भाग लें। इसे अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के लिए उत्प्रेरक बनने दें। अपने आप में निवेश करें क्योंकि आज आपने जो ज्ञान और कौशल हासिल किया है वह आपके भविष्य को आकार देगा। बाद में सुविधा समारोह में, हमारे सम्मानित जूरी सदस्यों को प्रसार भारती इंडिया के अध्यक्ष नवनीत सहगल द्वारा सम्मानित किया गया। ज्योति कपूर दास द्वारा निर्देशित गुड मॉर्निंग और रत्ना सिन्हा द्वारा निर्देशित अक्षय ओबेरॉय अभिनीत इश्क हो गया की विशेष निजी स्क्रीनिंग इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में से एक थी। प्रत्येक स्क्रीनिंग के बाद, निर्देशक और कलाकार एक सत्र के लिए बैठे जहां उन्होंने पर्दे के पीछे के तथ्य बताए और सवालों के जवाब दिए। लखनऊवासियों को अभिनेता अक्षय ओबेरॉय के साथ बातचीत करते देखा गया, उन्होंने अभिनय के अनुशासन पर प्रकाश डाला और अभिनेता के जीवन के बारे में जानकारी दी। निर्देशक रत्ना सिन्हा ने पटकथा लेखन पर अपने अमूल्य सुझाव साझा किए, जबकि ज्योति कपूर दास ने निर्देशन की जटिलताओं को उजागर किया और दर्शकों को अपनी विशेषज्ञता से समृद्ध किया। दो दिवसीय महोत्सव की पहली फिल्म चंपारण मटन थी, जिसका निर्देशन रवि रौशन कुमार और रंजन कुमार ने किया था। एफटीआईआई द्वारा बनाई गई एक फिल्म, जिसने प्रतिष्ठित ऑस्कर छात्र अकादमी पुरस्कार नामांकन में भी जगह बनाई। चंपारण मटन बिहार में रहने वाले एक परिवार के रोजमर्रा के संघर्षों पर ध्यान केंद्रित करते हुए जाति की राजनीति और भेदभाव के विषयों पर प्रकाश डालता है। यह कथा एक प्रिय स्थानीय बिहारी व्यंजन चंपारण मटन को तैयार करने और उसका स्वाद चखने के उनके प्रयासों के इर्द-गिर्द घूमती है। उसके बाद में अवनीश मिश्रा द्वारा निर्देशित और बॉलीवुड अभिनेता कुमुद मिश्रा अभिनीत अव्वल दर्शकों को एक भावनात्मक यात्रा पर ले गई। लघु फिल्म में एक मध्यम आयु वर्ग के व्यक्ति की अधूरी रोमांटिक कहानी बताई गई है जो अपने पुराने स्कूल के प्यार से मिलने और अपनी हालिया सफलता को साझा करने के लिए निकलता है। इस अवसर पर अंबरीश टंडन, अनुष्का डालमिया, कनिका मेहरोत्रा, रिया तिवारी, अमन आर्य, तुषार , वरुण, अभिव्यक्ति, साहिबा, गार्गी और उषा विश्कर्मा और रेड ब्रिगेड टीम मौजूद थी।

एनआर व एनईआर के रक्तदाताओं को राज्यपाल ने किया सम्मानित

लखनऊ । आज लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय द्वारा विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा लखनऊ मंडल, पूर्वोत्तर रेलवे के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त चंद्र मोहन मिश्र और रेलवे सुरक्षा बल लखनऊ मंडल, पूर्वोत्तर रेलवे को रक्तदान में उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि रेलवे सुरक्षा बल लखनऊ मण्डल पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा प्रत्येक वर्ष में तीन बार स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा को उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के लखनऊ स्थित मंडलीय चिकित्सालय को स्वैच्छिक रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं अनुकरणीय योगदान हेतु रक्तदान सेवा सम्मान पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी संगीता सागर ने मंडलीय चिकित्सालय का प्रतिनिधित्व करते हुए यह सम्मान पत्र प्राप्त किया। ज्ञात हो कि आज विश्व रक्तदाता दिवस पर किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ के ट्रांसफ्यूजन मेडिसन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मण्डलीय चिकित्सालय को यह सम्मान पत्र प्रदान किया गया। मानव जीवन को बचाने हेतु सदैव तत्पर रहते हुए मंडलीय चिकित्सालय द्वारा निरंतर स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रमों का संचालन करते हुए अपना सराहनीय योगदान दिया जाता है।

योग और आयुर्वेद के नियमों का पालन कर स्वयं को स्वस्थ रख सकते हैं : डॉ. अंशुमा गुप्ता

लखनऊ। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में योग महोत्सव के तहत उन्नत ध्यान सत्र कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनएमपी वर्मा के दिशा निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम के समापन सत्र में सभी योग साधकों को योग एवं आयुर्वेद के अनुसार जीवनचर्या विषय पर योगाभ्यास के साथ ध्यान का अभ्यास भी कराया गया। इस समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में आयुष विभाग के राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, बंगला बाजार की प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अंशुमा गुप्ता मौजूद रहीं। इसके अतिरिक्त योग विभाग के संकाय अध्यक्ष प्रो. बीसी यादव, योग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. हरिशंकर सिंह एवं डॉ. दीपेश्वर सिंह उपस्थित रहे। डॉ. अंशुमा गुप्ता ने आयुर्वेद से जुड़ी विभिन्न जानकारी से सभी योग साधकों को अवगत कराते हुए ऋतुचर्या, दिनचर्या, आहार, निद्रा विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ आत्मा का वास होता है हम प्रकृति के अनुकूल चलकर योग और आयुर्वेद के नियमो का पालन करके स्वयं को स्वस्थ रख सकते है। प्रो. बीसी यादव ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आज का युवा योगपथ की ओर अग्रसर है व साथ ही साथ बताया कि पहला सुख निरोगी काया अगर हमे स्वस्थ रहना है तो रोगी से निरोगी बनना है और प्रतिदिन योग करना है औरों को भी कराना है व सभी को वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश देते हुए पूरी धरा को योगमय बनाना है। प्रो. हरिशंकर सिंह ने योग महोत्सव की जानकारी देते हुए बताया कि योग महोत्सव में स्वास्थ्य एवं यौगिक विषयों पर योग रिसर्च एवम्‌ वैज्ञानिक तथ्यों से जुड़ी जानकारी दी जा रही है। जो हम सभी के लिए अत्यंत आवश्यक है क्योंकि आज के समय में योग प्राथमिक जरुरत बन चुका है। साथ ही डॉ. दीपेश्वर सिंह ने बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण के लिए योग अभ्यास को जरूरी बताया। कार्यक्रम के दौरान योग वेलनेस सेंटर के योग प्रशिक्षक सागर सैनी, शिक्षकगण, योग साधक, योग विभाग एवं विश्वविद्यालय के विद्यार्थी मौजूद रहे।

शहर की कई विभूतियों को मिलेगा लता मंगेशकर सम्मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उड़ान नृत्य संस्था के तत्वावधान में आगामी 23 जून को स्वर कोकिला भारत रत्न लता मंगेशकर एवं फिल्म अभिनेता ऋषि कपूर की स्मृति में उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी प्रेक्षागृह में ' तुम मुझे यूं भूला न पाओगे ' शीर्षक से अभिहित कार्यक्रम में अनेक विभूतियों को उड़ान लता मंगेशकर सम्मान से विभूषित किया जायेगा। इस बात की जानकारी उड़ान की अध्यक्ष सरिता सिंह ने दी।

उन्होने बताया कि 'तुम मुझे यूं भूला न पाओगे' शीर्षक से अभिहित कार्यक्रम में लखनऊ के ख्याति प्राप्त पखावज वादक पंडित राजखुशी राम, प्रसिद्ध साहित्यकार राम बहादुर मिश्र, तबला वादक मनोज मिश्रा, प्रख्यात गजल गायक युगांतर सिंदूर, शास्त्रीय-उप शास्त्रीय गायिका पूनम बाजपेयी, कथक नृत्यांगना सुरभि सिंह, नाट्य निर्देशिका ज्योति सिंह, गजल गायिका

प्रभा श्रीवास्तव और पर्वतीय लोक कलाकार विक्रम बिष्ट को तीसरे उड़ान लता मंगेशकर सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। समारोह के अतिथि फिल्म अभिनेता एवं रंगकर्मी डॉ अनिल रस्तोगी होंगे।

ग्रहों के राजा सूर्य आज मिथुन राशि में करेंगे प्रवेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, हर ग्रह एक निश्चित अवधि में एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करता है। अब 12 जून 2024 को सबसे पहले शुक्र मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे और इसके बाद 14 जून को बुध गोचर होगा। बुध अपनी स्वराशि मिथुन में प्रवेश करेंगे। शुक्र व बुध के एक ही राशि मिथुन में होने से लक्ष्मी नारायण योग का शुभ संयोग बनेगा। इसके बाद 15 जून 2024 को ग्रहों के राजा सूर्य भी मिथुन राशि में प्रवेश कर जाएंगे। सूर्य के मिथुन राशि में गोचर करते ही इस राशि में बुध व सूर्य मिलकर बुधादित्य योग का निर्माण करेंगे। शुक्र के साथ सूर्य शुक्रादित्य राजयोग का संयोग बनाएंगे। इसके साथ ही मिथुन राशि में बुध, शुक्र व सूर्य के एक साथ होने से त्रिग्रही योग का दुर्लभ संयोग बनेगा।

वृषभ राशिः वृषभ राशि के जातकों के लिए मिथुन राशि में ग्रहों का जमावड़ा लाभकारी रहने वाला है। इस अवधि में आपके मान-सम्मान के साथ धन-दौलत में भी वृद्धि होगी। नौकरी की तलाश करने वाले जातकों का इंतजार खत्म हो सकता है। कारोबारियों को मनमुताबिक मुनाफा होने के आसार हैं।

मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों के लिए बुध, शुक्र व सूर्य राशि परिवर्तन बहुत ही कल्याणकारी रहने वाला हैं। इस अवधि में आपको किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। कार्यस्थल पर आपको अलग पहचान मिल सकती है। जिन जातकों का इंक्रीमेंट होने वाला है, उन्हें मनमुताबिक पदोन्नति मिलने की संभावना है। खर्चों में कमी आएगी।

सिंह राशिः सिंह राशि के स्वामी सूर्य हैं। मिथुन राशि में बनने वाला त्रिग्रही योग सिंह राशि के जातकों के लिए अत्यंत हितकारी साबित होगा। इस अवधि में आपको किस्मत का भरपूर सहयोग मिलेगा। अटके हुए काम पूरे होंगे। कार्यस्थल पर उन्नति मिल सकती है। धन लाभ होगा। परिवार में खुशियों का आगमन होगा।

कन्या राशिः कन्या राशि के जातकों के लिए ग्रहों की युति कोई बड़ी खुशखबरी सुना सकती है। इस अवधि में करियर के साथ आर्थिक रूप से भी उन्नति मिलने की संभावना है। परिवार के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे। घर में मां लक्ष्मी का आगमन होगा।

तुला राशिः सूर्य, शुक्र व बुध तुला राशि वालों के लिए अच्छी खबर ला सकते हैं। आपकी संपत्ति में बढ़ोत्तरी संभव है। आपको जीवनसाथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आपका भाग्योदय हो सकता है।

नेशनल टीचिंग कम्पटीशन में शिक्षिकाओं ने लहराया परचम

लखनऊ। सीएमएस के स्टेशन रोड कैम्पस की सात शिक्षिकाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सेंटा टीचिंग कोशेंट टेस्ट (सेंटा टी.क्यू.) में अपनी शिक्षण प्रतिभा व प्रोफेशनल कौशल का परचम लहराकर लखनऊ का नाम रोशन किया है। इन शिक्षिकाओं में मानसी सिंह, निष्ठा चोपड़ा, स्वाती सक्सेना, शिवा मेहरोत्रा, रंजना द्विवेदी, आकांशा कुमारी एवं तृप्ति चन्द्रा शामिल हैं। यह जानकारी स्कूल के जनसम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता सेंटर फॉर टीचर एक्रिडिटेशन (सेंटा) के तत्वावधान में आयोजित हुई, जिसमें देश भर के हजारों विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागी शिक्षकों को तीन मुख्य मानकों- सब्जेक्ट एक्सपर्टाइज, क्लासरूम कम्युनिकेशन एवं एलीमेंट्स ऑफ वर्बल कम्युनिकेशन पर आंका गया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सी.एम.एस शिक्षिकाओं मानसी सिंह एवं आकांशा कुमारी ने प्राइमरी मैथ्स में अपनी शिक्षण प्रतिभा का परचम लहराया है जबकि निष्ठा चोपड़ा, स्वाती सक्सेना एवं शिवा मेहरोत्रा ने प्राइमरी इंग्लिश, मैथ्स एवं ईवीएस में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इसी प्रकार रंजना द्विवेदी एवं तृप्ति चन्द्रा ने अर्ली चाइल्डहुड एजूकेशन में शिक्षण प्रतिभा का सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

ऐशबाग-मानकनगर नयी बाईपास लाइन पर हुआ स्पीड ट्रायल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ । पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल द्वारा यात्री सुविधाओं के उन्नयन एवं परिचालन सुगमता हेतु मूलभूत ढ़ांचे में विस्तार के क्रम में आज ऐशबाग(एक्स)-मानकनगर(एक्स) खण्ड के मध्य (कुल लंबाई लगभग 3.5 किलोमीटर) स्वतंत्र नई बाई पास लाइन का 25,000 वोल्ट ए.सी क्षमता के नई विद्युतकर्षण लाइन युक्त रेल खण्ड का संरक्षा परीक्षण मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त जनक कुमार गर्ग द्वारा पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) अभय कुमार गुप्ता, मुख्य विद्युत इंजीनियर निर्माण ओ.पी.सिंह तथा पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार एवं उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक एस.एम. शर्मा समेत पूर्वोत्तर रेलवे, उत्तर रेलवे तथा निर्माण संगठन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त ने सर्वप्रथम मानक नगर रेलवे स्टेशन (उत्तर रेलवे) पर स्वतंत्र नई बाई पास लाइन के विद्युतीकृत रेल खण्ड के मानक के अनुरूप सेफ्टी अभिलेखों, यार्ड प्लान, स्टेशन वर्किंग रूल, प्लेटफार्म क्लियरेंस, पॉइंट क्रासिंग, सिगनलिंग, बर्थिंग ट्रैक बैलास्ट, फाउलिंग मार्क आदि की संरक्षा परखी। इसके पश्चात मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त उपस्थित अधिकारियों के साथ प्रातः 09:35 बजे मोटर ट्राली से ऐशबाग(एक्स)-मानकनगर(एक्स) खण्ड के मध्य विद्युतीकृत के निमित्त बनी नई लाइन के संरक्षा निरीक्षण हेतु रवाना हुए। इस दौरान उन्होंने स्टेशनों के मध्य कर्व, रेल ओवर रेल ब्रिज, पॉइंट्स एवं क्रॉसिंग्स, रेलवे लाइन फिटिंग्स, सिग्नल का संरक्षा निरीक्षण किया।

डीआरएम ने मानकनगर स्टेशन का लिया जायजा

लखनऊ। मण्डल रेल प्रबंधक उत्तर रेलवे, लखनऊ एस. एम. शर्मा ने लखनऊ स्थित मानकनगर स्टेशन पर पहुंचकर रेल परिचालन प्रणाली की जानकारी प्राप्त की एवं संरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों के साथ संवाद करते हुए उनके रेल संचालन एवं संरक्षा संबंधी ज्ञान को परखा तथा इस संबंध में अपने आवश्यक निर्देश पारित किए। ज्ञात हो कि ऐशबाग से मानकनगर नई बाइपास लाइन का कार्य पूर्ण हो गया है । आज इस कार्य का निरीक्षण जनक कुमार गर्ग मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त पूर्वोत्तर रेलवे परिमंडल द्वारा किया गया। इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबंधक भी मानकनगर स्टेशन पर पहुंचे।

मनमोहक भजनों ने भक्तों को किया भावविभोर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मानव उत्थान सेवा समिति के तत्त्वावधान में सदगुरू देव सतपाल महाराज के प्रेरणाश्रोत दो दिवसीय रामायण सत्संग सार कार्यक्रम का आयोजन का शुक्रवार की रात्रि को समापन हुआ। समिति के लखनऊ शाखा लखनऊ के अंतर्गत विकासनगर के सेक्टर 06 में स्थिति रामकथा पार्क में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन स्वरुपा बाई के द्वारा किया गया था। सत्संग पण्डाल में बहुत बड़ी सँख्या में उपस्थित प्रेमी भगवतभक्तों व श्रोता गणों के समच्छ भजन गायक मण्डली द्वारा भाव पूर्ण भजनों की प्रस्तुति से समस्त जनमानस भावविभोर हो गये। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम अनेक देवस्थानों का भृमण करते हुऐ संस्था के बबलेश ने मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम जी ने अयोध्या वासियों के साथ साथ समस्त संसार को आध्यात्म के गूढ़ रहस्यों को समझाया। बद्रीनाथ धाम से पधारी सोन बाई ने आज भी सरल रूप में राम चरित मानस अनेक दोहे/ चौपाइयों के अर्थ को सरल और मार्मिक रूप से समझाते हुये उपस्थित जन समुदाय को भावविभोर कर दिया।

हर क्षेत्र में है ड्रोन की उपयोगिता : प्रो. पांडेय

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के सेंटर फॉर एंडवास स्टडीज की ओर से एन्सिस सॉफ्टवेयर व एआरके इंफॉ सॉल्यूशन के सहयोग से शुक्रवार को ड्रोन तकनीकी पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने कहा कि ड्रोन तेजी से बढ़ती और उभरती तकनीकी है। इसका प्रयोग हर क्षेत्र में किया जा रहा है। पहले ड्रोन के जरिये सिर्फ फोटोग्राफी की जाती थी लेकिन अब विभिन्न प्रकार के एप्लीकेशन इस तकनीकी में आ गये हैं। यह सुरक्षा से लेकर स्वास्थ्य और कृषि से लेकर सामान पहुंचाने में मददगार साबित हो रही है। भारत की जरूरत और भौगोलिक स्थिति को देखते हुए इस तकनीकी में बहुत कुछ किया जा सकता है। इस तकनीकी में भारत के पास पूरी दुनिया की अगुवाई करने का अवसर है। हालांकि चुनौतियां भी कम नहीं हैं। लेकिन हमें इससे पार पाते हुए लगातार प्रयास करना होगा। सबसे जरूरी है शिक्षकों और छात्रों को नये सॉफ्टवेयर के बारे में जानकारी हो। कहा कि विश्वविद्यालय अपने छात्रों और शिक्षकों के लिए नये प्रशिक्षण की भी व्यवस्था करेगा। ताकि छात्र तैयार हो सकें। सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज के निदेशक प्रो. वीरेंद्र पाठक ने कहा कि ड्रोन तकनीकी वर्तमान में सबसे ज्यादा उपयोगी हो गया है। इस तकनीकी का प्रयोग हर क्षेत्र में किया जा रहा है। कृषि, स्वास्थ्य, सुरक्षा, निगरानी, सामान पहुंचानें में भी यह काम आ रही है। हाल ही में बिजली विभाग ने बिजली चोरी रोकने में भी इसका इस्तेमाल किया था। यानि हम अपने जरूरत के अनुसार इस तकनीकी को बना सकते हैं। प्रो. पाठक ने कैश में स्थित विभिन्न लैब के बारे में भी प्रकाश डाला। बतौर विशेषज्ञ आईआईटी कानपुर के डॉ. अभिषेक ने ड्रोन डिजाइन, मैन्युफैक्करिंग, सिमुलेटिंग आदि पर विस्तार से बताया। कहा कि मैदानी और पहाड़ी इलाकों में ड्रोन की क्षमता अलग-अलग होती है।

आधा दर्जन ट्रेनें निरस्त, कई के मार्ग में हुआ परिवर्तन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। वेस्टर्न रेलवे के मलखादी-महादेखोदी स्टेशन पर नान इंटरलाकिंग के कारण रेलवे प्रशासन ने कई ट्रेनें निरस्त करने के साथ अनेक ट्रेनें के मार्ग परिवर्तन करने का निर्णय लिया है। इसके तहत ट्रेन संख्या 19421 अहमदाबाद-पटना एक्सप्रेस 16, 23, 30 जून एवं 7 जुलाई को रद रहेगी। तो ट्रेन संख्या 19422 पटना-अहमदाबाद एक्सप्रेस 19, 25 जून तथा 2 व 9 जुलाई को निरस्त रहेगी। इसी क्रम में 19489 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस 5, 6, 7 एवं 9 जुलाई को रद रहेगी। 19490 गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस 6, 7 ,8 व 10 जुलाई को निरस्त रहेगी। जबकि 15559 दरभंगा-अहमदाबाद-दरभंगा एक्सप्रेस 3 जुलाई को निरस्त रहेगी। 15560 अहमदाबाद-दरभंगा एक्सप्रेस 5 जुलाई को निरस्त रहेगी।

जिन ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन किये गये हैं उनमें 19490 गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस 22, 23, 24, 26, 27, 28, 29, 30 जून तथा 1, 3, 4, 5 जुलाई को परिवर्तित मार्ग कटनी, जबलपुर, इटारसी, भोपाल, संत हरिदाराम होते हुए गंतव्य को जायेगी। जबकि 19489 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस 29, 30 जून तथा 2, 3, 4 जुलाई को परिवर्तित मार्ग संत हरिदाराम, भोपाल, इटारसी, जबलपुर, कटनी होकर चलेगी। 11071 एलटीटी-वाराणसी एक्सप्रेस 25 जून से 9 जुलाई तक परिवर्तित मार्ग इटारसी, जबलपुर, कटनी होकर चलेगी। 11072 वाराणसी-एलटीटी एक्सप्रेस 25 जून से 10 जुलाई के बीच परिवर्तित मार्ग कटनी, जबलपुर, इटारसी होकर चलेगी। 15559 दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस 26 जून को परिवर्तित मार्ग कटनी, जबलपुर, इटारसी, भोपाल, संत हरिदाराम होकर चलेगी। 15560 अहमदाबाद-दरभंगा एक्सप्रेस 28 जून को परिवर्तित मार्ग संत हरिदाराम नगर, भोपाल, इटारसी, जबलपुर, कटनी होकर चलेगी। 19165 अहमदाबाद-दरभंगा एक्सप्रेस 16,19, 21,23, 26, 28, 30एवं 3, 5, 7 जुलाई को परिवर्तित मार्ग मक्सी, संत हरिदाराम नगर, निशातपुरा, बीना होकर चलेगी। 19166 दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस 15, 17, 19, 22, 24, 26, 29 जून एवं 1, 3, 6, 8 जुलाई को परिवर्तित मार्ग बीना, निशातपुर, संत हरिदाराम नगर मक्सी होकर चलेगी।

गोरखपुर-एलटीटी के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेनः रेलवे प्रशासन ने मुंबई जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ देख गोरखपुर-एलटीटी के बीच सप्ताह में तीन दिन चलाने वाली ट्रेन का संचालन करने का निर्णय लिया है। ट्रेन संख्या 05325 गोरखपुर-एलटीटी स्पेशल 17 से 28 जून तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को गोरखपुर से रात 25.15 बजे प्रस्थान कर खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर,गोंडा, बाराबंकी,लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, बीना, भोपाल, इटारसी, खंडवा, भुसावल, नासिक रोड, ईगतपुरी, कल्याण, थाणे होते हुए एलटीटी तीसरे दिन सुबह 7.25 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 05326 एलटीटी-गोरखपुर स्पेशल 19 से 30 जून तक प्रत्येक बुधवार, शक्रवार एवं रविवार को एलटीटी से सुबह 10.25 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन शाम 18.00 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। इस ट्रेन में स्लीपर व जनरल कोच लगाये जायेंगे।

प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक प्रयागराज स्टेशन का किया निरीक्षण

- कुंभ मेले को देख परिचालन कार्यप्रणाली एवं अन्य व्यवस्थाओं को परखा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। आगामी कुम्भ मेला को दृष्टिगत रखते हुए की जाने वाली पूर्व तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए आज दिनांक 14 जून 2024 को उत्तर रेलवे के मुख्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली से प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक, श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी का अपने निरीक्षण कार्यक्रम के तहत लखनऊ मंडल के प्रयाग क्षेत्र में आगमन हुआ अपने इस आगमन के दौरान उन्होंने अपर मण्डल रेल प्रबंधक, श्री शिवेन्द्र शुक्ला एवं अन्य अधिकारियों के प्रयागराज संगम एवं प्रयाग जं. स्टेशन पर पहुंचकर मेला अवधि के दौरान रेल गाड़ियों की परिचालन प्रणाली एवं संरक्षा व्यवस्था एवं वर्तमान में चल रहे निमार्णाधीन कार्यों को परखा तथा सभी कार्यों को निर्धारित समय पर उच्च गुणवत्ता के साथ सम्पन्न करने की बात कही कउन्होंने कर्मचारियों से संवाद करते हुए उनके ज्ञान को परखा तथा अभिलेखों का गहनता से निरीक्षण किया ' इसके अतिरिक्त इस निरीक्षण के दौरान प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक ने यात्री सुविधाओं, होल्डिंग एरिया, सकुर्लेटिंग एरिया इत्यादि की जानकारी भी प्राप्त की कउन्होंने यात्रियों के सुगम आगमन एवं प्रस्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों तथा यात्री प्रबंधन की नीतियों से अवगत होते हुए इनकी समीक्षा की तथा इस विषय में अपने सुझाव एवं निर्देश पारित किए कउन्होंने यात्री संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए यात्रियों के अनुकूल वातावरण तैयार करके नीतियों को निर्धारित करने की बात पर विशेष बल दिया कआज के इस निरीक्षण में मण्डल के अधिकारियों सहित अन्य रेलकर्मी भी उपस्थित रहे ।

संक्षेप

17 जून से सतराँव चौकी पर अनिश्चित कालीन धरना पर बैठेंगे सपाई

देवरिया। सतराव पुलिस चौकी के दारोगा की पिटाई से मारे गए दद्दन यादव के प्रकरण में हत्या का मुकदमा दर्ज होने के बावजूद अब तक हत्यारोपियों की गिरफ्तारी न होने के मामले को गंभीर प्रशासनिक अक्षमता बताते हुए समाजवादी पार्टी ने आंदोलन का हुंकार भर दिया है पूर्व घोषित सूचना के मुताबिक 17 जून से सतराव में अनिश्चित कालीन धरना कार्यक्रम की तैयारी हेतु सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव की अध्यक्षता में सतराव में एक बैठक रेलवे स्टेशन के पास सम्पन्न हुई जिसमे सपाइयों ने तय किया कि 17 जून को बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और नेता शामिल होकर दद्दन यादव प्रकरण में हत्यारोपियों की गिरफ्तारी तक धरना कार्यक्रम चलाएंगे अनिश्चितकालीन धरना कार्यक्रम के तैयारी बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष गेनालाल यादव, बेचूलाल चौधरी, मंजूर हसन, चंद्रभूषण सिंह यादव, आशुतोष यादव, अभिनव यादव,

आगामी त्यौहार को लेकर डीएम व एसपी ने की पीस कमेटी की बैठक

कुशीनगर। आगामी त्यौहार गंगा दशहरा, ईदुज्जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के उद्देश्य से डीएम उमेश मिश्र व एसपी धवल जायसवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों, विभिन्न सम्प्रदाय के धर्मगुरूओं एवं जनपद के

परंपरागत रूप से त्यौहार को मनाने की किया अपील

प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ बैठक किया। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायतों को नगरीय क्षेत्रों तथा जिला पंचायतराज अधिकारी समस्त विकास खंड अधिकारियों को घाटों पर, ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में तथा ईदगाहों/मस्जिदों के आस पास साफ-सफाई एवं जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्व को लेकर एक विशेष सफाई अभियान संचालित करने के भी निर्देश दिए। सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख चौराहों तथा निर्धारित स्थलों पर कूड़ा ट्राली, घाटों पर बडे डस्टबिन रखने, घाटों पर रस्सी लगाने, बांस से घेरने के निर्देश दिए तथा कुर्बानी दिये जाने वाले पशुओं के अवशेष को डिस्पोजल करने के लिए समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि ऐसे स्थानो को अवश्य चिन्हित कर लें जहां पर मन्दिर तथा मस्जिद पास पास में है। ऐसे स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को विद्युत सप्लाई की व्यवस्था सुचारू रूप से निर्बाध आपूर्ति करने के निर्देश दिए। उपस्थित लोगों से कहा कि अपने आस-पास के लोगों को जागरूक करें कि सोशल मीडिया पर कुर्बानी से संबंधित अफवाहों संबंधी चलचित्र का प्रेषण न किया जाये। उन्होंने सभी एसडीएम व सीओ को निर्देश देते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को कडे इन्तजाम किये जाये। कानून एवं शांति व्यवस्था हर हाल में कायम रहनी चाहिए। समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी पुलिस व थाना अध्यक्ष सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या न हो जिसके लिए पहले से ही तैयारी पूर्ण कर लें। जनपद के सभी निकाय क्षेत्रों, ग्राम पंचायतों में साफ सफाई, विद्युत तथा जलापूर्ति पर विशेष रूप से फोकस किया जाये। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप विद्युत की सप्लाई सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्रतिबन्धित पशुओं की कुर्बानी किसी भी दशा में नहीं दी जानी चाहिए इसके अलावा यह भी सुनिश्चित करें कि सार्वजनिक स्थलों पर तथा रास्तों पर किसी भी पशु की कुर्बानी नहीं दी जायेगी। कहा कि नमाज केवल ईदगाहों/मस्जिदों में ही पढ़ी जाये। भीड़ ज्यादा है तो दो शिफ्ट में नमाज अदा कर ली जाए। सार्वजनिक स्थलों/सड़कों पर नमाज न पढ़ी जाये। बकरीद पर विशेष ऐहतियात बरतें साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि नमाज के समय कोई व्यवधान उत्पन्न न हो आने-जाने वाले मार्ग किसी भी दशा में बाधित नहीं होने चाहिए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ईदुलजुहा बकरीद तथा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत पुलिस और प्रशासन की ओर से समस्त व्यवस्थाओं को सम्यक सुनिश्चित कर लिया जायेगा। सोशल मीडिया पर विशेष रूप से नजर रखी जाये। अनावश्यक एवं भड़काऊ पोस्ट शेयर करने वालों को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। आज कल प्रायः ऐसी हरकते कम उम्र के युवकों / लड़कों के द्वारा अनभिज्ञता में किया जा रहा है, पोस्ट और शेयर करने के दुष्परिणामों से उन्हें अवगत कराए। उन्होंनें उपस्थित सभी लोगों से कहा कि शासन के दिशा निदेशों का शत प्रतिशत अनुपालन करना होगा। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। प्रतिबन्धित पशुओं की कुर्बानी जनपद में किसी भी दशा में नहीं होगी। बैठक के दौरान मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्धजनों, धर्मगुरूओं ने जिले में अनेकता में एकता, अमन-चैन एवं आपसी सौहार्द कायम रखने पर अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। सभी ने एक स्वर से आश्वासन दिया कि वे शांति व्यवस्था बनाये रखने में प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगे। उन्होंने लोगों से अपील भी की कि जनपद में प्यार और भाईचारा बनाये रखें। उन्होंने प्रशासन को आश्वस्त किया कि जिले में अमन-चैन सदैव बरकरार रहेगा। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अंकिता जैन, उपजिलाधिकारी योगेश्वर सिंह, ऋषभ पुंडीर, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी गण, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित विभिन्न संप्रदाय के धर्मगुरु मौजूद रहे।

नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की

कुशीनगर। जिले के फाजिलनगर क्षेत्र के श्री राम जानकी मंदिर परिसर जौरा बाजार में श्रीधाम वृंदावन से आए कलाकारों ने रासलीला में गुरुवार रात को ब्रज में नंद के घर श्रीकृष्ण के जन्म खुशियां मनाई। इसके साथ साथ पूतना वध का भी मंचन किया गया। नंद के घर जब भगवान श्रीकृष्ण के जन्म उल्लास था तो कंस ने श्रीकृष्ण को मारने के लिए राक्षसी पूतना को भेजा। पूतना ने चुपके से श्रीकृष्ण को उठाया और अपना विषैला दुध पिलाकर श्रीकृष्ण को मारने का प्रयास किया लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने दुध के साथ-साथ पूतना के प्राण भी खींच लिए। इससे पहले श्रीकृष्ण के जन्म पर ब्रज में नंद के घर में जमकर खुशियां मनाई गई और नाच गाना हुआ। कलाकारों ने संगीत व भजनों की धुन पर बधाई दी और रासलीला देखने आए लोगों को भी नाचने के लिए मजबूर कर दिया। श्रीकृष्ण के जन्म पर श्रद्धालुओं ने भी बधाई दी। इसके चलते नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल से पूरा वातावरण गूंज उठा। इससे पहले श्री रामजानकी मंदिर जौराबाजार श्री विष्णु महायज्ञ के दौरान नित्य सायंकाल रही रासलीला का गुरुवार को उच्च न्यायालय के अधिवक्ता पवन उपाध्याय ने फीता काटकर यज्ञ का शुभारंभ किये। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य ज्ञानेश्वर द्विवेदी दीपक, ग्राम प्रधान संघ सिंह, सुरेश उपाध्याय, पारस सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शम्भू बरनवाल नें सभी अतिथियों को अंग्वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया।

विश्व रक्तदाता दिवस पर 27 लोगों ने किया रक्तदान

कुशीनगर। विश्व रक्तदाता दिवस प्रत्येक वर्ष 14 जून को पुरे विश्व मे एक अभियान के रूप मे मनाया जाता है। इसके अंतर्गत कुशीनगर ब्लड बैंक मे भी रक्तदाता सम्मान समारोह एवं रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। यह दिवस वैज्ञानिक कार्ल लैंड स्टाइनर के जन्मदिन के उपलक्ष्य मे मनाया जाता है। इनका जन्म 14 जून 1868 मे हुआ था। इन्हें रक्तसमूह की खोज के लिए नोबेल पुरस्कार भी प्राप्त हुआ। यह जानकारी ब्लड बैंक संचालक राजीव तिवारी ने दी।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद कुशीनगर की अध्यक्ष किरन राकेश जयसवाल जी इन्होंने रक्तदान को जीवन का सर्वश्रेष्ठ दान बताया। रोटरी के संरक्षक राकेश जायसवाल ने कहा कि कुशीनगर ब्लड बैंक के द्वारा सदैव जरूरतमंद लोगों की सहायता हेतु तत्पर रहता है। इस कार्यक्रम मे रोटरी क्लब कुशीनगर, पुलिस मित्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कसया और नियमित रक्तदाताओं ने बाढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष वाहिद अली जी ने बताया की रक्तदान से बड़ा पुण्य का काम कोई नहीं है, उन्होंने जनमानस से निवेदन किया की रक्तदान मे बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले और बहुमूल्य जीवन का उपहार दें। पुलिस मित्र टीम से श्री अभिमन्यु तिवारी जो नियमित रक्तदाता है उन्होंने बतया की युवाओं को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया के चिकित्सा अधीक्षक डॉ मुकेश यादव ने रक्तदाताओं को रक्तदान के विषय मे विस्तार पूर्वक जानकारी दी। औषधि नियंत्रक श्री दीपक पाण्डेय ने कहा की कुशीनगर ब्लड बैंक इस जनपद वासियो के लिए वरदान साबित हो रहा है इस ब्लड मे सभी मानको को पूर्ण किया जाता है। यह ब्लड बैंक एक मॉडल ब्लड बैंक के रूप मे है। इस कार्यक्रम का संचालन बिग एफ. एम. गोरखपुर के आर. जे अनुराग एवं दीप्ति अनुराग ने किया। इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में स्व रक्तदाताओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया जिसमे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अध्यक्ष डॉ. मुकेश यादव, सरोज यादव, डॉ. विजय शंकर सिंह, रोटरी क्लब के अध्यक्ष वाहिद अली, सचिव अजय सिंह, कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुवेर्दी, हिंद नाउटाइम्स मीडिया के रामआशीष यादव, नवदीप संदेश के विनय सिंह, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के मंडल उपाध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी, पुलिस मित्र के अभिमन्यु तिवारी, सेवा साथी फाउंडेशन के जीतेन्द्र प्रजापति, साजन पाण्डेय, अभिमन्यु आर्य, जैन अहमद, विवेक रावत, पंकज कुमार सिंह, रितेश कुमार सिंह, मानवेंद्र सिंह, मनोज गुप्ता, गोविंद तिवारी, पुनीत मिश्र, रवि प्रकाश ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदाता सम्मान समारोह मे रक्तदाताओ को मेडल, प्रशस्ति पत्र, उपहार इत्यादि दिया गया, उसके बाद सभी रक्तदाताओं के साथ रात्रि भोजन का भी आयोजन हुआ। ब्लड बैंक के मेडिकल ऑफिसर डॉ अभिषेक मालवीय और डॉ विकास राय ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम मे फैयाज खान, अखिलेश शर्मा, आदिल खान, महेंद्र तिवारी एवं नगर के गणमान्य ब्यक्ति तथा पत्रकार बंधुओं समेत कई लोग मौजूद रहे।

दुकान संचालन योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन पत्र किये गये है आमंत्रित

जिला संवाददाता(vol)

देवरिया। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रियंका चौधरी ने बताया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ०प्र०, लखनऊ द्वारा संचालित दुकान निर्माण/दुकान संचालन योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है, जिसमें दुकान निर्माण हेतु रू0 20,हजार (योजनान्तर्गत ऋण एवं० रू0 5 हजार अथवा ठेला, गुमटी, किराये की दुकान आदि हेतु रू० 10.हजार (जिसमें ढाई हजार अनुदान एवं रू0 7500/-ऋण के रूप) रोजगार हेतु प्रदान किये जाते है।

पात्रता के विवरण में उन्होंने बताया है कि समस्त श्रेणी के दिव्यांगजन जो उत्तर प्रदेश के निवासी है। जिनकी वार्षिक आय समय-समय पर शासन द्वारा गरीबी रेखा के लिए निर्धारित आय सीमा के दो गुना अधिक न हो। जिनकी आयु 18 वर्ष से कम से कम एवं 60 वर्ष से अधिक न हो। जो किसी अपराधिक अथवा आर्थिक मामलें में सजा न पाए हो तथा जिनके विरूद्ध किसी प्रकार की सरकारी धनराशि देय न हो, एवं जिनके पास दुकान निर्माण हेतु स्वयं की 110 वर्ग फिट भूमि हो या अपने स्त्रोतो से उक्त क्षेत्रफल की भूमि खरीदने / लेने में समर्थ हो। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र के अनुसार दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक होनी चाहिए इच्छुक दिव्यांगजन दुकान निर्माण/दुकान संचालन योजनान्तर्गत आवेदन करने हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन करते समय आवेदक को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटो, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, सक्षम अधिकारी से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र की छायाप्रति आदि अभिलेखों के साथ उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है जिसकी एक प्रति दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, कमरा नं० 17 विकास भवन, देवरिया में जमा करेगें, ताकि नियमानुसार कार्यवाही की जा सके ।

संदिग्ध अवस्था में गन्ने के खेत मे मिला युवक का शव

कसया, कुशीनगर। **शुक्रवार शाम को कसया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत** मैनपुर के टोला बोधापट्टी के पश्चिम गन्ने के खेत में एक अज्ञात व्यक्ति का शव संदिग्ध अवस्था में पाया गया सुचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही मे जुट गयी है, पुलिस शव के शिनाख्त के प्रयास में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक उक्त गांव के पश्चिम एक ईट भट्ठे के पास गन्ने के खेत मे एक पचपन वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिला, इसकी जानकारी मिलते ही घटनास्थल के आसपास लोगों की भीड़ लग गई, मौजूद लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष कसया गिरिजेश उपाध्याय मय टीम व फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया व पुलिस ने अज्ञात शव को लेकर व्यक्ति के शव की पहचान कराने की कोशिश की। टीशर्ट, लोवर पहने इस मृत व्यक्ति को देखने के लिए काफी भीड़ जुटी किन्तु कोई उसकी शिनाख्त नहीं कर पाया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है और अग्रिम कार्यवाही मे जुट गई है। इस दौरान हल्का दारोगा सभाजीत सिंह, एस आई संदीप यादव, रूपेंद्र पाल सिंह, हेड कांस्टेबल रणजीत सिंह, कांस्टेबल अभिषेक मौर्य, महेंद्र, कृष्णा, शेर बहादुर मौजूद रहे। शव की कुछ देर बाद हुई पहचानः-जानकारी के मुताबिक, शव की कुछ देर बाद पहचान गनपत मुसहर के रूप मे हुई है। मृतक के पुत्र मोती मुसहर ने फोटो देखकर शव की पहचान की है। मोती मुसहर ने बताया कि शव उसके पिता का है। बीते दो दिन पूर्व बुधवार से ही गनपत मुसहर घर से लापता थे। पुलिस जांच मे जुटी हुई है।

श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ कल से

कुशीनगर। बुद्ध मार्ग कुशीनगर स्थित द रॉयल रेजीडेंसी होटल के सभागार में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का सात दिवसीय आयोजन 16 जून से प्रारंभ होगा। अयोध्या के स्वामी प्रद्युम्न प्रियाचार्य जी महाराज श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगे। नित्य अपरान्ह तीन बजे से कथा प्रारंभ होगी। प्रथम दिन की कथा का शुभारंभ चिकित्सक डा. योगेश्वर मद्धेशिया सपत्नीक करेंगे। उक्त जानकारी कार्यक्रम संयोजक श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव समिति कुशीनगरगोपाल गुप्त ने देते हुए श्रद्धालुओं से समय से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में आने की अपील की।

जिला चिकित्सालय में लगा ब्लड डोनेशन कैंप

जिला संवाददाता(vol)

कुशीनगर। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय जिला संयुक्त चिकित्सालय में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने जिला संयुक्त चिकित्सालय में आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप/ रक्तदान शिविर का रिबन काटकर शुभारंभ किया। रक्तदाताओं को रक्तदान करने के उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया, साथ ही साथ जिलाधिकारी ने आयोजित रक्तदान शिविर में ब्लड डोनेशन/ रक्तदान के लाभकारी गुणों के बारे में बताते हुए उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारियों सहित रक्तदाताओं को इसके फायदों से अवगत कराया। रक्तदान है महादान इससे विषम परिस्थियों में कई व्यक्तियों की जान बचाई जा सकती है।

रक्तदान के फायदे के अंतर्गत उन्होंने बताते हुए कहा कि रक्तदान करने से हार्ट से संबंधित बीमारियों में कमी आती है, लिवर स्वस्थ रहता है तथा मुफ्त में सारी जांचे भी हो जाती है। आयोजित रक्तदान शिविर में मारवाड़ी युवा मंच की कार्यकत्रियों ने रक्तदान में सहयोग करने तथा इसका वृहत स्तर पर ग्राम, मुहल्लों तथा नगर निकायों में प्रचार प्रसार करने हेतु आश्वस्त भी किया। इस अवसर पर रक्तदान जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर एस एन त्रिपाठी एवं उनकी पत्नी ने किया। तत्पश्चात उपस्थित सभी रक्तदाताओं को रक्तदान करने के उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र भीं वितरण किया। इस अधिकारी अधीक्षक एच एस राय, चिकित्सक गण, स्टाफ नर्स आदि जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

देवरिया के विकास में सबका साथ और सबका प्रयास जरूरीः शशांक मणि

देवरिया । जनभागीदारी कार्यशैली के द्वारा किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने में विश्वास रखने वाले देवरिया सदर से नवनिर्वाचित सांसद शशांक मणि ने शुक्रवार को अपने गांव बरपार में निर्मित जागृति उद्यम केंद्र में पार्टी कार्यकताओं और सामाजिक, आर्थिक, व्यवसायिक और विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी व्यक्तियों के साथ बैठक कर देवरिया के विकास के लिए कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की । बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिस प्रकार देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिन रात परिश्रम करते हैं उसी प्रकार हमे विकसित देवरिया का निर्माण करने के लिए तत्पर होना पड़ेगा । उन्होंने बताया कि यहां हर क्षेत्र में संभावनाएं ज्यादा हैं चाहे वो शिक्षा का क्षेत्र हो, स्वास्थ्य का क्षेत्र हो, कृषि का क्षेत्र हो अथवा इन्फ्रास्ट्रक्चर का क्षेत्र हो, हर क्षेत्र में हम एक सुनियोजित कार्ययोजना के माध्यम से विकास की धारा को आगे बढ़ा सकते हैं । प्राथमिक स्तर पर जब चीजें सही होने लगेंगी तभी देवरिया का विकास होगा और तभी विकसित भारत का संकल्प पूरा हो सकेगा और इसके लिए दृढ़ इच्छाशक्ति और कठिन परिश्रम की आवश्यकता है तथा देवरिया के प्रत्येक नागरिक की सहभागिता भी आवश्यक है । इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से देवरिया के विकास के लिए उनके विचार जाने । इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अजय शाही, निशिरंजन तिवारी, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, पियूष, अंतरा, शर्मिष्ठा, मनोज मिश्रा, धीरज सिंह, मनीष मणि, आशुतोष, राजीव राय, करन त्रिपाठी, धीरज त्रिपाठी, मुकेश, युवराज सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवेदन 19 तक

देवरिया । जिला समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लाल बहादुर ने बताया है कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओ तथा यू.पी. एस.सी., जे.ई.ई., नीट परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क कक्षाएं संचालित की जानी है। आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 19 जून तक विस्तारित की गई है आवेदन-पत्र कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास भवन, देवरिया से प्राप्त किये जा सकते है। योजना की अधिक जानकारी के लिये कार्यालय अवधि मे सम्पर्क किया जा सकता है । आवेदक एक से अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिये अलग-अलग आवेदन कर सकते है। आवेदन की समस्त प्रक्रिया एवं कक्षाएं पूर्णतः निःशुल्क है।

पीड़िताओं के प्रति लापरवाही क्षम्य नहीं : एडीजे

देवरिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तिवारी द्वारा वन स्टाप सेण्टर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा वन स्टाप सेन्टर में आने वाली पीड़ित महिलाओं एवं बच्चियों की समस्याओं के निवारण के लिए चल रही योजनाओं की समीक्षा की गयी। वन स्टाप सेन्टर पर लम्बित प्रकरणों में पीड़िताओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं स्वास्थ्य तथा उनको दी जा रही अन्य चिकित्सीय सुविधाओं, पुलिस सुरक्षा, कानूनी सलाह व अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी ली गयी। वन स्टॉप सेंटर के प्रपत्रों के निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रबंधक नीतू भारती को प्रपत्रों को व्यवस्थित रूप से रखने हेतु निर्देशित किया।

सचिव ने कहा कि पीड़िताओं के प्रति लापरवाही क्षम्य नही होगी। उन्होंने वन स्टाप सेंटर की केन्द्र प्रबन्धक नीतू भारती को निर्देशित किया कि महिला और बच्चियों जिनको विधिक सहायता की आवश्यकता हो। उनके मामले को चिन्हित कर अधिक से अधिक संख्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के कार्यालय में सूचित करें, ताकि उनकों विधिक सहायता दी जा सकें। उन्होंने बताया कि बालिकाओं के साथ भेदभाव एक महत्वपूर्ण समस्या हैं जो शिक्षा, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सा देखभाल, सुरक्षा, सम्मान, बाल विवाह आदि में असमानता जैसे कई क्षेत्रों में फैली हुई हैं। इस संबन्ध में बेहतर प्रयास किया जाना चाहिए। इस विषय में व्यापक प्रचार-प्रसार जागरूकता शिविर व पेम्प्लेट आदि के माध्यम से किये जाने हेतु वन स्टाप सेंटर की केन्द्र प्रबन्धक को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान बाल संरक्षण अधिकारी जय प्रकाश तिवारी केन्द्र प्रबन्धक वन स्टाप सेण्टर नीतू भारती, मनोवैज्ञानिक मीनू जायसवाल, तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

दो दिनों में स्नान कर रहे दो युवकों की मौत

जिला संवाददाता(vol)

भटनी(देवरिया)। भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए छोटी गंडक नदी के विभिन्न घाटों पर दूर दूर से लोग स्नान करने पहुच रहे है। जिनमे कइयों को तैरना नही आता और वे हादसे का शिकार हो रहे हैं । पिछले दो दिनों में ही नदी में स्न्नान करते दो युवकों की मौत गहरे पानी मे डूबने हो चुकी है । आज स्थानीय नगर पंचायत के केवडा स्थित छोटी गण्डक नदी मे स्नान करते 35वर्षीय रोहित उर्फ पिन्टू राजभर की दर्दनाक मृत्यु हो गयी ।बताया गया है कि कोतवाली देवरिया के रामनाथ देवरिया के 35वर्षीय रोहित उर्फ पिन्टु राजभर और देवरिया के कोतवाली थाना क्षेत्र के रामनाथ देवरिया निवासी जो भटनी मे प्राईवेट विद्युत का कार्य करता था अमन राजभर पुत्र जगदीश राजभर के साथ देवरिया से भटनी आकर केवडा स्थित छोटी गण्डक नदी के घाट कर स्नान करने लगे ।और कुछ देर बाद ही रोहित उर्फ पिन्टू डुबने लगा ।वहां बैठे कुछ लोग व अमन द्वारा शोर किया गया ।आवाज सुनकर मुहल्ले नव नगर के युवकों ने नदी मे कुदकर रोहित को खोजने लगे ।घटना की सूचना लोगो ने पुलिस को दिया ।पुलिस भी मौके पर पहुंच कर शव को ढूंढवाने मे लगी रही लगभग एक घण्टे के बाद उत्साहित नगर व मुहल्ले के युवकों को शव ढुंढने मे सफलता मिली ।मौके पर नगर के भारी संख्या मे लोग आ गये ।शव को पुलिस ने कब्जे मे लेकर परिजनों को सूचित कर दिया है ।घटना की सूचना पर पत्नी ज्योति भाई राहुल मोहित माता झूमी देवी का रो -रोकर बुरा हाल है । विदित हो कि एकदिन पूर्व ग्राम नोनापर छपरा तोला निवासी मनीष तिवारी अपने तीन अन्य साथियों के साथ छोटी गंडक के कुरमौटा घाट पर स्न्नान करते समय डूबने लगे नदी किनारे बैठे लोंगों नाविकों ने मनीष तिवारी को बाहर निकाल तबतक उसकी मौत हो चुकी थी ।

जिलाधिकारी ने ली डीएचएस की बैठक

जिला संवाददाता(vol)

देवरिया, ।जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सीएमओ कार्यालय स्थित धनवंतरि सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय(डीएचएस) की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सुविधाओं को शासन की मंशानुरूप उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं लोगों के जीवन से सीधे जुड़ा हुआ है। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने जन्म पंजीकरण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि निजी अस्पतालों का दायित्व होगा कि यदि उनके अस्पताल में कोई नवजात जन्म लेता है तो उसकी सूचना निर्धारित प्रारूप पर भरकर संबंधित नगर निकाय अथवा ग्राम पंचायत को दें, जिससे उस नवजात का जन्म प्रमाणपत्र निर्गत किया जा सके। जन्म प्रमाणपत्र पंजीकरण कार्य की मॉनिटरिंग सीडीओ करेंगे। इस वर्ष 1 अप्रैल से 14 जून तक जनपद में जन्में 14,145 शिशुओं में से 12,525 को जन्म प्रमाणपत्र के लिए पंजीकरण किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने परिवार नियोजन के लक्ष्य को प्राप्त करने के संबन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस वर्ष 60 पुरुष तथा 5000 महिलाओं की नसबंदी कराने का लक्ष्य जनपद के लिए निर्धारित, है जिसके सापेक्ष 3 पुरुष एवं 250 महिलाओं की नसबंदी हो चुकी है। डीएम ने प्रत्येक एमओआईसी को प्रतिमाह एक-एक पुरुषों की नसबंदी कराने का लक्ष्य दिया। डीएम ने जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा भी की। योजना के तहत इस वर्ष 47,741 संस्थागत प्रसव का लक्ष्य निर्धारित है, जिसमें से 4,407 प्रसव मई माह तक हो चुके हैं ।डीएम ने आशा के कार्यो की नियमित मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी आशा एएनसी पंजीकरण की ट्रेकिंग नियमित रूप से करें। एएनसी पंजीकरण कराने वाली सभी गर्भवती महिलाओं की संस्थागत डिलीवरी होना सुनिश्चित किया जाए। यदि जन्म प्रमाणपत्र बनाते समय एक भी जन्म होम डिलीवरी के रूप में दिखा तो संबंधित आशा के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। डीसीपीएम डॉ राजेश ने बताया कि निष्क्रिय आशा के स्थान पर 76 नई आशा का चयन ग्राम सभा द्वाराकिया जा चुका है। वर्तमान समय में जनपद में 2673 आशा कार्यरत हैं।

डीएम ने बैठक से बिना किसी पूवार्नुमति के अनुपस्थित रहने पर एपिडेमियोलॉजिस्ट राजीव भूषण पांडेय के मई माह के वेतन आहरण पर रोक लगा दी।

बैठक में आयुष्मान कार्ड की उपयोगिता बढ़ाने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। सीएमओ डॉ राजेश झा ने बताया कि वर्तमान समय में जनपद में 38 अस्पताल आयुष्मान कार्ड धारकों का नियमों के अधीन निःशुल्क इलाज करते हैं। 18 नए अस्पतालों का इंपैनलमेंट किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद में 10,93,515 आयुष्मान गोल्डन कार्ड के लक्ष्य के सापेक्ष 6,88,850 कार्ड बनाये जा चुके हैं, जो कुल लक्ष्य का 66 प्रतिशत है। 18 जून से प्रति ब्लॉक तीन-तीन ग्राम पंचायतों में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष कैंप आयोजित किया जाएगा बैठक में प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज डॉक्टर राजेश बरनवाल, सीडीओ प्रत्यूष पांडेय, सीएमएस डॉ एच के मिश्रा, एसीएमओ डॉ संजय कुमार, डीपीआरओ सर्वेश कुमार पांडेय, डॉ पूनम सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

समर कैम्प के चौथे दिन मेहदी प्रतियोगिता : आज पुरस्कार वितरण

देवरिया । पालिका परिषद देवरिया द्वारा संचालित शिशु मंदिर मान्टेसरी स्कूल एवं इंदिरा गांधी बालिका इंटर कॉलेज के समर कैंप का चौथे दिन मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें छात्र-छात्राओं ने बहुत उत्साह के साथ हिस्सा लिया नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अलका सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं को उत्साह बढ़ाने के लिए जलपान में पिज्जा एवं फ्रूटी का वितरण किया जिसको पा कर स्कूल के छात्र-छात्राएं बहुत खुश हुए । कार्यक्रम में नगर पालिका देवरिया की अधिशासी अधिकारी श्रीमती अंकिता शुक्ला ने छात्र-छात्राओं का मेहंदी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को 15 जून को पुरस्कृत करने का आश्वासन दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री नीरज शुक्ला ने पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी के प्रति समस्त विद्यालय परिवार की तरफ से आभार व्यक्त किया। प्रधानाध्यापक श्री नीरज शुक्ला ने बताया कि उक्त समर कैंप का समापन दिनांक 15 जून को प्रातः 10:बजे होगा जिसमें प्रथम द्वितीय तृतीय आए छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जायेगा।

संक्षेप

दो शातिर गिरफ्तार

सीतापुर। थाना तंबौर ,पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में छापेमारी की। वहां पर पुलिस ने रेउसा थाना क्षेत्र के ग्राम बभनावां निवासी नसीम पुत्र छोटन्ने, तंबौर थाना क्षेत्र के सीर्सटोला उत्तरी निवासी मेराज पुत्र छोटे खां को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक लोहे का सब्बल, एक पेचकस, एक सड़सी, दो लोहे की सरिया, 1 प्लास व 2 प्लास्टिक की टार्च व 1 नाजायज देशी जिन्दा बम बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि दोनों शातिर चोर हैं, दोनों चोरी की योजना बना रहे थे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।

अधिकारियों ने की शांति कमेटी की बैठक

सीतापुर। जिलाधिकारी अनुज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा आगामी त्यौहार ईद-उल-अजहा को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। अधिकारियों ने धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की बैठक की गई। बैठक में सभी से आपसी सद्भाव बनाये रखने की अपील की है। त्यौहार को शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने एवं आम जनमानस को भी इस विषय में जागरुक करने की अपील की। अफवाहों व भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न देने व तत्काल पुलिस को इस संदर्भ में सूचना हेतु निर्देश दिये गए। अधिकारियों ने कहा कि सोशल मीडिया पर ऐसे पोस्ट - कमेंट न करें जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हो। किसी भी प्रकार की उत्तेजनाप्रद, अशोभनीय पोस्ट शेयर न करें। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

सालाना उर्स का आयोजन किया गया

पुरवा-उन्नाव। बाजू शहीद मर्द शाह रहमतुल्लाह अलैहे की दरगाह पर एक दिवसीय सालाना उर्स का आयोजन किया गया। नगर के मोहल्ला मियां टोला स्थित तकिया कब्रिस्तान में बृहस्पतिवार की रात पूर्व सभासद मो० अबरार द्वारा सरकार बाजू शहीद मर्द शाह रहमतुल्लाह अलेहे की बारगाह पर एक दिवसीय कव्वाली का आयोजन किया गया, जिसमें कव्वाल शाहिद झंकार नागपुरी व कव्वाला मोहतरमा नेहा सुल्तानी नागपुरी के बीच मुकाबला जारी रहा और रात भर जायरीनों का जमावड़ा लगा रहा। वहीं कव्वाल शाहिद झंकार ने गाया या रसुल्लाह कर दो करम। तो वहीं नेहा सुल्तानी ने गाया ऐ मेरे अल्लाह रहमतों का रहमो करम कर दो, जैसे कलामों से महफिल सजी रही और जायरीनों द्वारा रात भर कव्वाली कार्यक्रम का लुफ्त उठाया गया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन व एडवोकेट अब्दुल बारी, मेराज, शमसुद्दीन उर्फ काले, सलमान बावर्ची, मुशीर खान, शमसाद रैनी, सारिक शेख, चंदन उर्फ सानू, महताब आलम, इमरान कुरैशी, आजाद कुरैशी, जफर कुरैशी, चांद बाबू, मुशीर कुरैशी, अजमेरी, फैसल आदि लोग मौजूद रहे।

तमंचा सहित युवक गिरफ्तार

पुरवा-उन्नाव। कोतवाली पुलिस ने अवैध तमंचा के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा। आरोपी युवक शिवम कश्यप पुत्र स्व० राम निरंजन कश्यप उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम रुकुमपुर थाना बारा सगवर को मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को पासा खेड़ा प्राथमिक विद्यालय के समीप से एक अदद अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ बरामद किया। कोतवाली टीम में उपनिरीक्षक विनोद सिंह, हेड कांस्टेबल अविनाश कुमार ओझा व कांस्टेबल प्रशांत सिंह ने गिरफ्तार किया।

पुलिस पर मारपीट का आरोप, सीओ बहेड़ी करेंगे जांच

बहेड़ी-बरेली। कोतवाली क्षेत्र के महेंद्र पाल पुत्र बिहारी लाल निवासी ग्राम नजरगंज ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में सिरसा चौकी के पुलिसकर्मियों पर मारपीट का आरोप लगाया है। महेंद्र पाल ने बताया कि 13 जून को रात्रि 9:00 बजे के आसपास ट्रैक्टर से अपना ग्राम बरा में खेत जोत कर अपने घर नजरगंज वापस जा रहा था। इसी दौरान सिरसा चौकी के उप निरीक्षक कुशल पाल, हेड कांस्टेबल रणवीर सिंह, कांस्टेबल गौरव कुमार, अभिषेक तेवतिया ने आकर उसे रोक लिया। इससे पहले कि वह उससे पूछताछ करते या वह पुलिस को कुछ बताता पुलिस ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में उसके दोनो हाथों में चोट लगी है साथ ही उसने पुलिसकर्मियों पर पेट पर ईट से मारने का भी आरोप लगाया है।

डीएम ने कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा की

जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यो की विस्तृत समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा विभागवार नगर विकास, वन, परिवहन, भूमि अध्यापित, राजस्व, खनन, कृषि, श्रम, मत्स्य, वाणिज्यकर, आबकारी, विद्युत आदि से गत वर्ष में आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष किये गये कर संग्रह की विस्तृत जानकारी ली गयी। साथ ही लक्ष्य के सापेक्ष कम वसूली करने वाले विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये गये कि प्रवर्तन कार्यो में तेजी लाते हुए शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कर संग्रह करना सुनिश्चित करे।

राजस्व कार्यो की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि पॉच वर्ष से अधिक समय से लम्बित वादों का निस्तारण जल्द से जल्द करे, तथा वर्तमान में प्राप्त होने वाले वादों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारित कराना सुनिश्चित करे। उन्होने कहा कि आय व जाति प्रमाण पत्रों की तहसील स्तर पर गहन समीक्षा की जाए तथा अपात्र व्यक्तियों को ई0डब्ल्यू0एस0 प्रमाण पत्र कदापि जारी न किया जाए। सभी उप जिलाधिकारी व तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्र के लेखपाल व कानूनगो पर अंकुश लगाये, ताकि सभी राजस्व कार्य शासन की मंशा के अनुरूप किये जा सके। उन्होने कहा कि अविवादित वरासत व दाखिल-खारिज को समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारित करे तथा जमीन का आवंटन पात्र व्यक्ति को ही किया जाए। लम्बित आईजीआरएस की शिकायतों के सम्बन्ध में उन्होने कहा कि शिकायतों का निस्तारण ससमय व गुणवत्तापूर्ण किया जाए ताकि एक ही समस्या को लेकर जन सामान्य को बार-बार शिकायत न करना पडे.। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने तहसील हसनगंज में की गयी गुड प्रैक्टिसेस जैसे चकबन्दी, आकार पत्र 41 एवं 45 का डिजिटाईजेशन तथा तालाब पट्टों से लगान वसूली एवं सड़क के किनारे की भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने आदि की सराहना व्यक्त की। जानकारी के मुताबिक तहसील हसनगंज के सभी ग्रामों में अभियान चलाकर चकबन्दी आकार पत्र 41 एवं 45 को स्कैन कराकर डिजिटाईज कराया गया है। जिससे आगे से किसी भी प्रकार का हेरफेर नही हो सकेगा। विगत वर्षो में मत्स्य पालन हेतु हुए 558 पट्टों की जॉच करायी गयी जिसमें से 338 में प्रॉपर लगान जमा नही हो रहा था, तथा उन्हे नोटिस दी गयी और कुछ आर्वटियों से 2.98 लाख रुपए ग्राम सभा के खाते में जमा कराये गये। इसके अलावा सड़क के किनारे की जमीन का अभिलेखो से मिलान कराया गया और अवैध कब्जे से भूमि को अवमुक्त कराकर संरक्षित किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) नरेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी विकास कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्टेज्ट हिमांशु गुप्ता, नगर मजिस्टेज्ट राजीव राज सहित समस्त उप जिलाधिकारी गण व तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक

सिरौली-बरेली। आगामी त्यौहार बकरा ईद एवं दशहरा को लेकर शुक्रवार को थाना सिरौली में एक पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सिरौली क्षेत्र के गणमान्य लोग पहुंचे। इंस्पेक्टर लव सिरोही ने बैठक में आए लोगों से कहा कि बकरा ईद एवं गंगा दशहरा का पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं। किसी भी तरह की कोई नई परंपरा ना डालें बकरा ईद पर कुबार्नी खुले में नहीं करें। नमाज केवल मस्जिद में अदा होगी रोड पर नमाज अदा नहीं होगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी नहीं की जाएगी।

कुबार्नी करते समय साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। मीरगंज सीओ डॉक्टर दीपशिखा ने कहा कि कुबार्नी का कोई भी फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड ना करें। जिससे किसी तरह का कोई विवाद पैदा हो त्योहार आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मनाएं। पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इस दौरान उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत के अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

44 डिग्री सेल्सियस पहुंचा जिले का तापमान

सीतापुर। शुक्रवार की सुबह से ही गर्म मौसम सभी को सताने लगा। लोगो की जब नींद टूटी, जमकर उमस पड़ रही थी। सुबह से ही धूप लोगों को सताने लगी। दिन चढ़ने के साथ ही मौसम का मिजाज तल्ख होता चला गया। दिन चढने के साथ उमस ने लोगों को परेशान करके रख दिया। गर्म मौसम से बचने के लिए लोगों ने नदी, नहर व तालाबों की शरण ली। इस दौरान स्वीमिंग पूल में भी भीड़ रही। ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूद बाग भी लोगों को राहत देने का केंद्र बनी रही। ग्रामीणों ने घर छोड़क र बागों में शरण ली। दोपहर के वक्त कूलर व पंखे भी गर्म हवा फेंकते नजर आए। वहीं आसमान से तो मानों आग बरस रही हो। इस तपते मौसम में जिले का अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रहा। भीषण गर्मी की वजह से लोग व्याकुल से हो उठे। ऐसे में जो भी व्यक्ति अपने घर से निकला, उसे शरीर को झुलसा देने वाली गर्म हवा से सामना करना पड़ा। दोपहर के वक्त ही भीषण बिजली कटौती ने लोगों को जमकर परेशान किया। पूरा दिन मौसम उतार चढ़ाव का एहसास कराता रहा। शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 44डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस से उछलकर 32 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।

एसपी ने परेड का किया निरीक्षण

सीतापुर। शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स परेड ग्राउंड में को परेड का आयोजन किया गया। एसपी चक्रेश मिश्रा पुलिस लाइंस पहुंचे। एसपी ने परेड का निरीक्षण किया व परेड की सलामी ली। परेड का निरीक्षण करते हुए अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। परेड में क्षेत्राधिकारी लाइन्स, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन्स, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर, देहात, बिसवां, संदना, मछरेहटा, महोली, कमलापुर, सदरपुर व थानाध्यक्ष मानपुर तथा डायल 112 पुलिस टीम व पुलिस लाइन पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने के निर्देश दिए। एसपी ने नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन रखने तथा शस्त्रागार, पुलिस लाइन भवनध्परिसर का निरीक्षण कर साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में की समीक्षा बैठक

सीतापुर। जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जल-जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यों की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि शेष कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए।

जिलाधिकारी ने सभी जेई को निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्रों में मिशन के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का स्वयं निरीक्षण कर दो दिवस के भीतर विस्तृत आख्या प्रस्तुत करें। जनपद स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित करते हुये जलापूर्ति एवं अन्य गतिविधियों की नियमित रूप से निगरानी की जाये। इसी प्रकार ग्राम पंचायत स्तर पर संबंधित पंचायत घर में कन्ट्रोल रूम स्थापित कराया जाए। जलापूर्ति से संबंधित कोई भी समस्या प्राप्त होने पर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि निमार्णाधीन परियोजनाओं में सड़कों के रिस्टोरेशन का कार्य पूर्ण गुणवत्ता से कराया जाए। संबंधित अधिकारी इसकी नियमित रूप से जांच भी करना सुनिश्चित करें। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संचालित परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराये जाने के निर्देश देते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित गांवों में बाढ़ के दौरान सुचारू जलापूर्ति हेतु कम से कम 8 फीट ऊंचा पब्लिक स्टैण्ड पोस्ट सीढ़ियों सहित बनाया जाए। उन्होंने कहा कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, उनमें सुचारू रूप से जलापूर्ति सुनिश्चित की जाये। विद्यालयों में भी प्राथमिकता के आधार पर जलापूर्ति सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। बैठक में सीएमओ निधि बंसल, एडीएम नीतीश कुमार सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

खैराबाद थाने पहुंचे सांसद राकेश राठौर

सीतापुर। खैराबाद कमाल सरांय संगत के प्रबंधक महंत बजरंगमुनि दास के साथ बीती शाम घटना हुई थी। उसके उपरांत दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने 6 लोगों के नाम मुकदमा दर्ज कर लिया था। लेकिन आज प्रातः उन्ही नामजद लोगों के परिवार से एक फलक नाम की लड़की को जब पुलिस ने अपनी हिरासत में ले लिया। तब उसी को लेकर सीतापुर सांसद राकेश राठौर थाना खैराबाद में अपने कई दर्जन समर्थकों के साथ पहुंचे ।सांसद ने वहां

● पुलिस से हुई तकरार

विरोध करते हुए धरना शुरू कर दिया। इस संबंध में सांसद राकेश राठौर ने बताया कि वह सहज भाव के साथ थाना खैराबाद में आए थे। पढ़ने वाली छात्रा अगर दोषी नहीं है, अगर उसका नाम एनसीआर में हो तो उसे ने तत्काल दिखाया जाए। यदि छात्र दोषी नहीं है, तो उसको मुक्त कर दिया जाए। जब उनकी बात 1 घंटे से अधिक समय तक सुनी नहीं गई, तो वह थाना खैराबाद में बातचीत करने हेतु बैठ गए हैं। उनके साथ उनके कई समर्थक भी थाना खैराबाद में धरने पर बैठे मिले। उन्होंने बताया कि खैराबाद में बातचीत हो गई थी, उसी के संबंध में पुलिस ने कुछ लोगों के नाम मुकदमा दर्ज किया है। लेकिन उन्ही के परिवार की एक छात्रा को पुलिस पकड़ के ले आई है।

जिसका नाम एनसीआर में भी दर्ज नहीं है। यदि एनसीआर में दर्ज है, तो पुलिस उसे तत्काल दिखाएं तथा छात्रा को तत्काल रिहा करें। मौके की नजाकत को देखकर जिला पुलिस प्रशासन ने कई थाने की पुलिस खैराबाद थाने में लगा दी थी। लेकिन जब पुलिस के अधिकारियों ने सांसद से वार्ता की, तो तीखी नोंकझोंक के उपरांत बात नहीं बन पाई। सांसद ने कहा कि सीतापुर के अंबेडकर पार्क में जाकर धरने पर बैठूंगा तथा जरूरत पड़ी तोआमरण अनशन करूंगा।

पेड़ पर लटका मिला दुष्कर्म के आरोपी का शव

आंवला-बरेली। आंवला क्षेत्र में संदिग्ध अवस्था में दुष्कर्म के आरोपी की मौत हो गई। युवक का शव पेड़ से लटका मिला। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। आंवला क्षेत्र के ग्राम रसूला और गोटिया के बीच में मिर्ची के खेत में लगे वकेना के पेड़ पर युवक का शव लटका मिला। बताया जाता है मृतक जितेंद्र सिंह निवासी मुसराह दुष्कर्म का आरोपी है। सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

सूचना पर इंस्पेक्टर आंवला वीरेश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को पेड़ से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम को भेजा। वहीं फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया और सैंपल लिए। यहां बता दें दो दिन पूर्व मृतक जितेंद्र सिंह सहित तीन लोगों के खिलाफ पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा पंजीकृत किया था।

कन्या भोज व विशाल भंडारे के साथ महायज्ञ संपन्न

सीतापुर। लहरपुर इलाके के धौरहरा गांव में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन की पूणार्हुति शुक्रवार को कन्या भोज व विशाल भंडारे के साथ हुआ। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग कर प्रसाद ग्रहण किया।

यज्ञाचार्य पंडित राधा मोहन अवस्थी ने यज्ञ की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि, यज्ञ सामूहिकता का प्रतीक है। यज्ञ करने से जहां वातावरण शुद्ध होता है, वहीं यज्ञ में मंत्रों के उच्चारण से उसका प्रभाव समस्त क्षेत्र पर पड़ता है। यज्ञ के धुएं से वायु शुद्ध हो जाती है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर आहुतियां डालीं। सुख समृद्धि की कामना की। संत सम्मेलन में कथा व्यास पंडित अखिलेश महाराज ने अत्याचारी कंश के वध की कथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जब - जब पृथ्वी पर अत्याचार अनाचार और अधर्म बढ़ता है। तब - तब भगवान अपने भक्तों की पीड़ा को दूर करने के लिए अवतार लेते हैं। इस अवसर पर वैदिक आचार्य राधा मोहन अवस्थी, सुरनायक बाजपेई, शिवराम मिश्र, पंडित श्याम शुक्ला, संदीप पाण्डेय, चंद्रशेखर, आसाराम शुक्ला, उमेश दीक्षित, सूर्य प्रसाद, शैलेंद्र, मुरारी अवस्थी, तेजशंकर शुक्ला आदि मौजूद रहे।

21 रक्तदानियों के साथ इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी ने मनाया विश्व रक्तदान दिवस

उन्नाव। 14 जून को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जनपद शाखा उन्नाव द्वारा विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर पंडित उमाशंकर दीक्षित संयुक्त चिकित्सालय उन्नाव में बृहद स्तर पर रक्तदान सिविल का आयोजन किया गया जिसमें शिविर का उद्घाटन इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष पब्लिक जिलाधिकारी गौरांग राठी के द्वारा किया गया ।विश्व रक्तदान दिवस पर महादानियों ने रक्तदान किया जिसमें शुरूआत जिलाधिकारी गौरंग राठी द्वारा करते हुए सदर विधायक पंकज गुप्ता, मुख्यविकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा, अमित सोनकर पिछला वर्ग दिव्यांग कल्याण अधिकारी, रेड क्रॉस सचिव संदीप कुमार पांडे, संजय सिंह फौजी सदस्य सोसाइटी प्रबंध समिति, के अतिरिक्त सुनील तिवारी, त्रिनेत्र दीक्षित,प्रशांत सोनी,जंग बहादुर सिंह, बृजेश वर्मा, तपन मिश्रा, रामजीवन, आर्यन चौरसिया, आरएसएस के नगर संघ चालक एसपी सिंह, आदर्श दीक्षित, जीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर श्याम सुंदर पाठक, अनुज बाजपेई, देवेंद्र मलिक सहित 21 महादानियों ने रक्तदान किया।

रक्तदान करने के बाद जिलाधिकारी गौरांग राठी ने जनपद के समाजसेवियों राजनीतिज्ञ को पूर्व सैनिकों छात्रों का आवाहन किया एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के बैनर पर तहसील स्तर पर भी रक्तदान करने में समिति को अपनी भूमि का अदा करने को कहा। सभापति आशा दिन तिवारी ने सभी अतिथियों व रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा एक वृत्त के रक्तदान से चार लोगों का जीवन बचाया जा सकता है मुख्य विकास अधिकारी ने समाज के लोगों से अपील की कि वह नियमित रक्तदान करते रहें ताकि जनपद में रक्तलप्ता के कारण किसी की मृत्यु ना हो पाए। इस कार्यक्रम में सदर विधायक पंकज गुप्ता,बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार, भाजपा वरिष्ठ नेता आनंद अवस्थी, नगर अध्यक्ष सुशील तिवारी, केडी त्रिवेदी सोसाइटी प्रबंध समिति से कार्यक्रम संयोजक हर्ष तिवारी, हरिहर दीक्षित, मोहम्मद सलीम, पूर्व सैनिक समाज सेवा एसोसिएशन प्रदेश महासचिव संजय सिंह फौजी के साथ जिला अध्यक्ष सार्जेंट राजेश सिंह सेंगर,कैप्टन विष्णु कुमार गौड़, सूबेदार एसपी यादव ,सीपीओ प्रेम कुमार शुक्ला, हवलदार राजदीप सिंह, प्रशांत सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानु मनीष पांडे अश्वनी त्रिपाठी ज्ञानेंद्र सिंह क्राई कॉम कार्यक्रम में समिति के आजीवन सदस्य हिमांशु शर्मा, प्रदीप शुक्ला, रुचि शुक्ला, प्रियंका शुक्ला, एनसीसी के बड़ी लेफ्टिनेंट विपिन कुमार लेफ्टिनेंट रवि रंजन आदि उपस्थित रहे।

रक्तदान के लिए किया जा रहा जागरूक

उन्नाव। विश्व रक्तदान दिवस पर राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद संस्थापक/अध्यक्ष अंकित शुक्ला की ओर से कई जिलों में रक्तदान शिविर का वृहद स्तर पर आयोजन किया गया इस दौरान एनसीसी कैडेट के साथ जनप्रतिनिधियों और अफसरों ने बढ़-चढ़ कर सहयोग किया और रक्तदान भी किया सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक होने वाले इस आयोजन में महिलाओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई रक्तदान शिविर में जरूरतमंद मरीजों के लिए लोग रक्तदान करने ब्लड बैंक पहुंचें संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने बताया की आपके रक्त की एक यूनिट से चार मरीजों की जान बचेगी ऐसी मानव सेवा के लिए लोगों ने कदम बढ़ाए और रक्तदान किया इन शिविरों में सुबह से ही लोगों ने भरपूर उत्साह दिखाया एक डोनर कार्ड दिया जिससे जरूरत पर अपने मरीज के लिए बिना रक्तदान किए एक यूनिट ब्लड प्राप्त कर सकते हैं संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने बताया कि रक्तदान करने से कोई कमजोरी नहीं आती। सात दिन में रक्त और 90 दिन में आयरन की पूर्ति हो जाती है शिविरों में एकत्रित रक्त का उपयोग अस्पताल में जरूरतमंद मरीजों के इलाज में होगा इन यूनिटों से कैंसर, थैलेसीमिया, एनमिक गर्भवती महिला, दुर्घटना में घायलों, लावारिस मरीजों, अन्य जरूरतमंदों की जान बच सकेगीं। संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने बताया की रक्तदाता दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणालियों में स्वैच्छिक, अवैतनिक रक्तदाताओं के महत्वपूर्ण योगदान को उजागर करना, राष्ट्रीय और स्थानीय अभियानों को मजबूत कर स्वैच्छिक रक्तदाता कार्यक्रमों को मजबूत और विस्तारित करने में राष्ट्रीय रक्त आधान (ट्रान्सफ्यूजन) सेवाओं, रक्त दाता संगठनों और सरकारी संगठनों का समर्थन कराना है। इसके साथ ही रक्तदाताओं को हार्ट अटैक व कैंसर के खतरे सहित कई अन्य प्रकार बीमारियां अपेक्षाकृत कम होती है। रक्त पतला होने से रक्त का थक्का नहीं बनता है। वही नसों में इसका प्रवाह अधिक सुगमता से होता है। सबसे अहम बात यह है कि रक्तदान करने वालों को मानसिक रूप से शांति का भी एहसास होता है।

धामपुर बायो ऑर्गेनिक लिमिटेड में स्वैच्छिक रक्तदान

मीरगंज-बरेली। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर आईएमए ब्लड बैंक बरेली के माध्यम से धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लिमिटेड इकाई मीरगंज द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें इकाई प्रमुख संजय श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही रक्तदान भी किया। इस दौरान डी बी ओ एल मिल के तमाम कर्मचारियों ने रक्तदान में हिस्सा लिया और सभी कर्मचारियों ने रक्तदान करने के लिए अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित किया ताकि जरूरतमंदों को इसका लाभ मिल सके। चीनी मिल द्वारा ऐसे सामाजिक हित में कार्य समय-समय पर कराए जाते रहे हैं यह रक्तदान शिविर आई एम ए ब्लड बैंक बरेली के माध्यम से धामपुर बायो ऑर्गेनिक लिमिटेड इकाई मीरगंज ने शिविर लगाकर इसका आयोजन किया गया ।उपस्थित अधिकारी अरविंद गंगवार, महाप्रबंधक मानव संसाधन एवं प्रशासन एवं आजाद सिंह मुख्य महाप्रबंधक गन्ना जय गोपाल चावला, महाप्रबंधक लेखा समोद महाप्रबंधक उत्पादन, रवि गुप्ता, संजय कुमार सिंह वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासनिक, नवीन श्रीवास्तव वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन ने सभी कर्मचारियों से रक्तदान करने की अपील भी की जिसमें सभी कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा भी लिया। रक्तदान करने वालों में डीबीओएल शुग व जितेंद्र कुमार, विजय शुक्ला, रतीरचौह जोशी, आशुतोष कुमार, रचित गॉड, लोकेश दीक्षित, समेत तमाम कर्मचारी प्रमुख थे।

आपसी सौहार्द के साथ मनायें ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्यौहारः डीएम

ललितपुर। आमामी 17 जून 2024 को ईद-उल-अजहा (बकरीद) त्यौहार को परम्परागत शान्तिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाये जाने हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जनपद के धर्मप्रमुखों व सम्बंधित अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में शान्ति एवं कानून व्यवस्था की बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने जनपदवासियों से त्यौहार को आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील भी की। जिलाधिकारी ने कहा कि ईद-उल-अजहा (बकरीद)त्यौहार के दौरान सुबह 7 बजे से 10 बजे के मध्य ईदगाहोंध्मस्जिदों में सामूहिक नमाज अदा की जाएगी, इस हेतु सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें, पेयजल व विद्युत आपूर्ति सुचारु रखें, विद्युत फाल्ट आने पर तत्काल ठीक करायें तथा धार्मिक स्थलों पर पर्याप्त सफाई व्यवस्था करायी जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि त्यौहर पर आपात कक्ष में इमरजेन्सी डॉक्टर मय स्टाफ एवं आवश्यक दवाओं के साथ उपस्थित रहेंगे, एम्बुलेंस भी सक्रिय रहेंगी। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाकर सफाई करायी जाए। यातायात व्यवस्था बेहतर तरीके से व्यवस्थित की जाए, वाहनों को एकत्र न हो दें तथा बाजारों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की चैकिंग भी करायी जाए। उन्होंने समस्त उप जिला मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए पीस कमेटी की बैठकें आयोजित करा लें ।जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था पूर्ण रुप से व्याप्त है, प्रत्येक धार्मिक आयोजन में शासन के दिशा-निदेशों का अनुपालन अति आवश्यक है। धर्मगुरु किसी भी प्रकार के धार्मिक आयोजन की सूचना अपने क्षेत्र के थानों में अवश्य दें। किसी भी प्रकार की अफवाह या संदेहास्पद व्यक्तिध्अराजक तत्व के बारे में तत्काल प्रशासन को तत्काल सूचित करें, कार्यवाही की जा सके।

सरस्वती मेडिकल कॉलेज में रक्त दान शिविर का सफल आयोजन

नवाबगंज, उन्नाव। सरस्वती मेडिकल कॉलेज में 14 जून को जो कि इस वर्ष जीवन रक्षक योगदान देने वाले स्वैच्छिक रक्त दाताओं को सम्मानित करने की 20वीं वर्षगांठ का विशेष उपलक्ष्य है, रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ संसथान के प्रधानाचार्य प्रो० आर.एन. श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ० स्वेतांक अग्रवाल एवं मुख्य वित्त अधिकारी अखिलेश मौर्या द्वारा किया गया। शिविर में मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं, अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समाज के प्रति सेवा भाव रखने वालों ने स्वैच्छिक रूप से रक्त दान कर इस नेक कार्य में अपना योगदान दिया। शिविर के दौरान रक्मतदाताओं ने इस महत्वपूर्ण सेवा से जुडे रहने का संकल्प लिया। शिविर के आयोजन में मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों और स्टाफ की टीम ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने रक्त दान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराया और रक्तदाताओं की देखभाल सुनिश्चित की। प्रधानाचार्य प्रो० श्रीवास्तव ने सभी डॉक्टरों और स्टाफ की टीम, आयोजकों और रक्तदाताओं को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि रक्त दान जैसे कार्यक्रम समाज के लिए वरदान साबित होते हैं और इससे कई जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे शिविरों के आयोजन पर बल दिया। यह शिविर मेडिकल कॉलेज परिवार की सामाजिक प्रतिबद्धता और मानवीय सेवा को दशार्ता है। इसकी सफलता से प्रेरित होकर आने वाले समय में भी इस तरह के रक्त दान शिविरों का आयोजन जारी रहेगा ताकि और अधिक लोगों को इस महान सेवा से जोड़ा जा सके। इस दौरान ब्लड सेंटर पर डा0 रविकांत वर्मा, आशुतोष कुमार शर्मा, कलश श्रीवास्तव, अश्वनी कुमार आदि स्टाफ सहित रजनीश सिंह, प्रियांशु श्रीवास्तव, कमलदीप वर्मा भी उपस्थित रहे।

करोड़ों की भूमि को अवैध कब्जों से कराया मुक्त

बिजनौर। एसडीएम अवनीश कुमार त्यागी के नेतृत्व में राजस्व व पुलिस विभाग की टीम ने तेलीपाड़ा स्थित ग्राम समाज की 2615 बीघा भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराकर राजस्व विभाग की सुपुर्दगी में ले लिया गया है। सर्किल रेट के अनुसार भूमि की कीमत 74 करोड़ 68 लाख 78 हजार रूपए बताई जारी रही है। नगीना एसडीएम अवनीश कुमार त्यागी के अनुसार उच्च न्यायालय इलाहाबाद में याचिका किशनचंद बनाम उत्तर प्रदेश व अन्य के संबंध में 24 अगस्त 2021 को पारित आदेश के अनुपालन में डीएम बिजनौर द्वारा अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित की गई थी।

कमेटी द्वारा नगीना तहसील के ग्राम तेलीपाड़ा की ऐसी भूमि जो 1359 फसली में ग्राम समाज संपत्ति थी परंतु बाद में राजस्व अभिलेखों में कूटरचित प्रविष्ठि द्वारा निजी व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दी गई थी। प्रदेश स्तरीय जांच कमेटी के राजस्व विभाग उत्तर प्रदेश सरकार अनुमोदन के बाद उप जिलाधिकारी (न्यायिक) नगीना के न्यायालय में ग्राम तेलीपाड़ा के संबंध में दर्ज वाद उत्तर प्रदेश बनाम मामचंद आदि में 12 जून 2024 को पारित अंतरिम आदेश के द्वारा गाटा संख्या 16 व 22 के कुल रकबा 219.67 हैक्टेयर मूल श्रेणी 5 जंगल झाड़ीदार में दर्ज कर दिया गया।

संक्षेप

युवक को मिली नयी जिंदगी

बरेली। सड़क हादसे में अपनी जान खो रहे युवक को मैक्स हॉस्पिटल थोरेसिक एंड रोबोटिक थोरेसिक सर्जरी के जरिये नया जीवन देने का काम किया।जानकारी के मुताबिक बरेली निवासी रजत पराशरी अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे। इस बीच सड़क दुर्घटना में उनकी बाईं कलाई और बाएं टिबिया में फ्रैक्चर हुआ जिसमे उनके कई गंभीर चोटें आई उनके सीने के बाईं तरफ गहरा आघात हुआ था। शुरू में बरेली के रामगंगा अस्पताल में उनके फ्रैक्चर के लिए इलाज के बाद उनको मेडिसिटी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। वहां से उनको मैक्स हॉस्पिटल पटपड़गंज के लिए रेफर किया गया। उन्हें सांस की समस्या के साथ सीने में दर्द और बाईं तरफ के ऊपरी हिस्से में कमजोरी महसूस हो रही थी। हॉस्पिटल के थोरेसिक एंड रोबोटिक थोरेसिक सर्जरी के एसोसिएट डायरेक्टर डॉक्टर नरेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने तत्काल रजत की समस्याओं का मूल्यांकन किया और वीडियो असिस्टेड थोरेकोस्कोपिक सर्जरी (वीएटीएस) और ब्रोन्कोस्कोपी की। जिसके बाद एडवांस सर्जिकल तकनीक की मदद से उनकी सर्जरी कामयाब हुई है। युवक को नया जीवनदान मिला है।

पारा 45 पार बिजली गुल लोग परेशान अधिकारी मस्त

फरीदपुर-बरेली। ट्रांसफार्मर खराब होने से नगर की सप्लाई 5 घंटे पूरी तरह ठप हो गई है। जिसे लेकर लोगों में बिजली विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश है। नगर का तापमान 45 डिग्री तक पहुंच गया। और नगर में बैंक ऑफ बड़ौदा वाली गली तथा पानी वाली टंकी के दो ट्रांसफार्मर खराब हो गए हैं इसके अलावा कई जगह तार टूट गए। ट्रांसफार्मर बदलने व तार जोड़ने के कारण 1:00 बजे से नगर की विद्युत आपूर्ति पूरी तरीके से बंद रही। जो शाम 7:00 बजे तक नहीं शुरू हो सकी बिजली विभाग के अधिकारी को कहना है की सप्लाई 8:00 बजे के बाद ही शुरू हो सकती है। लगभग 7 घंटे की इस भीषण गर्मी में विद्युत कटौती के कारण लोग परेशान हो गए है। छोटे-छोटे बच्चे परेशान है घरों में पेयजल तक की समस्या उत्पन्न हो गई है। समस्याओं को लेकर बिजली विभाग के खिलाफ लोगों में गुस्सा फूटा हुआ है।

पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए बने प्रेरणा स्रोत

बांदा। समाजसेवी व भाजपा नेता आनंद स्वरूप द्विवेदी पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए प्रेरणा स्रोत साबित हो रहे हैं। उन्होंने बीते कई दिनों से स्वयं बड़ी संख्या में पेड़ो पर जलपात्र टांगने का सिलसिला शुरू कर रखा है। उन्होंने लोगों से पक्षियों के लिए अपने घर, आंगन के पेड़ों, छत या बालकनी पर जलपात्र रखने की अपील की है। उनका कहना है कि गर्मी में पानी को अमृत के समान माना गया है। मनुष्य को प्यास लगती है तो वह कहीं भी पानी मांगकर पी लेता है लेकिन बेजुबान पशु-पक्षी प्यास में तड़पते रहते हैं। कुछ लोग तो पानी पिला देते हैं लेकिन कुछ लोग इन्हे भगा भी देते हैं। भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों की जिंदगी बचाने के लिए लोगों के इनकी प्यास बुझाने का प्रयास करना चाहिए। इससे गर्मी के दिनों में पानी की कमी से अनेक परिंदों व पशुओं की होने वाली मौत को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि बेजुबान परिंदों व पशुओं को भीषण गर्मी में यहां-वहां पानी की तलाश में भटकना पड़ता है। यदि पानी नहीं मिला तो वह बेहोश होकर जान भी गवां देते हैं।

जमीन कारोबारी पर हथियारों से जानलेवा हमला

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। गुरूवार देर शाम वर्णी कॉलेज के पास स्कूटी सवार जमीन कारोबारी पर बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने भारी हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया।

घनी आबादी के बीच घटित इस घटना से आसपास के लोग सत्ब्ध रह गये। आनन-फानन में घायल जमीन कारोबारी को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय ने अस्पताल पहुंच कर घायल से जानकारी ली। जमीन कारोबारी व उसके परिजनों ने पूर्व राज्यमंत्री व उनके पुत्र समेत बाइक सवार तीन अज्ञात लोगों पर षड़्यंत्र पूर्वक हत्या करने के प्रयास का गंभीर आरोप लगाया है।

वहीं देर रात भारी पुलिस बल ने पूर्व राज्यमंत्री के सिविल लाइन स्थित घर पहुंच कर पूछताछ के लिए कोतवाली ले आये, जहां पूछताछ के बाद उन्हें देर रात ही छोड़ दिया गया। हालांकि पुलिस ने पूर्व राज्यमंत्री वीरेन्द्र सिंह बुन्देला, उनके पुत्र पवन सिंह बुन्देला व दो बाइक पर सवार तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।गौरतलब है कि विगत 9 जून को आजादपुरा निवासी अतुल जैन पुत्र स्व.सूरज भान ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया था कि जमीनी विवाद को लेकर पूर्व राज्यमंत्री वीरेन्द्र सिंह बुन्देला व उनके पुत्र पवन

- घायलावस्था में अस्पताल भेजा गया, एएसपी व सीओ ने की पूछताछ
- पूर्व राज्यमंत्री व उनके पुत्र समेत तीन बाइक सवारों पर एफआईआर दर्ज

सिंह बुन्देला ने अपने कर्मचारी के साथ सिविल लाइन स्थित अपने आवास में बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी थी। एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने वीरेन्द्र सिंह बुन्देला, पवन सिंह बुन्देला के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। इस घटना के चार दिन गुजरने के पश्चात गुरुवार देर रात वर्णी कॉलेज के मुख्य द्वार मोड पर दो बाइकों पर सवार तीन लोगों ने भारी-भरकम हथियारों से लैस होकर अतुल जैन पर जानलेवा हमला कर दिया।

जान से मारने की नीयत से किये गये इस हमले में अतुल जैन के सिर में गंभीर चोट आयी हो वहीं उसका एक हाथ भी टूट गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बताया जा रहा है कि हमलावर अतुल जैन को जान से मारने की नीयत से ही प्रहार कर रहे थे, लेकिन लोगों की भीड़ एकत्र होने और चीख-पुकार मचने के बाद हमलावर भाग खड़े हुये। आनन-फानन में अतुल जैन को उपचार के लिए, जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां जमीन कारोबारी अतुल जैन से घटना की जानकारी लेने के लिए एएसपी अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय भी पहुंचे।

अस्पताल में मीडिया से बात करते हुये जमीन कारोबारी ने पूर्व राज्यमंत्री वीरेन्द्र सिंह बुन्देला, उनके पुत्र पवन सिंह बुन्देला पर षड़्यंत्र कर दो बाइक पर सवार तीन लोगों को भेजकर जान से मारने की नीयत से हमला कराने का आरोप लगाया। जानकारी के बाद पुलिस ने दलबल के साथ सिविल लाइन स्थित पूर्व राज्यमंत्री वीरेन्द्र सिंह बुन्देला के आवास पहुंच कर उन्हें पूछताछ के लिए कोतवाली ले आये, जहां से देर रात उन्हें छोड़ दिया गया। पुलिस ने जमीन कारोबारी अतुल जैन के भाई मनोज जैन की तहरीर पर वीरेन्द्र सिंह बुन्देला पुत्र ऊदल सिंह बुन्देला, पवन सिंह बुन्देला पुत्र वीरेन्द्र सिंह बुन्देला व दो बाइक पर सवार तीन बाइक सवारों के खिलाफ धारा 323, 307, 506 व 120बी के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी इनका कहना है

जमीन कारोबारी पर हुये हमले को लेकर क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय ने अपना बयान जारी करते हुये बताया है कि पुलिस ने सूचना के आधार पर घायल अतुल जैन को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया है, जहां उसका उपचार किया जा रहा है। सीओ के अनुसार प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

रंगदारी मांगने का आरोप

ललितपुर। थाना नाराहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम अर्जुन खिरिया निवासी लोचन पुत्र गनेश ने सीजेएम न्यायालय में वाद दायर करते हुये अवगत कराया कि बीती 17 अप्रैल 2024 को रात करीब 8 बजे जब वह घर पर था। इसी बीच गांव में ही रहने वाले नवल पुत्र नन्ना, राकेश व महेन्द्र पुत्रगण नवल प्रजापति, अंकित पुत्र महेन्द्र और ग्राम डोंगराकलां निवासी तेज सिंह पुत्र बब्लू, खुशी एकराय होकर हाथों में लाठी-डण्डा, कुल्हाड़ी, देशी तमंचा व पेट्रोल से भरी कुप्पी लेकर उसके घर में घुस आये। आरोप है कि उक्त लोगों ने गालियां देते हुये कहा कि पुलिस व एसडीएम पाली के यहां शिकायत की थी, जिसमें हमारा 50 हजार रुपया खर्च हो गया है। उन्होंने उक्त रुपया वह उससे ही वसूल करेंगे की बात कहते हुये 50 हजार रुपये की रंगदारी मांगी और रुपया न देने पर उक्त लोगों ने उत्तेजित होकर लात-घूसों से उसके साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि नवल हाथों में कुल्हाड़ी लिये था, जिसने कुल्हाड़ी को गर्दन पर रख दिया। यह भी आरोप है कि तेज सिंह ने जान से मारने की नीयत से पेट्रोल से भरी कुप्पी उसके ऊपर उड़ेद दी। चीखने-चिल्लाने पर उसकी पत्नी राधारानी, पुत्रवधू फूलवती के अलावा पड़ौस में रहने वाले देशराज यादव व जगभान यादव मौके पर आ पहुंचे, जिन्होंने उक्त घटना देखी और बीच-बचाव किया।

थानों में त्योहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक

बांदा। आगामी त्योहारों को कुशलतापूर्वक संपन्न कराए जाने के लिए जिले के सभी थानों में शांति समिति की बैठकें आयोजित की गयीं। एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर शांति समिति की बैठक में धर्मगुरुओं व संभ्रांत लोगों से बातचीत कर त्योहारों को सकुशल संपन्न कराए जाने तथा कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के बारे में बातचीत हुई। बैठक में मौजूद लोगों के सुझाव लिए गये। त्योहारों के मद्देनजर सोशल मीडिया पर अराजकता फैलाने तथा सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले लोगों पर पुलिस कड़ी नजर रख रही है। त्योहारों को शांति पूर्वक परम्परागत तरीके से मनाने और किसी भी नयी धार्मिक परंपरा को बगैर अनुमति शुरू न करने तथा प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न देने की बावत जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। कोतवाली नगर में प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार दुबे की अध्यक्षता में धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत लोगों की बैठक हुई। उन्होंने शासन के निर्देशों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आगामी त्योहार शांतिपूर्ण व परंपरागत तरीके से मनाए जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी नई परंपरा बिना अनुमति के न शुरू की जाए। कोतवाली देहात में सीओ सिटी राजीव प्रताप सिंह व थानाध्यक्ष सुखराम ने शांति समिति की बैठक की। थाना अतर्रा में उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी गवेन्द्र पाल गौतम एवं नरैनी, चिल्ला, बबेरू, कमासिन, तिंदवारी, बदौसा, मरका, गिरवां, बिसंडा व फतेहगंज में भी शांति समिति की बैठक हुई।

अमृत सरोवरों में करोड़ो खर्च, उड़ रही धूल

बांदा। भीषण गर्मी के चलते विकास खंड कमासिन में तालाब पूरी तरह सूख गये हैं। यहां लगभग 30 से अधिक अमृत सरोवर हैं इन्हें सजाने संवारने के नाम पर करोड़ो रुपये खर्च किए गये हैं और इन्हे अमृत सरोवर नाम दिया गया है। लेकिन इन तालाबों में इस समय पानी की जगह धूल उड़ रही है। अन्ना मवेशी पीने के पानी के लिए मारे-मारे घूम रहे हैं। लोगों का कहना है कि अमृत सरोवरों के निर्माण में खूब धांधली हुई है। यही वजह है कि आज तालाबों में पानी ही नही है। ग्राम पंचायत भदांव में दो तालाब हैं। एक चंदेल व दूसरा बाबा तालाब। बाबा तालाब को बीते वर्ष अमृत सरोवर का दर्जा दिया गया था और इसके सौंदर्यीकरण के लिए लगभग 7 लाख से अधिक की धनराशि शासन से मिली थी। यहां केवल एक चबूतरा बनाकर सौंदर्यीकरण हो गया। इसके पहले पूर्व प्रधान ने तालाब की खुदाई के अलावा वृक्षारोपण के साथ पक्का घाट का निर्माण कराया था। लेकिन आज सरोवर से अमृत ही गायब है। इस वजह से यहां के गौवंश पानी के अभाव में भटक रहे हैं। बताते चलें कि कमोवेश यही हाल जिले के अधिकांश अमृत सरोवरों का है। कुछ तालाबों में पानी भरा है लेकिन अधिकांश तालाब सूखे पड़े हैं।

पत्नी की हत्या के आरोपी पति को 10 वर्ष की कैद

जिला संवाददाता(vol)

बांदा। गर्भवती बहू को अतिरिक्त दहेज न देने पर ससुरालीजनों ने मारकर फांसी पर लटका देने के आरोपी पति को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम चंद्रपाल द्वितीय की अदालत ने दस वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही अन्य धाराओं में सजा व पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सुशील तिवारी व सहायक शासकीय अधिवक्ता श्रवण कुमार तिवारी ने बताया कि पैलानी थाना क्षेत्र के गौशाला गांव निवासी फूलचंद्र निषाद ने थाना पैलानी में प्राथमिकी दर्ज करायी कि उसने 21 वर्षीय पुत्री राधा उर्फ भूरी की शादी पैलानी थाना के कुकुवाखास निवासी जय सिंह पुत्र लल्लू निषाद के साथ 29 मई 2015 को की थी। हैसियत के मुताबिक दान-दहेज देकर पुत्री को विदा किया था।

शादी के बाद ससुर लल्लू निषाद पुत्र बिंदवा, सास मुन्नी पत्नी लल्लू व जय सिंह पुत्र लल्लू निषाद तथा उनका रिश्तेदार शत्रुघ्न आदि लोग अतिरिक्त दहेज में एक मोटरसाइकिल व दो लाख रुपया की मांग कर रहे थे। न देने पर सभी पुत्री को प्रताड़ित करते रहे। 4 दिसंबर 2017 को साढ़े 11 बजे रात्रि में सभी लोगों ने मिलकर उसकी लड़की राधा को फांसी लगाकर मार डाला। सूचना मिलने पर वह रात्रि में ही कुकुवाखास पहुंच गया और उसकी लड़की का शव कमरे में बांस में साड़ी का फंदा लगा हुआ टंगा था।

अंदर से दरवाजा बंद था। इस मामले में विवेचक क्षेत्राधिकारी राजीव प्रताप सिंह ने ससुर, सास व अन्य रिश्तेदार को क्लीन चिट देते हुए एफआर लगा दी।

पति जय सिंह के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया गया। दोषी पति के विरुद्ध 13 दिसंबर 2018 को आरोप बनाया गया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से आठ गवाह पेश किये गये। पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों व दोनो पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद आरोपी पति जय सिंह को दोषी पाते हुए न्यायाधीश ने 10 वर्ष कैद की सजा सुनाई।

प्लास्टिक प्रयोग को रोकने के लिए निरंतर छापेमार कार्यवाही करें: डीएम

जिला संवाददाता(vol)

बिजनौर। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार की शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति, जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला पर्यावरणीय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि बैराज घाट पर स्थित शौचालयों की सफाई का कार्य करा दिया गया है और बैराज घाट पर स्थित पिट की मरम्मत एवं उसमें जाल लगाने का कार्य उनके निर्देशों के अनुपालन में किया जा रहा है।

उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि बैराज घाट पर जल भराव की समस्या का समाधान कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिंगल यूज एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक के प्रयोग को रोकने के लिए निरंतर छापेमारी की कार्यवाही एवं सिंगल यूज व प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करने वाली इकाइयों, डिस्ट्रीब्यूशन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने वायु प्रदूषण के मानकों का अनुपालन न करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने तथा जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने गंगा तटीय स्थित ग्रामों को पूर्ण रूप से प्रदूषण मुक्त करने के लिए अधिक से अधिक पौधे रोपित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बायोमेडिकल वेस्ट को राजकीय एवं प्राइवेट हॉस्पिटल व वेटनरी हॉस्पिटल से शत प्रतिशत एकत्रीकरण एवं उचित निस्तारण की कार्यवाही एवं निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा वन विभाग के तत्वाधान आयोजित जिला गंगा समिति की बैठक के निर्धारित सभी बिंदुओं पर गहन समीक्षा कर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने विभाग द्वारा कराए गए विभिन्न क्रिया कलापों एवं कार्यक्रमों की सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 विजय कुमार गोयल, सहायक प्रभागीय वनाधिकारी, क्षेत्रिय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी, सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

डीएम की अध्यक्षता में तहसील सदर में समाधान दिवस होगा आयोजित

बिजनौर। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि आज 15 जून को उनकी अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस प्रातः 10 बजे तहसील सदर बिजनौर में आयोजित होगा। जिलाधिकारी अंकित कुमार अगवाल ने सभी संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस अवसर पर प्रतिभाग सुनिश्चित करते हुए संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों को पूर्ण मानक एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारित कराना सुनिश्चित कराएं।

ट्रेन में धुआं निकलने से यात्रियों में हड़कम्प

बिजनौर। लखनऊ से चलकर चंडीगढ़ जा रही एक्सप्रेस ट्रेन में शुक्रवार की सुबह अचानक पहिये में चिंगारी निकलने के बाद धुंआ उठ गया और कोच में धुंआ फैलने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। खौफजदा यात्री अपनी जान बचाने के लिए रेल से कूदकर भागने लगे। भागने के दौरान कई यात्री घायल भी हो गये जानकारी के अनुसार लखनऊ से चलकर चंडीगढ़ जा रही एक्सप्रेस ट्रेन में चंदक रेलवे स्टेशन पर अचानक पहियों में चिंगारी उठी और धुआं फैलने लगा। पहियों से निकला धुंआ धीरे धीरे कोच में फैलने लगा तो यात्रियों में आग लगने की अफवाह फैल गई। घटना से यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। दहशत इस कदर थी कि ट्रेन रुकी भी नहीं थी कि धीमी होते ही यात्री ट्रेन से कूदने लगे और कई यात्री चोटिल हुए हैं। ट्रेन में आग लगने की अफवाह पर अफरा तफरी का माहौल हो गया। चंदक रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के रुकते ही अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल कर आग बुझाई। काफी देर तक वह ट्रेन स्टेशन पर खड़ी रही और पूरी तरह चेकिंग की गई। वहीं इस दौरान देहरादून से लखनऊ जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस को भी इसी स्टेशन पर रोका गया। यात्रियों में इतनी दहशत फैल गई थी कि ट्रेन के चलने पर भी वे उसमें सवार नहीं हुए और यात्री स्टेशन पर ही रुक कर दूसरी ट्रेन का इंतजार करने लगे।

डीएम, अधिकारियों, लोगों ने किया रक्तदान, दिए प्रमाण पत्र

बांदा। विश्व रक्तदाता दिवस पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने खुद भी रक्तदान करते हुए कहा कि विश्व रक्तदान दिवस पर जिले के कई विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा संभ्रांत लोगों ने रक्तदान किया है। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति के रक्तदान करने से चार लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि रक्तदान महादान है। इससे गंभीर बीमारी व दुर्घटनाओं के समय जरूरत पड़ने पर लोगों की जिंदगी को बचाया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की, कि कोई भी स्वस्थ्य व्यक्ति जिसे कोई गंभीर बीमारी नहीं है वह रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करने से शरीर का रक्त और गति से बढ़ता है। इस अवसर पर उन्होंने रक्तदान करने वाले सामाजिक संगठनों व अन्य लोगों को प्रमाणपत्र भी दिये।

एचडीएफसी बैंक के केसी पांडेय, अरूण पांडेय, मनीष मिश्रा, शीश नारायण मिश्रा, अमित सेठ, बसंत गुप्ता आदि लोगों को रक्तदान करने पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि अतुल तिवारी व विकास पांडेय तिवारी, प्रशांत द्विवेदी तथा पूर्व में रक्तदान करने वाले लोगों में रक्तदान कार्यक्रम में प्रतिभाग कर अनेकों बार रक्तदान किया है। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनिल श्रीवास्तव, सीएमएस डॉ आरती गुप्ता, डॉ सुनीता सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अजय कुमार, डॉ अरशद व कृष्ण कुमार अवस्थी आदि मौजूद रहे।

यूपी से चयनित छात्रा जापान जाने के लिए हुई रवाना

ललितपुर। जनपद के कस्बे महरौनी की छात्रा जापान में जापान साइंस एंड टेक्नोलॉजी कार्यक्रम के लिए पूर्व में चयनित की गई थी। यह प्रोग्राम जापान साइंस एंड टेक्नोलॉजी ऐजेंसी द्वारा जापान में कराया जा रहा है, जिसका नाम सकुरा साइंस हाईस्कूल प्रोग्राम (एसएसएचपी) है। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पूरे भारत देश से 21 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। उत्तर प्रदेश से सिर्फ तहसील महरौनी के राजकीय बालिका इण्टर कालेज की इंटरमीडिएट की छात्रा कु0 रश्मि पुत्री रामसहाय का चयन हुआ था। किसान की बेटी कु. रश्मि एक मेधावी छात्रा है। शुक्रवार को जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने मेधावी छात्रा का कार्यालय में फूलमालाओं से सम्मान किया। इस अवसर पर जीजीआईसी की प्रधानाचार्या पूनम मलिक, प्रधानाचार्य कोमल सिंह नरवरिया आदि ने भी मेधावी छात्रा को फूलमाला पहनाकर उसका स्वागत किया। मेधावी छात्रा सुबह ही टेंन्ज से दिल्ली के लिए रवाना हो गई। यहां वह एनसीईआरटी नईदिल्ली परिसर पहुंचेगी। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय हवाईअड्डा से उक्त छात्रा शनिवार को जापान के लिए रवाना हो जायेगी। उक्त छात्रा को सात दिनों तक जापान में रहकर वहां की टेक्नोलॉजी एवं साइंस से उसे परिचित कराया जायेगा, तो वहीं जापान में रहकर रश्मि भारतीय संस्कृति का परिचायक बनकर भूमिका निभायेगी। मेधावी छात्रा शुक्रवार को राजकीय हाईस्कूल कुम्हैड़ी के सहायक अध्यापक दिनेश कुमार शर्मा जो एस्कार्ट टीचर के रूप में नामित किये गये हैं, उनके साथ दिल्ली भेजे गये हैं। 22 जून को छात्रा जापान से नईदिल्ली एनसीईआरटी परिसर पहुंचेगी, जहां से श्री शर्मा मेधावी छात्रा को अपने साथ जनपद वापस लेकर आयेंगे। रश्मि के जापान जाने की खबर मिलते ही जनपद के मेधावियों, शिक्षकों एवं जनसामान्य को उस पर गर्व हो रहा है।

- डीआईओएस कार्यालय में किया गया मेधावी छात्रा का सम्मान

एसपी ने ली परेड की सलामी, अधीनस्थों को दिये आवश्यक निर्देश

महोबा। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई व टोलीवार परेड का निरीक्षण किया गया। शारीरिक एवं मानसिक रुप से फिट रहने हेतु परेड ड्रिल कराई गई। पुलिस कर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन कर बेहतर टर्नआउट मेंटेन करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत साप्ताहिक शुक्रवार की परेड के दौरान पुलिस लाइन में मौजूद सभी पुलिसकर्मियों से अभ्यास कराते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर भोजनालय व बैरक एवं शौचालय का साफ सफाई के दृष्टिगत निरीक्षण किया गया एवं पुलिस बल को प्रदान किये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को परखा गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा आदेश कक्ष में साप्ताहिक अर्दली रूम कर विभिन्न सुरक्षा गार्दों के रजिस्टर चेक किए गए। इस दौरान अभिलेखों को अद्यावधिक किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिये गये। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी दीपक दूबे व प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार सहित पुलिस लाइन एवं पुलिस कार्यालय के सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

नये कानूनों के संबंध में बैठक आयोजित

जिला संवाददाता(vol)

महोबा। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार तथा माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जेपी यादव के आदेशानुसार भारतीय संसद द्वारा पारित तीन नये आपराधिक कानूनों अर्थात भारतीय न्याय संहिता 2023 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के सम्बन्ध में माननीय अपर जिला जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तेन्द्र पाल द्वारा लीगल एड डिफेंस काउन्सिल तथा नामिका अधिवक्ताओं के साथ बैठक आहूत की गयी। माननीय अपर जिला जज व सचिव तेन्द्र पाल द्वारा उपरोक्त तीनो कानूनों के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देते हुये बताया गया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 तीन नये कानून भारतीय संसद द्वारा पारित किये गये हैं जो कि पुराने कानूनो का स्थान लेंगे। उपरोक्त तीनो नये कानून 1 जुलाई 2024 से प्रभावी हो जायेंगें। अर्थात 01 जुलाई 2024 के बाद से होने वाले अपराधों की विवेचना एवं जांच व विचारण नये कानूनों के आधार पर किया जायेगा। नये कानूनों द्वारा विचारण को जल्द से जल्द पूर्ण किये जाने पर बल दिया गया है तथा विवेचना मे फोरेंसिक साक्ष्य के संकलन पर बल दिया गया है। जिससे कि वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर आपराधिक मामलो का निस्तारण किया जा सके।

साथ ही भगोड़े. अभियुक्तों का विचारण उनकी अनुपस्थिति में किये जाने का भी प्राविधान किया गया है। साथ यह भी बताया कि नये आपराधिक कानूनों के सम्बन्ध मे व्यापक प्रचार प्रसार किया जायेगा। जिससे कि आम नागरिकों को भी नये कानून के बारे जानकारी हो सके। चीफ लीगल एड डिफेंस काउन्सिल रामऔतार सिंह द्वारा भी विस्तृत रूप से नये कानूनों के विषय पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि नये कानूनों मे झूठे परिवाद लाने पर लगाम लगाने की कोशिश की गयी है। अब परिवाद पर संज्ञान लेने से पहले अभियुक्त को भी सुनवाई का अवसर दिया जायेगा। बैठक मे लीगल एड डिफेंस काउन्सिल के डिप्टी चीफ रामनरेश यादव असिस्टेंट हरेन्द्र मिश्रा योगेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

लेखपाल को ग्रामीण से रिश्वत लेते एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ किया गिरफ्तार

बिजनौर। नजीबाबाद तहसील में कार्यरत लेखपाल डेविड कुमार को ग्रामीण से रिश्वत लेते एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। एंटी करप्शन टीम ने आरोपी लेखपाल डेविड कुमार को पुलिस के हवाले कर मुकदमा दर्ज कराया है।

एंटी करप्शन ब्यूरो बरेली को शिकायत मिली थी कि नजीबाबाद तहसील में कार्यरत लेखपाल डेविड कुमार प्रमाण पत्र बनाने के लिए नगीना देहात क्षेत्र के ग्राम किशनपुर आंवला के ग्रामीण से तीन हजार रुपय की मांग की। शिकायत के बाद लेखपाल को तहसील में क्वार्टर पर शिकायतकर्ता से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों के गिरफ्तार किया। गांव किशनपुर आंवला नगीना देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है जबकि तहसील नजीबाबाद लगती है। एंटी करप्शन टीम ने आरोपी लेखपाल डेविड कुमार को पुलिस के हवाले कर भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

एसडीओ रामकेश की मेहनत लाई रंग, लो वोल्टेज की समस्या से मिलेगा छुटकारा

नगीना, बिजनौर। शहर की जनता को ओवर लोडिंग के कारण होने वाली बिजली कटौती से निजात और लो वोल्टेज की गंभीर समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से नगीना-धामपुर मार्ग पर स्थित विद्युत वितरण खंड के नगीना परिसर में नगीना टाउन के लिए 10 एमवीए क्षमता वाला ट्रांसफार्मर लगा दिया गया।

एसडीओ रामकेश सिंह के अथक प्रयास से नगीना वासियों को यह तोहफा ईद के बड़े त्योहार के नजदीक मिला है। नगर के समाजसेवी एवं व्यापारी नेता शहजाद अहमद रॉयल, खालिद हबीब अंसारी, मोहम्मद अरबाज, इमाम मोहम्मद आरिफ, परवेज मुकर्रम, हाजी तंजील आलम, सफवान सिद्दीक मुल्तानी, आसिफ इस्लाम, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शेख अंजार, काशिब उर्फ शिबू आदि ने एसडीओ रामकेश सिंह व आला अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

नगर में चलाया गया पॉलीथीन जब्ती अभियान

ललितपुर। शासन द्वारा दिये गये निदेर्शों के क्रम में नगर पंचायत महरौनी व निकाय कर्मचारियों द्वारा कुं० साक्षी साहू अधिशाषी अधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल सहित नगर में प्रतिबंधित पॉलीथीन जब्ती का अभियान चलाया गया। जिसके अन्तर्गत राजाबाबू किराना स्टोर, भारत किराना स्टोर की दुकान पर भारी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलीथीन जब्त की गयीॅ प्रतिबंधित पॉलीथीन पाये जाने पर संबंधित दुकानदारों पर अर्थदण्ड की कार्यवाही की गयी। साथ ही उक्त दुकानदारों को अधिशाषी अधिकारी द्वारा भविष्य में पुनः प्रतिबंधित पॉलीथीन के क्रयॉ विक्रय एवं भण्डारण किये जाने पर अर्थदण्ड के साथ बैधानिक कार्यवाही किये जाने की चेतावनी दी गयी।

नीट परीक्षा पर सवाल

सवाल सिर्फ एक परीक्षा सेंटर्स पर टॉपर्स की भरमार का नहीं है, न ही ग्रेस मार्क्स और अचानक परीक्षा परिणाम घोषित करने का है। दरअसल असल सवाल एनटीए की विश्वसनीयता का, उसके इकबाल का और एनटीए की कार्यप्रणाली में आवश्यक पारदर्शिता का भी है। जिस तरह से नीट का रिजल्ट इस साल हड़बड़ी में बिना किसी सूचना के घोषित किया गया, रिजल्ट में तमाम तरह की धांधलियां सामने आ रही हैं। छात्रों को टाइम लॉस के नाम पर बड़ी मात्रा में ग्रेस मार्क्स देना, एक सीरियल से एक साथ कई-कई छात्रों का 100 पर्सेंट स्कोर, यह सब इशारा करता है इस बार की नीट परीक्षा में छात्रों के साथ न्याय नहीं किया गया। परीक्षा में न सिर्फ सेंटर्स मैनेज करने का गंदा खेल साफ-साफ दिखायी देता है बल्कि ऐसा लगता है कि एनटीए के अधिकारी भी इस धांधली में शामिल हो सकते हैं। हालांकि नीट परीक्षा स्कैम को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है इसलिए यह भरोसे के साथ माना जा सकता है सुप्रीम कोर्ट पूरे मामले में दूध का दूध और पानी का पानी करके रहेगा। लेकिन फिर भी नीट परीक्षा कराने वाली संस्था एनटीए पर गंभीर सवाल उठे हैं। एनटीए का गठन ही सरकार ने इसलिए किया था ताकि राष्ट्रीय परीक्षा संस्था के ऐसा प्राधिकरण विकसित हो जो राष्ट्रीय स्तर पर प्रवेश परीक्षा कराने के लिए विशेषज्ञ एजेंसी हो। एनटीए अगर इस तरह गड़बड़ी में लिप्त पाया जाता है तो इसकी विश्वसनीयता को गहरा धक्का लगेगा। बहरहाल जिस तरह नीट परीक्षा में धांधली की बात सामने आ रही है उसे देखते हुए यह जरूरी है कि भारत सरकार जिद छोड़े और परीक्षा पुनः कराने केसाथ ही विश्वसनीय जांच भी करायी जाये ताकि इस संस्था पर छात्रों का भरोसा बहाल हो सके। दरअसल

एनटीए की कार्यप्रणाली पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। बात सिर्फ नीट परीक्षा की ही नहीं है बल्कि जेईई के एक्जाम में भी नार्मलाइजेशन के नाम पर अधिक अंक पाने वाले छात्रों का रैंक नीचे चला जात है और कम अंक पाने वालों का ऊपर। इस तरह गड़बड़ियों को विशेषज्ञता के नाम पर भले ही दबाया जाये या फिर उचित ठहराया जाये लेकिन फिर भी ऐसे मामलों में संस्था की साख घटती है। इसलिए बेहतर यह होगा देश के 24 लाख छात्रों के भविष्य की संवेदनशीलता समझी जाये, जो इस महत्वपूर्ण परीक्षा में बैठे थे। फिलहाल अभी तक कुछ खास नहीं हुआ है। हां कोर्ट ने जरूरी कुछ कार्रवाई की है। सरकार ने सिर्फ सांत्वना देने की कोशिश की है। जबकि गड़बड़ी का आरोप लगा रहे छात्र ऐसी ऐसी बात कह रहे हैं, जो पहली नजर में ही गड़बड़ी नहीं बल्कि महागड़बड़ी लग रही हैं। मसलन छात्रों का कहना है कि एक ही एग्जाम सेंटर से 67 कंटीडेट्स आल इंडिया रैंक वन कैसे हासिल कर सकते हैं और उसमें भी सभी को पूरे 720 अंक कैसे मिल सकते हैं? दायर की गई याचिका में कहा गया है कि जब एनटीए की गाइडलाइन में ग्रेस मार्क्स देने की कोई बात ही नहीं थी, तो फिर मनमानी तरीके से ग्रेस मार्क्स क्यों दिए गये हैं? हालांकि आरोप जिन जिन गड़बड़ियों को लेकर लगाये गये हैं, एनटीए ने करीब करीब सभी के जवाब दिए हैं। मसलन इस आरोप पर कि आखिरकार 67 कंटीडेंट्स को एआईआर -1 कैसे मिली, पर एनटीए का कहना है कि जिन 67 स्टूडेंट्स को सर्वोच्च मार्क्स मिले हैं, उन्हें एआईआर-1 रैंक नहीं मिली और उन्हें टॉपर भी नहीं माना जायेगा। बहरहाल एनटीए के जवाब अपनी जगह, लेकिन सर्वोच्च परीक्षा एजेंसी पर उठ रहे सवालों का जवाब सरकार को देना चाहिए। जहां तक परीक्षा में गठबड़ी की बात है, तो पूरा मामला सुप्रीम कोर्ट देख रहा है इसलिए न्याय की उम्मीद बरकरार है।

विचार

एक बार जो भूल हो गयी उसे हृदय से बुरा समझकर पुनः कदापि न करना चाहिए, इसके लिए सतत् प्रयत्नशील होकर अपनी गलती को जड़ से उखाड़ फेंक देना चाहिए।

-मुनि गणेश वर्णी.

शारीरिक क्षमता से बल प्राप्त नहीं होता, वह तो अदम्य इच्छा शक्ति से मिलता है।

-महात्मा गांधी.

जो ब्रह्म है जो सबसे महान है, उसी को मनुष्य के सामने रखने से उसके मन को सांत्वना प्राप्त हो सकती है।

-रवीन्द्रनाथ ठाकुर.

निश्चय पर पहुंचना ही विचार का उद्देश्य है और जब किसी बात का निश्चय हो जाये तो उस पर अमल करने में देर करना भूल है।

-तिरुवल्लुवर.

जो कुछ भी तुम आज कर सकते हैं उसको कल के भरोसे पर कभी मत छोड़िये।

-फ्रेंकलिन.

सामयिक है नेबरहुड फर्स्ट की विदेश नीति

संजय श्रीवास्तव

जी-20 शिखर सम्मेलन की थीम वसुधैव कुटुम्बकम थी। ऐसे में इसका नारा देने वाले देश के पड़ोसी यदि उसके साथ कुटुम्बवत न हों तो यह आह्वान अर्थहीन होगा। पीएम मोदी का फैसला अत्यंत सामयिक और उचित है कि सरकार नेबरहुड फर्स्ट की विदेशनीति पर मजबूती से आगे बढ़ेगी। प्रसन्नता का विषय है कि इस दिशा में विदेशमंत्री और प्रधानमंत्री ने शपथ ग्रहण के तत्काल पश्चात कार्य आरंभ कर दिया है।

लगातार तीन चुनाव जीतकर सरकार बनाने और प्रधानमंत्री बनने वाले नरेंद्र मोदी वैश्विक मंच पर अब वरिष्ठतम नेताओं में से एक हैं। ऐसे में राजगनीत मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल से देश के साथ दूसरे देशों को भी बहुतेरी अपेक्षाएं हैं। उन्हें आशा है कि प्रधानमंत्री का यह तीसरा कार्यकाल उनकी उम्मीदों पर खरा उतरेगा। इस क्षेत्र में सरकार की दिशा और सक्रियता बताती है कि वह पड़ोसी प्रथम की नीति को बेहद मजबूती से लागू करने जा रही है। ऐसे में इस नीति के लागू होने के एक दशकीय सफलता-विफलता तथा उसमें संभावित बदलाव की समीक्षा समीचीन है। किसी सरकार के लगातार दो से अधिक कार्यकाल के कुछ लाभ हैं, उनमें से एक यह कि राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय नीतियों में निरंतरता बनी रहती है। जिन नीतियों, कार्यक्रमों, योजनाओं पर काम जारी रहता है, दूरगामी उद्देश्यों की पूर्ति के प्रयासों को आगे बढ़ाने, उनमें सफलता पाने का अवसर बनता है। राजग सरकार के इस तीसरे काल से यह उम्मीद की जा रही है कि वह अपनी वैदेशिक नीतियों और कूटनीतिक प्रयासों को उचित दिशा में जारी रखकर इस क्षेत्र में उन बड़े तथा अधूरे दूरगामी लक्ष्यों को जो उसने देश के लिये तय किए थे, बिना अपने सिद्धांतों से कोई समझौते किए पा लेगा।

प्रधानमंत्री ने शपथ ग्रहण समारोह, उसके बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ कई पड़ोसी देशों के साथ द्विपक्षीय वार्ता से संकेत दिया कि वे 'नेबरहुड फर्स्ट' या पड़ोसी पहले की नीति पर तेजी से आगे बढ़ेंगे। साल 2014 में मोदी ने कहा था कि 'नेबरहुड फर्स्ट' पॉलिसी भारत की विदेशनीति का मूल है। निकटस्थ पड़ोसी देशों के साथ संबंध सुदृढ़ करना, क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाना और साझा चिंताओं के समाधान को प्राथमिकता देते हुए उनके आर्थिक विकास तथा संवृद्धि में भागीदार बनने की प्रतिबद्धता वाली इस नीति के दस साल तक लागू रहने के बाद तमाम पड़ोसियों से हमारे रिश्ते उतने समरस नहीं हैं, जितनी अपेक्षा थी। पड़ोसी देशों में चीन के बढ़ते प्रभाव और दबदबे को कम करना, उन्हें उसके चंगुल से बचाते हुए अपने पाले में लेना इस नीति का एक उद्देश्य है। इन देशों में चीन का हस्तक्षेप नेबरहुड फर्स्ट को प्रभावी होने से रोकता है। तीसरे कार्यकाल में सरकार को इस नीति के क्रियान्वयन की खामियों को दूर करते हुए इसे और असरदार बनाना होगा, बदली परिस्थितियों में परिवर्तित भू-राजनीतिक तथा रणनीतिक उद्देश्यों की प्राथमिकताओं में फेरबदल करना पड़ेगा। सरकार तीसरे कार्यकाल के पूरे होने तक देश को ग्लोबल साउथ का लीडर और प्रधानमंत्री को उसके प्रवक्ता के बतौर स्थापित कर भी ले लेकिन आधा दर्जन पड़ोसी देशों में से अधिकतर उसके साथ पूरी तरह से न हों तो बेशक यह स्थिति चिराग तले अंधेरा जैसी होगी। चीन के साथ तनावपूर्ण रिश्तों का एक सच यह भी है कि आज वह अमेरिका को पछाड़कर अब हमारा शीर्ष व्यापारिक भागीदार है।

मोदी 3.0 विदेशनीति

हम भारी घाटा सहकर भी उससे तकरीबन 119 अरब डॉलर का कारोबार करते हैं। रक्षा रिश्तों में खटास के बावजूद वह चाहे ब्रिक्स हो या फिर शंघाई को-ऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन फोरम, कुछ अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत के साथ खड़ा हुआ। इससे यह उम्मीद पालना बेकार है कि इस कार्यकाल में चीन से रिश्ते सुधर सकते हैं; क्योंकि वह अपनी विस्तारवादी नीति नहीं त्यागने वाला। मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका जैसे पड़ोसियों में उसकी व्यापक पैठ को सीमित करना तभी संभव है, जब भारत भी उतनी ही आक्रामकता, कुटिलतापूर्ण भारी निवेश पर उतारू हो जो फिलहाल संभव नहीं। चीन के दबदबे को कम करने की कोशिश के दौरान इस तीसरे कार्यकाल में भारत-चीन संबंधों में तनाव बढ़ना तय है, देखना होगा कि इस आशंका को निर्मूल करने के लिए विदेश मंत्री क्या करते हैं? पाकिस्तान भारत विरोध के भद्दे प्रदर्शनों के साथ आतंकवादियों को सहयोग देने और इनसे निपटने में भारत से असहयोग जारी रखे हुए है। वह चीन के साथ ऐसी परियोजनाओं पर काम कर रहा है, जो भविष्य में घातक होंगे। गुलाम कश्मीर को भारत में मिलाने के सरकारी दावे के बाद दोनों देशों के संबंध संवाद और बातचीत तक पहुंचने की गुंजाइश फिलहाल नहीं दिखती। सरकार अपने समर्थकों के बीच राष्ट्रवाद सर्वोपरि की नीति प्रदर्शित करने के लिये पाकिस्तान पर अपना दबदबा दिखाते रहने का उपक्रम करती रहेगी। नेबरहुड फर्स्ट की नीति वाली सरकार के समक्ष चीन और पाकिस्तान ही नहीं मालदीव, नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका भी चुनौती पेश कर रहे हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं पर भारी हमले की खबर शपथ ग्रहण के साथ ही आयी थी। हम बांग्लादेश से 54 नदियां साझा करते हैं, अब तक केवल गंगा और कुशियारा नदी जल संधि हुई है, तीस्ता और फेनी मुद्दे पर बात जारी है। तमाम जल बंटवारे लंबित हैं। बांग्लादेशियों के अवैध घुसपैठ, प्रवास, शरणार्थियों का मुद्दा भी दरपेश है।

इसे रोकने के लिए बने राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर से बांग्लादेश चिंतित है। पर इस कार्यकाल में सरकार की चिंता वहां चीनी प्रभाव का विस्तार है, जो देश की क्षेत्रीय स्थिति को कमजोर कर हमारी रणनीतिक आकांक्षाओं को बाधित करती है। तीसरे कार्यकाल में इसे रोकने के लिये सरकार को बहुत बल लगाना होगा। म्यांमार सीमा पर बाड़ बनाने की घोषणा के बाद उसका रुख भी भारत विरोधी और चीन मुखापेक्षी दिखा तो नेपाल जिसके साथ देश के सदियों पुराने सांस्कृतिक-राजनीतिक संबंध रहे हैं, चीन से करीबी के कारण पुरानी समरसता जाती रही है। आज नेपाल में करोड़ों के अप्रचलित भारतीय नोटों की वापसी के अलावा कई मुद्दों पर तकरार के साथ सीमा विवाद के साथ तल्खी बढ़ी है। प्रचंड से द्विपक्षीय वार्ता के बाद बदलाव के लिए कई कवायदें करनी होंगी। मालदीव में हमारी मौजूदगी हिंद महासागर में चैकसी के लिए रणनीतिक आवश्यकता है। मुहम्मद मुइज्जू के शपथ ग्रहण में आएं, वार्ता में शामिल हों पर फिलवक्त वे पूरी तरह चीन के चंगुल में हैं, व्यवहारिक स्तर पर भारत के साथ नहीं हैं। इसके बावजूद मालदीव में अपनी उपस्थिति बनाए रखने का हर संभव प्रयास हमें करना होगा।

व्यस्त व्यावसायिक मार्ग वाला आर्थिक तौरपर तबाह श्रीलंका भारत चीन के बीच भू-राजनीतिक प्रतिद्वंदिता का केंद्र बन गया है। चीन अपने निवेश और कर्ज के जरिये श्रीलंका को चंगुल में ले चुका है, वह भारत के साथ खुलकर नहीं आ सकता। चीन की भूटान पर भी नजर है। सच यह है कि अधिकतर पड़ोसी देशों को अपना बनाने, उन्हें अपने प्रभाव में रखने तथा चीनी चंगुल से छुड़ाने के लिये भारत को खरबों का निवेश करने और सांस्कृतिक कूटनीति अपनाने के साथ कल्चर, कॉमर्स, कनेक्टीविटी वाला फामूर्ला लगाना होगा। बड़े भाई वाला दबदबा कायम करना होगा। तीसरे कार्यकाल में क्या सरकार नेबरहुड फर्स्ट नीति की सफलता हेतु इन सब कोशिशों के लिये तैयार दिखेगी? संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए सरकार पिछले दस साल से कोशिश कर रही, मोदी को पांच और साल मिलने पर इस ओर प्रयत्न बढेगा पर भारत अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया वाले क्वॉड संगठन का सदस्य है, जिसे प्रशांत महासागर में चीन के बढ़ते असर को रोकने वाली ताकत माना जाता है। क्या प्रधानमंत्री अगले पांच बरसों में इसके जरिए कुछ नया करते दिखेंगे? फिलहाल प्रधानमंत्री जी-7 देशों के प्रमुखों की बैठक में इटली, फ्रांस, ब्रिटेन और अमेरिका जैसे देशों के प्रमुखों से मुलाकात के जरिए वैदेशिक नीति और दृष्टिकोण का प्रसार शुरू कर चुके हैं। अपने दूसरे कार्यकाल तक प्रधानमंत्री ने भारत को वैश्विक मंच पर विश्व बंधु की छवि मजबूती से स्थापित की है।

सोशल मीडिया

फील्ड के अधिकारियों को सीयूजी फोन दिए गये हैं, यह जनता के लिए हैं, इसे 24 गुणे 7 चालू रखें, हर अधिकारी यह फोन स्वयं रिसीव करें, कभी रिसीव न कर सकें तो काल बैक करें। सीएम, योगी.

अभावों का सामना

मनुष्य के रास्तों को कभी कठिनाइयां रोक नहीं पाती हैं। दुनिया के फलक पर ऐसे सितारों की बड़ी संख्या है जो तमाम अभावों का सामना करके आगे आये अपनी तीक्ष्ण बुद्धि, प्रतिभा, त्याग और उपदेश से पूरी दुनिया का मार्गदर्शन किया। विषम स्थितियों से सामना होने पर मनुष्य की भौतिक अंतः प्रतिभा जाग्रत होती है। सुप्त शक्तियों का विकास होता है। पत्थर पर रगड़ खाने वाला चाकू तेज होता है और वह अपने काम में अधिक कारगर साबित होता है। उसका स्वभाव, अनुभव और दिमाग मंज कर साफ हो जाता है, जिससे आगे बढ़ने में उसे बहुत सफलता मिलती है। इसके विपरीत जो लोग अमीर और साधन सम्पन्न घरों में पैदा होते हैं उन्हें जीवन की आवश्यक सामग्रियां प्राप्त करने के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ता। लाड़, दुलार, ऐश, आराम के कारण उनकी प्रतिभा निखरती नहीं, वरन बंद पानी की तरह सड़ जाती है। यह निष्क्रिय चाकू की तरह जंग लगकर निकम्मी हो जाती है। आमतौर पर आजकल ऐसा देखा जाता है कि अमीरों के लड़के अपने जीवन में असफल रहते हैं और गरीबों के लड़केआगे चलकर चमक जाते हैं। पुराने जमाने में राजा रईस अपने लड़कों को ऋषियों के आश्रम में इसलिए भेज देते थे कि यहां रहकर अभावग्रस्त जीवन व्यतीत करें और अपनी प्रतिभा को तीव्र बनायें। हमारा उद्देश्य यह कहने का नहीं है कि अमीरी कोई बुरी चीज नहीं है और अमीरों के घर में पैदा होने वाले उन्नत जीवन नहीं बिता सकते। जहां साधन है वहां तो और भी जल्दी उन्नति होनी चाहिए।

अंतर्दृष्टि

बढ़ई के पास बढ़िया लकड़ी और अच्छे औजार हों तब तो वह बहुत ही सुंदर फर्नीचर तैयार करेगा यह तो निश्चित है। हमारा तात्पर्य केवल यह कहने का है कि यदि जिन्दगी जीने की कला आती हो तो अभाव, कठिनाई या विपरीत परिस्थिति भी कुछ बाधा नहीं डाल सकती। गरीबी या कठिनाई में साधनों की कमी का दोष है तो प्रतिभा को चमकाने का गुण भी है। अमीरी में साधनों की बाहुल्यता है तो लाड़ दुलार और ऐशो आराम के कारण प्रतिभा के कुन्द हो जाने का दोष भी है। दोनों ही गुण दोषयुक्त हैं। किन्तु जो जीवन जीना जानता है, वह चाहे अमीर हो या गरीब, अच्छी परिस्थितियों में अनुकूलता और आनन्द प्राप्त कर सकता है। आनन्दमय जीवन बिताने के लिए धन, विद्या, अच्छा सहयोग, स्वास्थ्य आदि की आवश्यकता है। परन्तु ऐसा न समझना चाहिए कि इन वस्तुओं के होने से ही जीवन आनन्दमय बन सकता है। एक अच्छी पुस्तक लिखने के लिए कागज, दवात, कलम की आवश्यकता है।

कहानियों और किवदंतियों का पुल

हावड़ा ब्रिज और कोलकाता, जिसे पहले कलकत्ता कहते थे, एक दूसरे में घुले मिले, एक दूसरे के पर्याय, प्रतीक हैं। वास्तव में हावड़ा ब्रिज का नाम लेते ही आंखों के सामने कोलकाता का अक्स घूम जाता है और कोलकाता कहते ही आंखों के सामने हावड़ा ब्रिज रक्स करने लगता है। देश विदेश की सैकड़ों फिल्मों की यहां शूटिंग हुई है। बॉलीवुड की जिन मशहूर फिल्मों में हावड़ा ब्रिज एक किरदार की तरह दिखता है, उनमें दो बीघा जमीन, चाइना टाउन और अमर प्रेम और हाल के सालों की पीकू जैसी फिल्म है।

हावड़ा बिज ● लोकमित्र गौतम

सिर्फ महानगरों में ही नहीं आम शहरों में भी कुछ ऐसी जगहें, कुछ ऐसी इमारतें, कुछ ऐसी यादगार होती हैं, जो उस शहर का पर्याय समझी जाती हैं। इन्हीं से उस शहर की और उस शहर से इनकी पहचान जुड़ी होती है। यही जगहें, यही चीजें उस शहर की लैंडमार्क होती हैं। पिछले पखवाड़े हमने देश की वित्तीय राजधानी मुंबई की ऐसी ही एक सड़क 'अल्टामाउंड रोड' के बारे में बताया कि कैसे वह आज की मुंबई का एक प्रेस्टीजियस लैंडमार्क है। इस पखवाड़े हम आपको देश के सबसे पुराने महानगर कोलकाता के सबसे मशहूर लैंडमार्क हावड़ा ब्रिज के बारे में बता रहे हैं। चारों तरफ रात का अंधेरा पसरा है। हुगली नदी पर एक नाव चप्पुओं की छप छप की आवाज के साथ आगे बढ़ रही है। नाव में एक मद्धिम रोशनी की लालटेन टिमटिमा रही है। नायिका एक तरफ सिकुड़ी हुई बैठी है और नायक के चेहरे पर पड़ रही लालटेन की महीन रोशनी से लग रहा है वह हल्के सुरूर में है। इस झिलमिल पृष्ठभूमि में धीमे स्वर मगर गहरी अलाप के साथ नायक के होठों से शब्द फूटते हैं- चिनगारी कोई भड़के तो सावन उसे बुझाए, सावन जो अगन लगाए, उसे कौन बुझाए.. दिल की गहराइयों से निकली शब्दों की इस मरमरी कशिश के बीच से धीरे धीरे टिमटिमाती रोशनी वाली एक लंबी और विशालाकार संरचना उभरती है- दर्शक समझ जाते हैं यह कोलकाता है क्योंकि धुंधली रोशनी से उभरने वाली वह छवि हावड़ा ब्रिज की है। हावड़ा ब्रिज और कोलकाता, जिसे पहले कलकत्ता कहते थे, एक दूसरे में घुले मिले, एक दूसरे के पर्याय, प्रतीक हैं। वास्तव में हावड़ा ब्रिज का नाम लेते ही आंखों के सामने कोलकाता का अक्स घूम जाता है और कोलकाता कहते ही आंखों के सामने हावड़ा ब्रिज रक्स करने लगता है।

हावड़ा ब्रिज और कोलकाता एक दूसरे में इस तरह रचे बसे हैं कि किसी एक का अस्तित्व दूसरे के बिना सोचा भी नहीं जा सकता। हालांकि आजादी के कुछ सालों बाद हावड़ा ब्रिज का नाम बदलकर रवींद्र सेतु कर दिया गया, लेकिन हावड़ा ब्रिज की अपने आपमें ऐसी लोकप्रियता है कि दूसरा कोई नाम जुबान में चढ़ता ही नहीं। न जाने बॉलीवुड की कितनी ही फिल्मों में हावड़ा ब्रिज को शूट किया गया है।

भारत ही नहीं हॉलीवुड सहित दुनिया की अनेक फिल्मों में हावड़ा ब्रिज की मौजूदगी अपनी भरपूर लोकप्रियता के साथ है। हावड़ा ब्रिज दरअसल कोलकाता के उपनगर हावड़ा और कोलकाता को आपस में जोड़ता है। इस

कैंटीलीवर पुल को अंग्रेजों ने 1937 से 1943 के बीच बनवाया था। एक तरह से अंग्रेजों ने कोलकाता को अपना यह सबसे मशहूर गिफ्ट देश से जाते जाते दिया है। जिस समय यह बना था, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कैंटीलीवर पुल था। इस पुल से 26 मीटर नीचे गंगा बहती है, जिसे वहां हुगली कहते हैं। हावड़ा ब्रिज सिर्फ कोलकाता का पर्याय ही नहीं है, यहां की अस्त-व्यस्त और भीडभाड़ भरी जीवनशैली का प्रतीक भी है।

इस पुल से हर दिन करीब एक लाख वाहन और करीब पंद्रह लाख लोग पैदल आरपार करते हैं। इसे ब्रेथवेट बर्न और जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी ने, जिसकी सथापना 26 जनवरी 1935 को हुई थी और जो रेल पुलों, रेल-सह-सड़क पुलों, औद्योगिक संरचनात्मक कार्यों, बड़ी इमारतों की नींव डालने, सिविल इंजीनियरिंग कार्यों, रिफाइनरी पाइपिंग कार्यों आदि में महारत रखती है, मेसर्स रेंडेल, पामर और ट्रिटन कंपनी की डिजाइन के आधार पर इसे 6 सालों में बनाया था। इसके निर्माण में इस्पात, सीमेंट, लोहा, पत्थर आदि का इस्तेमाल हुआ है। पुल की लंबाई करीब 99.125 मीटर है और चौड़ाई करीब 457 मीटर है। इसे कई नामों से पुकारते हैं, कोई इसे रवींद्र सेतु कहता है, कोई गेट वे ऑफ कोलकाता कहता है, कोई हावड़ा ब्रिज कहता है, लेकिन सबको मालूम होता है कि बात हावड़ा ब्रिज की हो रही है। आमतौर पर पुलों के नीचे बहुत सारे खंभे होते हैं, जिन पर वे टिके होते हैं, परंतु यह एक ऐसा पुल है जो सिर्फ 4 खंभों पर टिका है। दो नदी के इस तरफ है और दो नदी के दूसरी तरफ।

जबकि इस पुल में हजारों टन वजनी इस्पात का इस्तेमाल हुआ है, फिर भी ये चार पुलों पर विश्वास के साथ खड़ा है। इसके सहारे के लिए कोई दूसरी अदृश्य व्यवस्था भी नहीं है। पिछले 80 सालों से इस पुल को एक दिन की भी राहत नहीं मिली यानी एक दिन की भी छुट्टी नहीं मिली। कुछ सालों पहले इसके साथ निर्माणाधीन एक पुल का कुछ हिस्सा ढह गया था, तब एक दो दिन के लिए हावड़ा ब्रिज बंद किया गया था, वरना यह दिन रात आंख मूंदकर चलता ही रहता है। दरअसल इस पुल के नीचे खंभे इसलिए नहीं बनाये गये, क्योंकि अंग्रेज नहीं चाहते थे कि माल भरकर जब जहाज गहरे समुद्र की तरफ जाएं तो हावड़ा ब्रिज में जगह जगह पर बने पुल इस परिवहन को प्रभावित करें। हालांकि हावड़ा ब्रिज सिर्फ अपनी संरचना के लिए ही नहीं जाना जाता है, अपनी जादुई कहानियों के लिए भी विख्यात है। इस पुल के साथ दो चार दस नहीं सैकड़ों कहानियां जुड़ी हुई हैं। मसलन अंग्रेजों को बस जाना ही था, फिर भी उन्होंने ढाई करोड़ की लागत लगाकर यह पुल बनाया। इससे पता चलता है कि उन्हें अपने आप पर बहुत कॉन्फिडेंस था कि वे हिंदुस्तान से कभी नहीं जाएंगे। अगर यह पुल द्वितीय विश्व युद्ध के पहले बन गया होता, तो इसका बहुत उपयोग होता। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान एक बम इस पुल से करीब 100 मीटर दूर गिरा था। कहते हैं बाद में कभी कोई सेना इसके आसपास नहीं फटक सकी, क्योंकि तब से मां दुर्गा ने इसकी रक्षा करना शुरू कर दिया था, ऐसा यहां के लोग कहते हैं। दरअसल पर्ल हार्बर में उन्हीं दिनों जापान ने एक ऐसा हमला किया था, जिसे देख पूरी दुनिया हिल गई थी, जबकि जापान का उस समय अंडमान निकोबार द्वीप में एक तरह से कब्जा था।

इसलिए अंग्रेजों को डर था कि अगर पुल का जोर शोर से प्रचार और उद्घाटन जैसा समारोह मनाया गया तो नाराज होकर जापान यहां हमला कर सकता है। पिछले 80 सालों से सिर उठाये खड़ा हावड़ा का पुल अब भी तो बहुत मजबूत है, लेकिन साल 2011 में वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन में पाया था कि इस पुल से गुजरने वाले ऐसे लोग जो खैनी खाते हैं, पुल में ही पिच से थूक देते हैं, उस कारण यह पुल काफी हद तक खराब हो गया है, विशेषकर इसके पायों की मोटाई काफी कम हो गई है। इसके बाद पुल की सुरक्षा के लिए स्टील के पायों को नीचे से फाइबर गिलास से ढक दिया गया है। देश विदेश की सैकड़ों फिल्मों की यहां शूटिंग हुई है। बॉलीवुड की जिन मशहूर फिल्मों में हावड़ा ब्रिज एक किरदार की तरह दिखता है, उनमें दो बीघा जमीन, चाइना टाउन और अमर प्रेम और हाल के सालों की पीकू जैसी फिल्म है।

आप की बात

जीएसटी का बढ़ता आंकड़ा

माह दर माह जीएसटी राजस्व में लगातार वृद्धि हो रही है। इसी तरह चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम माह अर्थात अप्रैल में जीएसटी कलेक्शन साल-दर-साल 12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ सर्वकालिक ऊंचाई पर पहुंचना यह बताता है कि देश की अर्थव्यवस्था तमाम झंझावातों से जूझते हुए, खराब वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और भू-राजनीतिक तनावों के बीच रास्ता बनाते हुए तेज गति से आगे बढ़ रही है और अब यह दुनिया भर की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज गति से प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था बन गयी है। इसका प्रतिबिंब माह-दर-माह बढ़ते टैक्स कलेक्शन में देखने को मिल रहा है। बीते साल अप्रैल माह में 1.68 लाख करोड़ गुड्स एंड सर्विस टैक्स के रूप में सरकार के खजाने में आया था जो इस साल अर्थात अप्रैल 2023 में बढ़कर 1.87 लाख करोड़ पहुंच गया। यह सालाना आधार पर 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। अगर हम अन्य आंकड़ों पर बात करें मसलन वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए विभिन्न एजेंसियों द्वारा जीडीपी अनुमान, ई-वे बिल जेनरेशन, मैन्युफैक्चरिंग एवं सर्विस सेक्टर का पीएमआई इंडेक्स, तो यह सभी इस तरह इशारा करते हैं कि तमाम अनिश्चिताओं के बीच देश की अर्थव्यवस्था एकदम सही दिशा में आगे बढ़ रही है।

गिरीश त्रिपाठी, लखनऊ

जरूरी है जागरुकता

जल संरक्षण के तमाम प्रयासों के बावजूद हकीकत यह है कि लोगों को पानी बचाने को लेकर कोई खास जागरुकता नहीं है। लोग बहुत पानी बर्बाद करते हैं। इसलिए जलदोहन पर लगाम लगाने के साथ ही यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लोगों को अपनी जरूरत से अधिक पानी न मिले। बढ़ती आबादी के साथ कृषि व उद्योग जगत की जरूरतों के लिए जल संरक्षण की बहुत जरूरत है। नदियों का संकट कोई नया नहीं है। तमाम छोटी-छोटी नदियां खत्म हो गयीं। जबकि गंगा यमुना जैसी बड़ी नदियों भी प्रदूषण के कारण संकटग्रस्त हैं। जब हम नदियों के संकट की बात करते हैं तो बड़ी नदियों पर तो चर्चा होती है। गंगा, यमुना, गोमती जैसी नदियों के बारे में योजना भी बनती है और जैसे-तैसे सफाई अभियान भी शुरू किया जाता है लेकिन छोटी-छोटी नदियों का कोई पुरसाहाल नहीं। भारत में नदियों का संजाल इस तरह बिछा था कि हर चार-छह किलोमीटर की दूरी पर कोई न कोई ऐसी नदी बहती थी जिसमें पूरे साल निर्मल धाराओं का प्रवाह बना रहता था।

शिवेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

अग्निवीर भर्ती रैली को लेकर डीएम ने की बैठक

अयोध्या। जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में 24 जून से 02 जुलाई तक जनपद अयोध्या में आयोजित होने वाली अग्निपथ योजना के अन्तर्गत आयोजित होने वाली भारतीय सेना भर्ती रैली के सकुशल आयोजन के सम्बंध में कलेक्टेज्ट सभागार में आयोजित बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सहायक भर्ती आफिसर द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 24 जून 2024 से 02 जुलाई 2024 तक आयोजित होने वाली भर्ती में अलग-अलग जिलों हेतु निर्धारित तिथियों कुल 13 जनपदों यथा- अम्बेडकरनगर, बस्ती, महाराजगंज, कुशीनगर, कौशाम्बी, संतकबीरनगर, सिद्वार्थनगर, सुल्तानपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़, अमेठी, अयोध्या व रायबरेली के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकेंगे। इस अवसर पर अभ्यर्थियों को सुगमता से रैली स्थल तक सुगम यातायात एवं परिवहन की समुचित व्यवस्था करने हेतु पुलिस व सम्भागीय परिवहन विभाग को निर्देशित किया। इसी के साथ ही सेना भर्ती के प्रतिभागियों को पेयजल, मोबाइल टायलेट, प्रकाश, बैरियर आदि की बेहतर व्यवस्था हेतु सम्बंधित विभागों को निर्देशित किया।

विकसित भारत के निर्माण के लिए सत्यनिष्ठा से पूर्ण करें काम : असीम अरुण

जिला संवाददाता(vol)

अयोध्या। हम सब को विकसित भारत के निर्माण में जुटना है, यह तभी संभव है जब हम अपने काम को सत्य निष्ठा और पूर्णता के साथ करेंगे. यह बातें समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में विभाग की मंडलीय समीक्षा बैठक में कही। इस मौके पर जिलों से आये अधिकारियों ने योजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया। बैठक में वृद्धावस्था पेंशन, छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पारिवारिक लाभ सहित अन्य योजनाओं पर चर्चा हुई। मंत्री असीम अरुण ने इस मौके पर अधिकारीयों से सुझाव माँगा कि योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया को कैसे सरल और पारदर्शी बनाया जा सकता है, जिससे समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की इन योजनाओं का लाभ आसानी से पहुँचाया जा सके। समाज कल्याण मंत्री ने इसके साथ ही इस बात पर भी जोर दिया कि योजनाओं में पिछले वर्ष जो त्रुटियाँ देखने को मिली हैं उनको इस वर्ष किसी भी हालत में दूर किया जाये. ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी न छूटने पाए। बैठक में समाज कल्याण विभाग के निदेशक कुमार प्रशांत, संयुक्त निदेशक, निदेशालय एस.के. बिसेन, उप निदेशक समाज कल्याण अयोध्या मंडल राकेश रमण सहित अयोध्या, अम्बेडकर नगर, सुल्तानपुर, अमेठी और बाराबंकी के जिला समाज कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री असीम अरुण ने शुक्रवार की शाम को अयोध्या स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। इस मौके पर आश्रम में बुजुर्गों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में मंत्री ने जाना। उन्होंने वहां रहने वाले बुजुर्गों से जाना कि सरकार द्वारा जो सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं वो आश्रम में रहने वालों तक पहुँच रही है या नहीं। श्री अरुण ने अधिकारीयों को निर्देश दिया कि वृद्धाश्रम की सुविधाओं को और दुरुस्त किया जाये ताकि यहाँ रहने वालों को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। गौरतलब है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के सभी जनपदों में वृद्धाश्रम का संचालन किया जा रहा है।

सीएम योगी की सख्ती के बाद भरे जा रहे अमृत सरोवर

अयोध्या। वैसे तो अप्रैल माह से ही भीषण गर्मी प्रारम्भ हो जाती है। कम बरसात होने के कारण तालाब व पोखरों मे पानी नहीं रहता। योगी सरकार ने पशु पक्षीयों के लिए पानी की व्यवस्था सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से अमृत सरोवर तालाबों का निर्माण कराया है।

शासन का निर्देश है कि सभी तालाबों मे हर समय जल रहे। किन्तु प्रशासन की लचर व्यवस्था के चलते अधिकांश अमृत सरोवर सूखे पड़े हैं। इसके चलते पशु पक्षी प्यास के कारण तड़प रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेजुबान पशु पक्षियों की इस समस्या को समझा है। मुख्यमंत्री ने सभी जनपदों के डीएम को निर्देश दिए कि अपने अपने जनपदों के अमृत सरोवरों के जल मय कराएं। मुख्यमंत्री के निर्देश को प्रशासन अब अमली जामा पहना रहा है। सभी अमृत सरोवर पानी से भरे जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर में अधिकारियों को अमृत सरोवर व तालाबों में पानी भरने को लेकर निर्देश दिए हैं। जिससे पशु पक्षियों जानवर आदि को पानी पीने में कठिनाई का सामना न करना पड़े। इसी क्रम में अयोध्या जनपद में देखने को मिला है सीडीओ ऋषि राज ने अयोध्या जनपद के 11 ब्लॉकों को अमृत सरोवर तालाबों में पानी भरने को लेकर नोटिस जारी किया गया था। नोटिस जारी होने के ठीक बाद सरोवर और तालाबों में पानी भरने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है।

नवनिर्मित पुलिस चौकी रामनगर मोड़ का लोकार्पण

बाराबंकी। थाना नगर कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत नवनिर्मित चौकी रामनगर मोड़ का जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने फीता काटकर लोकार्पण किया। लोकार्पण के बाद डी0एम व एस0पी ने चैकी परिसर मे वृक्षारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित रखने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा, उप जिलाधिकारी नवाबगंज विजय त्रिवेदी, क्षेत्राधिकारी नगर जगतराम कनौजिया, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अजय त्रिपाठी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

उच्चतम न्यायालय में आयोजित होगी विशेष लोक अदालत

बहराइच। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के सचिव/अपर जिला जज विराट शिरोमणि ने बताया कि मा. उच्चतम न्यायालय के समक्ष लम्बित प्रकरणों में सुलभ निस्तारण हेतु 29 जुलाई से 03 अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। पक्षकार अपने मुकदमों को सुलभ व आसानी तरीके से विशेष लोक अदालत में निस्तारित करा सकते हैं। सचिव श्री शिरोमणि ने बताया कि विशेष लोक अदालत में विशेषतः आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामलें, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम, भरण-पोषण, धारा 138 एन.आई. एक्ट, अन्य क्षतिपूर्ति, सेवा, शैक्षणिक, उपभोक्ता संरक्षण, धन वसूली से संबंधित मामले व भू-राजस्व वाद आदि से सम्बन्धित मामलों को पक्षकार की पारस्परिक सद्भावना के अधीन सन्धि हेतु इच्छुक हों, ऐसे मामले विशेष लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किये जायेंगे।

अवैध हूटर, काली-फिल्म के खिलाफ यातायात पुलिस ने चलाया अभियान

बाराबंकी। अवैध हूटर, काली फिल्म व प्रेशर हार्न के खिलाफ यातायात पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व कर रहे अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी सी0एन सिन्हा व क्षेत्राधिकारी नगर जगतराम कनौजिया ने पटेल तिराहे पर गुजरने वाले 4 पहिया वाहनो की संघन चेकिंग की। तथा वाहन चालको को यातायात नियमो का पालन करने के लिये प्रेरित किया। चेकिंग अभियान के दौरान यातायात प्रभारी रामयतन यादव की टीम ने दर्जनो 4 पहिया वाहनो से काली फिल्म को हटवाया। तथा नियमों का उल्लघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की।

अभ्यर्थियों के लिए 27 जून को आयोजित होगा प्रशिक्षण

बहराइच 14 जून। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत 56-लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बहराइच के समस्त प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय लेखा अन्तिम रूप से दर्ज करने की तिथि 24 जुलाई 2024 निर्धारित की गयी है। अन्तिम लेखा दर्ज करने की प्रकिया हेतु समस्त अभ्यर्थियों/निर्वाचन अभिकताओं के लिए 27 जून 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में एक फैसिलिटेशन कार्यकम (प्रशिक्षण) आयोजित किया गया है, जिससे अन्तिम लेखा दर्ज/जमा कराने के पूर्व किसी भी प्रकार के विसंगत्ति के निवारण कर लिया जाय। डीएम ने यह भी बताया कि लेखा समाधान बैठक 29 जून 2024 को आयोजित होगी। डीएम ने समस्त अभ्यर्थियों से अपेक्षा की है कि बैठक में समय प्रतिभाग करने के साथ-साथ निर्वाचन व्यय का अन्तिम लेखा अधोहस्ताक्षरी एवं व्यय प्रेक्षक की समीक्षा के निमित्त 04 जुलाई 2024 के पूर्व या तक निर्वाचन कार्यालय में जमाकर रसीद प्राप्त कर लें।

डीएम मोनिका रानी ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 व 78 के अनुसार प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये उनके नामांकन की तारीख से निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तिथि के मध्य उनके या उनके निर्वाचक एजेन्ट द्वारा उपगत या प्राधिकृत किये गये सभी व्ययों का पृथक एवं सही लेखा रखा जाय तथा निर्वाचनों के परिणाम घोषित होने के 30 दिनों के अन्दर जिला निर्वाचन अधिकारी के पास अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल करना होता है।

अयोध्या धाम में भूमि अधिग्रहण कार्रवाई बंद करने की मांग

अयोध्या। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के विस्तार को लेकर मुहल्ला नोनहटिया, कनीगंज मौजा बादफरहद बक्श, काजीपुर चितावा, जलवानपुरा, बरहटा उपरहार, बाग बिजेशी के लोग विस्थापित होने जा रहे हैं इसी को लेकर के वहां के स्थानीय लोग अयोध्याधाम विकास समिति के तत्वावधान में नरेंद्र प्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने अधिग्रहण से प्रभावित नागरिकों की समस्या को सुनते हुए तत्काल जिलाधिकारी अयोध्या से वार्ता करके कहा कि रेल प्रशासन तथा स्थानीय निवासियों से समन्वय बनाया जाय जिससे कम से कम आबादी प्रभावित हो। ज्ञापन में विस्तार से समस्या को बताते हुए कहा गया है कि अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या-3 के दक्षिण में स्थित है। हम प्रार्थीगण ने जीवन की विविध

चुनौतियों का सामना करते हुए अपने परिवार के भरण-पोषण एवं सुख-सुविधा की दृष्टि से अपने जीवन भर की कमाई एवं परिश्रम से अपने आवास का निर्माण कराया है एवं मूल निवासी की तौर पर काबिज हैं। विगत पाँच वर्षों से रेलवे विभाग तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा उपर्युक्त मौजे के बाशिंदों की भूमि एवं भवनों की पैमाईश व नाप जोख की जा रही है और रेलवे स्टेशन अयोध्या की सीमा से आसपास की खुली एवं आबादी की जमीन का चिन्हांकन किया जा रहा हैघ और मालूम हुआ है कि उत्तर प्रदेश सरकार के माध्यम से उक्त समस्त भूमि का अधिग्रहण कर रेलवे के विस्तार की योजना क्रियान्वित की जा रही है। 10 जून 2024 को भारत सरकार के गजेटियर के माध्यम से प्रार्थीगण की भूमिघ अधिग्रहण की सूचना प्रकाशित की गयी है। उक्त सन्दर्भ में लोगों ने महापौर से निवेदन किया है कि राष्ट्रीय विकास के दृष्टिगत अयोध्याधाम रेलवे स्टेशन के विस्तार की आवश्यकता हो सकती है, परन्तु रेलवे के विस्तार के विविध आयामों पर पुनर्विचार करते हुए सम्बन्धित विकास परियोजना में कतिपय संशोधनों को स्थान देकर अधिग्रहीत की जाने वाली भूमि पर बसी आबादी के भवनों को बचाते हुए विस्तार को 100 मीटर आगे बढ़ाने हेतु आग्रह है जिससे अधिकांश आबादी उजड़ने से बच सके और नोनहटिया में 100 मीटर आगे निष्प्रयोज्य पड़ी नजूल की भूमि एवं खेती की भूमि का प्रयोग किया जा सकता है। जिससे विकास का मन्तव्य भी पूर्ण हो सकता है एवं हम प्रार्थीगण के घर उजड़ने से भी बच सकते हैं ज्ञापन में अनुरोध किया गया है कि आप अपने प्रभाव का प्रयोग करते हुए इस विषय पर समोचित निर्णय कराने का कष्ट करें।

मरम्मत कार्य के कारण बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

बहराइच। अधि.अभि. विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय नानपारा रंजीत कुमार ने बताया कि 132 के.वी. विद्युत पारेषण उपकेन्द्र नानपारा से निर्गत 132 के.वी. कोहलपुर लाइन पर मरम्मत कार्य किया जाना प्रस्तावित है। जिसके दृष्टिगत 33 के.वी. नानपारा लाइन 15 जून 2024 को प्रातः 08:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक बन्द रहने से नानपारा क्षेत्र के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। श्री कुमार ने सभी उपभोक्ताओं से धैर्य एवं सयंम बनाये रखने की अपेक्षा की है।

जिला बार एसोसिएशन कार्यकारणी का स्वागत

फतेहपुर बाराबंकी। मस्तान रोड स्थित ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी के कार्यालय पर जिला बार एसोसिएशन की कार्यकारणी का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। स्वागत समारोह मे संस्था उपाध्यक्ष खलीक अहमद व कोषाध्यक्ष फहीम सिद्दीकी ने संयुक्त रुप से जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष हिसाल बारी किदवाई, महामंत्री अशोक कुमार वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव समेत समस्त कार्यकारिणी पदाधिकारियो को बूके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर एडवोकेट राकेश तिवारी, पंकज आनंद वर्मा, मुस्तेहसन जुबैर जिम्मी, रमेश चंद्रा, सपा यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव एडवोकेट दानिश सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

शराब माफियाओं का सिंडिकेट तोड़ने में जुटा आबकारी विभाग

जिला संवाददाता(vol)

बाराबंकी। कच्ची शराब बनाने वाले माफियाओ के खिलाफ आबकारी विभाग की ताबड़तोड़ कार्यवाही जारी है। आबकारी निरीक्षको की टीमो द्वारा अवैध शराब को जब्त करने के साथ बीहड़ जंगलो, तराई इलाको मे अभियान चलाकर पूरे सिड़िकेट की कमर तोड़ने का काम किया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के नेतृत्व मे चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत आबकारी निरीक्षक सर्किल हैदरगढ़ अखिलेश्वर नाथ सिंह की टीम ने थाना असन्द्रा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रसूलपुर, पश्चिम बेलाव समेत 10 संदिग्ध ठिकानो मे दंबिश दी। दंबिश के दौरान 12 लीटर कच्ची शराब को बरामद किया गया। 1 अभियोग पंजीकृत किया गया। मौके पर 100 किग्रा तैयार लहन को नष्ट किया गया। इसके साथ ही टीम ने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली देशी दुकान कोठी, बीयर दुकान कोठी, विदेशी दुकान कोठी की दुकानो का औचक निरीक्षण किया। तो लाइसेन्सियो व सैल्समैनो को अनिमियतता बरतने पर कार्यवाही किये जाने की चेतावनी भी दी। तो वही आबकारी निरीक्षक सर्किल रामनगर उमाशंकर चैधरी की टीम ने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली देशी सूरतगंज, बीयर सूरतगंज समेत समस्त सरकारी मदिरा की दुकानो का निरीक्षण करते हुये स्टाक-ब्रिकी रजिस्टर को गहनता से चेक कर स्टाक का मिलान करवाया। तथा लाइसेन्सियो व सैल्समैनो को सीसीटीवी कैमरे दुरस्त रखने समेत साफ-सफाई को लेकर आवश्यक निर्देश दिये।

बेलहा-बेहरौली तटबंध का डीएम ने किया निरीक्षण

बहराइच। जनपद में संभावित बाढ़ से पूर्व बेलहा-बेहरौली तटबन्ध की सुरक्षा तथा संचालित हो रहे कटान रोधी कार्यों का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने महसी क्षेत्र के बौण्डी, गोलागंज, कायमपुर, पिपरा-पिपरी, किसानगंज चैराहा, मुरव्वा, मुंसरी, भगवानपुर चैराहा इत्यादि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान डीएम ने बौण्डी के पास बेलहा-बहरौली तटबंध के स्पर नम्बर 01 पर व कोढ़वा में कराये जा रहे कटान रोधी कार्य का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सरयू ड्रेनेज खण्ड के सहायक अभियन्ता बी.बी. पाल ने बताया कि घाघरा नदी के बायें तट पर स्थित बेलहा-बेहरौली तटबन्ध की कुल लम्बाई 95.00 कि.मी. है। तटबन्ध के कि.मी. 55.700 पर निर्मित स्पर नम्बर 01 की सुरक्षा हेतु रू. 375.05 लाख की लागत से कटान रोधी कार्य चल रहा है। जिसमें 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण है। इस कार्य से जहां 6700 की जनसंख्या लाभान्वित होगी वहीं 6690 हेक्टेयर कृषि भूमि की सुरक्षा होगी। सहायक अभियन्ता श्री पाल ने बताया कि तटबन्ध के ग्राम समूह कोढ़वा, करैहना एवं पिपरी की कटान से सुरक्षा हेतु रू. 447.80 लाख की लागत से कटान रोधी कार्य कराया गया है। यह कार्य पूर्ण हो चुका है। इस परियोजना से जहां 7600 की जनसंख्या लाभान्वित होगी वहीं 6375 हेक्टेयर कृषि भूमि की सुरक्षा होगी। डीएम ने मौके पर मौजूद अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रान्तीय खण्ड प्रदीप कुमार को निर्देश दिया कि

कटान रोधी कार्य में प्रयुक्त की जा रही सामग्री की सैम्पुलिंग करा ली जाय। सरयू ड्रेनेज खण्ड के अधिकारियों को निर्देश दिया कि तटबन्धों व स्परों की सुरक्षा के दृष्टिगत रेनकट व रैट होल का सघनता के साथ निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार मरम्मत करा दें।

निरीक्षण के दौरान नदी में हो रहे ड्रेजिंग कार्य के बारे में सहायक अभियन्ता ने डीएम को बताया कि यह कार्य टेक्निकल डिवीजन वाराणसी द्वारा कराया जा रहा है। डीएम ने तहसील प्रशासन व ड्रेनेज खण्ड के अधिकारियों को निर्देश दिया कि आनगोईंग कार्यों को बाढ़ से पूर्व पूर्ण करा लिया जाय तथा तटबन्धों तथा स्परों की सुरक्षा के लिए निगरानी रखी जाय।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी महसी अखिलेश कुमार सिंह, सहायक अभियन्ता लो.नि.वि. अंकित वर्मा व एस.के. वर्मा, नायब तहसीलदार राजदीप यादव, थानाध्यक्ष बौण्डी ज्ञान सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

सदस्य पूर्वांचल विकास बोर्ड का आगमन आज

बहराइच। सदस्य पूर्वांचल विकास बोर्ड उत्तर प्रदेश बौद्ध अरविन्द सिंह पटेल प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार 15 जून 2024 को प्रातः 08 बजे सीएचसी जरवल, 09 बजे सीएचसी कैसरगंज, 09:30 बजे नगर पंचायत कैसरगंज, 11 बजे सीएचसी फखरपुर, मध्यान्ह 12 बजे महाराजा सुहेलदेव मेडिकल कालेज, अपरान्ह 01 बजे जिला अस्पताल, अपरान्ह 02:30 बजे सीएचसी चित्तौरा के भ्रमण के उपरान्त अपरान्ह 03 बजे निरीक्षण भवन पहुंचकर अपरान्ह 04 बजे अधिशाषी अभियन्ता लो.नि.वि., सिचाई, विद्युत, कृषि, उद्यान, स्वास्थ्य, , नलकूप विभाग से सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक करेगें।

विद्यार्थियों ने ली ऑनलाइन योग शपथ

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के निर्देशन में परिसर में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने योग की शपथ ली। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के कुशल मार्गदर्शन में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए उत्तर प्रदेश का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हो सके। इसके लिए परिसर के विभिन्न विभागों में ऑनलाइन योग शपथ ग्रहण कराया गया। अवासीय परिसर के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभागाध्यक्ष व संकायाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह तथा कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. आशुतोष सिन्हा के नेतृत्व मे एमबीए, बीबीए, बीकॉम, अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास, फाईन आर्ट्स एवं परफार्मिंग सहित अन्य विभागों के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को ऑनलाइन योग शपथ से जागरूक कर शपथ दिलाई।

उन्होंने बताया कि राजभवन के पोर्टल या विश्वविद्यालय की वेबसाइट योगा प्लेज डॉट इन के लिंक पर जाकर विश्वविद्यालय का नाम व मोबाइल नम्बर दर्ज करना होगा, उसके बाद ओटीपी आयेगा।

आगामी बकरीद के त्यौहार को लेकर डीएम ने की बैठक

जिला संवाददाता(vol)

बाराबंकी। आगामी ईदुज्जुहा (बकरीद) पर्व पर जनपद में कानून एवं शांन्ति व्यवस्था को बनाये रखने को लेकर कलेक्टेज्ट स्थित लोकसभागार मे जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने अधिकारियों, विभिन्न सम्प्रदाय के धर्मगुरूओं प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ बैठक की। बैठक मे जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायतों को ईदगाहों, मस्जिदों के आस पास साफ-सफाई एवं जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने, सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख चैराहों तथा निर्धारित स्थलों पर कूडा ट्राली तथा बडे डस्टबिन रखने के निर्देश दिए। तथा कुबार्नी दिये जाने वाले पशुओ के अवशेष को डिस्पोजल करने के लिए गड्ढे खुदवा ले। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को विद्युत सप्लाई की व्यवस्था सुचारू रूप से आपूर्ति करने के निर्देश दिए। बैठक मे जिलाधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया पर कुबार्नी से संबंधित चलचित्र एवं अफवाहों संबंधी चलचित्र का प्रेषण न किया जाये। साथ ही उन्हें अवगत करायें कि ऐसा करने वालों को चिन्हित करते हुए प्रशासन एवं पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि नमाज केवल ईदगाहों, मस्जिदों में ही पढ़ी जाये। सार्वजनिक स्थलों/सड़कों पर नमाज न पढ़ी जाये। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी सी एन सिन्हा ने कहा कि ईदुलजुहा बकरीद तथा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत पुलिस और प्रशासन की ओर से समस्त व्यवस्थाओं को ससमय सुनिश्चित कर लिया जायेगा। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह ने कहा कि प्रतिबन्धित पशुओं की कुबार्नी जनपद में किसी भी दशा में नही होगी। बैठक मे अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ अखिलेश नारायण सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 डी0के श्रीवास्तव, समस्त उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी सहित विभिन्न संप्रदाय के धर्मगुरु मौजूद रहे।

एक सप्ताह पूर्व झुलसे किशोर की इलाज के दौरान हुई मौत

रुदौली-अयोध्या। तहसील क्षेत्र अंतर्गत मवई थाना के सेवढ़ारा गांव में एक सप्ताह पूर्व उसी गांव निवासी किसान रामदयाल चैहान बताई खेत में मेंथा की फसल लगा रखा था और उसी को काट कर टंकी में पेराई कर रहा था कि अचानक टंकी फट गई जिसकी चपेट में झोकाई कर रहे उसके दोनों नाती अनीश कुमार और मनीष कुमार आ कर गंभीर रूप से झुलस गए। जिन्हे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवई ले गए जहां पर मनीष कुमार चैहान की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने लखनऊ ट्रामा सेन्टर भेज दिया गया वहां पर एक सप्ताह से इलाज चल रहा था। जो शुक्रवार को मनीष कुमार चैहान उम्र 16 वर्ष पुत्र राजेश की मौत हो गई इस घटना से गांव में कोहराम मचा हुआ है।

21 जून की सम सेमेस्टर परीक्षा अब 23 को होगी

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 21 जून दिन शुक्रवार को विश्वविद्यालय की होने वाली परीक्षाओं को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर तिथि परिवर्तित करके अब यह परीक्षा 23 जून को अपने निर्धारित केन्द्रों पर कराई जायेगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने परिवर्तित परीक्षा कार्यक्रम जारी किया। मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि 21 जून को विश्वविद्यालय की एनईपी स्नातक व परास्नातक सम सेमेस्टर के समस्त प्रश्न-पत्र की परीक्षा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की वजह से अब यह परीक्षा 23 जून रविवार को निर्धारित केन्द्रों पर होगी। इस आशय से समस्त को सूचित किया जा चुका है। विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट एवं कालेज की लॉगिन पर भी अपलोड कर दिया गया है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

बहराइच। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु माह जून के तृतीय शनिवार 15 जून 2024 को तहसील सदर बहराइच में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

50 हजार का इनामी अपराधी सलाखों के अंदर

बहराइच। जिले की एसओजी और कैसरगंज पुलिस ने बीते चार माह पूर्व 06 वर्ष की मासूम से दुष्कर्म और हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल की सलाखों मे भेजा है। बताते चलें कि इस मामले में पहले ही न्यायालय द्वारा मुख्य आरोपी को मृत्यु दंड की सजा सुनाई जा चुकी है।

बहराइच की पुलिस कप्तान श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने बताया कि घटना में मुख्य अभियुक्त का सगा भाई भी शव को छुपाने में शामिल था और घटना के बाद से ही ये फरार था और पुलिस को चकमा दे रहा था इस आरोपी पर पहले से ही हत्या गैंगेस्टर बलवे समेत गंभीर धाराओ में मुकदमे दर्ज हैं इस पर 50 हजार का इनाम भी घोषित किया था। फिलहाल पुलिस में इस आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

रक्तदान के लिए प्रयास ट्रस्ट को किया गया सम्मानित



अयोध्या। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के ट्रांसफ्यूजन विभाग द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान सम्मान दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल आमंत्रित थी। जिसमें प्रयास ट्रस्ट अयोध्या को प्रतीक चिन्ह एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। रक्तदान सम्मान समारोह में डॉक्टर रामप्रताप यादव, राम सूरत यादव, लीगल अफसर अवध यादव, संजय कुमार यादव, प्रयास ट्रस्ट के संगठन मंत्री शिव कुमार यादव एवं प्रोफेसर विमल सिंह यादव उपस्थित रहे। प्रयास ट्रस्ट द्वारा अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में लगभग 1000 से अधिक रक्तदान, 1200 से अधिक मोतियाबिंद का आपरेशन एवं हजारों मेडिकल कैंप का आयोजन कराया गया है। जिसमें समाज के सबसे निचले पायदान के जरूरत मन्द लोगों को लाभ पहुंचा है। समाज के जरूरत मन्द लोगों को आर्थिक सहायता देना बच्चों की पढ़ाई लिखाई में सहयोग करने का काम भी ट्रस्ट समय-समय पर करता है। ट्रस्ट की विश्वनीयता को देखते हुए समाज के अनेक गणमान्य लोगों द्वारा अप्रतिम सहयोग किया गया है जिसमें आर्थिक मानसिक एवं नैतिक सहयोग शामिल हैं।

संक्षेप

बाइकों की टक्कर में तीन गंभीर

महाराजगंज, रायबरेली। दो बाइकों की आमने सामने की टक्कर में तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए, घायल व्यक्तियों को राहगीरों की मदद से एम्बुलेंस द्वारा सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने एक घायल की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना क्षेत्र के कुसुढी सागरपुर के पास की है जहां दो बाइकों की आमने सामने की टक्कर में पूरे लीला मजरे कोटवा मोहम्मदाबाद निवासी राम राज(45) पुत्र देवतादीन व राजापुर सीवन निवासी अनिल कुमार तिवारी(50) पुत्र अर्जुन तिवारी, राजेश मौर्य(52) पुत्र विशेषर गंभीर रूप से घायल हो गए, घायलो को राहगीरो ने एम्बुलेंस के मदद से सीएचसी लेकर आए।जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर राम राज की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

मुआवजे की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

सुलतानपुर (वीओएल)। नगर के घसियारीमंडी विवेक नगर में बीते दिनों छज्जआ गिरने के चलते हुई राज मिस्त्री रामलखन की मौत के मामले में लोगों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा।मिस्त्री के मौत पर मुआवजा न मिलने और अवैध निर्माण के खिलाफ पुलिस द्वारा अभी तक कोई कारवाई न होने से आक्रोशित मोहल्लेवासियों द्वारा जिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और मुआवजे की मांग की। डीएम ने मोहल्लेवासियों को कार्यवाई का आश्वासन दिया है।

सुरक्षा के दृष्टिगत किया गया पुलिस चौकी का गठन

गौरीगंज, अमेठी । पुलिस अधीक्षक अमेठी अनूप कुमार सिंह द्वारा शुक्रवार को जिला अस्पताल गौरीगंज में शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था चिकित्सकों की सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस चौकी का गठन किया गया ।पुलिस चौकी में उ0नि0 महेन्द्र सरोज को चौकी प्रभारी के साथ-साथ 3 मुख्य आरक्षी ,हे0का0 अनिल सिंह चौहान, हे0का0 रघुलाल, .हे0का0 संतोष कुमार को नियुक्त किया गया है । उक्त पुलिस चौकी से अस्पताल परिसर में कानून व्यवस्था प्रभावित करने वाले उपद्रवी अराजक तत्वों, वाहन चोरों व जेब कतरों आदि पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा ।

पर्यावरण और गंगा समिति की हुई बैठक

अमेठी । जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण, पर्यावरण एवं गंगा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा वर्षाकाल 2024 में होने वाले वृक्षारोपण को लेकर की गई तैयारियों के संबंध में प्रभागीय वनाधिकारी से जानकारी ली गई तथा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष सभी विभागों द्वारा वृक्षारोपण से पूर्व गड्ढा खुदाई का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए एवं कहा कि वृक्षारोपण के दौरान विभागों द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए जाए तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

केएल शर्मा ने कार्यकर्ताओं का व्यक्त किया आभार

कार्यकर्ताओं ने फूल-माला और बुके भेंटकर किया स्वागत

रायबरेली। लोकसभा चुनाव में रायबरेली जनपद से जननायक राहुल गांधी की रिकार्ड मतों से ऐतिहासिक जीत पर विधानसभा सरेनी, ऊँचाहार एवं सरेनी विधानसभा में कार्यकर्ता आभार समारोह का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के मुख्यअतिथि अमेठी के नव निर्वाचित सांसद के.एल.शर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने संविधान एवं देष को बचाने के लिए जो लड़ाई लड़ी उसमें आप लोगों का योगदान भी शामिल है, सांसद ने कहा कि अपना बूथ हारने वाला व्यक्ति राहुल गांधी को हराने की बात कह रहा था, उसके इसी अहंकार को रायबरेली की जनता ने बड़े अंतर से हराकर जवाब दिया है, कांग्रेस कार्यकर्ता जब अंग्रेजों से नहीं डरे तो भाजपा से कैसे डरेंगे, कांग्रेस कार्यकताओं एवं सम्मानित जनता के सहयोग से आज देष में एक मजबूत विपक्ष है, जिस कारण भाजपा सत्ता में होते हुए भी अपना नफरती एजेन्डा देष में लागू नहीं कर सकती है, उन्होने कहा कि अमेठी और रायबरेली से गांधी परिवार को जो रिष्ता है वैसा कहीं और देखने को नहीं मिलता है, दोनों क्षेत्रों का विकास ही गांधी परिवार की मुख्य प्राथमिकता है।

कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कार्यकर्ता आभार समारोह कार्यक्रम में सांसद के.एल.शर्मा का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल-माला और बुके भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी की मेहनत से पूरे देष में रायबरेली कांग्रेस का सम्मान बढ़ा है और हमें गर्व है कि हम लोगों ने देष के जनप्रिय नेता श्री राहुल जी के लिए कार्य किया है। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने सांसद के.एल.शर्मा जी को अमेठी जीत पर बधाई दी और मोदी सरकार की केन्द्रीय मंत्री को घमंड चूर करने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से आभार व्यक्त किया। कार्यकर्ता आभार समारोह कार्यक्रम में वी.के.शुक्ला, शशेहन सोनकर, हाजी इलियास, रोहित सिंह, सईदुल हसन, शैलजा सिंह, नौशाद हुसैन खतीब, अजीत सिंह, कामता नाथ सिंह, संजीव शुक्ला, मो.अषरफ, षिवानंद मौर्या, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, विधानसभा प्रभारी, जिला व शहर उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, ब्लाक अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पंचायतों की हठधर्मिता पर ब्लॉक से जिले तक के अधिकारी मौन

अमेठी। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट पशु आश्रय स्थलों के सुचारु रुप से संचालन में खेवनहारी द्वारा पलीता लगाया जा रहा है क्षेत्र की दर्जनों ग्राम पंचायतों द्वारा राज्यवित्त के खाते से पशु आश्रय स्थलों को धनराशि नही भेजी जा रही है जिससे पशु आश्रय स्थलों के संचालकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ब्लाक से लेकर जनपद तक के अधिकारी इस पर मौनधारण किये हुये है क्षेत्र के किसानों की फसल को बर्बाद कर रहे आवारा मवेशियों से निजात के लिये लाखो रुपए खर्चकर पशु आश्रय स्थल का निर्माण कराया गया और उनके संचालन में पैसे को पानी की तरह बहाया जा रहा है लेकिन इसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी जिनके कंधों पर है वही इसमें पलीता लगा रहे हैं क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिंहपुर, दांदूपुर, जैतपुर, लौली, खारा, फूला, महिया सिंदुरिया, बेसरवा, लोधवरिया, चेतरा बुजुर्ग, ढोढनपुर, बसंतपुर, विराज समेत अन्य कई ग्राम पंचायतों में पशु आश्रय स्थल का निर्माण कराया गया। इन पशु आश्रय स्थलों में हजारों की संख्या में आवारा पशु वर्तमान में पल रहे हैं। इन पशु आश्रय स्थलों में सरकार के निर्देश पर आला अधिकारियों द्वारा आसपास की ग्राम पंचायतों को सम्बद्ध किया गया है जनपद के अधिकारियों द्वारा आसपास की ग्राम पंचायतों को राज्यवित के खाते में आई धनराशि का पन्द्रह प्रतिशत पूलिंग का पैसा पशु आश्रय स्थलों को भेजने का निर्देश दिया गया था जिसमें कई ग्राम पंचायतों ने अपनी इस जिम्मेदारी का निर्वहन किया लेकिन कई दर्जन ग्राम पंचायतों ने इस आदेश को इस कान से सुनकर उस कान से निकाल दिया गया है और इस पर कोई तवज्जो नहीं दिया ग्राम पंचायतों द्वारा भेजी जाने वाली धनराशि से मवेशियों को पशु आहार और चूनी भूसी खरीदी जाती है ग्राम पंचायतों द्वारा पशु आश्रय स्थलों को धनराशि आखिर क्यों नही भेजी जा रही है ? इसका जबाब किसी सक्षम अधिकारी के पास नही है। विकास खण्ड सिंहपुर तिलोई और बहादुरपुर की किस ग्राम पंचायत द्वारा किस गौशाला को कितना पैसा अब तक भेजा गया है इसकी सही जानकारी भी कोई देना नही चाह रहा है जबकि इन बेजुबानों के निवाले के नाम पर भी खेल खेला जा रहा है। बताया तो यहां तक जाता है कि कई ग्राम पंचायतों का लाखो रुपया बकाया है लेकिन उन ग्राम पंचायतों के प्रधान और सचिव दोनों कुम्भकर्णी नींद में सो रहे हैं और इसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी जिनके कंधों पर है वह जनपद मुख्यालय में बैठकर ब्लाक चला रहे हैं।

डीएम-एसपी ने जिला अस्पताल में ब्लड बैंक का किया उद्घाटन

गौरीगंज,अमेठी। को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अमेठी व पुलिस अधीक्षक अमेठी अनूप कुमार सिंह द्वारा जिला अस्पताल गौरीगंज में ब्लड बैंक का उद्घाटन किया गया । इस अवसर पर जिलाधिकारी अमेठी व पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा स्वयं रक्तदान किया गया एवं उपस्थित लोगों से समय- समय पर रक्तदान करने व उससे होने वाले सकारात्मक प्रभावों को बताते हुए रक्तदान करने की अपील की गई । रक्तदान को महादान कहा गया है, क्योंकि रक्तदान करने से जरूरतमन्द की जान बचाई जा सकती है । इस दौरान अपर जिलाधिकारी अमेठी, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

मां को अपने ही पुत्र से जान का खतरा

महाराजगंज ,रायबरेली। व्यापार मण्डल अध्यक्ष रिंकू जायसवाल की करतूतों से रिंकू की मां का जीवन दुभर हो गया है। रिंकू की मां ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए रिंकू से जान का खतरा बताया है और मकान पर कब्जा कर लेने की बात कही है। एसडीएम को शिकायती पत्र देते हुए नगर निवासी गायत्री देवी पत्नी स्व छोटेलाल जायसवाल ने बताया कि उसका पुत्र अमित कुमार उर्फ रिंकू जायसवाल ने घर पर कब्जा कर रखा है और बूढ़ी मां और बहन को घर में रहने नहीं दे रहा है आए दिन उसके साथ गाली गलौज करता रहता है जबकि उसे प्रधानमंत्री आवास मिला हुआ है लेकिन इस मकान में न रह मेरे मकान में कब्जा कर रखा है। वही नही रिंकू की मां ने रिंकू से जान का खतरा बताया है। गायत्री देवी ने एसडीएम राजित राम गुप्ता को पत्र देकर मकान खाली कराए जाने की मांग की है।

साड़ी के फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

अमेठी। संग्रामपुर थाना क्षेत्र के डेहरा गांव में शुक्रवार सुबह की विवाहिता का कमरे के अंदर साड़ी के फंदे से लटका शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने विवाहिता के परिजनों की मौजूदगी में शव को फांसी के फंदे से उतारकर कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।वही मृतका के पिता ने पति और सास पर दहेज के लिए हत्या कर शव को साड़ी के फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि शादी के बाद से ही पति-पत्नी में विवाद होता रहता था और बीते 16 मई की रात्रि को पति और सास ने विवाहिता की पिटाई की थी।विवाहित ने संग्रामपुर थाने में पति और सास पर हत्या का प्रयास व मारपीट की तहरीर दी थी। पूरा मामला संग्रामपुर थाना क्षेत्र के डेहरा गांव का है।जहाँ शुक्रवार की सुबह गाँव निवासी ज्योति तिवारी का घर के अंदर साड़ी के फंदे से लटका हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया।ग्रामीणों ने घटना को जानकारी मृतका के परिजनों को दी जिसके बाद मौके पर पहुँचे परिजनों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी।सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतारकर कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिये भेज मामले की जांच शुरू कर दी है।मृतका ज्योति तिवारी प्रतापगढ़ जिले के अंतू थाना क्षेत्र के गडवारा गांव की रहने वाली थी जिसकी शादी 29 मई 2018 को डेहरा गांव के रहने वाले कुलदीप तिवारी के साथ हुई थी।मृतका के एक 4 साल का बेटा भी है।शादी के बाद से ही दोनों में आये दिन विवाद होते रहते थे।मृतका के पिता लाल मणि पांडेय ने कहा कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी 2018 में की थी जिसके बाद पति और सास बुलेट बाइक और पैसे की मांग करते थे।15 दिन पहले भी पति और सास ने उनकी बेटी को मारा जिससे उसके सर में गंभीर चोटें आई थी और थाने में मुकदमा भी दर्ज हुआ था।आज सुबह पड़ोसियों से सूचना मिली कि ऐसी घटना हो गई है जिसके बाद वो थाने पहुँचे और पुलिस को सूचना देने के बाद यहां पहुँचे तो देखा कि उनकी बेटी का शव कमरे में साड़ी के सहारे फंदे पर लटका हुआ है।संग्रामपुर थाना प्रभारी ईश नारायण मिश्र ने बताया कि विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजने की कार्यवाही की जा रही है।मृतका के पिता की तहरीर मिली हैं।घटना की जांच पड़ताल व कार्यवाही की जा रही है।

एनटीपीसी में विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

रायबरेली। ऊंचाहार परियोजना के जीवन ज्योति चिकित्सालय में विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर रायबरेली ऐम्स ब्लड बैंक के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मनदीप सिंह छाबड़ा, परियोजना प्रमुख एनटीपीसी ऊंचाहार व प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की अध्यक्षा तरुणा छाबड़ा ने फीता काटकर किया।रक्तदान शिविर से पूर्व दीप प्रज्वलन कर मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित जनों को रक्तदान की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर श्री छाबड़ा ने कहा कि रक्तदान महादान है।दुनिया भर में जीवन बचाने के लिए रक्तदान महत्वपूर्ण है।कई बार सेहत में ऐसी जटिलताएं आ जाती हैं कि तुरंत खून की जरूरत होती है ऐसी स्थिति में रक्तदान एक सक्रिय भूमिका निभाता है।जीवन को बचाने, रोगी की सर्जरी में मदद, कैंसर के उपचार, क्रॉनिक बीमारियों और अन्य स्वास्थ्य संबंधी खतरों के लिए रक्तदान आवश्यक है। साथ ही अपील की कि आप सभी अपनी क्षमतानुसार रक्तदान अवश्य करें।इस दिन को मनाने के पीछे डॉक्टर कार्ल लैंडस्टीनर हैं, जिन्हें आधुनिक ब्लड ट्रांसफ्यूजन का पितामह कहा जाता है। यही वजह है कि उनके जन्मदिन यानी कि 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को फल-जूस व प्रोत्साहन हेतु सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।इस अवसर पर सभी महाप्रबंधक सहित, मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मधु सिंह व चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक व स्टाफ, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ कर्मचारी उपस्थित रहे।

गायत्री परिवार के अभिषेक सिंह को राज्यपाल ने किया सम्मानित

सुलतानपुर (वीओएल)। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जनपद में रक्तदान के क्षेत्र में कार्य करने वाले गायत्री परिवार व अंकुरण फाउंडेशन के अभिषेक सिंह को केजीएमयू ट्रांसफ़्यूजन विभाग द्वारा रक्तदान के क्षेत्र मेंअतुलनीय योगदान हेतु राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, कुलपति केजीएमयू सोनिया नित्यानंद, सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी की उपस्थिति में प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित किया।गायत्री परिवार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव पर केजीएमयू में सबसे बड़ा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया था जिसमे 500 से अधिक रक्तदाताओं ने प्रतिभाग किया था।।जिसके लिए गायत्री परिवार के अभिषेक सिंह को सम्मानित करके केजीएमयू विभाग ने धन्यवाद दिया था।कुछ समय पूर्व ही युवा समाजसेवी अभिषेक सिंह को उत्तर प्रदेश के सबसे बड़ा युवा सम्मान विवेकानंद यूथ आवार्ड से भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मानित किया था।बताया जाता है अभिषेक किशोरावस्था से ही समाज सेवा के कार्यो में लग गए उन्होंने अनेको लावारिश असहाय को प्रतिदिन भोजन के साथ उनकी देखरेख एवं लावारिश शवो का अंतिम संस्कार करते रहते है।लखनऊ, प्रयागराज, दिल्ली, अयोध्या, बनारस, सुलतानपुर में गायत्री परिवार द्वारा रक्तदान कराकर टीम द्वारा जरूरतमन्दों की मदद कर रहे है। अभिषेक सिंह ने बताया की यह सम्मान गायत्री परिवार के सभी रक्तदाताओं को समर्पित है।उनके सम्मानित होने पर वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधाकर सिंह, अगम बहादुर, बृजेश यादव, अमित सिंह, संजय शर्मा सहित सैकड़ो लोगों ने बधाई दी है।

डीफा एसो. के अध्यक्ष बने शशिकांत मिश्र तो लक्ष्मण स्वरूप बने मंत्री

- एसीएमओ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ फार्मासिस्ट एसोसिएशन का चुनाव

सुलतानपुर (वीओएल)। मेडिकल कॉलेज/जिला महिला चिकित्सालय में फार्मासिस्ट एसोसिएशन संघ का चुनाव हुआ, जिसमें सभी फार्मासिस्ट ने हिस्सा लिया। चुनाव अधिकारी एसीएमओ डॉ. राधा बल्लभ व पर्यवेक्षक डॉ. सालिक राम त्रिपाठी मंडलीय सचिव, पूर्व अध्यक्ष के के तिवारी की मौजूदगी में मतदान कराया गया। जिसमें शशिकांत मिश्र अध्यक्ष पद के लिए विजई घोषित किए गए।इन्हें कुल 73 वोट मिले जबकि प्रतिद्वंद्वी रहे विजय गौतम ने 20 मत हासिल किया।सचिव पद की दौड़ में लक्ष्मण स्वरूप श्रीवास्तव विजेता रहे।जिन्हें 93 मत प्राप्त हुए, प्रतिद्वंद्वी रहे कृष्ण कुमार पांडेय को 27 मत प्राप्त हुए।दिवाकर यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सोभनाथ मिश्र उपाध्यक्ष, जगन्नाथ प्रजापति संगठन मंत्री, दीपक त्रिपाठी संयुक्त मंत्री, अमरनाथ श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष, प्रमोद कुमार यादव को संप्रेक्षक बनाया गया। सभी फार्मासिस्टों ने अध्यक्ष और मंत्री को माला पहनाकर बधाई दी। सभी फार्मासिस्टों संगठन की चुनौतियां को दूर करने का आह्वान भी किया। इस मौके पर फार्मासिस्ट एसएन मिश्र, एसके बरनवाल, बीके बरनवाल, परीक्षित उपाध्यक्ष, विनय जायसवाल, केपी पाण्डेय सहित दर्जनों फार्मासिस्ट मौजूद रहे।

नवनिर्वाचित सांसद का कांग्रेसियों ने किया जोरदार स्वागत

जिला संवाददाता (vol)

- सांसद ने डलमऊवासियों का अपार समर्थन देने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया

डलमऊ, रायबरेली। कांग्रेस पार्टी के नवनिर्वाचित सांसद एवं सांसद सोनिया गांधी के प्रतिनिधि किशोरी लाल शर्मा शुक्रवार को डलमऊ पहुंचे।जहां पर कांग्रेसियों ने उनका जोरदार स्वागत किया।हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में अमेठी से भारी मतों से सांसद निर्वाचित हुए किशोरी लाल शर्मा सोनिया गांधी एल,राहुल गांधी, प्रियंका गांधी एवं पार्टी अध्यक्ष के दिशा निर्देशन पर रायबरेली जनपद के विभिन्न विधानसभाओं में जनता का आभार व्यक्त करने के लिए पहुंचे। मालूम हो कि रायबरेली जनपदवासियों ने सांसद प्रत्याशी रहे राहुल गांधी को अपार समर्थन दिया था जिसके चलते लगभग चार लाख वोटो से राहुल गांधी ने विजय श्री प्राप्त की थी। पार्टी के दिशा निर्देशन पर शुक्रवार को विधानसभा वार जनता का आभार व्यक्त करने के लिए बछरावां, सरेनी, ऊंचाहार सहित अन्य विधानसभा में जनता का आभार व्यक्त किया। इस दौरान डलमऊ पहुंचे किशोरी लाल शर्मा का कांग्रेसियों ने जोरदार स्वागत किया। वही नवनिर्वाचित सांसद ने डलमऊवासियों का अपार समर्थन देने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव संजय श्रीवास्तव, राकेश जायसवाल, संदीप चैधरी,बाबू टेलर, नंदकिशोर दीक्षित, ऋतिक जायसवाल, रामनिवास वैश्य, सोनू यादव, वृंदावन यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जिला स्तरीय निराश्रित गोवंश संरक्षण और अनुसरण समिति की बैठक संपन्न

रायबरेली। जिला स्तरीय निराश्रित गोवंश संरक्षण एवं अनुसरण समिति की बैठक जिला अधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन में गुरुवार को हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार को निर्देश दिया कि सभी गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। जिनकी निगरानी जिला स्तरीय कंट्रोल रूम से लगातार की जाती रहे।उन्होंने कहा कि सभी गो आश्रय स्थलों पर पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा मे पानी,चारा,शेड और चिकित्सा की व्यवस्था हर समय उपलब्ध रहे।जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित खंड विकास अधिकारियों और उप जिलाधिकारियो को निर्देशित किया कि जिन भी गोआश्रय स्थलों पर चारागाह की भूमि उपलब्ध नहीं है। उनका जल्द से जल्द चिन्हांकन करा लिया जाए। साथ ही चारागाह का समतलीकरण कर सिंचाई की व्यवस्था करते हुए हरे चारे नेपियर ग्रास का रोपण प्राथमिकता पर कराया जाए।

रक्तदानियों ने किया 45 यूनिट ब्लड डोनेट

सुलतानपुर (वीओएल)। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय सुलतानपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना, पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ओ.पी. चैधरी एवं अधीक्षक पुलिस ट्रेनिंग सेंटर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं अंगवस्त्र, मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शैलेन्द्र चतुवेर्दी द्वारा किया गया। इस अवसर पर समाज में रक्तदान हेतु सभी रक्तदाताओं एवं समितियों के सम्मानित सदस्यों को जिलाधिकारी द्वारा शपथ भी दिलाई गई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ब्लड बैंक डॉ. आर.के. मिश्रा ने बताया कि 14 जून को विश्व रक्त दाता दिवस के अवसर पर 14 जून से 13 जुलाई तक माहभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होने हैं, जिसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।इस अवसर पर आजाद समाज सेवा समिति द्वारा 23 यूनिट, राष्ट्रिय सामाजिक सेवा संघ द्वारा 8 यूनिट, रेडक्रास सोसाइटी द्वारा 4 यूनिट, अंकुरण फाउन्डेशन द्वारा 01 यूनिट, घर सुलतानपुर फाउन्डेशन द्वारा 01 यूनिट, अमर उजाला फाउन्डेशन द्वारा 01 यूनिट, स्पेशल युवाएन्टी करप्शन टीम (राजि) द्वारा 04 यूनिट, इंडिया एन्टी करपसन फोर्स द्वारा 03 यूनिट एवं स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय सुलतानपुर के सीनियर रेजीडेंट डॉ. सुकेस के एस एवं डॉ. राघवेंद्र सोनकर द्वारा रक्तदान किया गया। सभी संस्थाओ के संयुक्त प्रयास से 45 यूनिट रक्तदान किया गया।

गलवान घाटी संघर्ष दिवस पर जिले में आज फौजियों का लगेगा जमावड़ा

रायबरेली । गलवान घाटी संघर्ष दिवस के अवसर पर वीरगति को प्राप्त 20 अमर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि और उनके परिजनों के सम्मान समारोह के साथ ही कवि सम्मलेन का आयोजन माँ वैष्णो रनिंग ग्राउंड पूरे मत्तू रालपुर सरेनी रायबरेली में किया जाएगा । लालगंज के एक स्थानीय होटल में प्रेस वार्ता के दौरान यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक सैनिक समाज सेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष फौजी जयसिंह यादव एडवोकेट ने बताया कि सैनिक समाज सेवा संगठन के तत्वाधान में गलवान घाटी संघर्ष दिवस के मौके पर आगामी 15 जून 2024 दिन शनिवार को सांय 4रू30 बजे अमर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि और उनके परिजनों को सम्मानित किया जाएगा ।उक्त कार्यक्रम के मुख्य आयोजक इस युद्ध में शामिल रहे सेना मेडल से सम्मानित सैनिक धीरेन्द्र यादव धीरू ब्रदर्श के साथ ही सैनिकों का परिवार और देशभर के कई फौजियों का जमावड़ा लगेगा ।इस अवसर पर सभी सम्मानित क्षेत्रवासियों की गरिमापूर्ण उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है ।इस दौरान उपस्थित दर्जनों पत्रकारों को अंगवस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित भी किया गया ।

अमृत सरोवर सहित हजारों खोदे गये तालाब धोखा

रायबरेली। अखिल भारतीय किसान महासभा के नेतृत्व में आज पानी के भयानक संकट के सवाल पर अन्य मांगो के साथ विकास भवन में धरना दिया ।धरना स्थल पर सभा की गई।जिसे संबोधित करते हुए किसान महासभा के जिलाध्यक्ष फूल चंद्र मौर्या ने कहा कि पूरे जिले के सभी ,अमृत सरोवर ,तालाब ,पोखर , नैय्या और नाले पूरी तरह से सूखे पड़े हुए हैं। जंगली जीव जंतुओं,पक्षियों , छुट्टा जानवरों को एक बूंद पानी नहीं मिल रहा है।इस कारण पिछले कई दिनों से जीव जंतुओं,पक्षियों के प्यास से मरने की खबरे जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आ रही हैं।वन्य जीवो की जीवन रक्षा में वन विभाग और जिला प्रशासन की यह अनदेखी बहुत घातक साबित हो रही है।

पालतू जानवरों को भी बचा पाना पशुपालको के लिए कठिन हो गया है।आश्चर्य जनक है कि वर्ष भर इस विषम मौसम से निपटने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर बनाए जाने वाले तालाबों, पोखरों को कोई देखने वाला नही कि भौतिक रूप से उनकी कोई उपयोगिता है भी या नही। पेय जल के संकट से भी जिले की बहुसंख्य आबादी जूझ रही है।जिले के अधिकांश इंडिया मार्का नल खराब पड़े हैं और यदा कदा चल भी रहे हैं तो बेहद गंदा और दूषित पानी निकल रहा है।वर्षो से चल रही पेय

जल की तमाम परियोजनाएं हाथी का पांव ही साबित हो रही हैं।उन्होंने कहा कि इस गम्भीर संकट के समय में जिले की सभी नहरों को चलाकर तालाबो , नालो , पोखरों को भरने के बजाय उन्हें कथित तौर पर उन्हे बन्द कर दिया गया है। यह निर्णय बहुत अप्रासंगिक है। पानी के अभाव में काल कवलित हो रहे जीव जंतुओं,पक्षियों, पशुओं और समूची आबादी को बचाने के लिए त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है। भाकपा (माले) जिला कमेटी सदस्य डा. हलीम महमूद ने कहा कि जिले में गांव गांव जीविका मिशन और कुछ निजी कंपनियों,बैंको ने समूह बनाकर ग्रामीण महिलाओं को कर्ज के मक्कड़ जाल में फंसा रखा है, जो उन लघु ऋणो का न्यूनतम 24ः या उससे अधिक ब्याज देने के लिए विवस हैं।इस महाजनी ब्याज से उन्हे अवमुक्त करते हुए उनके माइक्रो फाइनेंस की माफी किए जाने की आवश्यकता है। उनमें अधिकांश महिलाएं अपने लिए गए ऋणो से ज्यादा ब्याज अदा कर चुकी हैं। संतोष कुमार एडवोकेट ने कहा कि जिले में वर्षो से मनरेगा की मजदूरी बकाया है।साथ ही आधार लिंक न कर पाने के कारण उनमें से हजारों मनरेगा मजदूरों को श्रेणी से बाहर कर दिया गया। उनकी बकाया मजदूरी का भुगतान करने तथा उन्हें आधार से लिंक करने का अवसर देते हुए नए श्रमिको को जॉब कार्ड दिए जाने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि मनरेगा की मजदूरी में वृद्धि और उसे कृषि से जोड़ने की पुरानी मांग को पूरा करने के बजाय सरकार मनरेगा को खत्म करने पर आमदा है। आर एस यादव ने कहा कि पानी एक स्थाई सवाल है।यह हर वर्ष गर्मी के महीने में उठता है और वारिश होते ही समाप्त हो जाता है। किंतु इस सवाल को लेकर धारावाहिक और बड़े आंदोलन की जरूरत है, यह सभी के जीवन का प्रश्न है, आदमी, पशु पक्षी, जानवर,खेती सभी प्रभावित हो रहे हैं।

संक्षेप

ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

शिकोहाबाद। ट्रेन की चपेट में आकर शुक्रवार सुबह नगला हैंडल के पास एक युवक की मृत्यु हो गई। जानकारी होने पर पहुंची जीआरपी ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए, फिरोजाबाद मेडिकल कालिज भेज दिया। युवक की मृत्यु की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। शुक्रवार सुबह सात बजे के करीब गांव नगला हैंडल के समीप एक युवक का शव रेलवे लाइन किनारे पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। जीआरपी ने बताया कि युवक की पहचान कुलदीप यादव (30) निवासी निजामपुर गढ़मा के रूप में हुई। युवक की मृत्यु की जानकारी होते ही उसके परिवार के लोग चीख पुकार करते हुए जीआरपी चौकी पर पहुंचे। उन्होंने उसकी शिनाख्त की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों का कहना है कि वह इटावा गया था, लौटते समय हादसा हुआ है।

गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग

मथुरा। गौवंश के लिए निरंतर प्रयासरत और गौरक्षा के लिए अपने प्राणो की आहुति तक देने का दावा करने वाले गौभक्त शैलेन्द्र पहलवान ने गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग की है। पिछले दिनों राष्ट्रीय गौरक्षक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेन्द्र पहलवान ने घोषणा करते हुए यहाँ तक कह दिया की यदि कि गौ माता को राष्ट्र माता घोषित नहीं किया जाता तो वे अपने प्राण भी त्याग सकते है। उन्होंने सरकार से निवेदन करते हुआ कहा है कि हमरी माता को राष्ट्र माता घोषित किया जाए। जिससे गो तस्करी और गौ हत्या पर विराम लगे, बूचड़ खाना पर भी प्रतिबन्ध लगना चाहिए, उन्होंने गौरक्षा के लिए जल्द ही देश सहित विदेशों में भ्रमण कर लोगो को जागरूक करने की भी बात कही। उन्होंने सीएम को सम्बोधित करते हुए कहा की आप भी एक गौ रक्षक है, गौ माता को अपनी माता से बढ़कर मानते हैं, आपको हमारी मांगों पर गंभीरता से विचार करना होगा। शैलेंद्र पहलवान का कहना है कि एक मां कुछ समय तक दूध पिलाती है और गौ माता हमारी हमेशा हमें दूध पिलाती है। इसके लिए हमें प्राण त्याग ने पड़े तो हमारे लिए गर्व की बात है।

रेलवे ट्रैक पर मिली लाश रोटी गोदाम के कृष्णा की

मथुरा। जमुनापार क्षेत्र के डहरूआ गांव के रेलवे ट्रैक से कल दोपहर मिले युवक के शव की पहचान हो गयी है। मृतक शहर के रोटी गोदाम क्षेत्र का रहने वाला था। विदित रहे कि शहर के पुराना बस स्टैण्ड से कृष्णापुरी जाने वाले मार्ग स्थित रोटी गोदाम निवासी किशन सिंह का बेटा कृष्णा (20 वर्ष) जमुनापार क्षेत्र के पंजाबी ढाबे पर काफी समय से काम करता था। 12 जून की रात जब वह वापिस घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश की। बताते हैं कि किशन सिंह का एक मकान जमुनापार क्षेत्र के शांति आश्रम में भी है। जब कभी कृष्णा लेट हो जाता था तो वह उस मकान पर भी सो जाता था। यही सोचकर दूसरे दिन जब उसे वहां ढूंढा गया और ढाबा मालिक से पूछताछ की तो वह कोई जबाव नहीं दे पाये। गुरुवार जब पिता उसे ढूंढते हुये जमुनापार पुलिस चैकी पहुंचा तो वहां पुलिसकर्मियों ने रेलवे ट्रैक से मिले शव का फोटो दिखाया जिससे पिता ने उसकी पहचान की। परिजनों का कहना है होटल संचालक के कर्मचारियों द्वारा किसी बात को लेकर झगड़े के बाद उसकी हत्या की गयी है। इस आशय की तहरीर भी मृतक के पिता ने पुलिस को दी है।

योग सप्ताह आज से, 21 तक होंगे विभिन्न आयोजन : डीएम

मथुरा। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में दशम अंतराष्ट्रीय योग दिवस दिनांक 21 जून 2024 तथा योग सप्ताह दिनांक 15 जून से 21 जून 2024 तक के संबंध में बैठक हुई संपन्न। बैठक में आयुर्वेदिक विभाग की जिला स्तरीय अधिकारियों व विभिन्न संस्थाओं के साथ योग दिवस के संबंध में चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि योग सप्ताह को उत्साह एवं उमंग के साथ मनाए। सभी जनपदवासियों को सहभागिता हेतु व्यापक प्रचार प्रसार करे। योगा ट्रेनरों को जनपद के प्रमुख स्थानों पर लोगो को योग करने हेतु तैनात किया जाए। समस्त तहसील अपने अपने क्षेत्रों में व्यापक आयोजन कराए। सभी ब्लॉकों एवं पंचायतों पर कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित करे। जनपद के प्रसिद्ध मंदिरों, घाटों, पार्कों, अमृत सरोवरों आदि पर योग किया जाए। विभिन्न स्थानों पर योग हेतु जनपद स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाए। आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ0 गोपाल सिंह ने बताया कि दिनांक 15 से 21 तक विभिन्न आयोजन कराए जाएंगे। इस साल योगा की थीम है योग स्वयं एवं समाज के लिए। उन्होंने बताया कि योग के कार्यक्रम विभिन्न कॉलेज, यूनिवर्सिटी, आंगनबाड़ी केंद्रों, आदि पर किया जाएंगे। योग दिवस के अवसर पर ब्लड डोनेशन कैंप भी लगाए जाएंगे। सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, योग वेलनेस केंद्र, मंदिरों, तहसीलों, ब्लॉकों, पंचायतों, पार्कों आदि में ट्रेंड योग कोऑर्डिनेटर द्वारा योग अभ्यास करवाया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने निर्देश दिए कि योग के कार्यक्रम जिला कारागार, जवाहर बाग आदि में नियमित रूप से कराए जाए। उन्होंने कहा कि दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 को भव्य व सफल बनाए। आयोजनों में माननीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करे, आम जनमानस की सहभागिता सुनिश्चित करे। सीडीओ ने बताया कि कल दिनांक 15 जून 2024 को योग सप्ताह का शुभारंभ जवाहर बाग सिविल लाइन्स मथुरा में माननीय जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम प्रातः 6 से 7 बजे होगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, उप जिलाधिकारी मांट आदेश कुमार, महावन दीपिका महर, गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव, छाता श्वेता, सदर वैभव गुप्ता, आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ गोपाल सिंह, डॉ भूदेव सिंह, डॉ अविनाश, डॉ नेहा आदि उपस्थित रहे।

ऊर्जा मंत्री की मौजूदगी में 5 हजार लोग करेंगे योग

- 21 जून को एकलव्य स्टेडियम में संपन्न होगा सामूहिक योग कार्यक्रम

आगरा। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के 10वें आयोजन को लेकर सीडीओ प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीडीओ ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन मा. नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा की मौजूदगी में किया जायेगा। इस दौरान मा. मंत्री जी के साथ 05 हजार लोग एकत्रित होकर सामूहिक योग करेंगे। ‘योग स्वयं एवं समाज के लिए’ की थीम पर 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को शासनादेश में दिये गये निर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुये व्यापक स्तर पर आयोजन सुनिश्चित करने और सभी तैयारियों को समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी आयोजन के फोटो व वीडियो आयुष कवच एप व संबन्धित वेबसाइट पर भी अपलोड कराने को भी कहा। बैठक में बताया गया कि 21 जून को प्रातः 6 से 8 बजे के बीच ऐतिहासिक इमारतों, जनपद की सभी ग्रामपंचायतों, सरकारी कार्यालयों, सभी प्राथमिक, सीएचसी, स्कूल कॉलेजों, नगर निगम, नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों, विभिन्न संस्थाओं, स्टेडियम, शहर के पार्कों में योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी चिह्नित स्थानों पर एक दिन पूर्व, नगर निगम, नगर पालिकाओं व नगर तथा ग्राम पंचायतों द्वारा सफाई सुनिश्चित की जाएगी। सभी विभागों व सामाजिक संस्थाओं ने योग कार्यक्रम में भागीदारी करने वालों की संख्या पूर्व में ही उपलब्ध कराने के दिशा निर्देश दिए। जिसमें बताया गया ब्रह्माकुमारी संस्था, शिक्षा विभाग, क्षेत्रीय क्रीड़ा विभाग, गायत्री परिवार, क्रीड़ा भारती, पतंजलि योगपीठ, स्वास्थ्य विभाग, रेड क्रॉस सोसाइटी इत्यादि संस्थाओं द्वारा भी भागीदारी की जाएगी। बैठक में एकलव्य स्टेडियम पर ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रखने, स्टेडियम की सफाई, कार्यक्रम के दौरान विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। बताया गया कि 15 जून से प्रातः 6 बजे योग दिवस सप्ताह का एकलव्य स्टेडियम में शुभारंभ होगा। योग कार्यक्रम को व्यवस्थित संपन्न कराने हेतु स्टेडियम को अलग-अलग सेक्टर्स में बांट कर भागीदारी करने वाले विभागों, संस्थाओं हेतु स्थान संकेतक लगाने के दिशा-निर्देश सीडीओ ने दिए। सभी स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि इस कार्यक्रम में अपना सहयोग दें।

एसएसपी ने पुलिस लाइन में ली परेड की सलामी

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने पुलिस लाइन फिरोजाबाद में शुक्रवार परेड की सलामी ली परेड का संचालन क्षेत्राधिकारी लाइन प्रवीन तिवारी द्वारा किया गया। तत्पश्चात उनके द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु परेड ग्राउण्ड में दौड़ लगवाई गयी साथ ही टोलीवार पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चैक करते हुए सम्पूर्ण ड्रिल की कार्यवाही करवाई गयी। इसके पश्चात परेड़ में उपस्थित समस्त अधिकारी कर्मचारीगण से बल्वा ड्रिल की सम्पूर्ण कार्यवाही का अभ्यास करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान समस्त क्षेत्राधिकारीगण, थाना प्रभारी, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसके बाद एसएसपी ने पुलिस लाइन क्वार्टर गार्ड, लाइब्रेरी, कैंटीन, स्टोर, परिवहन शाखा, भोजनालय, आटा चक्की, बारबर शॉप, पुलिसकर्मियों के बैरक आदि का निरीक्षण किया एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन शिकोहाबाद, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन फिरोजाबाद एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

विशालकाय अजगर देख लोगों के उड़े होश वाइल्डलाइफ एसओएस ने किया रेस्क्यू

आगरा। एक साहसी बचाव अभियान में, वाइल्डलाइफ एसओएस रैपिड रिस्पांस यूनिट ने आगरा के रुनकता छेत्र स्थित एक आवासीय सोसायटी- आस्था सिटी से लगभग दस फुट लंबे विशाल अजगर को रेस्क्यू किया। अजगर को कुछ देर निगरानी में रखने के बाद उसे उसके प्राकृतिक आवास में वापस छोड़ दिया गया। वाइल्डलाइफ एसओएस रैपिड रिस्पांस यूनिट को आस्था सिटी के निवासियों द्वारा कॉल प्राप्त हुई, जिसमें उन्होंने आवासीय सोसायटी परिसर के अंदर नाली में करीब 10 फुट लंबे अजगर के होने की जानकारी दी। इतने बड़े सांप को देख भयभीत लोगों ने, तुरंत सहायता के लिए वाइल्डलाइफ एसओएस हॉटलाइन 91-9917109666 पर घटना की सूचना दी। वन्यजीव संरक्षण एनजीओ की दो सदस्यीय टीम तुरंत स्थान पर पहुंची और विशालकाय अजगर को नाली से सावधानीपूर्वक निकाला, जिसके पश्च्यात निवासियों ने राहत की सांस ली। अजगर को कुछ घंटों तक निगरानी में रखा गया और बाद में वापस जंगल में छोड़ दिया गया।

नशा मुक्ति अभियान : लोगों को किया जागरूक

फिरोजाबाद। थाना उत्तर क्षेत्र के वार्ड नंबर 29 रानी नगर में महापौर कामिनी राठौर द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत एक मीटिंग की। जिसमें समस्त महिलाओं व बच्चों को बुलाकर नशे के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया नशा करने से परिवार नष्ट होता है, इसलिए महिलाओं व पुरुषों को जागरूक करते हुए महापौर कामिनी राठौर ने सभी के साथ अपने परिवार में नशा से मुक्ति दिलाने का आग्रह किया। कार्यक्रम के तहत रानी नगर, संत कबीर विद्या मंदिर में काफी महिलाएं एवं पुरुष व बच्चे एकत्रित रहे। इसी दौरान वार्ड पार्षद उषा राठौर, डीपी सिंह राठौर, मंडल अध्यक्ष लायक सिंह संखवार, पूर्व मंडल अध्यक्ष केशवदेव संखबार, रेखा वर्मा और अवधेश जादौन मौजूद रहे।

बिना टिकट यात्रा करने वालों के विरुद्ध चलाया गया टिकट चेकिंग अभियान

आगरा। मंडल रेल प्रबंधक आगरा तेज प्रकाश अग्रवाल के निदेर्शानुसार व वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आगरा अमित आनन्द के निर्देशन मे रेल सुरक्षा बल के साथ बिना टिकट यात्रियों की रोकथाम हेतु दिनांक-14.06.2024 को गोवर्धन स्टेशन पर और ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा, अनियमित यात्रा, बिना बुक लगेज, गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध किलाबंदी जाँच की गई। जांच के दौरान 146 बिना टिकट यात्रियों से 57,930/-, अनाधिकृत यात्रा करने वाले 45 यात्रियों से 18,380/- तथा गंदगी फेलाने वाले 08 यात्रियों से रु0-900/- सहित कुल 199 यात्रियों से 77,210/- का जुमार्ना वसूल किया गया। गोवर्धन स्टेशन पर जांच में भूलेश पांडे डीसीआई, दीपक गुप्ता डीसीआई, एल आर मीना डीसीटीआई, रघुवर दयाल सीटीआई व अन्य टिकट जांच कर्मचारी मौजूद रहे। जनसंपर्क अधिकारी कु. प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि इस प्रकार की जांच मंडल में निरंतर कराई जा रही हैं। अतः यात्रियों से अनुरोध है कि वह उचित यात्रा टिकट लेकर एवम निर्धारित सीमा से अधिक सामान को बुक कराकर ही यात्रा करे तथा रेल परिसर में गंदगी न फैलायें।

विज्ञान कैंप में जिला समन्वयक ने दिलायी छात्रों को स्वच्छ भारत अभियान की शपथ

फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर चल रहे विज्ञान कैम्प के 20 वें दिवस पर विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान की शपथ दिलाई। अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान की शपथ दिलाते हुए कि मैं स्वंय स्वच्छता के प्रति सजग रहूँगा और उसके लिए समय दूँगा। हर वर्ष सौ घण्टे यानी हर सप्ताह दो घण्टे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूँगा। मैं न गंदगी करूँगा और न किसी को करने दूँगा। सबसे पहले मैं स्वंय से, मेरे परिवार से, मेरे मुहल्ले से, मेरे गाँव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरूआत करूँगा। मैं यह मानता हूँ कि दुनियां के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं, उसका कारण यह है कि वहाँ के नागरिक गन्दगी नहीं करते और न ही होने देते हैं। इस विचार के साथ मैं गाँव- गाँव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूँगा। मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान में अधिक से अधिक जनमानस को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कु पूजा, वर्षा, निशा कुमारी, रोशनी, अंजली, करिश्मा, सारिका, उपासना सिंह, पायल, शिवानी, प्रीती, साक्षी यादव, मोहित सिंह, ब्रजमोहन, सोनवीर, सुशान्त, ललित कुमार, नीरज, सुशान्त, आर्यन प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

नयति हॉस्पिटल की राह पर चल रहा है न्यू लाइफ हॉस्पिटल, फिर हुआ देर रात जमकर हंगामा

मथुरा। गोवर्धन चैराहा स्थित न्यूरो सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल पर उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब मृतक के परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल प्रबंधन पर रुपए ऐठने के लिए लाश का इलाज करते रहने का आरोप लगाया। इससे पहले भी कई बार इस हार्सस्पिटल निजी अस्पतालों में लूट-खसोट पर इस तरह के आरोप लगते रहे है और हंगामे की तस्वीर सामने आती रही है। बताया गया कि छाता इलाके के सराय शाहपुर का रहने वाला बंटू दो दिन पहले दिल्ली- आगरा हाईवे पर खड़ा था। इसी दौरान बंटू को किसी वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बंटू को परिजनों ने मथुरा स्थित न्यूरो हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई। बंटू की मौत में के बाद परिजनों ने अस्पताल पर पैसे वसूलने के बाद भी इलाज न करने और मौत के बाद भी लाश का इलाज करते रहने का आरोप लगा ते हुये हंगामा खड़ा कर दिया। परिजन दिल्ली आगरा हाईवे पर बैठ गए और जाम लगा दिया। हाईवे पर जाम और अस्पताल पर हंगामा होने की सूचना पर इलाका पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। मृतक बंटू के भाई इमरान और उसकी मां ने रोते हुये बताया कि उन्होने अपने बेटे के इलाज के लिये भीख मांगकर एक लाख तीस हजार रूपया दिया था लेकिन उसके बाद भी अस्पताल वाले उनके बेटे को नहीं बचा पाये।

बच्चे की हत्या में वांछित अभियुक्त गिरफ़्तार

टूंडला। थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा बच्चे की हत्या के मुकदमे में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में थाना नगला सिंघी पुलिस ने थाना नगला सिंघी पर हत्या के पंजिकृत मुकदमे में जिसमें ग्राम ठार हाथी में एक छोटे बच्चे की हत्या कर दी गई थी जिसमे वांछित अभियुक्त अनिल उर्फ रॉकी पुत्र देवेन्द्र उर्फ पप्पू को बझेरा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया है।

पथकर सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

आगरा। आयुक्त कार्यालय के लघु सभागार में मण्डलायुक्त रितु माहेश्वरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को पथकर सलाहकार समिति की 37वीं बैठक हुई। सर्वप्रथम विगत बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन आख्या की स्थिति पर चर्चा की गयी। फतेहपुर सीकरी में चिन्हित स्थानों पर लगाये गये सीसीटीवी कैमरे, पीए सिस्टम लगाने का कार्य पूर्ण कर संबंधित विभाग को किए जाने वाले हैण्डओवर का प्रमाणपत्र एवं कैमरे/पीए सिस्टम संचालन से संबंधित पूरी स्थिति से अवगत कराते हुए अगली बैठक में रिपोर्ट रखने हेतु निर्देशित किया गया। जी-20 के दृष्टिगत शिल्पग्राम में रखे गये गमलों को अनुरक्षण हेतु जोनल पार्क में रखवाया गया है। सभी गमलों के सही से रखरखाव करने तथा बड़े गमलों को आवश्यकतानुसार सड़क किनारे अथवा कार्यालयों में लगाये जाने के निर्देश दिए गये।

ताजमहल के पास गोल्फ कॉर्ट को खड़ा करने के स्थान पर पर्यटकों हेतु शेड लगाये जाने के कार्य में समिति में शामिल टूरिज्म गिल्ड के राजीव सक्सेना द्वारा गोल्फ कार्ट के चार्ज हेतु ईवी चार्जिगं स्टेशन बनाये जाने का भी सुझाव दिया गया। इस सुझाव को शामिल करते हुए मण्डलायुक्त महोदया ने नियमानुसार गुलिस्तां पार्किंग के पास चार्जिंग स्टेशन और शेड लगाये जाने के निर्देश दिए। समिति की विगत बैठक में स्वीकृत प्रस्तावों के अनुपालन आख्या पर चर्चा की गयी। कई प्रस्तावों की अनुपालन आख्या सही से न रखे जाने पर मण्डलायुक्त महोदया द्वारा चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए गये। ऑनलाइन टिकट वैडिंग मशीन के लगे साइनेज बोर्ड को लेकर अवगत कराया गया कि बोर्ड काफी छोटे हैं और दिखते नहीं है। प्रॉपर साइज में साइनेज बोर्ड लगाने के निर्देश दिए।

वॉटर एटीएम का समुचित उपयोग न होने पर ताज पूर्वी और पश्चिमी द्वार पर सड़क किनारे वॉटर एटीएम को शिफ्ट किए जाने को कहा। वहीं भीषण गर्मी और हीटवेव के चलते ताजमहल परिसर के अन्दर प्रतिदिन बेहोश हो रहे पर्यटकों की घटना पर संज्ञान लेते हुए मण्डलायुक्त महोदया ने जिलाधिकारी महोदय को गाइडलाइन्स के दृष्टिगत ताजमहल के अंदर पर्यटकों पानी की बोतल ले जाने की स्वीकृति से संबंधित नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। शहर में पौधे सहित लगाये गये गमले की सही से रखरखाव करने, ताज पूर्वी द्वार से पश्चिमी द्वार तक फसाड़ लाईटिंग करने के निर्देश दिए। समिति के परिचालन के माध्यम से स्वीकृत प्रस्तावों की अनुपालन आख्या की स्थिति पर चर्चा उपरांत निर्देश दिए कि जो भी कार्य प्रगति पर हैं, उनमें गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए जल्द पूर्ण कर हैण्डओवर की प्रक्रिया की जाये।

एसडीएम ने टूंडला तहसील का संभाला कार्यभार

- 100 दिन की कार्ययोजना पर रहेगी प्राथमिकता : एसडीएम

टूंडला। तहसील टूंडला में शुक्रवार को नवागत उप जिलाधिकारी गजेंद्र पाल सिंह ने 100 दिन के कार्य एजेंडा में टॉप प्राथमिकता के साथ कार्यभार संभाला। नवागत एसडीएम ने पत्रकार वार्ता में बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में 100 दिन की कार्ययोजना उनकी टॉप प्राथमिकता रहेगी। जिसके अंतर्गत गोवंशों की सुरक्षा तथा उनको पर्याप्त चारा उपलब्ध कराना प्रत्येक गांव में खेल का मैदान तथा लाइब्रेरी आदि के लिए भूमि का चिन्नांकन करना, राजस्व वादों के निस्तारण हेतु तहसील टूंडला के अधिवक्ताओं से वार्ता कर यह सुनिश्चित कराया जाएगा कि न्यायालय प्रत्येक दिन कार्य करे और गुणवत्ता पूर्वक मुकदमे का निस्तारण हो। जिन गांवों में राशन की दुकान है जो अभी निलंबित चल रही है उनको भी प्राथमिकता के आधार पर बहाल करते हुए कार्रवाई करनी है और इसके अतिरिक्त टूंडला नगर क्षेत्र में जाम की स्थिति बनी रहती है इसके संबंध में नगर पालिका और पुलिस के द्वारा यह सुनिश्चित कराया जाएगा कि ऑटो अपने गंतव्य स्थान से चले और किसी भी प्रकार का जाम ना रहे महत्वपूर्ण कार्यों में लेखपालों का रोस्टर जारी किया जा रहा है जिससे लेखपालों को सुनिश्चित कराया जाएगा कि गांव में एक नियत दिनांक को उपस्थित रहे यदि कोई भी लेखपाल बिना कारण बताओ अनुपस्थित रहता है उसकी जिम्मेदारी भी फिक्स किया जाएगी। शासन की मंशा यह भी है कि प्रत्येक अधिकारी अपने कार्यालय में प्रातः10 बजे से 12 बजे के मध्य जनसुनवाई करें और इस दौरान आने वाली शिकायतों का तुरंत निस्तारण कराया जाए। सभी अफसरों के माध्यम से इसको सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक नागरिक को बिना भेदभाव के सरकार की योजनाओं का लाभ मिले जिसके लिए उनकी प्राथमिकता रहेगी।

एसएसपी ने किया चौकी का उद्धघाटन

मथुरा। थाना रिफाइनरी की पुलिस चैकी बरारी का आज जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने प्राचीन मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने चैकी मे कार्मिक बैरिग व ऑफिस का शुभारंभ किया। उद्घाटन अवसर पर एसएसपी ने बताया कि यहां पुलिस चैकी खुलने से क्षेत्र मे होने बाले अपराध पर रोक लगेगी और यहां के लोगों समस्याओं के लिए भागना-दौड़ना नहीं पड़ेगा। सभी लोगों से मेरी अपील है कि पुलिस का सहयोग कर अपराध को नियंत्रण करने में मदद करें। इस दौरान चैकी प्रभारी विपिन तोमर का चैकी का पुनः जीर्णोद्धार कराने के लिए धन्यवाद व आभार प्रकट किया। पुलिस चैकी के कार्यक्रम के मौके पर एसपी सिटी ड़ा0 अरविन्द कुमार, सीओ रिफाइनरी स्वेता वर्मा, थाना प्रभारी आईपीएस ट्विीकल जैन, कुंवर अकास सिंह आईपीएस, कुलबीर सिंह एसआई, अखलेश कुमार एसआई, मोहित एसआई, कां. प्रदीप अवनीश राजीव चैकी बरारी ब्रजमोहन गॉड, प्रमुख वीरेन्द यादव, रवि यादव, रतन धर्मेंद्र प्रधान व पुलिस बल के साथ सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

एसएसपी ने किया परेड निरीक्षण

मथुरा। एसएसपी शैलेश पांडेय ने पुलिस लाइन स्थित परेड मैदान पर साप्ताहिक परेड का शुक्रवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उनकी फिटनेस परखने को एसएसपी ने पुलिस कर्मियों से दौड़ ही नहीं लगवाई, खुद उनके साथ दौड़े, ताकि शारीरिक दक्षता बनी रहे। एसएसपी ने कुछ की फिटनेस में कमी पाये जाने पर उन्हें ड्यूटी के साथ ही समय निकाल कर नियमित व्यायाम- योगा करने की सलाह दी, ताकि वह तनाव मुक्त रहते हुए स्वस्थ रह सकें। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने परेड में उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों के टर्न आउट का अवलोकन कर एकरुपता व अनुशासन बनाए रखने को टोलीकर दिल करवायी।

रजिस्ट्री कार्यालय के लिखिया बैठे धरने पर

- बेवसाइट बंद होने से रुके बैनामे, कार्य ठप्प

मथुरा। बेवसाइट के काम न करने से रजिस्ट्री कार्यालय में पिछले कई रोज से बैनामों का कार्य नहीं हो पा रहा है। इससे आक्रोशित लिखिया और कर्मचारियों ने कार्यालय पर ताला बंद कर मुख्य सड़क पर प्रदर्शन करते हुये नारेबाजी की। कहा कि जहां प्रतिदिन करोड़ों का राजस्व विभाग सरकार को देता है, उसकी बेवसाइट में अड़चनें आने से यह सारे कार्य प्रभावित हो रहे हैं। रजिस्ट्री कार्यालय पर करीब 20 दिनों से ऑनलाइन बेवसाइट के सर्वर डाउन पड़े हुए हैं जिसके चलते बैनामे पंजीकरण करने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। लगातार इस समस्या से परेशान मथुरा रजिस्ट्री कार्यालय में कार्य करने वाले लिखिया और कर्मचारियों ने आज कार्य ठप्प कर दिया। प्रदर्शन करते हुए रजिस्ट्री कार्यालय में कार्य करने वाले सभी कर्मचारी, स्टांप, बैंडरों ने अपने-अपने कार्य का बहिष्कार किया और शासन से जल्द से जल्द व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने की मांग की। रजिस्ट्री कार्यालय के बाहर मौजूद अधिवक्ताओं ने कहा कि रजिस्ट्री कराने आया व्यक्ति सुबह से शाम तक परेशान होता रहता है लेकिन कभी सर्वर डाउन तो कभी लाइन आने की कहकर उससे लंबा इंतजार कराया जाता है। मथुरा के रजिस्ट्री ऑफिस में प्रतिदिन करीब 200 रजिस्ट्रियां होती हैं, और करोड़ों रुपए का टैक्स रजिस्ट्री ऑफिस द्वारा दिया जाता है उसके बाद भी यहां अव्यवस्था हावी हैं। इस दौरान सोहनलाल शर्मा, सुभाष चतुवेर्दी, संतोष कुमार गौतम, महेंद्र निरंजन सिंह, बिल्लू सिंह, महावीर सिंह, ज्ञान प्रकाश, दिनेश कुमार, गजेंद्र पाल सिंह, विक्रम सिंह, हरीश शर्मा आदि मौजूद थे।

सीडीओ की अध्यक्षता में किसान समाधान दिवस संपन्न

फिरोजाबाद। किसान समाधान दिवस का आयोजन विकास भवन सभागार में सीडीओ की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें जिला कृषि अधिकारी उद्यान निरीक्षक, अधिशासी अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता सिचाई, भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम, चतुर्थ, वरिष्ठ वैज्ञानिक उधान कृषि विज्ञान केंद्र, महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक, सहायक निदेशक मत्स्य, सहायक अभियंता आईसीडीपी सहायक अभियन्ता ट्यूबवेल, जिला प्रवन्धक अग्रणी वैक, आदि उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का संचालन उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र प्रताप सिंह ने किया। उन्होने बताया कि कृषकों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में जिस कृषकों का भूमि अकंन नहीं हुआ वह कृषक मुख्यालय स्तर हैल्पडेस्क पर अपने अभिलेख जमा कर सकते है। जिन कृषकों की ईकेवाईसी नही हुई है वह कृषक जनसेवा केन्द्र कृषि विभाग के फील्ड कर्मचारियों के माध्यम से भी ईकेवाईसी करा सकते हैं। एनपीसीआई जिन कृषकों की नही हुई वह कृषक बैंक खाते को आधार से लिंक करा ले। पीएम कुसुम सोलरपम्प योजना विस्तृत जानकारी दी गयी। जिला कृषि अधिकारी ने कृषकों को बताया कि इस वर्ष किसानों को बीज की सब्सिडी पीओएस के माध्यम से दी जायेगी जिसमे कृषकों को कृषक अंश जमा करके बीज गोदाम से कृषक वीज आवश्यकता अनुसार वीज ले सकता है। उद्यान निरीक्षक द्वारा कृषकों को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना व राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। भूमि संरक्षण अधिकारी चतुर्थ द्वारा कृषकों के हित मे चलायी जा रही योजना वर्षा जल संचयन हेतु खेत तालाव योजनान्तर्गत जिला फिरोजाबाद का लक्ष्य शासन के द्वारा निर्धारित किया गया जो कि 52 का लक्ष्य है, उक्त योजनान्तर्गत तालाबों का आकार 22७20७3 मी० है। जिसमें कुल लागत 105000 रु. आती है, जिसमें से 50 प्रतिशत अनुदान राशि डीबीटी के माध्यम से लाभार्थी को दो किश्तों के माध्यम से दिया जाता है। सहायक निदेशक मत्स्य द्वारा कृषकों को मत्स्य विभाग कि योजना प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के वारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। सीडीओ ने कृषकों द्वारा उठायी गयी समस्याओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को एक सप्ताह में समाधान करने के निर्देश दिये प्रधानमंत्री फसल बीमा के प्रतिनिधि को निर्देश दिये कि फसल बीमा का प्रचार-प्रसार हेतु मुख्यालय स्तर पर व विकास खण्ड स्तर पर होर्डिंग लगाकर कृषकों फसल बीमा के वारे में जागरूक किया जा सकें, खरीफ में फसल धान, बाजरा, मक्का एवं तिल नोटिफाइड फसल है। फसल बीमा की अन्तिम तिथि 31 जुलाई है, कृषक भाई जल्द से जल्द अपना बीमा करा लें। कृषक भाईयों के हित में चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाना चाहिये।

संक्षेप

कंपनियों की पूंजी 434.9 लाख करोड़ पर

नयी दिल्ली। शेयर बाजार में तीन सत्रों से जारी तेजी के बीच बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण शुक्रवार को 434.88 लाख करोड़ रुपये के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स लगातार तीसरे दिन तेजी के साथ नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स 181.87 अंक यानी 0.24 प्रतिशत चढ़कर 76,992.77 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 270.4 अंक या 0.35 प्रतिशत बढ़कर 77,081.30 पर पहुंच गया था। शेयर बाजार में इस तेजी के चलते बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 4,34,88,147.51 करोड़ रुपये के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। तीन दिनों की तेजी के दौर में निवेशकों की संपत्ति में कुल 7.93 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बाजार के सकारात्मक रुख ने प्रमुख शेयर सूचकांकों को नई ऊंचाइयां छूने में मदद की। इस दौरान उन्होंने चुनिंदा शेयरों में खरीदारी की। उन्होंने कहा कि मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में नए सिरे से खरीदारी देखी जा रही है, जबकि लार्जकैप शेयरों को उच्च मूल्यांकन संबंधी बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

नयी बीएमडब्ल्यू आर 1300 जीएस लॉन्च

नई दिल्ली। बीएमडब्ल्यू मोटोराड इंडिया ने भारत में नई बीएमडब्ल्यू आर 1300 जीएस लॉन्च किया है। यह ऐडवेन्चर मोटरसाइकिल कम्प्लीटली बिल्ट-अप यूनिट (सीबीयू) के रूप में मिलेगी और जून 2024 से इसकी डिलिवरी आरंभ होगी। बीएमडब्ल्यू मोटोराड ने चार दशक से भी ज्यादा पहले आर 80 जी/एस के साथ टुअरिंग एंड्युरोज का नया सेगमेंट स्थापित किया था। और तब से लेकर बॉक्सर इंजन वाली बीएमडब्ल्यू जी प्रतिस्पर्धी फील्ड का निर्विवाद लीडर रही है। नई नई बीएमडब्ल्यू आर 1300 जीएस के साथ बीएमडब्ल्यू मोटोराड न जीं को और भी तेज बनाने पर फोकस किया है। यह शक्ति, आराम और फुर्ती का खूबसूरत संयोजन है, जो इसे किसी भी भू-भाग के लिए आदर्श मोटरसाइकिल बनाता है। अपनी विलक्षणता और आकर्षण के साथ ऑल-न्यू बीएमडब्ल्यू आर 1300 जीएस सर्वोच्च अपेक्षाओं से भी आगे निकलेगी।

दिल को स्वस्थ रखने में मदद करता है बादाम, ओट्स और लहसुन

नई दिल्ली। हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए आहार में शामिल किए जाने वाले बादाम, ओट्स और लहसुन है। इस बारे में कृष्णास्वामी, न्यूट्रिशन एंड वेलनेस कंसल्टेंट ने बताया कि बादाम आपके भोजन में शामिल होने योग्य जो नट है वो है बादाम। बादाम में उच्च मात्रा में कैल्शियम, विटामिन ई, मैग्नीशियम और फाइबर होता है। इससे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद मिल सकती है और ये हृदय रोगों के खतरे को कम करने के लिए आपकी डाइट में सेहतमंद फैट्स को शामिल करता है। ओट्स ये एक घुलनशील फाइबर है। लहसुन में एलीसिन नामक एक तत्व होता है जोकि ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद करता है और दिल को तंदुरुस्त बनाने में मददगार हो सकता है। कई अध्ययनों में ये बात सामने आई है कि लहसुन के सेवन का दिल पर सुरक्षात्मक प्रभाव पड़ता है।

ए.आई. वाहन के लिए भविष्य के टायर लॉन्च

नई दिल्ली। सिएट स्पेशलिटी ने कल्की 2898 ए.डी. के साथ एक दिलचस्प साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत प्रभास अभिनीत इस फिल्म में दिखाए जाने वाले रोबोटिक वाहन बुज्जी के लिए अत्याधुनिक टायर विकसित एवं लांच किए जाएंगे। इस साझेदारी से सिएट की अत्याधुनिक तकनीक एक बार फिर उजागर हो रही है और इससे मोबिलिटी के भविष्य को आकार देने की कंपनी की प्रतिबद्धता पुख्ता होती है।

कोयला, खान मंत्रालयों की पहली समीक्षा बैठक

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने अपने प्रभार वाले दोनों मंत्रालयों- कोयला और खान मंत्रालय का दायित्व संभालने के बाद पहली समीक्षा बैठक की है। रेड्डी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, नयी दिल्ली में खान मंत्रालय की एक विस्तृत समीक्षा बैठक की। कोयला मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद पहली समीक्षा बैठक की। इसके पहले रेड्डी ने बृहस्पतिवार को कोयला और खान मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला था।

सेंसेक्स-निफ्टी ने बनाया नया रिकॉर्ड

मुंबई। निर्यात के उत्साहजनक आंकड़ों के बीच शेयर बाजार को एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी कंपनियों में लिवाली आने से लगातार तीसरे सत्र में भी तेजी जारी रही। इसके असर में घरेलू बाजारों के मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी नए सार्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 181.87 अंक यानी 0.24 प्रतिशत चढ़कर 76,992.77 अंक के नए उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 270.4 अंक यानी 0.35 प्रतिशत चढ़कर 77,081.30 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 66.70 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,465.60 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 91.5 अंक बढ़कर 23,490.40 अंक के नए सार्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। साप्ताहिक आधार पर बीएसई 299.41 अंक या 0.39 प्रतिशत चढ़ा, जबकि निफ्टी में 175.45 अंक या 0.75 प्रतिशत का उछाल आया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से आक्रामक टिप्पणी के बाद नए कदमों की कमी के कारण बाजार की गति में अस्थायी रूप से गिरावट आई है। इससे अल्पावधि में ब्याज दरों में कटौती की संभावना कम हो गई है। निकट अवधि में मजबूती की संभावना है क्योंकि घरेलू निवेशक आगामी केंद्रीय बजट से संकेतों का इंतजार कर रहे हैं। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स और एशियन पेंट्स के शेयरों में सबसे अधिक तेजी दर्ज की गई। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, लार्सन एंड टूब्रो और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख देखा गया। बंबई शेयर बाजार शुक्रवार को आए अनुकूल निर्यात आंकड़ों से भी प्रभावित हुआ। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, मई में वस्तु निर्यात नौ प्रतिशत बढ़कर 38.13 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान देश का आयात 7.7 प्रतिशत बढ़कर 61.91 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक 1.18 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक 1.03 प्रतिशत चढ़ा। एशियाई शेयरों में शुक्रवार को मिला-जुला रुख रहा। बैंक ऑफ जापान के अपने बॉन्ड खरीद कार्यक्रम में निकट भविष्य में कोई बदलाव नहीं करने के संकेत से जापानी शेयरों में तेजी आई। वहीं चीनी बाजारों का प्रदर्शन सबसे खराब रहा। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की तथा चीन का शंघाई कम्पोजिट फायदे में रहे जबकि हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहा।

मई में थोक मुद्रास्फीति 15 महीनों के उच्च स्तर 2.61 प्रतिशत पर पहुंची

नयी दिल्ली। भीषण गर्मी के प्रकोप के बीच खाद्य वस्तुओं और महंगे विनिर्मित वस्तुओं की कीमतें बढ़ने से मई के महीने में थोक मुद्रास्फीति बढ़कर 15 महीने के उच्चतम स्तर 2.61 प्रतिशत पर पहुंच गई।

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति लगातार तीन महीने से बढ़ रही है। अप्रैल में यह 1.26 प्रतिशत और मई 2023 में यह शून्य से 3.61 प्रतिशत नीचे रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, मई 2024 में मुद्रास्फीति बढ़ने का मुख्य कारण खाद्य वस्तुओं, खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस, खनिज तेल और अन्य विनिर्माण उत्पादों की कीमतों में वृद्धि रही। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) मई में 15 महीने के उच्चतम स्तर पर रही है। इसका पिछला उच्चतम स्तर फरवरी 2023 में देखा गया था, जब थोक मुद्रास्फीति 3.85 प्रतिशत थी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मई में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति 10 महीने के उच्च स्तर 9.82 प्रतिशत पर पहुंच गई। मई में सब्जियों की महंगाई दर 32.42 प्रतिशत रही, जो एक महीने पहले अप्रैल में 23.60 प्रतिशत थी। इसी तरह प्याज की महंगाई दर 58.05 प्रतिशत, जबकि आलू की महंगाई दर 64.05 प्रतिशत रही। दालों की महंगाई दर मई में 21.95 प्रतिशत रही। हालांकि मई में थोक मुद्रास्फीति की वृद्धि इस महीने के खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों के विपरीत है। इस सप्ताह की शुरुआत में जारी आंकड़ों के अनुसार मई में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 4.75 प्रतिशत पर आ गई जो पिछले 12 महीनों का सबसे निचला स्तर है।

रुपया दो पैसे की गिरावट के साथ बंद

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में तेजी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से रुपये को समर्थन मिला लेकिन डॉलर के मजबूत होने तथा विदेशी पूंजी की निकासी से यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले दो पैसे कमजोर होकर 83.56 रुपये प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति समिति एफओएमसी की बैठक और फेडरल रिजर्व के चेयरमैन की टिप्पणी के कारण डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती का रुख देखा गया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.54 के भाव पर खुला और कारोबार के अंत में दो पैसे की गिरावट के साथ 83.56 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। बृहस्पतिवार को रुपया छह पैसे टूटकर 83.54 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। शेयरखान बाय बीएनपी पारिबा में शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, उम्मीद है कि मजबूत अमेरिकी डॉलर और कमजोर वैश्विक बाजारों से रुपया हल्के नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। हालांकि, घरेलू बाजारों में सकारात्मक रुख और ताजा विदेशी निवेश की उम्मीदों से रुपये को निचले स्तर पर समर्थन मिल सकता है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी मुद्रा का आकलन करने वाला डॉलर सूचकांक 0.40 प्रतिशत बढ़कर 105.61 पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.12 प्रतिशत घटकर 82.65 डॉलर प्रति बैरल रह गया। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, घरेलू वृहद आर्थिक मोर्चे पर, भारत का वस्तु निर्यात मई में नौ प्रतिशत बढ़कर 38.13 अरब डॉलर का हो गया।

विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर रिकॉर्ड ऊंचाई पर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार सात जून को समाप्त सप्ताह में 4.307 अरब डॉलर बढ़कर 655.817 अरब डॉलर की नयी सार्वकालिक ऊंचाई को छू गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पूर्व के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.837 अरब डॉलर के उछाल के साथ 651.51 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया था। इससे पहले, विदेशी मुद्रा भंडार का उच्चतम स्तर 10 मई को 648.87 अरब डॉलर था। पिछले कुछ सप्ताहों में विदेशी मुद्रा भंडार में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, सात जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.773 अरब डॉलर बढ़कर 576.337 अरब डॉलर हो गयीं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 48.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 56.982 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 4.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.161 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक ने कहा कि आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा भी एक करोड़ डॉलर बढ़कर 4.336 अरब डॉलर हो गई।

कोका-कोला ने रिसाइकिल्ड पीईटी बोतलों को लॉन्च किया

लखनऊ। अपने पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर ब्रैंड किनले की एक लीटर की बोतल के लिए 100% रिसाइकिल पीईटी (आरपीईटी) बोतलों को लॉन्च करने वाली पहली कंपनी बनने के बाद, कोका-कोला इंडिया ने सर्कुलर अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक और सार्थक कदम उठाया है।

अब कंपनी ने 250 और 750 एमएल के पैक साइज में आरईपीटी में कोका-कोला~लॉन्च करने की घोषणा की है। इन आरपीईटी बोतलों का उत्पादन कोका-कोला के बॉटलिंग पार्टनर्स- मून बेवरेजेज और एसएलएमजी बेवरेजेज द्वारा किया जा रहा है। आरपीईटी बोतलों के बढ़ते प्रयोग से सभी के लिए स्वच्छ पर्यावरण और स्थिर भविष्य का निर्माण करने के लिए कोका-कोला इंडिया के बदलते सफर की झलक मिलती है। यह बोतलें 100 फीसदी फूड ग्रेड आरपीईटी (ढक्कन और लेबल को छोड़कर) से बनाई गई है। इन बोतलों पर रिसाइकिल मी अगेन का संदेश लिखा हुआ है। पैक पर डिस्प्ले किए गए 100% रिसाइकल्ड पीईटी बोतल के संदेश से यह उपभोक्ताओं को भी जागरूक करती है। एमएमजी ग्रुप के हिस्से मून बेवरेजज लिमिटेड के चेयरमैन संजीव अग्रवाल ने आरपीईटी के लॉन्च पर कहा कि पीईटी प्लास्टिक बोतलें पहली बार इस्तेमाल के बाद भी काफी अहमियत रहती है।

निर्यात मई में नौ प्रतिशत बढ़कर 38.13 अरब डॉलर पर

नयी दिल्ली। भारत का मई में वस्तु निर्यात नौ प्रतिशत बढ़कर 38.13 अरब डॉलर हो गया, जो एक साल पहले इसी महीने में 34.95 अरब डॉलर था। इस दौरान व्यापार घाटा बढ़कर सात महीने के उच्चतम स्तर 23.78 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया।

शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने मई में इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक, औषधि, कपड़ा और प्लास्टिक जैसे क्षेत्रों में स्वस्थ वृद्धि के दम पर वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद निर्यात में वृद्धि दर्ज की है। आलोच्य अवधि में कच्चे तेल का आयात बढ़ने से देश का कुल आयात 7.7 प्रतिशत बढ़कर 61.91 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। यह मई 2023 में 57.48 अरब अमेरिकी डॉलर था। तेल आयात मई में 28 प्रतिशत बढ़कर 20 अरब डॉलर हो गया। इस तरह वित्त वर्ष 2024-25 के पहले दो महीनों में तेल आयात 24.4 प्रतिशत बढ़कर 36.4 अरब डॉलर हो गया। हालांकि, इस साल मई में सोने का आयात मामूली रूप से घटकर 3.33 अरब डॉलर रह गया।

श्रम सचिव ने की ईपीएफओ सुधारों पर समीक्षा बैठक

नयी दिल्ली। श्रम एवं रोजगार सचिव सुमिता डावरा ने कर्मचारी भविष्य निधि से संबंधित दावा निपटान को स्वचालित बनाने और दावों की अस्वीकृति में कटौती के लिए ईपीएफओ के हालिया प्रयासों की सराहना की है। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। डावरा ने बृहस्पतिवार को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से संबंधित सुधारों पर समीक्षा बैठक में यह बात कही। उन्होंने प्रभावी सामाजिक सुरक्षा तंत्र के लिए अधिकारियों से करीबी समन्वय के साथ काम करने का आग्रह किया। बयान के मुताबिक, ईपीएफओ अपने एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर को नया रूप देने की प्रक्रिया में है। इसमें हरेक सदस्य के लिए यूनिवर्सल अकाउंट नंबर आधारित एकल लेखा प्रणाली और दावों के त्वरित निपटान के लिए न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप के साथ प्रक्रिया प्रवाह का स्वचालन भी शामिल होगा। ईपीएफओ के एप्लीकेशन का नया सॉफ्टवेयर उन्नत कंप्यूटिंग विकास केंद्र के परामर्श से विकसित किया जा रहा है। समीक्षा बैठक में कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा के विस्तार तथा जीवन-यापन में आसानी और कारोबारी सुगमता के लिए नई पहल की जरूरत पर प्रकाश डाला गया।

अरहर, चना और उड़द दालों की कीमतों में नरमी की संभावना

नयी दिल्ली। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने शुक्रवार को कहा कि अच्छे मानसून और आयात बढ़ने की उम्मीदों से अगले महीने से अरहर, चना और उड़द दालों की कीमतों में नरमी आने की संभावना है। इसके साथ ही खरे ने कहा कि दालों की कीमतों को लेकर घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

उन्होंने कहा कि अगले महीने से इन तीनों दालों का आयात भी बढ़ेगा जिससे घरेलू आपूर्ति बढ़ाने में मदद मिलेगी। खरे ने यहां संवाददाताओं से कहा, पिछले छह महीनों में अरहर, चना और उड़द दालों की कीमतें स्थिर रही हैं, लेकिन उच्च स्तर पर बनी हुई हैं। मूंग और मसूर दालों की कीमत की स्थिति संतोषजनक है। 13 जून को चना दाल का औसत खुदरा मूल्य 87.74 रुपये प्रति किलोग्राम, तुअर (अरहर) दाल 160.75 रुपये प्रति किलोग्राम, उड़द दाल 126.67 रुपये प्रति किलोग्राम, मूंग दाल 118.9 रुपये प्रति किलोग्राम और मसूर दाल 94.34 रुपये प्रति किलोग्राम था। उपभोक्ता मामलों का विभाग देश के 550 प्रमुख उपभोक्ता केंद्रों से खाद्य उत्पादों के खुदरा मूल्य एकत्र करता है। खरे ने कहा कि जुलाई से तुअर, उड़द और चना की कीमतों में नरमी आने की संभावना है। सचिव ने कहा कि मौसम विभाग ने सामान्य मानसून बारिश का अनुमान लगाया है जिससे दालों की खेती के रकबे में काफी सुधार होगा। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को बेहतर बीज उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। खरे ने कहा कि सरकार घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और खुदरा कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए सभी जरूरी उपाय करेगी। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत चना दाल को 60 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेचने की सरकार की योजना आम आदमी को राहत प्रदान कर रही है।

पेज एक का शेष

दतिया में ट्रैक्टर

ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक को झपकी आ गई, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई।

अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान सोनम (11), क्रांति (17), सीमा (30), कामनी (19) और रोशनी (17) के रूप में हुई है। प्रभारी कलेक्टर कमलेश भार्गव और पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र मिश्रा मौके पर पहुंच गये हैं। घटना की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसडीओपी ने बताया कि घायलों में से 17 को दतिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि दो को ग्वालियर और एक को झांसी रेफर किया गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने दतिया में पांच लोगों की मौत पर दुख जताया है।

आगरा में

और 12 सिपाही आरोपी हैं। फीडबैक सेल में 21 पासपोर्ट आवेदकों ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद उनके पासपोर्ट वेरीफिकेशन की रिपोर्ट लगाने वाले थाना न्यू आगरा में तैनात दारोगा विनोद कुमार, हरी पर्वत में तैनात दारोगा जितेंद्र प्रसाद सिंह, शाहगंज में तैनात प्रशिक्षु दारोगा प्रखर और कमला नगर में तैनात प्रशिक्षु दारोगा प्रशांत कुमार को निलंबित कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट शहर के 9 थाना क्षेत्र में तैनात दारोगा, मुंशी और सिपाहियों की शिकायतें लगातार पहुंच रही थीं। सूत्रों का कहना है कि पुलिस कमिश्नर ने फीडबैक सेल से इनकी जांच कराई। फीडबैक सेल की जांच में 30 पुलिस कर्मचारियों की हकीकत की कलई खुल गई।

खतरनाक बात यह है कि साइबर क्राइम थाने में तैनात मुंशियों सहित पांच पुलिसकर्मियों की साइबर अपराधियों से मिली भगत पाई गई है। फीडबैक में यह भी खुलासा हुआ है कि साइबर सेल में पीड़ित का मुंशी और सिपाही उत्पीड़न करते थे। पीड़ित का उत्पीड़न करने के मामले में आरोपी मुख्य आरक्षी अविनाश, शेर सिंह, सनी कुमार, कर्मवीर और सिपाही धर्मेंद्र को निलंबित किया गया है।

सीएम योगी ने

जिलों में करीब 50 प्रतिशत ही अंश निधारण का कार्य हुआ है। वहीं स्वामित्व योजना के तहत घरौनी तैयार करने में गोरखपुर, प्रयागराज, बाराबंकी, जौनपुर और गाजीपुर में काफी धीमी गति से कार्य हो रहा है। मुख्य सचिव ने इसमें तेजी लाने के निर्देश दिये। इसके अलावा राजस्व वादों के निस्तारण में महोबा, चित्रकूट, मुजफ्फरनगर, शामली और बागपत फिसड्डी रहे हैं। यहां आठ हजार से अधिक मामले लंबित हैं। बैठक में सामने आया कि राजस्व वाद के तहत धारा-24 (पैमाइश) में लखनऊए प्रयागराजए अमरोहाए फतेहपुर और सहारनपुर का प्रदर्शन ठीक नहीं है। इसके साथ ही धारा-34 (नामांतरण) में कुशीनगर, सोनभद्र, रायबरेली, बलिया और अमेठी में पहले से सुधार हुआ है, लेकिन निपटारे का प्रतिशत 95 प्रतिशत से कम है। इसी तरह धारा-80 (कृषिक भूमि का गैर-कृषिक भूमि में परिवर्तन) के अयोध्या में 34, प्रतापगढ़ में 21, गोरखपुर में 12, कानपुर नगर में 10 और बाराबंकी में 7 मामले लंबित हैं। यह सभी मामले एक वर्ष से अधिक और तीन वर्ष से कम के हैं। इसे लेकर मुख्य सचिव जल्द ही पूरी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंप सकते हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लापरवाह अफसरों पर कड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर आदित्यनाथ के हवाले से इस सिलसिले में निर्देश जारी किये गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, कि मुरादाबाद में रामगंगा नदी के किनारे अतिक्रमण की स्थिति है। ऐसी ही स्थिति काशी, सहारनपुर आदि जिलों में भी देखी जा सकती है। इसी संदेश में आगे कहा गया, है कि अभी लखनऊ में कुकरैल नदी के पुनरुद्धार की कार्रवाई हो रही है। अवैध बसावट को हटाकर उन्हें अन्यत्र पुनर्वासित कराया गया है। इसी प्रकार, अन्य जिलों में भी स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा, कि यह सुनिश्चित कराया जाए कि नदी बेसिन में कोई बसावट न हो। पुराने तालाबा, पोखरों व अन्य जलाशयों को संरक्षित किया जाए। अतिक्रमण हो तो तत्काल हटाया जाए। गौरतलब है कि राजधानी लखनऊ में कुकरैल नदी और बंधे के बीच बसाए गए अकबरनगर प्रथम और द्वितीय के अवैध निर्माण तोड़ने की कार्रवाई का नया चरण सोमवार से शुरू कर दिया गया है। भूमाफिया ने पर्यावरण संरक्षण के मानकों को दरकिनार कर कुकरैल नदी के इर्दगिर्द बहुमंजिला इमारतें एवं शोरूम बना दिये थे। साथ ही कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर अवैध कॉलोनियां भी बसा दी गईं थीं। प्रदेश सरकार ने उच्चतम न्यायालय के आदेश पर नवंबर 2023 में कुकरैल नदी और बंधे के बीच बसे अकबरनगर प्रथम और द्वितीय के 1068 अवैध आवासीय और 101 व्यावसायिक भवनों को ध्वस्त करने का आदेश दिया था।

विश्व मंच

में गति और गहराई लाने, भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने और हिंद-प्रशांत तथा भूमध्यसागरीय क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण बताया। इटली पहुंचने के बाद मोदी ने कहा विश्व नेताओं के साथ सार्थक चर्चाओं में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं। साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य वैश्विक चुनौतियों का समाधान करना और एक उज्ज्वल भविष्य के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है। शुक्रवार को, पोप फ्रांसिस शिखर सम्मेलन को संबोधित करने वाले पहले पादरी होंगे। उनके प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करने की भी उम्मीद है। अल्जीरिया, अर्जेंटीना, ब्राजील, जॉर्डन, केन्या और मॉरिटानिया के अलावा ट्यूनीशिया, तुर्किये और संयुक्त अरब अमीरात कृत्रिम बुद्धिमत्ता सत्र में भारत के साथ शामिल होंगे। शिखर सम्मेलन के पहले दिन रूस-यूक्रेन युद्ध का मुद्दा हावी रहा और नेताओं ने कीव को 50 अरब अमेरिकी डालर के ऱ्ण का समर्थन करने के अमेरिकी प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की। बाइडन ने संवाददाताओं से कहा, पुतिन को फिर एक बार याद दिलाया गया: हम पीछे नहीं हट रहे हैं। वास्तव में, हम इस अवैध आक्रमण के खिलाफ एक साथ खड़े हैं।

नीट प्रकरण

सुनवाई की जाएगी, जब सर्वोच्च अदालत गर्मी की छुट्टियों के बाद बैठेगी। पीठ संक्षिप्त सुनवाई के दौरान उस समय अप्रसन्न हो गई जब एक वकील ने सीबीआई जांच के लिए अपने मामले को मजबूत बनाने के लिए राजस्थान के कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या किए जाने का जिक्र किया।

न्यायमूर्ति नाथ ने कहा यहां अनावश्यक भावनात्मक दलीलें नहीं दें। सीबीआई जांच का आदेश देने के लिए पेश दलीलों पर पीठ ने कहा कि कोई आदेश पारित करने से पहले एनटीए का जवाब आवश्यक है। वकील ने कहा, यह 24 लाख छात्रों के भविष्य से जुड़ा मामला है। इस पर पीठ ने कहा, हम समझते हैं। हम इन सबके प्रति सजग हैं। केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने एक दिन पहले उच्चतम न्यायालय को बताया था कि एमबीबीएस और ऐसे अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए परीक्षा देने वाले l,563 उम्मीदवारों को दिए गए कृपांक (ग्रेस मार्क्स) रद्द कर दिए गए हैं। केंद्र ने कहा था कि उनके पास या तो दोबारा परीक्षा देने या कृपांक को छोड़ने का विकल्प होगा। यह परीक्षा पांच मई को 4,750 केंद्रों पर हुई थी और इसमें लगभग 24 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे। परिणाम 14 जून को घोषित किए जाने की उम्मीद थी, लेकिन उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पहले पूरा हो जाने के कारण 4 जून को नतीजे घोषित कर दिए गए। बिहार जैसे राज्यों में प्रश्नपत्र लीक होने और प्रतिष्ठित परीक्षा में कई अन्य अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। आरोपों के कारण कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए और सात उच्च न्यायालयों एवं सर्वोच्च न्यायालय में मामले दायर किए गए। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में मेडिकल शिक्षा से जुड़े संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा आयोजित की जाती है।

विधान परिषद

मिल जाएगा। अभी तक सपा के पास सदन में निर्धारित सदस्य संख्या न होने से आधिकारिक रूप से पार्टी को यह दर्जा नहीं मिला था। विधान परिषद के प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि परिषद में नेता विरोधी दल का दर्जा हासिल करने के लिए प्रमुख विपक्षी दल के सदस्यों की संख्या कम से कम 10 होनी चाहिए। विधान परिषद की वेबसाइट के अनुसार उत्तर प्रदेश के विधान परिषद में इस समय सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के 78 सदस्य हैं, जबकि उसके सहयोगी अपना दल (एस), निषाद पार्टी, सुभासपा और रालोद के सदस्यों की एक-एक संख्या है। सदन में प्रमुख विपक्षी समाजवादी पार्टी के सदस्यों की संख्या 10 हो गयी है। शिक्षक दल और निर्दलीय मिलाकर पांच अन्य सदस्य हैं। अन्य सीटें रिक्त हैं।

कोच्चि हवाई

कमाने गए थे। शोक संतप्त परिवारों को किसी भी तरह की मदद पर्याप्त नहीं हो सकती। पर्यटन एवं पेट्रोलियम राज्य मंत्री सुरेश गोपी भी मृतकों को श्रद्धांजलि देने के लिए कोच्चि हवाई अड्डे पर मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि विदेश में काम करते समय प्रवासियों द्वारा की गई कड़ी मेहनत के कारण राज्य और केंद्र द्वारा उनका बहुत सम्मान किया जाता है। उन्होंने कहा यह त्रासदी बहुत दुखद है। मुख्यमंत्री विजयन ने मृतकों के ताबूतों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं, सुरेश गोपी ने लाल गुलाब अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मृतकों के शवों को लाने वाले भारतीय वायुसेना के विमान में आए विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह और तमिलनाडु के अल्पसंख्यक कल्याण और अनिवासी तमिल कल्याण मंत्री के एस मस्थान ने भी मृतकों को श्रद्धांजलि दी। पुलिस ने मृतकों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। हवाईअड्डे के प्राधिकारियों ने बताया कि 45 शवों के लिए सीमा शुल्क, आव्रजन और हवाईअड्डा स्वास्थ्य कार्यालय से संबंधित प्रक्रिया सीआईएएल में ही पूरी की गई। उन्होंने बताया कि हवाई अड्डे पर 31 भारतीयों के शवों को उतारने के बाद शेष 14 शवों को भारतीय वायुसेना के उसी विमान से दिल्ली भेज दिया गया।

भीषण गर्मी ने

में शुक्रवार को दिन का तापमान 46.2, झांसी में 45.6, वाराणसी में 45.9, मथुरा-वृंदावन में 45.2, लखनऊ में 45.3, वाराणसी में 45.2 व सुल्तानपुर में 45.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम केंद्र के अनुसार 17-18 जून को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अनेक स्थानों तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर लू चलने और कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की उम्मीद है। मगर इससे पहले 15 व 16 जून को पूरे प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर प्रचंड लू व तपन का प्रकोप जारी रहने और रात भी गरम रहने का अनुमान है। आगामी 19-20 जून से प्रदेश में मानसून से पहले की बारिश का सिलसिला भी शुरू होने का अनुमान जताया गया है।

पूर्व विधान परिषद

उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में रेत खनन पट्टों के कथित अवैध नवीनीकरण और कई खनन पट्टा धारकों, कुछ सरकारी अधिकारियों तथा अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ जांच के लिए दिल्ली में दर्ज सीबीआई की प्राथमिकी से उपजा है। ईडी ने कहा, सभी खनन फर्म मोहम्मद इकबाल समूह के स्वामित्व वाली थीं और उन्हीं के द्वारा संचालित थीं। ये फर्म सहारनपुर और आस-पास के इलाकों में बड़े पैमाने पर अवैध खनन में शामिल थीं। आयकर रिटर्न में मामूली आय दर्शाये जाने के बावजूद, मोहम्मद इकबाल की खनन कंपनियों के बीच करोड़ों रुपये के लेन-देन पाए गए हैं।

अच्छा अहसास पर हमने अब तक कुछ नहीं जीता: जोनाथन ट्रॉट

तारोबा (त्रिनिदाद)। टी20 विश्व कप में पहली बार सुपर आठ में जगह बनाने के बाद अफगानिस्तान के खिलाड़ियों की खुशी जाहिर है लेकिन मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट का कहना है कि इस खुशी ने उन्हें यह समझने से नहीं रोका कि उन्होंने अब तक कुछ भी नहीं जीता है। अफगानिस्तान ने गुरुवार को पापुआ न्यू गिनी को सात विकेट से हराकर ग्रुप में लगातार तीसरी जीत के साथ सुपर आठ में जगह बनाई। इस परिणाम से 2021 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाला न्यूजीलैंड बाहर हो गया। इंग्लैंड के पूर्व खिलाड़ी ट्रॉट ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमारे पास अब भी एक मैच बचा है, एक महत्वपूर्ण ग्रुप मैच, और यह एक अच्छा मापदंड होगा कि हम वेस्टइंडीज की मजबूत टीम के खिलाफ कहां हैं, जिसने कल रात (न्यूजीलैंड के खिलाफ) एक शानदार मैच जीता। इसलिए आज रात जीतना और इस तरह से क्वालीफाई करना अच्छा है। विश्व कप में आना और तीन मैच जीतना एक अच्छा अहसास है, लेकिन इस वास्तविकता को भी स्वीकार करना कि हमने अब तक कुछ भी नहीं जीता है।

राशिद ने गेंदबाजी में विविधता का सहारा लिया

नॉर्थ साउंड (एंटीगा)। इंग्लैंड के लेग स्पिनर आदिल राशिद का मानना है कि टी20 विश्व कप की खराब शुरुआत के बाद ओमान के खिलाफ उन्हें अपनी गेंदबाजी में विविधताओं का विवेकपूर्ण उपयोग करने का फायदा हुआ। राशिद के 11 रन पर चार विकेट की मदद से गत चैम्पियन टीम ने ग्रुप बी के मैच में ओमान को 47 रन पर आउट करने के बाद महज 3.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया। राशिद ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तीन-चार विकेट हासिल करना हमेशा अच्छा होता है, चाहे वह ओमान के खिलाफ हो या ऑस्ट्रेलिया या भारत के खिलाफ। मुझे (आज) अच्छा महसूस हुआ। मुझे बस कुछ विकेट लेने की जरूरत थी, गेंद को स्पिन करना, गुगली, कुछ लेग स्पिन इन सब का अच्छा मिश्रण करना था। राशिद ने टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में स्कॉटलैंड के खिलाफ दो ओवरों में 26 रन दिए थे जो बारिश की भेंट चढ़ गया था। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार ओवरों में 41 रन दिए थे।

संक्षेप

ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भारतीय चुनौती समाप्त

सिडनी। भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय अपने से ऊंची रैंकिंग वाले जापान के कोडाई नाराओका से 19-21, 13-21 से हार गए जिससे शुक्रवार को यहां देश का कोई भी शटलर ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में सफल नहीं रहा। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज प्रणय की हार से पहले पुरुष एकल वर्ग में समीर वर्मा और महिला एकल में आकर्षि कश्यप (महिला) के अलावा सिक्की रेड्डी एवं बी सुमित रेड्डी की मिश्रित जोड़ी को अंतिम आठ में हार का सामना करना पड़ा। प्रणय ने शुरुआती गेम में 10-16 से पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करते हुए स्कोर को 18-18 किया लेकिन इसके बाद लय बरकरार नहीं रख सके। नाराओका ने दूसरे गेम में 5-5 की बराबरी के बाद अपना दबदबा बनाना शुरू किया और फिर भारतीय खिलाड़ी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। विश्व रैंकिंग के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी लोह किन यू को हराकर उलटफेर करने वाले समीर चीनी ताइपे के लिन चुन यी के खिलाफ दमखम नहीं दिखा सके। रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी ने उन्हें महज 38 मिनट में 21-12, 21-13 से हराया।

न्यूजीलैंड को युगांडा पर जीत की उम्मीद

तारोबा। टी20 विश्व कप से बाहर हुई न्यूजीलैंड की टीम अब युगांडा के खिलाफ होने वाले ग्रुप सी के तीसरे मुकाबले में जीत की उम्मीद लगाये होगी। अफगानिस्तान ने यहां पापुआ न्यू गिनी पर जीत से न्यूजीलैंड को ग्रुप से सुपर आठ की दौड़ से बाहर कर दिया। अब ग्रुप में न्यूजीलैंड के दो मैच बचे हैं जिनके नतीजा मायने नहीं रखेगा। न्यूजीलैंड की टीम एक दशक में पहली बार विश्व कप (वनडे और टी20 प्रारूप) के ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में विफल रही। अब उम्रदराज खिलाड़ियों से भरी न्यूजीलैंड की टीम उम्मीद करेगी कि वह नयी टीम युगांडा और पापुआ न्यू गिनी पर जीत दर्ज कर स्वदेश लौटे।

रन रेट में हेरफेर क्रिकेट की भावना के खिलाफ होगा: कमिंस

ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया)। ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने जोश हेजलवुड की टिप्पणी को गंभीर नहीं बताते हुए कहा कि वे इंग्लैंड को मौजूदा टी20 विश्व कप से बाहर करने के लिए अपने नेट रन रेट में हेरफेर करने की कभी कोशिश नहीं करेंगे क्योंकि यह क्रिकेट की भावना के खिलाफ होगा। तेज गेंदबाज हेजलवुड ने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया था कि अगर स्कॉटलैंड के खिलाफ अपने आगामी ग्रुप बी मैच में ऐसा मौका मिला तो ऑस्ट्रेलियाई टीम इंग्लैंड को टूर्नामेंट से बाहर करने की कोशिश करेगी। कमिंस ने यहां संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है कि जब आप खेलने के लिए मैदान में उतरते हैं तो आप हर बार अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते हैं और अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो यह शायद क्रिकेट की भावना के खिलाफ है। हमने वास्तव में बहुत गहराई से नहीं सोचा है क्योंकि इसके (रन रेट में हेरफेर) बारे में कभी चर्चा नहीं हुई। कमिंस ने कहा कि उन्होंने हेजलवुड की टिप्पणियों के बारे में उनसे बात की थी और कहा कि नेट रन रेट के बारे में विचार कभी किसी के दिमाग में नहीं आया। उन्होंने कहा कि मैं जोशी (हेजलवुड) से बात कर रहा था जिन्होंने एक दिन इस बारे में थोड़ा मजाक किया था और मुझे लगता है कि इसे (उनकी टिप्पणियों को) संदर्भ से थोड़ा अलग करके देखा गया। हम वहां जाएंगे और स्कॉटलैंड के खिलाफ खेलेंगे।

अफगानिस्तान ने पीएनजी को सात विकेट से हराया

तारोबा (त्रिनिदाद)। फजलहक फारूकी और नवीन उल हक की धारदार गेंदबाजी से अफगानिस्तान ने यहां ग्रुप सी में पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को सात विकेट से हराकर पहली बार टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में जगह बनाई।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फारूकी (16 रन पर तीन विकेट) और नवीन (चार रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने पीएनजी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 95 रन पर सिमट गई। इसके जवाब में अफगानिस्तान ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए 15.1 ओवर में तीन विकेट पर 101 रन बनाकर जीत दर्ज की। गुलबदिन नैब ने 36 गेंद में नाबाद 49 रन की पारी खेलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। तीन मैच में तीन जीत से छह अंक के साथ अफगानिस्तान ग्रुप सी से सुपर आठ में जगह बनाने वाली दूसरी टीम बनी। सहमेजबान वेस्टइंडीज (छह अंक) पहले ही अगले दौर में जगह बना चुका है। इसके साथ ही 2021 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाला न्यूजीलैंड प्रतियोगिता से बाहर हो गया। न्यूजीलैंड ने लगातार दो मैच गंवाए हैं। टीम अंक तालिका में अंतिम स्थान पर चल रही है और अभी उसके अंकों का खाता भी नहीं खुला है। न्यूजीलैंड की टीम अपने अंतिम दो मैच अब युगांडा और पीएनजी के खिलाफ खेलेगी जो महज औपचारिकता के मुकाबले हैं। अफगानिस्तान की टीम सुपर आठ चरण में अपना पहला मैच 20 जून को बारबडोस में भारत के खिलाफ खेलेगी। राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद फारूकी ने अपने दूसरे ओवर में दो विकेट चटकाकर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। वह अब तक टूर्नामेंट में 11.2 ओवर में 42 रन देकर 12 विकेट चटका चुके हैं। फारूकी के तेज गेंदबाजी जोड़ीदार नवीन ने उनका अच्छा साथ निभाते हुए 2.5 ओवर में चार रन देकर दो विकेट चटकाए। सेमो कामिया के रन आउट के साथ 19.5 ओवर में पीएनजी की पारी सिमट गई। अफगानिस्तान ने अगर 25 अतिरिक्त रन नहीं दिए होते तो पीएनजी की हालत और खराब होती। इसमें 13 रन वाइड के भी शामिल हैं। अफगानिस्तान के गेंदबाज टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में हैं और उनके खिलाफ अब तक एक बार भी 100 रन भी नहीं बने हैं। टीम ने इससे पहले युगांडा को 16 ओवर में 58 और न्यूजीलैंड को 15.2 ओवर में 75 रन पर समेटा था। पीएनजी की ओर से किपलिन डोरिगा ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज टोरी ऊा (11) और एलेई नाओ (13) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे अफगानिस्तान की शुरुआत भी खराब रही और टीम ने तीसरे ओवर में 22 रन तक ही अच्छी फॉर्म में चल रहे अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों रहमानुल्लाह गुरबाज (11) और इब्राहिम जादरान (00) के विकेट गंवा दिए। जादरान को कामिया जबकि गुरबाज को नाओ ने बोल्ड किया। गुलबदिन ने हालांकि मोहम्मद नबी (नाबाद 16) के साथ चौथे विकेट के लिए 46 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

आउटफील्ड गीली, अमेरिका आयरलैंड मैच में देरी के आसार

लॉडरहिल (अमेरिका)। अमेरिका और आयरलैंड के बीच शुक्रवार को यहां टी20 विश्व कप ग्रुप ए के अहम मैच में आउटफील्ड गीली होने के कारण टॉस में विलंब होगा। पाकिस्तान इस मैच पर नजर रख रहा है क्योंकि अमेरिका की हार उसे सुपर आठ चरण में जगह बनाने की दौड़ में बनाए रखेगी। इस मैच में अगर अमेरिका हार जाता है तो पाकिस्तान अपने आखिरी मैच को बड़े अंतर से जीतकर सुपर आठ में पहुंचने की कोशिश करेगा।

अमेरिका तीन मैचों में चार अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है और अगर आयरलैंड के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ा तो वह सुपर आठ में पहुंच जायेगा। इस स्थिति में यह पहली बार होगा जब कोई टीम विश्व कप के अपने पहले प्रयास (2007 विश्व कप छोड़कर) में सुपर आठ में पहुंचेगी। आयरलैंड दो मैचों में दो हार के साथ तालिका में सबसे नीचे है। पाकिस्तान तीन मैचों में एक जीत के साथ तीसरे स्थान पर है, जबकि भारत तीन मैचों में सभी जीत के रिकॉर्ड के साथ ग्रुप तालिका में शीर्ष पर है। मैच शुरू होने की संभावना कम है क्योंकि लाउडरहिल फ्लोरिडा का हिस्सा है जो उष्णकटिबंधीय तूफान की चपेट में है। इससे बारिश और बाढ़ का खतरा है। यदि यह मैच रद्द होता है तो पाकिस्तान की टीम टूनामेंट से बाहर हो जाएगी। वहीं, मैच को जीतने पर अमेरिका टॉप-8 में जगह बना लेगी। टीम अपने 2 मैच जीतकर ग्रुप-ए की टेबल में दूसरे स्थान पर है। आयरलैंड ने एक भी मैच नहीं जीता है और टीम टेबल के आखिरी स्थान पर है। इस मैच में पाकिस्तानी फैंस आयरलैंड को सपोर्ट करेंगे, क्योंकि अगर अमेरिका यह मैच हारता है तो, 16 जून को होने वाले पाकिस्तान और आयरलैंड के मुकाबले में पाकिस्तान के पास जीत के साथ क्वालिफाई करने का मौका रहेगा।

कनाडा के खिलाफ कोहली की फॉर्म पर रहेंगी नजरें

लॉडरहिल (अमेरिका)। भारत टी20 विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप ए मैच में शनिवार को यहां जब कनाडा से भिड़ेगा तो स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के पिछले कुछ मैचों में कम स्कोर उसके लिए चिंता की बात होंगे। टीम को साथ ही उम्मीद होगी कि मुकाबले में बारिश का खलल नहीं पड़ेगा क्योंकि फ्लोरिडा के कई हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है।

तीन मैच में तीन जीत के साथ भारत पहले ही सुपर आठ चरण में जगह बना चुका है जिसके सभी मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की ओर से 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 700 से अधिक रन बनाने के बाद कोहली टी20 विश्व कप में आए थे लेकिन शुरुआती मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। वह अब अब तीन मैच में 1.66 के औसत से पांच ही रन बना पाए हैं जिसमें अमेरिका के खिलाफ गोल्डन डक (पहली गेंद पर खाता खोले बिना आउट होना) भी शामिल है। उम्मीद है कि वह एक बार फिर आईसीसी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करेंगे जो 13 साल बाद भारत के लिए एक और आईसीसी खिताब जीतने का उनका संभवतः आखिरी मौका है। भारतीय टीम न्यूयॉर्क से 1850 किमी की यात्रा करके फ्लोरिडा पहुंची है और उम्मीद है कि शहर बदलने के साथ कोहली को भाग्य भी बदलेगा। ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम की पिच से गेंदबाजों को शायद न्यूयॉर्क जितनी मदद नहीं मिले जहां की पिच पर असमान उछाल था और धीमा आउटफील्ड के कारण क्रिकेट से अधिक मैदान और पिच की चर्चा हो रही थी। कोहली के ऊपर से हालांकि इस तथ्य से दबाव कुछ कम होगा कि उनके खराब प्रदर्शन का असर टीम के प्रदर्शन पर नहीं पड़ा है। कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज कर रहे कोहली के जल्दी आउट होने से हालांकि टीम को अच्छी शुरुआत नहीं मिल रही और बाद में आने वाले बल्लेबाजों पर दबाव बन रहा है। ऋषभ पंत और सूर्यकुमार यादव जैसे बल्लेबाज हालांकि कोहली के खराब प्रदर्शन की भरपाई करने में काफी हद तक सफल रहे हैं। पंत ने आयरलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ क्रमशः 36 और 42 रन की पारियां खेलकर इन दोनों मैच में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। सूर्यकुमार यादव ने टूर्नामेंट में खराब शुरुआत से उबरते हुए अमेरिका के खिलाफ महत्वपूर्ण अर्धशतक जड़ा। शिवम दुबे ने भी सह मेजबान के खिलाफ 35 गेंद में 31 रन बनाए जिससे संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल पर उन्हें एक बार फिर तरजीह मिलने की उम्मीद है। अगर भारत जायसवाल को मौका देता है तो वह पारी का आगाज करेंगे और ऐसे में कोहली को अपने तीसरे नंबर पर लौटना होगा। भारतीय बल्लेबाजों को भले ही न्यूयॉर्क की ड्रॉप इन पिचों (दूसरी जगह तैयार करके लाई गई पिचें) पर जूझना पड़ा हो लेकिन इन विकेटों पर उसके गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। जसप्रीत बुमराह (पांच विकेट), हार्दिक पंड्या (सात विकेट) और अर्शदीप सिंह (सात विकेट) की तिकड़ी ने विरोधी बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया। पंड्या और अर्शदीप का प्रदर्शन टीम प्रबंधन के लिए राहत भरा है क्योंकि ये दोनों आईपीएल में नाकाम रहे थे। टीम को हालांकि मोहम्मद सिराज (एक विकेट) और रविंद्र जडेजा से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

नेपाल को हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज करने उतरेगा दक्षिण अफ्रीका

किंग्सटाउन (सेंट विन्सेंट)। तीन जीत के साथ सुपर आठ में पहले ही जगह बना चुका दक्षिण अफ्रीका आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मैच में शनिवार को यहां नेपाल को हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा।

टूर्नामेंट में आठ विकेट के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे सफल गेंदबाज एनरिच नोर्किया बेहतरीन फॉर्म में हैं और नेपाल के बल्लेबाजों के लिए उनका सामना करना आसान नहीं होगा। अब तक कागिसो रबादा, मार्को यानेसन और ओटनील बार्टमैन ने तेज गेंदबाजी विभाग में नोर्किया का अच्छा साथ निभाया है जबकि स्पिनर विभाग में दारोमदार अनुभव केशव महाराज के कंधों पर रहा है। महाराज ने पिछले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ 20वां ओवर करते हुए दक्षिण अफ्रीका को जीत दिलाई थी। दक्षिण अफ्रीका को साथ ही उम्मीद होगी कि क्विंटन डिकॉक, रीजा हैंड्रिक्स, कप्तान एडेन मार्कराम और ट्रिस्टन स्टब्स की मौजूदगी वाला उसका शीर्ष क्रम सुपर आठ चरण से पहले लय हासिल करने में सफल रहेगा। टीमें इस प्रकार हैं:

नेपाल: रोहित पौडेल (कप्तान), आसिफ शेख, अनिल कुमार साह, कुशाल भुर्तेल, कुशाल मल्ला, दीपेंद्र सिंह ऐरी, ललित राजबंशी, करण केसी, गुलशन झा, सोमपाल कामी, प्रतिस जीसी, संदीप जोरा, अविनाश बोहरा, सागर ढकाल और कमल सिंह ऐरी। **दक्षिण अफ्रीका:** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हैंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिच नोर्किया, कागिसो रबादा, रेयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स। समय: भारतीय समयानुसार सुबह पांच बजे से खेला जाएगा।

महिला तीरंदाजी टीम ओलंपिक क्वालीफायर में यूक्रेन से हारी

अंताल्या (तुर्की)। दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भकत की भारतीय महिला रिकर्व टीम शुक्रवार को यहां अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर के प्री क्वार्टरफाइनल में बढ़त गंवाकर निचली रैंकिंग पर काबिज यूक्रेन से 3-5 से उलटफेर का शिकार हो गई।

पांचवें वरीय के तौर पर क्वालीफाई करने वाली भारतीय टीम को प्री क्वार्टरफाइनल में बाई मिली थी जिससे उसे पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने के लिए एलिमिनेशन दौर में दो जीत की दरकार थी। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीम पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करेगी। लेकिन विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम यूक्रेन की वेरोनिका मार्चेंको, अनास्तासिया पावलोवा और ओल्हा चेबोतारेंको की तिकड़ी से 3-1 की बढ़त गंवाकर 3-5 (51-51, 55-52, 53-54, 52-54) से हार गयी। यूक्रेन की टीम विश्व रैंकिंग में भारत से 10 पायदान नीचे है। भारत को भजन और अंकिता के कम अनुभव का खामियाजा भुगतना पड़ा क्योंकि दोनों धैर्य नहीं दिखा सकीं। पुरुष टीम की क्वालीफाइंग स्पर्धा शनिवार को होगी जिसमें 46 टीमों के बीच कड़ी स्पर्धा होगी क्योंकि सिर्फ तीन कोटे दाव पर लगे होंगे। व्यक्तिगत कोटा हासिल करने की स्पर्धा रविवार को होंगी। 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता में 80 से ज्यादा देशों के 300 से अधिक रिकर्व तीरंदाज हिस्सा ले रहे हैं। भारतीय महिला रिकर्व तीरंदाजी टीम हालांकि अब भी रैंकिंग के जरिये पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकती है। क्वालीफिकेशन नियम में नये संशोधन के अनुसार क्वालीफायर से कट हासिल नहीं करने की स्थिति में विश्व तीरंदाजी रैंकिंग में शीर्ष दो देश ओलंपिक से पहले कट हासिल कर लेंगे। भारतीय महिला टीम इस समय आठवीं रैंकिंग पर काबिज है।

इंग्लैंड की निगाहें दबदबा बनाकर सुपर आठ की दौड़ में बने रहने पर

नॉर्थ साउंड (एंटीगा)। गत चैम्पियन इंग्लैंड शनिवार को यहां नामीबिया को बड़े अंतर से हराने के लिए बेताब होगा ताकि वह टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण की दौड़ में बरकरार रहे।

इंग्लैंड और स्कॉटलैंड का मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था और आस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली हार से गत चैम्पियन टीम ऐसी स्थिति में पहुंची। लेकिन जोस बटलर की अगुआई वाली टीम ने ओमान पर आठ विकेट से जीत हासिल की। ओमान को महज 47 रन पर समेटने के बाद इंग्लैंड ने यह लक्ष्य महज 3.1 ओवर में हासिल कर लिया जिसमें उसने रिकॉर्ड 101 गेंद के अंतर से जीत दर्ज की। इस परिणाम से इंग्लैंड का नेट रन रेट काफी अच्छा हो गया जो ग्रुप बी में उनके और स्कॉटलैंड के बीच महत्वपूर्ण अंतर है। इंग्लैंड का नेट रन रेट -1.8 से 3.08 हो गया जबकि स्कॉटलैंड का नेट रन रेट 2.16 है।

लेकिन महत्वपूर्ण बात है कि स्कॉटलैंड के अभी पांच अंक हैं जबकि इंग्लैंड के तीन अंक। इससे दो बार की पूर्व चैम्पियन इंग्लैंड को नामीबिया को हराकर स्कॉटलैंड की बराबरी पर पहुंचने की जरूरत होगी और फिर उसे यह भी उम्मीद करनी होगी कि स्कॉटलैंड की टीम आस्ट्रेलिया से हार जाये जो पहले ही सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर चुकी है। इस स्थिति में इंग्लैंड बेहतर नेट रन रेट की बदौलत सुपर आठ के लिए क्वालीफाई करेगा लेकिन स्कॉटलैंड अगर आस्ट्रेलिया को हराकर उलटफेर करता है या फिर ग्रॉस आइलेट पर मैच बारिश की भेंट चढ़ जाता है तो बटलर की अगुआई वाली टीम बाहर हो जायेगी। लेकिन कप्तान बटलर ओमान पर बड़ी जीत के बाद आत्मविश्वास से भरे थे, उन्होंने कहा, यह किस तरह काम करता है, मैं इसे लंबे समय से जानता हूं। हम जानते हैं कि ड्रेसिंग रूम में क्या चल रहा है। हमारे खिलाड़ी आत्मविश्वास से भरे हैं और हमें आगे एक और बड़ा मैच खेलना है। सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम की पिच पर गेंद उछाल और टर्न ले रही है। इंग्लैंड के गेंदबाज जैसे लेग स्पिनर आदि राशिद (चार विकेट) तथा तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड की जोड़ी ने परिस्थितियों का फायदा उठाकर तीन तीन विकेट हासिल किये तथा ओमान को टी20 अंतरराष्ट्रीय में उसके सबसे कम स्कोर 47 रन पर समेट दिया जो टी20 विश्व कप में ओवरआल चौथा न्यूनतम स्कोर है। बटलर उम्मीद करेंगे कि कम अनुभवी नामीबिया के खिलाफ वह टॉस जीते और अपने गेंदबाजों का फायदा उठायें। नामीबिया की टीम पिछले मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ 72 रन पर सिमट गयी थी।

इंग्लैंड: जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, जोफ्रा आर्चर, जोनाथन बेयरस्टो, हैरी ब्रुक, सैम करन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉप्ले और मार्क वुड। **नामीबिया:** गेरहार्ड इरास्मस (कप्तान), जेन ग्रीन, माइकल वैन लिंगेन, डायलन लीचर, रूबेन ट्रम्पेलमैन, जैक ब्रासेल, बेन शिकोंगो, टैंगेनी लुंगामेनी, निको डेविन, जेजे स्मिट, जान फ्राइलिनक, जेपी कोट्ज, डेविड विसे, बर्नार्ड स्कोल्ट्ज, मालन क्रूगर और पीडी ब्लिगनॉट।

मैच भारतीय समयानुसार रात 10.30 बजे शुरू होगा।

विषम परिस्थितियों में डटे रहते हैं जवान

झुलसती गर्मी में सीमा सुरक्षा बलों की मुस्तैदी बेमिसाल : धनखड़

एजेंसी

जैसलमेर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जवानों की बहादुरी की सराहना करते हुए शुक्रवार को कहा कि जवान सीमा पर कठिन परिस्थितियों के बावजूद भी बिना थके अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं। धनखड़ ने एक समारोह में बीएसएफ जवानों को संबोधित करते हुए जवानों के गर्मी के मौसम के दौरान भारत-पाकिस्तान सीमा पर भीषण गर्मी सहने की कठिन चुनौती पर टिप्पणी की।

धनखड़ ने कठिन परिस्थितियों में ड्यूटी कर रहे बीएसएफ के जवानों प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी तपती धूप में कुछ मिनट भी खड़ा रहना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि चारों तरफ का वातावरण चुनौतीपूर्ण है और सीमा पर आपको एक पलक झपकाने की भी फुर्सत नहीं है। एक बयान के अनुसार धनखड़ ने कहा कि हिमालय की उंची पहाड़ियाँ, थार का तपता हुआ रेगिस्तान, पूर्वोत्तर के घने जंगल, दल-दल से भरे रण-क्रीक में सीमा सुरक्षा बल के जवानों की जो मुस्तैदी है, वह बेमिसाल है। रक्षा क्षेत्र में भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा एक जमाना था जब कील तक बाहर से आती थी लेकिन अब हम रक्षा उपकरणों का निर्यात कर रहे हैं। विमानवाहक पोत विक्रांत देश में बना, फ्रिगेट देश में बने, तेजस बना, मिसाइलें बनी और यह मुमकिन इसलिए हुआ क्योंकि सीमाओं पर अमन-चैन आप कायम करते हो। उन्होंने सीमा सुरक्षा बल के जवानों से कहा, आप शांति के दूत हैं, आपकी वजह से भारत दुनिया में शांति का दूत है और यह गर्व का विषय है सीमा सुरक्षा बल विश्व का सबसे बड़ा सीमा रक्षक बल है। मैं यहां से ऊर्जावान होकर जा रहा हूं, एक नयी प्रेरणा लेकर जा रहा हूं। रक्षा बलों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा भारत की बदलती हुई तस्वीर कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस पर हमने देखी जहां हमारी बेटियों ने कौशल का प्रदर्शन किया। यहां उनकी भागीदारी देखकर मुझे बड़ी प्रसन्नता हुई।

बुलेट ट्रेन के लिए अपनायी स्वचालित वर्षा निगरानी प्रणाली : अश्विनी वैष्णव

एजेंसी

नयी दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि बुलेट ट्रेन सेवा का सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करने के लिए स्वचालित वर्षा निगरानी प्रणाली अपनाई गई है।

अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बुलेट ट्रेन सेवाओं के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए एक स्वचालित वर्षा निगरानी प्रणाली को अपनाया गया है। यह प्रणाली उन्नत उपकरण प्रणाली से सुसज्जित वर्षामापी यंत्रों का इस्तेमाल करके वर्षा पर वास्तविक समय वाले आंकड़े प्रदान करेगी। बुलेट ट्रेन परियोजना कॉरिडोर का निर्माण कर रही नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अनुसार ट्रैक रखरखाव केंद्र ट्रैक के पास स्थापित वर्षा गेज द्वारा उत्पन्न आंकड़ों की निगरानी करेगा। एनएचएसआरसीएल के एक अधिकारी ने कहा, इन आंकड़ों को ट्रेन यातायात नियंत्रक के साथ साझा किया जाता है ताकि ट्रेन की गति को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं के कार्यान्वयन की सलाह दी जा सके। उन्होंने कहा, चूंकि, ट्रेन 320 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलेगी, इसलिए इसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर मिनट सावधानी बरती जा रही है। रेल मंत्रालय ने आधिकारिक तौर पर बुलेट ट्रेन परियोजना के पहले चरण, गुजरात के सूरत और बिलिमोरा के बीच 50 किलोमीटर लंबे खंड के अगस्त 2026 तक पूरा होने की घोषणा की है। एनएचएसआरसीएल के अनुसार, बुलेट ट्रेन 320 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अपनी अधिकतम गति से चलेगी और 508 किलोमीटर की दूरी दो घंटे और 58 मिनट में तय करेगी, जिसमें सभी 10 स्टेशनों पर इसका ठहराव समय भी शामिल है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ अश्विनी वैष्णव

संक्षेप

झारखंड में हादसा: ट्रेन में आग की अफवाह पर कूदे कई यात्री, चार की मौत

रांची। झारखंड के लातेहार में रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस में आग लगने की सूचना पर कई यात्री कूद गए। जिस कारण वे एक मालगाड़ी की चपेट में आ गए। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। झारखंड के लातेहार में रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस में आग लगने की सूचना पर कई यात्री ट्रेन से कूद गए। इस वजह से कई यात्री एक मालगाड़ी की चपेट में आ गए। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने के बाद एबुलेंस भी घटना स्थल पर पहुंची। जानकारी के मुताबिक सासाराम-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस जैसे ही कुमंडीह स्टेशन के पास पहुंची तो ट्रेन में सवार किसी यात्री ने आग लगने की अफवाह फैला दी। इसके बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। कई लोग डर के मारे ट्रेन से उतर भागने लगे। इस दौरान कुछ लोग विपरीत दिशा से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आ गए। इस वजह से चार लोगों की मौत हो गई। कई लोगों के घायल होने की सूचना है। हालांकि, इस घटना में कितने लोग घायल हुए हैं? इसकी स्पष्ट जानकारी अभी तक नहीं मिल सकी है।

गृहमंत्री ने की जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर हमले समेत हाल में हुई कई आतंकवादी घटनाओं के मद्देनजर शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

शाह ने 16 जून को एक उच्चस्तरीय सुरक्षा बैठक भी बुलाई है, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के शीर्ष अधिकारियों समेत अन्य लोग शामिल होंगे। सूत्रों ने कहा कि गृह मंत्री को जम्मू-कश्मीर के हालात और वहां आतंकवादी घटनाओं के बाद उठाए गए कदमों से अवगत कराया गया।

आतंकवादियों ने पिछले चार दिनों में रियासी, कठुआ और डोडा जिलों के चार स्थानों पर हमला किया है, जिसमें नौ तीर्थयात्रियों के अलावा एक सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई, जबकि सात सुरक्षाकर्मियों समेत अन्य लोग घायल हो गए।

येदियुरप्पा की गिरफ्तारी पर लगी रोक

एजेंसी

बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) को एक पॉक्सो मामले में पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा को गिरफ्तार न करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने वरिष्ठ भाजपा नेता येदियुरप्पा को भी मामले की जांच कर रही सीआईडी के समक्ष 17 जून को पेश होने का निर्देश दिया। बेंगलुरु की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो मामले में गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। यह मामला इस वर्ष 14 मार्च को दर्ज किया गया था। सीआईडी के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने बुधवार को पूछताछ के लिए येदियुरप्पा के पेश नहीं होने पर उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का अनुरोध करते हुए त्वरित (फास्टट्रैक) अदालत का दरवाजा खटखटाया था। येदियुरप्पा ने सीआईडी के जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने के लिए समय मांगा था। खबरों के अनुसार वरिष्ठ भाजपा नेता नयी दिल्ली में किसी अज्ञात स्थान पर चले गये हैं। पुलिस के अनुसार, येदियुरप्पा पर 17 वर्षीय एक किशोरी की मां की शिकायत के आधार पर यौन अपराधों से बच्चों को संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (भादंसं) की धारा 354 ए (यौन उत्पीड़न) के तहत मामला दर्ज किया गया है। किशोरी की मां ने येदियुरप्पा पर आरोप लगाया कि उन्होंने इस साल दो फरवरी को यहां डॉलर्स कॉलोनी स्थित अपने आवास पर एक भेंट के दौरान उसकी बेटी के साथ छेड़खानी की थी।

नीट घोटाले पर चुप क्यों हैं प्रधानमंत्री : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश से जुड़ी परीक्षा नीट-स्नातक में कथित धांधली के लिए शुक्रवार को इसे व्यापम 2.0 करार दिया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस पर मूकदर्शक क्यों बने हुए हैं। मुख्य विपक्षी दल ने कहा कि इस मामले की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में फोरेंसिक जांच होनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक बयान में आरोप लगाया कि मोदी सरकार और शिक्षा मंत्री व राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने नीट घोटाले की लीपापोती चालू कर दी है। उन्होंने सवाल किया अगर नीट में पेपर लीक नहीं हुआ तो बिहार में 13 आरोपियों को पेपर लीक के चलते गिरफ्तार क्यों किया गया? क्या रैकेट में शामिल शिक्षा माफिया व संगठित गिरोह को पेपर के बदले 30-50 लाख रुपये तक के भुगतान का पटना पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने पर्दाफ़ाश नहीं किया? गुजरात के गोधरा में नीट-स्नातक में धोखाधड़ी करने वाले रैकेट का भंडाफोड़ नहीं हुआ है? उन्होंने यह सवाल भी किया अगर मोदी सरकार के मुताबिक़ नीट में कोई पेपर लीक नहीं हुआ तो ये गिरफ्तारियां क्यों हुई? इससे क्या निष्कर्ष निकला? क्या मोदी सरकार देश की जनता की आंखों में पहले धूल झोंक रही थी या अब? खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने 24 लाख युवाओं के अरमानों का गला घोंटा है। उन्होंने दावा किया इन एक लाख सीट (एमबीबीएस की) में से क़रीब 55,000 सरकारी कॉलेज की सीट हैं जहां एससी, एसटी, ओबीसी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बच्चों के लिए सीटें आरक्षित होती हैं। मोदी सरकार ने एनटीए का दुरुपयोग कर स्कोर और रैंक की ज़ोरदार धांधली की है जिससे आरक्षित सीटों का कटऑफ भी बढ़ गया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक्स पर पोस्ट किया, भाजपा की नई सरकार ने शपथ लेते ही युवा सपनों पर फिर से प्रहार शुरू कर दिया। नीट परीक्षा परिणाम में गड़बड़ियों पर शिक्षा मंत्री का अहंकार भरा जवाब 24 लाख छात्रों एवं उनके अभिभावकों की चीख-पुकार की पूरी तरह से अनदेखी करता है। उन्होंने सवाल किया, क्या शिक्षा मंत्री जी को सार्वजनिक रूप से मौजूद तथ्य नहीं दिखते? क्या बिहार और गुजरात में जो पुलिस कार्वाइयां हुईं और गिरोह पकड़े गए, सरकार उन्हें भी झूठा मानती है? क्या 67 टॉपर को पूरे मार्क्स मिलना भी झूठ है? लाखों युवाओं और उनके माता-पिता की अनदेखी कर सरकार सिस्टम में किसको बचाना चाहती है? क्या युवाओं के सपनों को इस भ्रष्ट परीक्षा प्रणाली की भेंट चढ़ाना बंद नहीं होना चाहिए?



महाराष्ट्र में राजनीतिक उठापठक

एजेंसी

मुंबई। महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल विस्तार और राज्यसभा नामांकन जैसे अनसुलझे मुद्दों को लेकर खुली चेतावनियों के बीच सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में तनाव बढ़ रहा है।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को रिक्त राज्यसभा सीट के लिए मनोनीत किए जाने पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में असंतोष की खबरें सामने आई हैं। इस कदम से राकांपा में असंतोष भड़क गया है। विशेष रूप से वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने नाराजगी व्यक्त की है, जो राज्यसभा सदस्य बनना चाहते थे। प्रमुख ओबीसी नेता भुजबल ने पार्टी की निर्णय प्रक्रिया में दरकिनार किए जाने की भावना का संकेत देते हुए लोकसभा और राज्यसभा दोनों चुनावों के लिए टिकट आवंटन की निष्पक्षता पर सवाल उठाए उन्होंने कहा (उन्हें टिकट न दिए

❍ गठबंधन सरकार में खुलकर सामने आये मतभेद

जाने के) पीछे कारण हो सकते हैं। कभी-कभी यह नियति या किसी प्रकार की मजबूरी होती है। उन्होंने इस सवाल पर प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया कि क्या वंशवाद की राजनीति के चलते ऐसा हुआ है। यह पूछे जाने पर कि क्या लोकसभा और राज्यसभा टिकट को लेकर उनके साथ अन्याय हुआ है, भुजबल ने स्पष्ट रूप से नाराज होते हुए कहा कि यह सवाल उनसे पूछा जाना चाहिए। भुजबल ने कहा यह (सांसद बनने की) मेरी इच्छा है। इसलिए मैं नासिक लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए तैयार था। मुझे बताया गया कि दिल्ली में मेरा टिकट तय हो गया है, मैंने काम करना शुरू कर दिया था, लेकिन जब (नाम की घोषणा का) फैसला एक महीने तक लटका रहा, तो मैंने काम बंद कर दिया क्योंकि काफी अपमान हो चुका था। नासिक से टिकट अंततः शिवसेना के हेमंत गोडसे को मिला, जो चुनाव में प्रतिद्वंद्वी शिवसेना (यूबीटी) के राजाभाऊवाजे से हार गए।

उत्तराखंड में आग की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार करे उपाय : प्रियंका गांधी

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले के वनक्षेत्र में लगी आग की चपेट में आने से चार वनकर्मियों की मौत पर दुख जताते हुए शुक्रवार को कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों को आग लगने की घटनाओं के रोकने के उपाय करने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हिमालय को बचाने के लिए सबके सहयोग से व्यापक स्तर पर कारगर प्रयास किए जाने की भी जरूरत है। उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में सिविल सोयम वन प्रभाग के तहत बिनसर वन्यजीव विहार में आग की चपेट में आने से चार वनकर्मियों की मृत्यु हो गयी और चार अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया अल्मोड़ा (उत्तराखंड) में जंगल की आग बुझाने गए चार कर्मचारियों की मृत्यु और कई अन्य के घायल होने का समाचार अत्यंत दुखद है। सभी के लिए ईश्वर से प्रार्थना करती हूं। मैं पीड़ित परिवारों को मुआवजा और हर संभव स्तर पर सहायता का आग्रह राज्य सरकार से करती हूं। उन्होंने कहा, पिछले कई महीने से उत्तराखंड के जंगल लगातार जल रहे हैं।

इंटरटेनमेंट...

आज युवा ज्यादा समझदार : एआर रहमान

नयी दिल्ली। संगीतकार एआर रहमान का कहना है कि प्रतिभा को कभी भी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रखना चाहिए और कान विजेता पायल कपाड़िया जैसे युवा भारतीय कलाकार अंतरराष्ट्रीय पटल पर भारत की कहानियां पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) की पूर्व छात्रा कपाड़िया कान फिल्म महोत्सव में ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट के लिए ग्रां प्री पुरस्कार जीतने वाले पहली भारतीय फिल्म निर्माता हैं। भारत-फ्रांस द्वारा निर्मित मलयालम-हिंदी फिल्म ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट 30 वर्ष बाद किसी भारतीय निर्देशक की पहली फिल्म थी, जो कान फिल्म महोत्सव के मुख्य प्रतियोगिता खंड में जगह बनाने में सफल रही। देश और दुनिया में अपने संगीत के लिए प्रख्यात रहमान दो बार ऑस्कर, ग्रैमी के साथ-साथ गोल्डन ग्लोब पुरस्कार भी अपने नाम कर चुके हैं। रहमान ने कहा कि भारत की खूबसूरत कहानियां अंतरराष्ट्रीय सम्मान की हकदार हैं।

उन्होंने कहा युवाओं की भावना अब बदल चुकी है। वे ज्यादा समझदार हैं। वे जानते हैं कि कहां जाना है, किस तरह की कहानियां सुनानी हैं। हमें सिर्फ गरीबी ही नहीं बल्कि भारत की खूबसूरती की कहानियां भी सुनानी हैं, जो अच्छी बात है। संगीतकार ने कहा फिल्म की कला सिर्फ घरेलू दर्शकों के लिए नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के लिए भी होनी चाहिए। कुछ चीजें सीखना बहुत जरूरी हैं, सिर्फ इस बात को लेकर खुश मत होइये कि यहां हमारे पास बड़ी संख्या में दर्शक हैं या फिर यहां बॉक्स ऑफिस अच्छा है। कुछ लोग इससे संतुष्ट नहीं होते। इसलिए वे अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का रुख करते हैं, पायल कपाड़िया उनमें से एक हैं। एफटीआईआई के छात्र चिदानंद एस नाइक की सनफ्लॉवर वर द फर्स्ट वन्स टू नो और अनसुया सेनगुप्ता की द शेमलेस ने भी कान फिल्म महोत्सव में बड़े पुरस्कार जीते हैं। सेनगुप्ता अन सर्टेन रिगार्ड में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय बनीं जबकि नाइक की सनफ्लॉवर वर द फर्स्ट वन्स टू नो ने फिल्म महोत्सव में ला सिनेफ (फिल्म स्कूल फिक्शन या एनिमेटेड फिल्म) प्रथम पुरस्कार हासिल किया।

सनी देओल ने किया बॉर्डर-2 फिल्म बनाने का एलान

नयी दिल्ली। अभिनेता सनी देओल ने बृहस्पतिवार को 1997 की ब्लॉकबस्टर फिल्म बॉर्डर के रिलीज होने के 27 साल पूरे होने पर बॉर्डर-2 बनाने का एलान किया। निर्माताओं के अनुसार, आगामी फिल्म युद्ध पर बनी भारत की सबसे बड़ी फिल्म होगी और अनुराग सिंह इसका निर्देशन करेंगे। वह केसरी और जट्ट एंड जूलियट जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं।

फिल्मकार जेपी दत्ता ने बॉर्डर का निर्देशन किया था। वह जेपी फिल्म्स के तहत अपनी बेटी निधि दत्ता के साथ मिलकर इसका सीक्वल बनाएंगे। फिल्म निर्माताओं में टी-सीरीज के भूषण कुमार और किशन कुमार भी शामिल होंगे। देओल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बॉर्डर 2 का टीजर जारी किया। उन्होंने इसके साथ लिखा एक फौजी अपने 27 साल पुराने वादे को पूरा करने के लिए फिर से आ रहा है। भारत की सबसे बड़ी युद्ध फिल्म बॉर्डर 2। भूषण कुमार, किशन कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता फिल्म का निर्माण करेंगे और अनुराग सिंह इसका निर्देशन करेंगे। बॉर्डर फिल्म 13 जून 1997 को रिलीज हुई थी। इसमें साल 1971 में लोंगेवाला में हुए भारत और पाकिस्तान के युद्ध से जुड़ी घटनाओं को दर्शाया गया था।

पंचायत ने मेरी कामयाबी को अलग स्तर पर पहुंचाया : रघुबीर यादव

नयी दिल्ली। अभिनेता रघुबीर यादव ने कहा है कि करीब चार दशक तक बड़े पर्दे से लेकर टीवी तक कई भूमिकाएं निभाने के बाद पंचायत ने उनकी लोकप्रियता को अलग मुकाम पर पहुंचा दिया है और अब जहां भी वह जाते हैं तो लोग उन्हें प्रधानजी कहकर संबोधित करते हैं। यादव ने कहा मैं प्रधान जी हो गया हूं, जहां भी जाता हूं लोग इसी नाम से पुकारते हैं। जैसे पिछला सब भूल गए हैं। अभी मैं बनारस में शूट कर रहा हूं, तो लोगों को लगता है कि यह प्रधान जी हमारे बीच में कहां टहल रहे हैं। पंचायत सीरीज उत्तर प्रदेश के एक गांव में लोगों के रोजमर्रा के संघर्षों के इर्द-गिर्द घूमती है और हाल में इसकी तीसरा सीजन रिलीज हुआ है। इसमें अदाकारी के जौहर बिखेरने के लिए मिल रही प्रशंसा उन्हें चिंतित भी करती है। इस धारावाहिक में यादव को दर्शकों के सामने एक बार फिर से एक प्रिय और थोड़े भ्रमित प्रधान जी के रूप में पेश किया गया है, जो हमेशा अपने गांव के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए तत्पर रहते हैं।

आमिर खान के बेटे की फिल्म महाराज के प्रदर्शन पर रोक

अहमदाबाद। गुजरात उच्च न्यायालय ने अभिनेता आमिर खान के बेटे जुनैद की पहली फिल्म महाराज की रिलीज पर रोक लगा दी है। वैष्णव पंथ के पुष्टिमार्ग के अनुयायियों ने दावा किया है कि फिल्म से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत होंगी। न्यायमूर्ति संगीता विशेन की एकल न्यायाधीश की पीठ ने बृहस्पतिवार को फिल्म के खिलाफ आदेश जारी किया। इसे शुक्रवार को नेटफ्लिक्स पर प्रदर्शित किया जाना था। पीठ ने केंद्र सरकार, नेटफ्लिक्स और फिल्म के निर्माता यशराज फिल्म्स को भी नोटिस जारी किए और मामले में अगली सुनवाई के लिए 18 जून की तारीख तय की। पुष्टिमार्ग संप्रदाय के आठ सदस्यों ने फिल्म के बारे में कुछ लेख पढ़ने के बाद इसकी रिलीज के खिलाफ याचिका दायर की थी। माना जा रहा है कि फिल्म 1862 के प्रसिद्ध महाराज लिबेल मामले पर आधारित है। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि अगर फिल्म के प्रदर्शन की अनुमति दी गई तो उनकी धार्मिक भावनाएं गंभीर रूप से आहत होंगी और इस संप्रदाय के अनुयायियों के खिलाफ हिंसा भड़क सकती है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मिहिर जोशी ने कहा कि फिल्म 1862 के लिबेल मामले पर आधारित है जिस पर ब्रिटिश न्यायाधीशों ने सुनवाई की थी और फैसला सुनाया था। उन्होंने कहा कि मामले में फैसला सुनाने वाली ब्रिटिशकालीन अदालत ने हिंदू धर्म की निंदा की थी और भगवान कृष्ण के साथ-साथ भक्ति गीतों और भजनों के खिलाफ गंभीर रूप से निंदनीय टिप्पणियां की थीं। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि इस तरह की फिल्म के रिलीज की अनुमति दी गई तो उनकी धार्मिक भावनाएं आहत होंगी और यह अपूरणीय क्षति होगी।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com